RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 8
लखनऊ, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैच से बाहर रोहित

स्पोर्ट्स-10

# धारा 370 और कृषि कानून नहीं होगा वापस

● एक के बाद एक तीन रैलियां कीं, कांग्रेस को दलालों-बिचौलियों की भाषा बोलने व राजद को बिहार में सालों तक जंगलराज के लिए लिया आड़े हाथ

● जम्मू-कश्मीर में महबूबा ने 370 पर कसा तंज, दिया विवादित बयान-जब तक अपना झंडा नहीं मिलता तब तक नहीं फहराएंगे तिरंगा

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतास/भागलपुर

## बिहार के रण में मोदी की हुंकार



सासाराम में शुक्रवार को चुनावी रैली को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को तीन रैलियों के साथ बिहार में चुनाव प्रचार अभियान आगाज किया। उन्होंने अपने संबोधन में विकास की बातें कीं, लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) के शासन में लोगों को 'जंगलराज' की याद दिलाई, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा अनुच्छेद-370 को लेकर विपक्ष पर जमकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा। पीएम की रैली में खास बात यह रही कि उन्होंने राजद नेता रघुवंश प्रसाद सिंह और लोजपा नेता रामविलास पासवान को श्रद्धांजलि दी लेकिन रामविलास के बेटे चिराग पासवान का नाम लेने से बचे। एनडीए से अलग हो चुनाव लड़ रहे लोजपा नेता चिराग ने हाल ही में खुद को मोदी का हनुमान बताया था। प्रधानमंत्री मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि विरोधी दल जब किसानों के लिए कुछ कर नहीं पाए तो अब किसानों से लगातार झूठ बोलने में जुट गए हैं और आज कल ये लोग न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने ही एमएसपी बढ़ाने की कार्रवाई की है।

प्रधानमंत्री ने रोहतास, गया भागलपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा, देश जहां संकट का समाधान करते हुए आगे बढ़ रहा है, ये लोग देश के हर संकल्प के सामने रोड़ा बनकर खड़े हैं। उन्होंने कहा कि देश ने किसानों को बिचौलियों और दलालों से मुक्ति दिलाने का फैसला लिया तो ये बिचौलियों और दलालों के पक्ष में खुलकर मैदान में हैं। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मंडी और न्यूनतम (शेष पेज 9)

## एमएसपी, रोजगार व मजदूरों के सवाल पर राहुल का अचूक वार



● महागठबंधन के नेताओं राहुल-तेजस्वी की पहली संयुक्त रैली कांग्रेसी नेता के निशाने पर मोदी तो तेजस्वी का लक्ष्य नीतीश

**पायनियर समाचार सेवा।** नवादा (बिहार)

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्षी महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से चुनावी रैली में शिरकत की। राहुल गांधी ने दो रैलियों को संबोधित करते हुए, हाल ही में बनाए गए कृषि संबंधी तीन कानून, जीएसटी, लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों का पलायन, बेरोजगारी और नोटबंदी सहित विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया।

वहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने रैली के दौरान कहा कि 9 तारीख को लालू यादव बाहर आ रहे हैं और 10 तारीख को नीतीश की विदाई है। तेजस्वी ने नीतीश कुमार पर कोविड-19 महामारी के दौरान 'घर में बंद रहने' का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि जब प्रवासी मजदूर वापस अपने घर आ रहे थे तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री आवास में बंद थे।

राजद नेता ने बिहार में विकास एवं रोजगार का वादा दोहराते हुए दावा किया कि 15 साल से राज्य में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री रहे और डबल इंजन की सरकार है, लेकिन थाने और ब्लॉक में बिना भ्रष्टाचार के कोई काम नहीं होता है। रैली में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी गतिरोध के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल किया कि हिंदुस्तान की जमीन से चीनी सैनिकों को कब भगाया जायेगा। साथ ही कांग्रेस नेता ने आरोप (शेष पेज 9)

## हर थाने में बनेंगे महिलाओं के लिए सीक्रेट रूमः योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● मिशन शक्ति अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने किया प्रदेश के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ

● विजय दशमी के बाद ऑपरेशन शक्ति के रूप में मिशन शक्ति के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस समाज के सम्पर्क में सबसे पहले आती है। सुरक्षा प्रदान करने, मदद करने या फिर समाज के किसी भी अभियान से सबसे पहले पुलिस जुड़ती है। पिछले सात दिनों में पुलिस के कई कार्य दिखाई दिए।

सुरक्षा जागरूकता, एण्टी रोमियो स्क्वॉड को तीव्रता प्रदान करना, अभियोजन को तेज करके महिला संबंधी अपराधों के लिए जिम्मेदार तत्वों को सजा दिलाना तथा पिंक बूथ एवं पिंक पेट्रोल के माध्यम से एक नये अभियान के सृजन के साथ-साथ सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना जैसे कार्यक्रम एक छोटी समय सीमा में सम्पन्न हुए हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश के समस्त 1535 थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ करने के बाद विचार व्यक्त कर रहे थे। मिशन शक्ति अभियान को एक कदम और आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री ने हर थाने में एक सीक्रेट रूम बनवाने के निर्देश दिए। पूरी तरह पारदर्शी ये रूम सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस होंगे। इसमें पीड़ित महिलाएं महिला पुलिस कर्मी से बिना संकोच अपनी बात कह सकेंगी।

यही नहीं महिला हेल्प डेस्क या सीक्रेट रूम में दिखने वाली किसी जगह पर वह सारे नंबर (1090, 181, 112, (शेष पेज 9)

## अष्टम महागौरी



**श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया॥**

नवरात्रि में आठवें दिन महागौरी शक्ति की पूजा की जाती है। इनका रूप पूर्णतः गौर वर्ण है। इनकी उपमा शंख, चंद्र और कुंद के फूल से दी गई है। अष्टवर्षा भवेद् गौरी यानी इनकी आयु आठ साल की मानी गई है। इनके सभी आभूषण और वस्त्र सफेद हैं। इसीलिए उन्हें श्वेताम्बरधरा कहा गया है। 4 भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है इसीलिए वृषारूढ़ा भी कहा गया है। इनके ऊपर वाला दाहिना हाथ अभय मुद्रा है तथा नीचे वाला हाथ त्रिशूल धारण किया हुआ है। ऊपर वाले बांए हाथ में डमरू धारण कर रखा है और नीचे वाले हाथ में वर मुद्रा है। इनकी पूरी मुद्रा बहुत शांत है। पति रूप में शिव को प्राप्त करने के लिए महागौरी ने कठोर तपस्या की थी। इसी वजह से इनका शरीर काला पड़ गया लेकिन तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने इनके शरीर को गंगा के पवित्र जल से धोकर कांतिमय बना दिया। उनका रूप गौर वर्ण का हो गया। इसीलिए यह महागौरी कहलाईं।

## कपिल देव को दिल का दौरा

**पीएनएस/भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के पहले विश्व कप विजेता क्रिकेट कप्तान कपिल देव को दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को एंजियोप्लास्टी की गई और अगले दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। इस महान क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पर बयान में लिखा, वह उबरने की प्रक्रिया में हैं। दिल्ली के सुंदर नगर में रहने वाले कपिल (61 वर्ष) को गुरूवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद यहां ओखला के फोर्टिस एस्कोर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के आपात विभाग में ले जाया गया। अस्पताल ने अपने शुरूआती बयान में सिर्फ सीने में दर्द का ही जिक्र किया था, लेकिन फिर ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा, कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा था। उनकी जांच की गई और रात में ही आपात कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इसके अनुसार, इस समय वह डा. अतुल माथुर और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में (शेष पेज 9)

## को-ऑपरेटिव बैंक भर्ती घोटाले में दर्ज किया जाएगा मुकदमा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भ्रष्टाचार** के खिलाफ अपनी मुहिम को आगे बढ़ाते हुये योगी सरकार ने सहकारिता विभाग के तहत कोआपरेटिव बैंक के भर्ती घोटाले में मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। यह सभी भर्तियां सपा सरकार में हुई थीं। पूरे मामले की एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने मामले में आरोपित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने शुक्रवार को ट्वीट कर इस कार्रवाई की जानकारी दी है। ताजा आदेश के मुताबिक उप्र को-ऑपरेटिव बैंक के सहायक प्रबंधक सामान्य एवं सहायक प्रबंधक कम्प्यूटर की वर्ष 2015-16 तथा प्रबंधक और सहायक-कैशियर पद पर 2016-17 में की गई भर्ती में भ्रष्टाचार के आरोपों में को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड तथा उप्र सहकारी संस्थागत सेवामंडल लखनऊ की तत्कालीन प्रबंध समिति के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित सात आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया जाना है। एसआईटी जांच में उप्र को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड के तत्कालीन दो प्रबंध निदेशकों, हीरालाल यादव और रविकांत सिंह, उप सहकारी संस्थागत सेवामंडल के तत्कालीन अध्यक्ष रामजतन यादव, सचिव राकेश मिश्र, सदस्य संतोष कुमार श्रीवास्तव के साथ-साथ संबंधित भर्ती कम्प्यूटर एजेंसी मे. एक्सिस डिजिनेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड लखनऊ के अलावा उप्र को-आपरेटिव बैंक लिमिटेड और उप्र सहकारी संस्थागत सेवामंडल, की प्रबंध समिति के अन्य अधिकारियों व कर्मचरियों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 420, 467, 468, 471 तथा 120 बी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किये जाने की अनुशंसा की गई थी, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया है इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राज्य भंडारण निगम में वर्ष 2013 व उप्र सहकारी ग्राम विकास बैंक लिमिटेड में वर्ष 2015-16 में हुई भर्तियों के संबंध में एसआईटी जांच एक माह के अन्दर पूरी कर जांच आख्या उपलब्ध कराने के भी आदेश दिए हैं।

## एलडीए वीसी हटाए गए डीएम ने संभाला चार्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**तत्कालीन** एलडीए वीसी को हटाए जाने के बाद एलडीए का चार्ज डीएम को दिया गया है। डीएम द्वारा शुक्रवार को एलडीए कार्यालय पहुंच कर अतिरिक्त चार्ज ग्रहण किया गया। नये वीसी की तैनाती तक एलडीए की जिम्मेदारी डीएम संभालेंगे। शुक्रवार को अचानक एलडीए वीसी शिवाकांत द्विवेदी को हटाने के बाद डीएम अभिषेक प्रकाश को एलडीए की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। डीएम द्वारा गोमतीनगर एलडीए का चार्ज दोपहर में ग्रहण किया है। शासन सूत्रों की मानें तो जल्दी ही वरिष्ठ आईएएस को एलडीए वीसी की तैनाती दी जाएगी, जिसके संकेत मिलने लगे हैं। नये वीसी की तैनाती तक एलडीए की जिममेदारी जिलाधिकारी संभालेंगे। तत्कालीन वीसी को हटाए जाने के कई कारण बताए जा रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इसके पीछे हाल ही में एक बड़े नेता के अपार्टमेंट पर कार्रवाई को माना जा रहा है। वहीं बाहुबली माफिया से नेता बने और उनके भाई पर कार्रवाई न करके नरमी बरतने को भी एक कारण बताया जा रहा है।

## फरवरी 2021 तक ग्रे सूची में बना रहेगा पाकिस्तान

**भाषा।** नई दिल्ली

**पाकिस्तान** फरवरी 2021 तक वित्तीय कार्वाई कार्य बल (एफएटीएफ) की ग्रे (निगरानी) सूची में बना रहेगा क्योंकि वह वैश्विक धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए छह कार्ययोजनाओं को पूरा करने में विफल रहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान ने जिन छह कार्यों को पूरा नहीं किया है उनमें जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर और लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद के खिलाफ कार्वाई करने में विफल होना भी शामिल हैं। ए दोनों आतंकवादी भारत में अति वांछित हैं। पिछले तीन दिनों में एफएटीएफ का डिजिटल पूर्ण सत्र आयोजित हुआ जिसमें फैसला लिया गया कि पाकिस्तान उसकी ग्रे सूची में बना रहेगा। धनशोधन और आतंकवाद को वित्त पोषण के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक प्रतिबद्धताओं और मापदंडों को पूरा करने में पाकिस्तान के प्रदर्शन की व्यापक समीक्षा के बाद यह फैसला लिया गया। एफएटीएफ के अध्यक्ष मार्कस प्लीयर ने पेरिस से एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, पाकिस्तान निगरानी सूची या ग्रे सूची में बना रहेगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने के लिए कुल 27 कार्ययोजनाओं में से छह को पूरा करने में अब तक विफल रहा है और इसके परिणामस्वरूप यह देश एफएटीएफ की ग्रे सूची में बना रहेगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंक के वित्तपोषण में शामिल लोगों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए और मुकदमा चलाना चाहिए। एफएटीएफ के प्रमुख ने कहा, पाकिस्तान को आतंकवाद का वित्तपोषण रोकने के लिए और प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को 2018 में आतंक वित्तपोषण के खतरे के बाद ग्रे सूची में डाल दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान जैश-ए-मोहम्मद के सरगना अजहर, लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद और संगठन के ऑपरेशनल कमांडर जाकिउर रहमान लखवी जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा (शेष पेज 9)

## भारत में कोविड-19 के 54,366 नए मामले 690 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के दैनिक नए मामले लगातार पांचवें दिन 60,000 से नीचे रहे। 24 घंटे के अंतराल में 54,366 नए मामले सामने आने से देश में संक्रमण के कुल मामले शुक्रवार को बढ़कर 77,61,312 हो गए। साथ ही देश में ठीक हुए मरीजों की संख्या बढ़कर 69 लाख के पार हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, एक दिन में कुल 54,366 नए मामले सामने आए, जबकि 690 और मौतें होने से देश में इस महामारी में मरने वालों की संख्या 1,17,306 हो गई। कोरोना वायरस संक्रमण के उपचाराधीन मरीजों की संख्या 7 लाख से नीचे है। देश में कोविड-19 के 6,95,509 इलाजरत मरीज हैं, जो कुल मामलों का 8.96 प्रतिशत है। देश में कुल 69,48,497 लोगों ने अब तक इस बीमारी से निजात पाई है। मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर बढ़कर अब 89.53 प्रतिशत तक हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.51 प्रतिशत है। भारत में कोविड-19 मामलों की संख्या 7 अगस्त को 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, 5 सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख के पार हो गई थी।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,685 | ↑ | 127 | |
| निफ्टी | 11,930 | ↑ | 33 | |
| सोना | 51,069 | ↓ | 75 | /10g |
| चांदी | 62,933 | ↑ | 121 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पटाखा कारखाने में विस्फोट, पांच की मौत

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै में शुक्रवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी मे विस्फोट में कम से कम पांच महिलाओं की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रारंभिक जांच के हवाले से बताया कि रसायनों को मिलाते समय घर्षण के चलते आग लग गई, जिससे सिलसिलेवार धमाके हुए और मुरुगानेरी गांव में स्थित फैक्टरी क्षतिग्रस्त हो गई है। मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी ने मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपए अनुग्रह राशि के रूप में देने की घोषणा की। पुलिस ने कहा कि कई कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे।

## संसद की संयुक्त समिति में पेशी से अमेजन का इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निजी डेटा सुरक्षा विधेयक**

● जेपीसी की चेतावनी-28 अक्टूबर को ई कॉमर्स कंपनी के प्रतिनिधि नहीं आए तो होगी कार्वाई

● फेसबुक इंडिया की जन नीति प्रमुख आंखी दास हुई पेश, गूगल व पेटीएम अधिकारियों को 29 को किया गया है तलब

**ई-कॉमर्स** कंपनी अमेजन ने डाटा सुरक्षा विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है जिसे भाजपा सांसद एवं समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी लेखी ने विशेषाधिकार हनन के समान करार दिया है। समिति ने अमेजन के प्रतिनिधियों से 28 अक्टूबर को पेश होने को कहा था।

लेखी ने शुक्रवार को कहा कि समिति की सर्वसम्मत राय है कि ई-कॉमर्स कंपनी के खिलाफ सरकार को दंडात्मक कार्रवाई के लिए सुझाव दिया जा सकता है। उन्होंने कहा, अमेजन ने 28 अक्टूबर को समिति के सामने पेश होने से इनकार कर दिया है और यदि ई-कॉमर्स कंपनी की ओर से कोई पेश नहीं हुआ तो यह विशेषाधिकार उल्लंघन के समान होगा। बहरहाल, फेसबुक की पब्लिक पॉलिसी प्रमुख अंखी दास डाटा सुरक्षा के मुद्दे पर शुक्रवार को समिति के सामने पेश हुईं।

सूत्रों ने बताया कि समिति के सदस्यों ने फेसबुक इंडिया के प्रतिनिधियों से (शेष पेज 9)

## दशहरा कल, रावण तो जलेगा लेकिन माहौल नहीं बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● दिल्ली की प्रमुख रामलीला समितियों ने मंजूरी में देर और कड़े कोविड नियमों के चलते स्थगित किया रावण दहन कार्यक्रम

● सूना रहेगा दशहरा उत्सव का केंद्र कहलाने वाला रामलीला मैदान

**कोरोना वायरस संक्रमण का साया**




**कोरोना** महामारी के चलते रामलीलाओं के आयोजन के लिए अनुमति मिलने में देर और इससे पैदा हुई समय की कमी के चलते इस बार दशहरे पर दिल्ली वाले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों का दहन नहीं देख पाएंगे। अनेक प्रमुख रामलीला समितियों ने रावण दहन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया है जबकि कुछ ने प्रकाश व ध्वनि के जरिये इसे दिखाने की तैयारी कर रखी है।

अलबत्ता कई समितियां मानक परिचालन प्रक्रिया के तहत छोटे स्तर पर रावण दहन का कार्यक्रम करने वाली हैं लेकिन, किसी भी आयोजन में 200 से ज्यादा लोग मौजूद नहीं रह पाएंगे यानी रावण तो जलेगा लेकिन माहौल नही बनेगा। राजधानी में सैकड़ों छोटी बड़ी रामलीला समितियां विजयादशमी पर रावण दहन का आयोजन करती रही हैं जिन्हें देखने के लिए दूरदराज से भी लोग आते थे किंतु, कोविड 19 वायरस के संक्रमण ने इस साल हर्षोउल्लास का यह मौका उनसे छीन लिया है। लालकिला के रामलीला मैदान में हर साल हजारों की भीड़ इकट्ठा होती थी। आम लोगों के अलावा राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य गणमान्य अतिथि भी शिरकत किया करते थे लेकिन इस बार यहां सन्नाटा पसरा रहेगा। दशहरा उत्सव का केंद्र कहलाने वाले इस मैदान में संभवत: दशकों बाद ऐसा सूनापन दिखाई देगा।

व्यापक स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन करने वाली धार्मिक रामलीला समिति के रवि जैन ने बताया कि, उन लोगों ने तकरीबन तीन महीने पहले रामलीला मैदान में कार्यक्रम के लिए आवेदन किया था लेकिन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ने अभी तक अनुमति नहीं दी है। ऐसे में कल यानी 25 अक्टूबर को रावण दहन के साथ दशहरा मनाना असंभव है क्योंकि कोविड-19 के नियमानुसार आयोजन के लिए अब समय ही नहीं बचा है। हालांकि कुछ आयोजकों ने कोरोना महामारी के बीच मानक संचालन प्रक्रिया के तहत छोटे पैमाने पर दशहरा मनाने की तैयारी कर रखी है। पूर्वी दिल्ली में कड़कड़डूमा के समीप सीबीडी मैदान में हजारों लोग हर साल रावण दहन देखते पहुंचते हैं लेकिन अबकि दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के निर्देशों के अनुसार, एक साथ 200 से अधिक की भीड़ नहीं जुट सकती है।

श्रीबालाजी रामलीला समिति के संरक्षक सतीश अग्रवाल ने कहा कि वे लोग हालात को देखते हुए दशहरा पर छोटे आकार के पुतलों के साथ रावण दहन को तैयार हैं। डेढ़ गज की दूरी बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है। बहरहाल, पुलिस की अनुमति का इंतजार है जिसके बाद सभा का आकार तय किया जाएगा। डीडीएमए ने 11 अक्टूबर को जारी दिशानिर्देश में लोगों की संख्या 200 तक सीमित रखने की हिदायत दी है। मॉडल टाउन की श्रीकेशव रामलीला समिति के अशोक गोयल के मुताबिक, इस साल प्रकाश और ध्वनि के प्रभाव से आयोजन के लिए पिछले साल के फुटेज का इस्तेमाल किया जाएगा ताकि कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर भीड़ को नियंत्रित करना और परस्पर दूरी बनाए रखना मुमकिन हो सके।

# नियुक्तियों में गड़बड़ी करने वालों की जगह जेलः सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● वर्चुअल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 3317 सहायक शिक्षकों को दिये नियुक्ति पत्र



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में नौकरी का एकमात्र मानक मेरिट है। पूरी शुचिता और पारदर्शिता के साथ योग्य उम्मीदवार को ही नौकरी मिलेगी। इसमें गड़बड़ी की कोई गुंजाइश नहीं है। बावजूद इसके नियुक्तियों में भ्रष्टाचार हुआ तो दोषियों को जेल में ही ठिकाना मिलेगा।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को यहां अपने सरकारी आवास पर 3317 सहायक शिक्षकों को पद स्थापन एवं नियुक्तिपत्र वितरण समारोह के वर्चुअल कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने सभी के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की। साथ ही कहा कि याद कीजिये साढ़े तीन साल पहले उप्र लोक सेवा आयोग की शोहरत किस वजह से थी। अब उसके उलट यह नियुक्तियों में पारदर्शिता के लिए जाना जाता है। अब यहां नियुक्ति का एक मात्र मानक मेरिट है। आप लोगों का चयन खुद में इसका प्रमाण है। उप्र लोक सेवा आयोग से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए चयनित इन शिक्षकों में से बाराबंकी की ज्योति शर्मा, लखनऊ की कीर्ति वर्मा, बाराबंकी के अखलाख, प्रयागराज के संदीप कुमार सिंह और अयोध्या की सुमित्रा देवी को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से नियुक्तिपत्र भी सौंपा।

मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से कहा कि मौजूदा युग तकनीक का है। खुद भी तकनीकी रूप से अपडेट रहें और बच्चों को भी करें। तकनीक ही पारदर्शिता की कुंजी है। अगर तकनीक नहीं होती तो हम कोरोना के इस अभूतपूर्व संकट में जरूरतमंदों को पेंशन, भरण-पोषण भत्ता और किसान सम्मान निधि के रूप में एक क्लिक पर लाभ नहीं पहुचा पाते। तकनीक की वजह से ही हम कोरोना के इस दौर में ऑनलाइन प्रक्रिया से पठन-पाठन की प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रख सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा हमारी पूंजी हैं। जो जिस लायक है उसकी मेरिट का सम्मान करते हुए वह जगह मिल रही है। मेरिट के आधार पर ही हमने अब तक करीब 3.5 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। इतनी ही नौकरी देने जा रहे हैं। शुरुआत हो चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुछ नवनियुक्त शिक्षकों से बात भी की। उन्होंने कहा कि शिक्षक मार्गदर्शक होता है। इस रूप में उसका फर्ज भी बड़ा होता है। अगर एक शिक्षक पूरी लगन और ऊर्जा से बच्चों को पढ़ाए तो उसमें समाज बदलने की क्षमता होती है। अपने काम से वह न केवल बच्चों में बल्कि समाज में भी सम्माननीय होता है। आने वाली पीढ़ियों के लिए वह नजीर बना जाता है, पर इस सबके लिए उसे खुद को साबित करना अपने कार्य एवं व्यवहार से साबित करना होता है। यकीनन आपमें यह क्षमता है। आपका चयन आपकी मेरिट के आधार पर हुआ है। खुद को अपने विषय के बारे में अपडेट रखें। नियमित स्कूल जाएं। मेहनत से बच्चों को पढ़ाएं। खुद को अपडेट रखें। जिन शिक्षकों से बात हुई उनमें मेरठ के जगमोहन सिंह, प्रयागराज की स्मिता जायसवाल, गोरखपुर की निकहत परवीन और हेमप्रभा एवं मनीष कुमार मिश्रा और झांसी की ज्योति रहीं।

इस मौके पर उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने पिछले साढ़े तीन वर्षों के दौरान माध्यमिक शिक्षा की उपलब्धियों के बारे में बताया और कहा कि समय से सत्र, नकल विहीन परीक्षा और तय समय में नतीजे हमारी उपलब्धियां रहीं। साथ ही पठन-पाठन के क्षेत्र में भी विभाग ने गुणात्मक सुधार किया। कार्यक्रम के शुरू में विभाग की अपर मुख्य सचिव ने सबका स्वागत किया। विभाग की राज्य मंत्री गुलाब देवी ने आभार जताया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल समेत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जनपदों में स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में नियुक्ति पत्र वितरण का ऐसा ही प्रतीकात्मक कार्यक्रम भी हुआ।

# मां दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के सम्मान का प्रतीकः योगी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगत की समस्त व्यवस्थाओं को आदिशक्ति भगवती संचालित करती हैं। इनके अनंत रूप हैं। आदिशक्ति प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर सम्पूर्ण पृथ्वीलोक पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। नवरात्र में माँ के इन नौ रूप का पूजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव से किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्र में माँ दुर्गा की आराधना मातृशक्ति के प्रति सनातन परम्परा के सम्मान का प्रतीक है। इसी क्रम में नवरात्रि में महाअष्टमी एवं महानवमी पर भक्तगण कन्या पूजन करते हैं। नवरात्र का पर्व केवल व्रत और उपवास का नहीं, बल्कि नारी शक्ति और कन्याओं के सम्मान का भी पर्व है। मुख्यमंत्री ने महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में कोविड-19 के प्रोटोकाल तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करने की अपील की है।

# योगी सरकार ने माफिया तत्वों के खिलाफ शुरू की निर्णायक कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश में** संगठित माफियाओं पर योगी सरकार ने नकेल डाल रखी है। कई माफिया सलाखों के पीछे हैं और उनकी अवैध संपत्तियां ध्वस्त कर दी गई हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि माफियाराज को जड़ से खत्म करने के संकल्प के तहत मुख्तार अंसारी, सुंदर भाटी और अब अतीक अहमद के खिलाफ हुई कड़ी कार्रवाई ने इन तमाम असामाजिक लोगों को एक स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराधी या तो जेल में रहें या प्रदेश छोड़ दें अन्यथा ऊपर जाने को तैयार रहें।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्तमान में साबरमती जेल में बंद अतीक अहमद ने अपने वकील के माध्यम से वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रयागराज की अदालत में हाजिरी लगाने की अर्ज़ी दी है। जिसमें अतीक ने किडनी की समस्याओं, उच्च रक्तचाप और शुगर सहित विभिन्न बीमारियों का हवाला दिया है। साथ ही अतीक ने अहमदाबाद और प्रयागराज के बीच की दूरी का जिक्र किया है। जाहिर है, यह योगी की पुलिस कार्रवाई के मद्देनजर उनका डर है। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने प्रयागराज के जिला प्रशासन ने अतीक अहमद के सहयोगियों की अवैध संपत्तियों को ज़मींदोज़ कर दिया था। जिसमें अतीक के गुर्गे भुट्टो के दो मंजिला लॉज और अरशद और कम्मू के घर शामिल थे, ये सभी अवैध रूप से सरकारी भूमि पर बनाए गए थे। अतीक अहमद का 30 करोड़ रुपये से अधिक का एक अवैध घर था, जिसे अधिकारियों ने सितंबर में प्रयागराज में ध्वस्त कर दिया था। साथ ही 39.80 करोड़ रुपये की संपत्ति भी ज़ब्त कर दी गई थी।

अहमद के अलावा, प्रदेश सरकार माफिया मुख्तार अंसारी और उनके सहयोगियों पर भी शिकंजा कसने में कामयाब हुई है। पिछले साल अगस्त में मुख्तार का एक साथी, 2005 के भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की हत्या के आरोपी राकेश पांडेय लखनऊ में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारे गए थे। अगस्त में मऊ जिले में अंसारी के सहयोगियों से संबंधित एक अवैध कत्लखाने पर कार्रवाई कर अंसारी की पत्नी अफसा अंसारी और उसके दो भाइयों शर्ज़ाल अंसारी और अनवर शहजाद पर गैंगस्टर एक्ट लगाया गया था। वाराणसी, गाजीपुर, मऊ, जौनपुर, आजमगढ़ और लखनऊ सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में अंसारी और उनके गुर्गों की 45 करोड़ रुपए से अधिक की अवैध संपत्ति जब्त की गई हैं। इसके अलावा, गिरोह की 45 करोड़ रुपए से अधिक की वार्षिक आय बंद की गई है। हाल के दिनों में अंसारी गिरोह के 96 सदस्यों को भी गिरफ्तार किया गया है। अंसारी गिरोह के अलावा, 17 अन्य माफियाओं की पहचान कर आगे की कार्रवाई के लिए चिह्नित किया गया है और इनमें तीन शराब माफिया, तीन गौ तस्कर और अन्य आपराधिक माफिया शामिल हैं।

# विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने भी झोंकी पूरी ताकत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश में 7 सीटों पर चल रहे उपचुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू, प्रमोद तिवारी, दीपक सिंह, आराधना मिश्रा मोना, नसीमउद्दीन सिद्दीकी, बाल कृष्ण चौहान, सोहिल अख्तर अंसारी, नरेश सैनी, आरके चौधरी, बृजलाल खबरी, राकेश सचान, राजा राम पाल, हरेन्द्र मालिक, बाल कृष्ण पटेल, हरेन्द्र अग्रवाल, प्रमोद पाण्डेय आदि सारे बड़े नेता अलग अलग विधानसभा क्षेत्रों में लगातार दौरे पर है।

इस क्रम में शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने नौगावां सादात से कांग्रेस प्रत्याशी डॉ कमलेश सिंह के पक्ष में दो जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार में महंगाई सबसे चरम पर है। कोरोना काल के चलते जब लाखों लोगों ने अपनी नौकरी गँवा दी, उद्योग धंधे चौपट हो गए, लोगों की आमदनी घट गयी। ऐसे में 40 से 45 रुपये किलो आलू और 90 से 100 रुपये किलो में प्याज खरीदने में जनता मजबूर हो रही है जिसके चलते आम आदमी का जीवन यापन मुश्किल हो चला है। इसी प्रकार किसान सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। लल्लू ने कहा कि भाजपा ने बिहार की जनता को वोट के लिए मुफ्त कोरोना वैक्सीन देने का वादा किया है। हमारे उत्तर प्रदेश ने सबसे ज्यादा लोकसभा और विधानसभा की सीट दी हैं। तो हमारे प्रदेश की जनता के साथ अन्याय क्यों, उत्तर प्रदेश की जनता को भी मुफ्त में वैक्सीन मिलनी चाहिए।

# दुर्गा प्रतिमा की स्थापना पर प्रतिबंध क्योंः प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मुझे इस बात का दुख एवं पीड़ा है कि दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन पहले जिस भव्यता और पवित्रता के साथ कई सालों से होता था वह भारतीय जनतापार्टी के राज में बन्द हुआ है। कांग्रेस नेता ने सवाल किया है कि आज जब भारतीय जनता पार्टी सरकार ने मदिरालय एवं पिक्चर हॉल आदि खोल दिए हैं तो आखिर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना पर इस बार प्रतिबन्ध क्यों लगाया गया। जनता के सामने भारतीय जनतापार्टी का दोहरा चरित्र सामने आ गया है चूंकि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं तो वहां प्रधानमंत्री दुर्गा पण्डालों में जाकर सम्बोधित कर रहे हैं और उसी भारत देश के राज्य उत्तर प्रदेश में दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा अनुमति नहीं दी गयी। उन्होंने कहा कि यह दोहरा चरित्र, दोहरा आचरण और दोहरा व्यवहार क्यों। क्या इसलिए कि पश्चिम बंगाल में चुनाव होने वाले हैं और उत्तर प्रदेश में एक साल बाद चुनाव होना है। तिवारी ने भारतीय जनतापार्टी की इस घोषणा पर सवाल खड़ा किया है कि कोरोना वैक्सीन बनने पर बिहारियों को मुफ्त में कोरोना वैक्सीन दी जाएगी। मैं प्रधानमंत्री से पूछना चाहता हूं कि यदि बिहारियों को कोरोना से बचाने के लिए मुफ्त वैक्सीन दी जा रही है तो फिर उत्तर प्रदेश के निवासियों को क्यों नहीं।

# विजयादशमी उत्सव पर सजाए जाएंगे चौराहे

**लखनऊ।** कोविड-19 के चलते इस बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव समिति ने विजयादशमी उत्सव 2020 पर अयोध्या से लेकर लखनऊ महानगर के 125 से अधिक स्थलों या चौराहों को सुसज्जित करने का बीड़ा उठाया है। इस मौके पर उत्सव समिति के पदाधिकारी प्रातः 10 बजे से उत्सव स्थल से प्रारंभ करके 5 वाहनों के द्वारा समिति के सदस्य सम्पूर्ण लखनऊ महानगर की परिक्रमा करेंगे। साथ ही विभिन्न स्थलों पर विजयादशमी पर्व की शुभकामनायें सभी रामभक्तों के साथ साझा करेंगे। जय श्रीराम विजयादशमी उत्सव 2020 का प्रचार भारत के 30 मुख्य एअरपोर्ट पर भी प्रसारित हो रहा है। समिति के सदस्यों के अनुसार शाम को आतिशबाजी का भी आयोजन किया जा रहा है। समिति ने कोविड नियमावली को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों को उचित पारस्परिक दूरी एवं मास्क के प्रयोग को प्राथमिकता दी है।

# भाजपा राज में अपराधी तत्वों के हौसले बढ़े

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की सुख शांति को जंगलराज की आग में जलाना चाहती है। बेटियों के लिए तो भाजपा की सरकार काल बन गयी है। सड़क पर चलना तो दूर अपने घरों, कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर भी वे सुरक्षित नहीं है। मुख्यमंत्री मिशन शक्ति का नया राग अलापने लगे हैं। पिंक बूथ बना रहे हैं। इन टोटकों से महिलाओं को कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इससे पहले उनका रोमियो स्क्वाड फ्लाप साबित हो चुका है। सत्ता से विदाई की बेला में इन हथकण्डों का परिणाम शून्य ही होगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री का दावा है कि उनके रहते अपराधी या तो जेल भेज दिए गए हैं या फिर राम नाम सत्य की राह पर चले जाएंगे। उनके ठोको संदेश के बाद यह उनका दूसरा अमानवीय, अलोकतांत्रिक और विधि के विपरीत निर्देश है। दो आईपीएस फरार हैं, लम्बे समय से ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में अपराधी तत्वों के हौसले कितने बढ़े हुए हैं इससे जाहिर है कि शामली में 10 दिन में दूसरा बिजलीघर लूट लिया गया। बरेली में थाने में घुसकर तोड़फोड़ और अराजकता की गई। खुद मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में घर में घुसकर सोफा कारीगर की हत्या कर दी गई। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता में सरकार के कामकाज के प्रति कितना उबाल है इससे स्पष्ट है कि जनपदों में न्याय न मिलने, दबंगों की दबंगई पर रोक न लगने की वजह से लोग लखनऊ में विधान भवन के सामने आत्मदाह करने को मजबूर हो रहे हैं।

# मिशन शक्तिः बीते 24 घंटे में एक दर्जन को दिलाई आजीवन कारावास की सजा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मिशन शक्ति** अभियान के तहत अभियोजन निदेशालय द्वारा पिछले 24 घंटे में 12 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाई गई। अभियान के तहत अब तक 80 अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा दिलाई जा चुकी है।

अभियोजन निदेशालय के अनुसार बलात्कार, हत्या, दहेज हत्या व पॉक्सो एक्ट के मामलों में यह सजा हुई है। इसमें बरेली के फतेहगंज थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त सोनू, गोरखपुर के पीपीगंज थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त कमलेश, महराजगंज के कोल्हुई थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त उमेश, संत कबीरनगर के खलीलाबाद थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त सुभाष, अयोध्या की कोतवाली अयोध्या क्षेत्र की घटना के अभियुक्त सदान अंसारी, आजमगढ़ के फूलपुर थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त आदिल, आगरा के जगदीशपुरा थाना क्षेत्र की घटना के अभियुक्त रहीशो और गोरखपुर के चौरीचौरा थाना क्षेत्र की घटना के पांच अभियुक्तों दुर्गेश, विवेक, कृष्णा, कवीन्द्र व आशुतोष को आजीवन कारावास की सजा से दंडित कराया गया। प्रदेश स्तर पर जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में महिला विरोधी अपराधों में आठ अभियुक्तों को 10 वर्ष व उससे अधिक के कठोर कारावास की सजा दिलाई गई है। इसमें मुजफ्फरनगर, मैनपुरी, लखनऊ, बागपत, फिरोजाबाद, आगरा व आजमगढ़ के मामले शामिल हैं। इसी तरह महिला विरोधी अपराधों में ही 24 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा सुनाई गई है। महिलाओं की मान मर्यादा को धूमिल करने वाले मनचलों को भी दंडित कराया गया है। एडीजी अभियोजन आशुतोष पांडेय के अनुसार मिशन शक्ति अभियान के तहत अब तक 80 अभियुक्तों को आजीवन कारावास, 96 अभियुक्तों को 10 वर्ष से अधिक के कठोर कारावास व 29 अभियुक्तों को 10 वर्ष से कम कठोर कारावास की सजा दिलाई गई है। इसके साथ ही 600 अभियुक्तों की जमानत खारिज कराई गई है और 228 गुंडों को जिला बदर कराया गया है।

# मायावती का राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करना लोकतंत्र की जीतः सिराज मेंहदी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** नेता व पूर्व एमएलसी सिराज मेंहदी ने मायावती द्वारा राज्यसभा के चुनाव में प्रत्याशी खड़ा करने को लोकतंत्र की जीत बताया है और बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान इसी की तरफ इशारा करता है कि भारत में प्रत्येक पद के लिए चुनाव होना चाहिए। इस राज्यसभा चुनाव में कोई भी अपना उम्मीदवार उतारे। इसकी पहल करके बीएसपी ने अपना उम्मीदवार उतार कर भाजपा को एक तरफा जीत से रोकने का कार्य किया है। मेंहदी ने उप्र के सभी विपक्षी दलों से अनुरोध किया है कि देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आपसी रंजिश को छोड़कर मजबूत विपक्ष बनाने की पहल का यह एक अच्छा अवसर है। जब तक अच्छा और ताकतवर विपक्ष नहीं होता तो सरकारें सही कार्य नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि राम मनोहर लोहिया सदैव कहते थे कि अच्छी सरकार चलाने के लिए मजबूत विपक्ष होना चाहिए। विपक्ष मजबूत नहीं होगा तो सरकारें राज तंत्र की तरह कार्य करेंगी। देश व प्रदेश दोनों का विकास भी तभी सम्भव है जब विपक्ष एकजुट होगा। इसकी पहल मायावती ने की है, सभी को इससे जुड़ना चाहिए।

रेलवे विद्युतीकरण, गोरखपुर

खुली निविदा सूचना सं.RE-GKP-EL-e-OT-10-2020-21, दिनांक : 23.10.2020

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर,/रेल विद्युतीकरण गोरखपुर, द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से अनुभवी फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-निविदा) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

कार्य का नामः गोरखपुर (छोड़कर)-आनन्दनगर-नौतनवां (लेकर) एवं आनन्दनगर-गोण्डा (लेकर), (ग्रुप 304) एवं गोण्डा (छोड़कर)-बहराइच (लेकर) के स्विचिंग पोस्टों, रेलवे स्टेशनों, टी0एस0एस0, एल0सी0गेटों तथा ओ0एच0ई0/पी0एस0आई0 डिपो में के ओ0एच0ई0 आदि डिपो में विभिन्न प्रकार के सावधानी बोर्डों, सेक्शनिंग, टी0एस0डब्लू0आर0 बोर्ड तथा विभिन्न प्रकार के सावधानी बोर्डों, सुरक्षा उपकरणों का फैब्रिकेशन, सप्लाई, इरेक्शन एवं आपूर्ति का कार्य। **अनुमानित लागत (₹ में): 49,35,377.32, बयाना राशि (₹ में): 98,700/-**, निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः **16.11.2020 को 15.00 बजे**।, बिडिंग शुरू करने की तिथिः **02.11.2020**, कार्य अवधिः **12 माह**।

1. निविदा दिनांक 16.11.2020 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकते है। 2. पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें।, 3. यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। **उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, रेलवे विद्युतीकरण/गोरखपुर**

कार्यालय-नगर पंचायत
बाघनगर उर्फ बखिरा जनपद-संतकबीरनगर

पत्रांक-4546/न0पं0 दिनांक-22.10.2020

अति अल्पकालिक ई-टेण्डर सूचना

नवसृजित नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा, संतकबीरनगर को 15वां वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्य एवं आपूर्ति हेतु आन लाइन निविदा आमंत्रित किया जाता है, आन लाइन निविदा दिनांक 31.10.2020 को 01.00 बजे तक कार्यालय में प्राप्त करायी जायेगी। आन लाइन निविदा दिनांक 31.10.2020 को अपरान्ह 04.00 बजे से निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा सीमान्तर्गत फर्म को ही वरीयता दी जायेगी। नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बाघनगर उर्फ बखिरा
संतकबीरनगर

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

I, Madhoo Singh alias Joann Madhoo Singh (जॉनन मधु सिंह) W/o Vinay Kumar D/o Surendra Pal Singh Poonia, R/o- G-194, Sector-44 Noida, Goutam Budha Nagar U.P. have changed my name from Madhoo Singh to Joann Madhoo Singh (जॉनन मधु सिंह) for all future purposes.

सूचना

सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में गलती से मेरी पुत्री का नाम कु. अंजली जन्म तिथि 08/06/1996 व पुत्र का नाम अभिषेक कुमार व जन्म तिथि 22/06/1999 दर्ज हो गई है, जो गलत है। पुत्री का सही नाम अंजलि यादव जन्म तिथि 08/06/1996, माता का सही नाम शोभा देवी एवं पुत्र का सही नाम अभिषेक सिंह यादव जन्म तिथि 22/06/2002 है। इसे सुधारकर दर्ज किया जाए। उमा शंकर पुत्र श्री सरजू प्रसाद मूल निवासी ग्राम बैरू खेड़ा, पोस्ट कोटिया गुनीर, तहसील बिंदकी, जिला फतेहपुर। हाल मुकाम- पृथ्वी पुरम कालोनी, फतेहपुर।

# गौशालाओं से पैदा होंगे रोजगार के नए अवसर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● मुख्यमंत्री गौ संरक्षण अभियान के तहत अब तक 5 लाख 21 हज़ार गोवंशों को संरक्षित किया गया



**गाय का** गोबर सिर्फ उपल, खाद या बॉयोगैस बनाने के ही काम नहीं आता बल्कि ये कमाई का जरिया भी बन सकता है। इसी गोबर से रोज़मर्रा के लिए उपयोगी कई कमाल की चीजें भी बन सकती हैं। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं रोज़गार सृजन की कड़ी में सरकार तेजी से अग्रसर है। मुख्यमंत्री गौ संरक्षण अभियान के चलते अब तक प्रदेश के 11.84 लाख निराश्रित गोवंशों में से अब तक 5 लाख 21 हज़ार गोवंशों को संरक्षित किया गया है।

सरकार द्वारा 4500 अस्थायी निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल संचालित हैं। ग्रामीण इलाकों में 187 बृहद गौ-संरक्षण केंद्र बनाए गए हैं। शहरी इलाकों में कान्हा गोशाला तथा कान्हा उपवन के नाम से 400 गौ-संरक्षण केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी योजना के तहत यूपी के प्रयागराज जिले स्थित कौड़िहार ब्लॉक के श्रींगवेरपुर के बायोवेद कृषि प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान शोध संस्थान में गोबर से बने उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रदेश समेत अन्य प्रदेशों के के कई लोग इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। संस्थान में गोबर की लकड़ी भी बनाई जाती हैए जिसे गोकाष्ठ कहते हैं। इसमें लैकमड मिलाया गया है, इससे ये ज्यादा समय तक जलती है।

आगरा की जिला जेल में बंद कैदी अन्य जनपदों के कैदियों के लिए उदाहरण बने हुए हैं। ये कैदी जेल के अंदर ही गाय के गोबर से बनी लकड़ी यानि गोकाष्ठ बनाते है जिसे दाह संस्कार में उपयोग किया जाता है। फ़िरोज़ाबाद के स्वर्ग आश्रम में भी इसी गोकाष्ठ का प्रयोग हो रहा है। लोगों की मानें तो इस काष्ठ के प्रयोग से जहां दाह संस्कार में खर्च कम होता है वहीं पेड़ों को कटना भी नहीं पड़ता। इस गोकाष्ठ को लकड़ी के बुरादे,बेकार हो चुका भूसा और गाय के गोबर से तैयार किया जाता है।

उन्नाव के कल्याणी मोहल्ला निवासी किसान व पर्यावरण प्रेमी रमाकांत दुबे ने भी इस ओर पहल की है। रमाकांत दूबे का 75 हजार से एक लाख रुपये लागत वाला प्लांट रोज दो क्विंटल गो काष्ठ तैयार करता है। राजस्थान यात्रा के दौरान रमाकांत ने गो काष्ठ मशीन देखी और लोगों को गो काष्ठ इस्तेमाल करते देखा तो उन्हें अपने जनपद में प्लांट लगाने की प्रेरणा मिली। चार मशीनें लगाने के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत आवेदन किया और गोकाष्ठ का प्लान प्रशासन के सामने रखा, प्रशासन को उनका प्लान अच्छा लगा जिसे त्वरित मंजूरी भी मिल गई। अंत्येष्टि में लगने वाली लकड़ी की कीमत तीन से साढ़े चार हजार रुपये होती है, वहीं गोकाष्ठ की कीमत अधिकतम चार रुपये किलो तक होगी। गोकाष्ठ के बाद अब गोबर से बना गमला भी काफी लोकप्रिय हो रहा है। गोबर से गमला बनाने के बाद उसके ऊपर लाख की कोटिंग की जाती है। इस गमले में मिट्टी भरकर पौधा लगाइए और जब भी पौधे को जमीन में लगाना हो तो इस गमले को ही ज़मीन में गाड़ दीजिए। इससे पौधा नष्ट नहीं होगा और पौधे को गमले के रूप में गोबर की खाद भी मिल जाएगी।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
संतकबीरनगर

पत्रांक : एस0एस0ए0/स्वेटर/5543-50/2020-21 दिनांक-22, अक्टूबर, 2020

प्रेस विज्ञप्ति

जनपद संतकबीरनगर में संचालित समस्त परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं हेतु विन्टर यूनिफार्म (स्वेटर) के क्रय हेतु Government E-market Place (GEM) जेम पोर्टल पर बिड संख्या GEM/2020/B/794962 दिनांक 16/09/2020 के माध्यम से बिड आमंत्रित की गयी थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से निरस्त करते हुये पुनः नवीन बिड संख्या- GEM/2020/B/847855 दिनांक 22/10/2020 आमंत्रित है। नियम शर्ते जेम पोर्टल पर उपलब्ध है। अन्तिम तिथि 02/11/2020 को निर्धारित समय तक फर्मो को शासनादेश में वर्णित मानकों/विशिष्टियों के अनुरूप विन्टर यूनिफार्म (स्वेटर) के प्रत्येक साईज का सैम्पल उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
संत कबीर नगर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# सरकार संसाधन बढ़ाएगी, डॉक्टर दें बेहतर इलाजः सुरेश खन्ना

## क्वीनमेरी के नए एमसीएच विंग में प्रसूताओं की भर्ती शुरू

### चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने किया विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश के** चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा शुक्रवार को किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के क्वीन मेरी हॉस्पिटल में बने 100 बेड के नए मदर चाइल्ड हॉस्पिटल का उद्घाटन किये जाने के बाद प्रसूता महिलाओं की भर्ती शुरू हो गई है। इस मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने फुटओवर ब्रिज, फ्री हाइड्रेंट का भी उद्घाटन किया गया।

शुक्रवार शाम को केजीएमयू में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना ने एमसीएच विंग सहित करीब 92 करोड़ 35 लाख 39 हजार रुपए की पांच परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि जनता को समर्पित होने वाली परियोजनाएं उनकी इलाज की दिशा में सहयोगी साबित होंगी। उन्होंने कहा कि केजीएमयू देश का सबसे बड़ा चिकित्सा संस्थान है ऐसे में यहां की चिकित्सकीय गुणवत्ता भी बेहतर करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। सरकार संसाधन बढ़ाएगी और डॉक्टर इलाज की गुणवत्ता बढ़ाने में अपना योगदान दें। उन्होंने डॉक्टरों कर्मचारियों से अपील की कि मरीजों के साथ कार्य और व्यवहार बेहतर रखें। इस मौके पर कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने वर्चुअल आईसीयू प्रणाली के बारे में जानकारी दी। इस दौरान चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह, मुख्य सचिव डॉ रजनीश दुबे सहित केजीएमयू के सभी संकाय सदस्य मौजूद रहे।

जिन परियोजनाओं का लोकार्पण हुआ है उनमें एनएचएम द्वारा 23 करोड़ 16 लाख 65 हजार रुपए की लागत से क्वीन मेरी चिकित्सालय परिसर में 100 शैय्यायुक्त एमसीएच विंग का फ्रन्ट ब्लाक, केजीएमयू के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए 22 करोड़ 61 लाख 51 हजार रुपए की आम्रपाली योजना। केजीएमयू के विभिन्न विभागों में 27 करोड़ 26 लाख और 72 हजार रूपए की लागत से मेडिकल गैस प्लान्ट एवं पाइप लाइन की स्थापना का कार्य, क्वीन मेरी चिकित्सालय से मुख्य परिसर को जोड़ने के लिए फुट ओवर ब्रिज। केजीएमयू परिसर में करीब 30 करोड़ 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित फायर हाइड्रेंट सिस्टम प्रमुख हैं।

## अगले हफ्ते से केजीएमयू में शुरू होगा कूल्हा प्रत्यारोपण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोविड 19** के चलते लिंब सेंटर में स्थित विभागों के ट्रांसफर के बाद लंबे अरसे से ठप पड़े कूल्हा प्रत्यारोपण की प्रक्रिया अगले हफ्ते से एक बार फिर से शुरू होगी। प्रक्रिया के शुरू होने के बाद प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों को राहत मिलेगी। लिंब सेंटर में हड्डी, पीडियाट्रिक आथोपैडिक्स, पीएमआर, गठिया व स्पोर्ट इंजरी विभाग का संचालन हो रहा था। लिंब सेंटर को कोविड हॉस्पिटल में तब्दील कर दिया गया। विभागों के मुख्य परिसर में शिफ्ट किया गया। इस दौरान ऑपरेशन थिएटर आवंटित न होने से कूल्हा, घुटना प्रत्यारोपण समेत दूसरी हड्डी की बीमारी के ऑपरेशन बंद थे। सिर्फ इमरजेंसी मरीजों के ट्रॉमा सर्जरी विभाग में ऑपरेशन हो रहे थे। शताब्दी भवन में आर्थोपैडिक्स विभाग को तीन दिन के लिए ऑपरेशन थिएटर मुहैया कराए गए हैं।

## नई शिक्षा नीति में समाप्त होगा एमफिल का कोर्स

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नयी** शिक्षा नीति 2020 में एमफिल पाठ्यक्रम को समाप्त किया जाएगा। नयी शिक्षा नीति को लेकर राज्य सरकार की तरफ से गठित स्टीयरिंग कमेटी ने अपनी संस्तुति दे दी है। एमफिल पाठ्यक्रम एक वर्ष की अवधि का है। पीएचडी पाठ्यक्रम तीन वर्ष की अवधि का है। विशेष सचिव उच्च शिक्षा मनोज कुमार ने बताया कि स्टीयरिंग कमेटी की संस्तुति पर सभी राज्य विश्वविद्यालयों से अभिमत उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। जिस पर लखनऊ विश्वविद्यालय, छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी एवं महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2021-22 से एमफिल पाठ्यक्रम का संचालन समाप्त किये जाने का निर्णय लिया है।

# 50 महिला पिंक रिक्शा को महापौर ने झंडी दिखाकर किया रवाना

## 56 सौ घरों से कूड़ा उठाने का मिला जिम्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**महापौर** संयुक्ता भाटिया ने शुक्रवार को मिशन शक्ति कार्ययोजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से 50 जरूरतमंद महिलाओं का चयन करके कूड़ा उठाने वाले पिंक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभी इस योजना के तहत जोन-8 के विद्यावती वार्ड के लगभग 5600 घरों से यह महिलाएं रिक्षाव वाहनों से डोर-टू-डोर कूड़ा उठाकर डंपिंग पॉइंट पर ले जाकर निस्तारण करेंगी। कार्यक्रम के दौरान महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि मिशन शक्ति के तहत हमारा नगर निगम महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त करने के लिए हर मुमकिन प्रयास कर रहा है। महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। इस मौके पर महापौर के साथ पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, विमल तिवारी, बीना रावत, संगीता कुमारी, नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी, अपर नगर आयुक्त डॉ अर्चना द्विवेदी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैंसर इंस्टिट्यूट में रोगियों का इलाज शुरू, एक साल में बढ़ेंगे 200 बेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**चक** गंजरिया स्थित सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट एण्ड हास्पिटल में कैंसर रोगियों का इलाज शुरू कर दिया गया है। इस बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि संस्थान ने अब तक 45 रोगियों की रेडियोथेरेपी, 27 रोगियों की कीमोथेरेपी, 17 रोगियों के छोटे-बड़े आपरेशन किये जा चुके हैं।

चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि आगामी एक वर्ष में संस्थान में बेड संख्या 54 से बढ़कर 200 बेड हो जायेगी तथा अगले वर्ष पोस्ट गेजुएट पाठयक्रम भी प्रारम्भ कर दिये जायेंगे। खन्ना ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान सरकार के आने के बाद अब तक इस संस्थान हेतु 287 करोड़ रूपये स्वीकृत किये गये हैं जिसके सापेक्ष 222 करोड़ रूपये अवमुक्त किये जा चुके हैं। संस्थान में 20 विभागों के 25 विशेषज्ञ चिकित्सक कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त मेडिकल फिजिशियन तथा रेजीडेंट डाक्टर भी हैं। 124 नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ भी तैनात किये गये हैं। लखनऊ की सबसे बड़ी लीनियर एक्सीरेड मशीन भी इसी वर्ष इस संस्थान में स्थापित की गयी है और भविष्य में 100 करोड़ रूपये के कैंसर उपकरण और स्थापित किये जायेंगे।

# राजधानी में मिले कोरोना के 252 नए केस, आठ लोगों की मौत

## सूबे में 2296 नए मरीज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 252 नए केस सामने आए हैं। जबकि 8 लोगों की इलाज के दौरान मौत हुई है। राजधानी में अभी तक 60,330 कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। आज 319 मरीजों को डिस्चार्ज करने के साथ ही अभी तक 56,944 मरीजों को डिस्चार्ज किया जा चुका है। वर्तमान में 3386 केस एक्टिव हैं। अभी तक इलाज के दौरान 845 लोगों की मौत हो चुकी है। आज जनपद लखनऊ में कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सर्विलान्स एवं कान्टेक्ट ट्रेसिंग के आधार पर टीमों द्वारा 6340 लोगो के सैम्पल लिये गये है। जिनमे प्रमुख रूप से आज इंदिरा नगर 20, गोमती नगर 28, रायबरेली रोड 25, मडियांव 10, हजरतगंज 10, तालकटोरा 14, अलीगंज 14, विकास नगर 10, आशियाना 11, चिनहट 10 इत्यादि स्थानों पर पाजिटिव रोगी पाये गये हैं। वही आज कोविड प्रोटोकाल के दृष्टिगत कुल 96 रोगियों को हास्पिटल का आवंटन किया गया। वहीं सूबे में शुक्रवार को कोरोना वायरस के 2296 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि 28268 केस एक्टिव बताए गए हैं। वही अभी तक प्रदेश में 6830 मरीजों की मौत हो चुकी है। विभाग के मुताबिक अभी तक प्रदेश में 466060 केस कोरोना के मिल चुके हैं। आज 3025 मरीजो को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 430962 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं।

## डेंगू ने पकड़ी रफ्तार, दोगुनी हुई प्लेटलेट्स की डिमांड

**लखनऊ।** समापन की ओर अग्रसर कोरोना वायरस की सक्रियता के बीच डेंगू के डंक ने स्वास्थ्य विभाग की बेचैनी बढ़ा दी है। शुक्रवार को 12 नए डेंगू के मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में 325 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि गंभीर डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। लगातार ऐसे मरीज आ रहे हैं जिनका दो दिन पहले करीब एक लाख प्लेटलेट्स काउंट था। जो तीसरे दिन घटकर 20 से 25 हजार पर पहुंच गया। ऐसे मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ रही है। केजीएमयू में सामान्य दिनों में 20 से 25 यूनिट प्लेटलेट्स की मांग रहती है। अब यह संख्या 60 से 65 यूनिट प्रतिदिन के करीब पहुंच गई है। सरकारी ही नहीं प्राइवेट अस्पतालों से भी डेंगू मरीजों के लिए प्लेटलेट्स की मांग आ रही है। सिविल, बलरामपुर और लोहिया के ब्लड बैंक में प्लेटलेट्स की मांग ढाई गुना से ज्यादा बढ़ी गई है। डॉक्टरों का कहना है कि प्लेटलेट्स की मांग एक सप्ताह से बढ़ी है।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा.केपी त्रिपाठी के मुताबिक 12 नए लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। टीम ने शहर के विभिन्न इलाकों में एंटीलार्वा का छिड़काव किया। घरों में जाकर डेंगू के लार्वा की जांच की। 76 घरों में डेंगू मच्छर के लार्वा मिलने पर नोटिस दी गई।

## एनएसएस की तर्ज पर गोद लिए गांवों के लिए सेवा स्कीम शुरू करेगा एकेटीयू

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की पहल पर गोद लिए गए गांवों के विकास के लिए डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय सेवा स्कीम शुरू करेगा। यह विकास नीड बेस्ड एनालिसिस पर आधारित होगा। शुक्रवार को विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक की अध्यक्षता में गाँव गोद लेने वाली योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठक में विवि के 22 सम्बद्ध संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। विवि के कुलपति प्रो पाठक ने बताया कि ग्रामीण अंचलों में तकनीकी विकास के लिए नीड बेस्ड एनालिसिस की जाएगी। बैठक में विवि के डीन स्टूडेंट वेलफेयर ओपी सिंह, प्रभारी मीडिया एवं अनुरक्षण आशीष मिश्रा एवं अन्य उपस्थित रहे।

## विकास दूबे के भाई दीपक की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ।** रंगदारी व धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे मुल्जिम दीपक दूबे की अग्रिम जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। एडीजे अमरजीत वर्मा ने अपने आदेश में कहा है कि इस स्तर पर मुल्जिम को अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं है। पांच जुलाई 2020 को इस मामले की एफआईआर विनीत पांडेय ने थाना कृष्णानगर में दर्ज कराई थी। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी के मुताबिक मुल्जिम का गंभीर आपराधिक इतिहास है। इसके खिलाफ आठ गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।

## दाखिले को लेकर पीएचडी की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** पीएचडी कक्षाओं में दाखिले को लेकर सम्पन्न हुई प्रवेश परीक्षा के आधार पर अभ्यर्थियों की मेरिट सूची को शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी कर दिया है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सूची देख सकते है। इस बार विश्वविद्यालय के पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुल 5261 छात्रों ने आवेदन किया थाए जिनमें से 3760 अभ्यर्थी मार्च और सितंबर में आयोजित लिखित परीक्षाओं के लिए उपस्थित हुए थे। 1649 छात्रों को लिखित परीक्षा में 70 अंकों में से उनके प्रदर्शन के आधार पर साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किया गया था। 1422 छात्र साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए और 30 अंकों में से उन्हे उनके साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर अंक दिये गए।

## राजकीय और एडेड पॉलीटेक्निक में 19283 से ज्यादा सीटें खाली

**लखनऊ।** प्रदेश भर के पालीटेक्निक संस्थाओं में तीसरे चरण की काउंसलिंग के बाद प्राविधिक शिक्षा परिषद ने रिक्त सीटों की सूची शुक्रवार को जारी कर दी है। जारी सूची के मुताबिक प्रदेश के राजकीय व एडेड पॉलीटेक्निक में 19283 सीटें व राजधानी के 1100 से ज्यादा सीटें खाली हैं। राजधानी में सबसे ज्यादा खाली सीट राजकीय पालीटेक्निक की हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद के सचिव एसके वैश्य ने बताया कि खाली सीट पर दाखिले के लिए अगले चरण की काउंसलिंग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शनिवार से होगी। वहीं निजी पालीटेक्निक संस्थाओं में दाखिले के लिए होने वाली विशेष काउंसलिंग के लिए रजिस्ट्रेशन भी शनिवार से शुरू होंगे।

## सप्ताह भर चलने वाले विज्ञान मेले की अलग-अलग होगी थीम

**लखनऊ।** ग्लोबल बीमारी के दौर से गुजर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष को भव्य व ऐतिहासिक बनाने की तैयारी लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुरू कर दी है। शताब्दी वर्ष पर लगभग सात दिन तक ज्ञान विज्ञान से संबंधित अलग अलग थीम पर मेले का आयोजन किया जाएगा। इस विज्ञान मेले में छात्रों सहित आगन्तुकों को सुश्रुत व चरक संहिता पर आधारित भारतीय रीति रिवाजों के साइंटिफिक मर्म से भी रूबरू कराया जाएगा। सुश्रुत व चरक संहिता के पीछे विवि प्रशासन का तर्क है कि कोविड के दौर में जिस हाइजीन का ख्याल रखने की बात कही जा रही है, वह हमारी भारतीय परंपरा का हिस्सा रहा है। जिसका जिक्र इनमे शामिल है। हालांकि कोविड 19 को देखते हुए विवि की तरफ से कुछ कार्यक्रम वर्चुअल मोड में सम्पन्न कराने की हैए जिससे भीड़ भाड़ से बचा जा सके। समारोह को भव्य बनाने के लिए बड़े बड़े कलाकारों से लेकर पीएम और राष्ट्रपति को आमंत्रण दिया गया है। एलयू प्रशासन बड़े बड़े कलाकारों को भी कैंपस में बुलाने की तैयारी कर रहा है। जिसमें कलाकार अनुपम खेरए गीतकार गुलजार का नाम पहले ही आ चुका है। इसके अलावा और भी कलाकार शामिल हो सकते हैं। जिन्हें बुलाया जा सकता है।

# विवेचक व सहायक पुलिस आयुक्त के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश

## पीड़िता की उम्र का जिक्र किए बगैर आरोप पत्र दाखिल किया

विधि संवाददाता। लखनऊ

**एक** नाबालिग लड़की से दुराचार के मामले मे उसकी उम्र से संबधित दस्तावेज दाखिल किए बगैर मुल्जिम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने पर पॉक्सो की विशेष अदालत ने कड़ा रवैया अपनाया है। विशेष जज अरविन्द मिश्र ने विवेचक की इस गंभीर लापरवाही पर उसके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही का निर्देश दिया है। उन्होंने इस मामले में पर्यवेक्षकीय अधिकारी (संबधित सहायक पुलिस आयुक्त) के विरुद्ध भी कार्यवाही कर अवगत कराने का निर्देश पुलिस आयुक्त को दिया है।

उन्होंने पुलिस आयुक्त को भेजे अपने पत्र में कहा है कि पॉक्सो के मामले में पीड़िता की उम्र का निर्धारण किया जाना एक महत्वपूर्ण बिन्दू है। बगैर इसके यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि पॉक्सो के प्रावधान लागू होंगे अथवा नहीं। ऐसे में विवेचक द्वारा इस मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई है। उन्होंने थाना विकासनगर से संबधित इस मामले में पर्यवेक्षकीय अधिकारी को भी आड़े हाथों लिया है। कहा है कि विवेचना का पर्यवेक्षण भी महत्वपूर्ण कार्य होता है। लिहाजा पर्यवेक्षकीय अधिकारी का यह दायित्व होता है कि यदि विवेचना में कोई त्रुटि हो तो उसका निराकरण कराने के बाद ही आरोप पत्र अथवा अंतिम रिपोर्ट अदालत में दाखिल करें। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट है कि संबधित सहायक पुलिस आयुक्त ने इस मामले में सम्यक पर्यवेक्षण नहीं किया।

## जेल अधीक्षक को नोटिस जारी

**लखनऊ।** गैंगरेप व जानमाल की धमकी के एक मामले में कई आदेश के बावजूद गवाह को गवाही के लिए नहीं भेजने पर एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया है। विशेष जज पवन कुमार राय ने इस संदर्भ में जेल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पूछा है कि क्यों न आपके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाए। आठ दिन में जवाब दें। गैंगरेप व जानमाल की धमकी का यह मामला पूर्व काबीना मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति से जुड़ा है। इस मामले में गवाही की प्रक्रिया चल रही है। इस मामले का एक गवाह राम सिंह एक आपराधिक मामले में न्यायिक हिरासत में निरुद्ध है। अदालत में उसकी गवाही दर्ज होनी है। लेकिन उसे गवाही के लिए अदालत में पेश नहीं किया जा रहा है। जबकि अदालत ने इस संदर्भ में कई आदेश जारी किए। एक तारीख पर उसे सांय पांच बजे पेश किया गया था। अदालत ने इसे गंभीर लापरवाही माना है। 18 फरवरी 2017 को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गायत्री प्रसाद प्रजापति व अन्य छह मुल्जिमों के खिलाफ थाना गौतमपल्ली में गैंगरेप, जानमाल की धमकी व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश पीड़िता की अर्जी पर दिया था।

## मलिहाबाद थाने के एसएचओ व एसआई को किया तलब

**लखनऊ।** सादे कागजों पर जबरिया दस्तखत कराने व इसकी बिना पर फर्जी एफआईआर दर्ज कर गंभीर मामले में एक मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजने पर सत्र अदालत ने गंभीर रवैया अपनाया है। जिला जज दिनेश कुमार शर्मा, तृतीय ने इस मामले में थाना मलिहाबाद के इंसपेक्टर सियाराम वर्मा व इस मामले के विवेचक एसआई चंद्र वीर सिंह के खिलाफ प्रकीर्ण वाद दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही पांच नवंबर को इन्हें व्यक्तिगत रुप से तलब भी किया है। पूछा है कि क्यों न इस मामले में आपके खिलाफ आईपीसी की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया जाए, स्पष्ट करें। शुक्रवार को अदालत के समक्ष इस मामले के मुल्जिम अरविंद उर्फ बबलू की जमानत अर्जी पर सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान अदालत के संज्ञान में लाया गया कि मुल्जिम को इस मामले में झूठा फंसाया गया है। कहा गया कि इस मामले की एफआईआर दर्ज कराने वाले ने सीजेएम की अदालत में सीआरपीसी की धारा 156 के तहत मलिहाबाद पुलिस के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के सदंर्भ में अर्जी दाखिल कर रखी है।

# करोड़ों का चोकर लेकर फरार जालसाज गिरफ्तार

संवाददाता। मोहनलालगंज



**फर्जीवाड़े** के सहारे माल ढुलाई में हेराफेरी कर लाखों की चपत लगाकर फरार हो जाने वाले जालसाजों को ढ़ाई करोड़ से अधिक कीमत के चोकर लदे ट्रक के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को डीसीपी साउथ रईस अख्तर की टीम ने 26 दिन पहले मोहनलालगंज में दर्ज कराए गए केस का खुलासा किया। उन्होने बताया गिरोह के कारनामों का पर्दाफाश करने के लिए अन्य जिलों की पुलिस से भी सम्पर्क किया जा रहा है। डीसीपी ने बताया मोहनलालगंज के भसण्डा स्थित जेएमपी मिल से 29 सितम्बर को 370 बोरी चोकर लादकर जौनपुर के लिए निकला ट्रक वहां नहीं पहुंचा। ट्रक ड्राइवर और मालिक के नंबर बंद बताते रहे। काफी खोजबीन के बावजूद ट्रक के बारे में कुछ पता नहीं चलने पर गुरु कृपा ट्रक ब्रोकर्स एण्ड कमीशन एजेन्ट मो सलीम ने 7 अक्टूबर को मोहनलालगंज थाने में ट्रक ड्राइवर और मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई।

**जीपीएस लोकेशन से हुआ फर्जीवाड़े का खुलासाः** डीसीपी ने बताया सर्विलांस की मदद से मामले की पड़ताल शुरु की गई तो बताए गए ट्रक नंबर की जीपीएस लोकेशन छत्तीसगढ़ के विलासपुर में मिली। उस ट्रक ड्राइवर और मालिक से पूछताछ के बाद स्पष्ट हो गया कि ट्रक की फर्जी आरसी और ड्राइविंग लाइसेंस तैयार कर जालसाजों ने यह कारनामा अंजाम दिया है। यहां तक कि एजेन्ट को बताए गए ट्रक ड्राइवर और मालिक के नाम भी फर्जी निकले। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया सर्विलांस की मदद से जालसाज ट्रक ड्राइवर और मालिकको पकड़ लिया गया।

# महिलाओं को न्याय पाने के लिए अब नहीं पड़ेगा भटकना

## मोहनलालगंज और निगोहां में पुलिस अफसरों ने किया हेल्पडेस्क का शुभारंभ

संवाददाता। निगोहां





**महिलाओं** को फरियाद लेकर अब भटकना नहीं पड़ेगा। हेल्पडेस्क पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाएगी। महिलाएं बेझिझक अपनी शिकायतें बता सकें इसके लिए महिला पुलिसकर्मियों को ही यह जिम्मेदारी दी गई है। शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई नहीं करने पर जांच अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी। मोहनलालगंज और निगोहां थाने में महिलाओं की शिकायत दर्ज करने के लिए शुक्रवार को डीसीपी रईश अख्तर और 11 बार गोकुल पुरस्कार की विजेता बिटाना देवी ने रिबन काटकर हेल्पडेस्क का शुभारंभ किया। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया महिलाओं की शिकायत दर्ज करने में पुलिस कर्मी आनाकानी नहीं कर सकें इसलिए हेल्प डेस्क पर पुलिस अधिकारियों के नंबर भी लिखवाए गए हैं। निगोहां सीओ नईमुल हसन ने बताया हेल्पडेस्क 24 घण्टे खुली रहेगी। इसके लिए तीन शिफ्ट में महिला पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अतिरिक्त शिकायतों की निगरानी के लिए महिला एसआई को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**महिला शिकायतों की ऐसे होगी सुनवाईः** सीओ ने बताया हेल्पडेस्क पूरी तरह से कम्प्यूटराइज्ड है। शिकायत मिलते ही उसे स्कैन कर फोल्डर में फीड कर शिकायतकर्ता और जांच अधिकारी का ब्योरा अंकित कर प्रत्येक शिकायत को टोकन नंबर दिया जाएगा। इसी टोकन नंबर के सहारे महिलाएं अपनी शिकायत पर की गई कार्रवाई का ब्योरा आसानी से जान सकेंगी।

**शोहदों को सबक सिखाएगी पिंक पेट्रोलः** मोहनलालगंज। मोहनलालगंज सर्किल में महिला पुलिसकर्मियों की पिंक पेट्रोल भीड़ वाले स्थानों पर मुस्तैद रहकर शोहदों को सबक सिखाएगी। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया मोहनलालगंज और नगराम थाने में ऐसे पांच स्थल चिन्हित किए गए हैं जहां महिलाओं और बेटियों की भीड़ रहती है। महिला पुलिसकर्मियों से लैस पिंक पेट्रोल की पांच टीम इन सभी स्थानों पर महिलाओं और बेटियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए मौजूद रहकर शोहदों को सबक सिखाने के लिए तत्पर रहेगी। डीसीपी रईश अख्तर ने पिंक पेट्रोल का औपचारिक अनावरण कर रवाना किया।

## ट्रैक्टर ट्राली ने छात्र को रौंदा, मौत

**लखनऊ।** अलीगंज थाना क्षेत्रान्तर्त तेज रफ्तार अनियंत्रित बेकाबू ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से स्कूटी पर पीछे बैठे छात्र की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि उसका साथी जख्मी होकर लहूलुहान हो गया। किशोर की मौत के बाद स्थानीय लोगों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस के आश्वासन के बाद लोग शांत हुए। पुलिस के अनुसार मूलरुप से सीतापुर के मिश्रिख निवासी भजन कश्यप का छोटा बेटा निखिल 12 वर्ष कक्षा छह का छात्र था। गुरुवार शाम को वह परिचित देवेंद्र के साथ कुछ सामान लेने के लिए स्कूटी से कपूरथला गया था। इसी बीच मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पीछे बैठा निखिल छिटक कर सड़क पर गिर गया। ट्रैक्टर ड्राइवर स्टेयरिंग से काबू खो बैठा और पहिया निखिल के ऊपर से गुजर गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# डॉक्टर कलीम अहमद व विशाल सम्मानित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

कोविड 19 के पेंडेमिक दौर में इलाज के साथ शोध को भी डाक्टरों ने बरकरार रखा। जिसका नतीजा रहा कि शुक्रवार को एनुअल रिसर्च शो केस के दौरान विवि के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ विपिनपुरी ने उन्हें सम्मानित किया। केजीएमयू के रिसर्च सेल की ओर से सेल्वी हाल में आयोजित वार्षिक अनुसंधान शोकेस में रिसर्च डीन और न्यूरोलॉजी विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर आरके गर्ग ने साल भर में हुए शोध कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय द्वारा किए गए शोध कार्यों की जानकारी देते हुए

## ● पेंडेमिक दौर में भी चिकित्सकों ने शोध में दिखाई रुचि

उन्होंने अनुसंधान रिपोर्ट प्रस्तुत की। कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ बिपिन पुरी ने संकाय सदस्य और छात्रों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की पहचान शोध कार्य के रूप में ही होनी चाहिए। इस दौरान बायोकेमिस्ट्री विभाग के डॉ मोहम्मद कलीम अहमद को वर्ष 2018-19 के लिए प्रो धवेंद्र कुमार यंग इन्वेस्टिगेटर गोल्ड मेडल प्रदान किया। इसी तरह सर्जिकल गैस्ट्रोएंट्रोलोजी के प्रोफेसर विशाल गुप्ता को सर्वोच्च प्रभाव कारक पत्रिका में उनके प्रकाशन के लिए एमिनेंस ऑफ रिसर्च अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह 29 अन्य संकाय सदस्यों को अलग-अलग अवार्ड दिए गए। छात्र वर्ग में 2 छात्रों को रिसर्च अवार्ड दिया गया। इसमें आर्थोपेडिक सर्जरी विभाग में पीएचडी करने वाली डॉक्टर अलका सिंह की थीसिस को उत्कृष्ट मानते हुए सम्मानित किया गया। उन्होंने अपनी पीएचडी प्रोफेसर आर एन श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूरी की है। जबकि एमबीबीएस छात्र अहमद कजेयर को एक उच्च प्रभाव कारक पत्रिका में उनके प्रकाशन के लिए अनुसंधान पुरस्कार दिया गया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोहनलालगंज, लखनऊ

पत्रांक : 1600/रा0वि0/क्षेत्र0/टेंडर/2020-21 — दिनांक : 20.10.2020

निविदा फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक-31.10.2020 प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 300 बजे तक
निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक-31.10.2020 प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक
निविदा फार्म खोलने की तिथि : दिनाक दिनांक-31.10.2020 अपरान्ह 3.00 बजे

निविदा फार्म खोलने का स्थान कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज विकास खण्ड मोहनलालगज में राज्य वित्त के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यो हेतु विकास खण्ड मोहनलालगज के पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 100 रुपये के जनरल स्टम्प पेपर जो निविदाकर्ता फर्म के नाम पर ही 1 रूपये की रशीदी टिकट लगाकर जमा होंगे। निविदायें दिनांक-31.10.2020 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। उसी तिथि को अपरान्ह 300 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं गठित समिति में निहित होगा। जिसके विरुद्ध कोई भी वाद न्यायालय में नही चलाया जा सकता है।

कार्य का प्राक्कलन/आगणन नियम व शर्तें कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय दिवस में देखा जा सकता है।

निविदा नियम व शर्तें

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | वित्तीय स्वीकृति (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य वैट सहित | कार्य पूर्ण पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम नवीनगर में संतोष के घर से माता मईया होते हुए सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 4.84 | 0.10 | 500+300 +100 | दो माह |
| 2 | ग्राम गड़रियन खेड़ा में दयालपुर रोड से जसवंत के खेत के पास खडण्जा मार्ग तक खडण्जा कार्य। | तदैव | 6.51 | 0.13 | 500+300 +100 | दो माह |
| 3 | ग्राम पंचायत अमवामुर्तजापुर में प्राथमिक विद्यालय के पीछे से खरगीपुर तक खडण्जा निर्माण कार्य। | तदैव | 3.81 | 0.08 | 500+300 +100 | दो माह |
| 4 | ग्राम कनेरी में सुरेन्द्र के घर के पास से रमेश के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 4.48 | 0.09 | 500+300 +100 | दो माह |
| 5 | ग्राम करनपुर में रामेन्द के घर से माधव के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 8.85 | 0.18 | 500+300 +100 | दो माह |
| 6 | ग्राम करनपुर मे बालादीन के घर के पास से अजीत सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 6.66 | 0.13 | 500+300 +100 | दो माह |
| 7 | ग्राम धर्मावत खेडा में प्राथमिक खेल का मैदान से सुखलाल के दरवाजे तक सी०सी०रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 5.35 | 0.11 | 500+300 +100 | दो माह |
| 8 | ग्राम कनकहा में गढ़ी लिंक मार्ग होलिका स्थल से डॉ० नारेन्द्र जयसवाल स्कूल तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 9.94 | 0.20 | 500+300 +100 | दो माह |
| 9 | ग्राम भद्दीशीर्ष में हनुमान के दरवाजे से रामसागर के दरवाजे तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 1.61 | 0.03 | 500+300 +100 | दो माह |
| 10 | ग्राम पंचायत शाह मो0 अपैया के ग्राम इच्छाखेड़ा से हसनपुर मार्ग तक खडण्जा निर्माण कार्य। | तदैव | 9.92 | 0.20 | 500+300 +100 | दो माह |
| 11 | ग्राम पंचायत लालपुर में रायबरेली रोड पर अवधेश के घर से रतनापुर सीमा तक खडण्जा निर्माण कार्य। | तदैव | 9.98 | 0.20 | 500+300 +100 | दो माह |
| 12 | ग्राम कनेरी में आलदेव बाबा मन्दिर परिसर में इण्टरलाकिंग कार्य। | तदैव | 5.14 | 0.10 | 500+300 +100 | दो माह |
| 13 | विकास खण्ड मोहनलालगंज में नेडा आवास- प्रथम का मरम्मत कार्य। | तदैव | 4.43 | 0.10 | 500+300 +100 | दो माह |
| 14. | विकास खण्ड मोहनलालगंज में नेडा आवास-द्वितीय का मरम्मत कार्य। | तदैव | 6.99 | 0.14 | 500+300 +100 | दो माह |
| 15. | विकास खण्ड मोहनलालगंज में परिसर में औषधि वाटिका का निर्माण कार्य। | तदैव | 9.97 | 0.20 | 500+300 +100 | दो माह |
| 16. | विकास खण्ड कार्यालय की बाउन्ड्रीवाल का निर्माण/उच्चीकरण मरम्मत कार्य। | तदैव | 9.98 | 0.20 | 500+300 +100 | दो माह |
| 17. | विकास खण्ड मोहनलालगंज में सामुदायिक केन्द्र का मरम्मत कार्य। | तदैव | 7.85 | 0.16 | 500+300 +100 | दो माह |
| 18. | ग्राम भौंदरी में बनी रोड से आई0टी0 बी0पी0रोड केन्द्र तक सी०सी० रोड निर्माण कार्य। | तदैव | 9.95 | 0.20 | 500+300 +100 | दो माह |
| 19. | विकास खण्ड परिसर में मीटिंग हाल में फॉलसीलिंग, विद्युतीकरण, रंगाई पुताई का कार्य। | तदैव | 4.00 | 0.08 | 500+300 +100 | दो माह |
| 20. | विकास खण्ड परिसर में वर्कशेड के फर्श टाईल्स एवं मरम्मत कार्य। | तदैव | 5.00 | 0.10 | 500+300 +100 | दो माह |

1. कोई भी निविदादाता राज्य सरकार की काली सूची में दर्ज है तो निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा, तथा भविष्य में ज्ञात होने पर उसकी निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण निविदादाता द्वारा कर लिया जायें अन्यथा की स्थिति में कोई दावा मान्य नही होगा।
3. निविदादाता का दो बन्द लिफाफे में टेण्डर डाले जायेंगे। जिसमें एक लिफाफे में जमानत की धनराशि दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र रखा जायेगा। जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में निविदादाता का नाम एवं कार्य का नाम अंकित किया जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग निविदा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
4. स्वीकृत निविदाओं को कार्यादेश के पूर्व नोटरी शपथ पत्र देना होगा।
5. निविदा प्रपत्र डालने के साथ पंजीकरण पत्र की मूल प्रति संलग्न करना होगा।
6. भुगतान के समय नियमानुसार कटौतियों की जायेगी।
7. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि कॉलम 07 में वर्णित है।
8. कराये जाने कार्य स्थल की कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व कार्य होते समय एवं कार्य पूर्ण की फोटोग्राफ भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य स्थल पर संकेत पट (साइन बोड) लगाना आवश्यक होगा। जो स्वीकृत लागत में सम्मिलित है।
10. कार्य पूर्ण होने की अवधि की बढोत्तरी अथवा घटोत्तरी का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
11. भुगतान तकनीकी प्रभारी जे0ई0 (आर0ई0डी0) के मापन एवं संस्तुति पर व्यय होगा।
12. रॉयल्टी हेतु वांछित अभिलेख देना होगा। अन्यथा कटौती बिल से की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी,
मोहनलालगंज, लखनऊ।


# आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर न होना महिलाओं के शोषण का अहम कारण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हर राज्य सरकार और केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता होनी चाहिए कि वे महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए और उनकी सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शोषण अधिकांशतः इसलिए होता है कि आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर नहीं है। राज्यपाल का यह वीडियो संदेश शुक्रवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा महिला सशक्तिकरण सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकार और उनकी सुरक्षा विषय पर आयोजित एक वर्चुअल कार्यक्रम के दौरान प्रसारित किया गया।

राज्यपाल ने अपने वीडियो संदेश में लड़के और लड़कियों दोनों को समान रूप से नैतिक शिक्षा देने की बात कही। संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमान ने बालिकाओं की निशुल्क प्राथमिक शिक्षा की आवश्यकता और महत्व पर जोर दिया। किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी की पूर्व डीन और विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विनीता दास ने कहा कि आज के समाज में विद्यमान अनेक बुराइयों को समाप्त करने में एक शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। डाक्टर पियाली भट्टाचार्य ने कार्यरत महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए जागरूक रहने का संदेश दिया। पीजीआई में विशाखा प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉक्टर सरिता अग्रवाल ने अस्पताल में कार्यरत महिलाओं के लिए बनाए गए अनेक नियमों और प्रक्रियाओं की विवेचना की। संस्थान में नर्सिंग स्टाफके कार्यस्थल की सुरक्षा और उनके अधिकारों के विषय में नर्सिंग स्टाफ मिनी मॉल ने अपने विचार व्यक्त किए। एडीजी रेणुका मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रही है और इन सभी कार्यक्रम का मूल उद्देश्य यही है कि वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो और भावनात्मक रूप से सुदृढ़ हो।

## स्वावलंबी बनाने के लिए विधायक ने महिलाओं को बांटे लोन व टूल किट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महिलाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए संचालित मिशन शक्ति कार्यक्रम के एक कार्यक्रम का आयोजन विधायक डॉक्टर नीरज बोरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को निर्यात भवन जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र लखनऊ में किया गया। इस कार्यक्रम में सफल महिला उद्यमियों जिन्होंने उद्यम स्थापना के माध्यम से दूसरी अन्य महिलाओं के लिए सम्मान और स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया है उन्हें सम्मानित किया गया। स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं एक जनपद एक उत्पाद वित्त पोषण सहायता योजना के तहत 6 महिला लाभार्थियों को ऋण बांटा गया । इसी ताह विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में 11 महिलाओं को उन्नत एवं आधुनिक टूल किट का वितरण और 20 महिला उद्यमियों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र विधायक के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त उद्योग पवन अग्रवाल और रिशु भाटिया बिंदु जैन, प्रीति कालरा ने भी महिलाओं को सुरक्षा स्वावलंबन गरिमा पूर्ण जीवन तथा हर अन्याय का विरोध करने एवं योजनाओं का लाभ उठाते हुए आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## निगोहां क्षेत्र में एक सप्ताह से बीएसएनएल सेवा ठप

निगोहां। निगोहां क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड की मोबाइल सेवा पिछले एक सप्ताह से पूरी तरह से ठप है लेकिन भारत संचार निगम के कर्मचारियों व अधिकारियों के कानों में अभी तक जू तक नहीं रेंगी। बीएसएनएल उपभोक्ताओं ने बताया कि निगोहां व आसपास के क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से बीएसएनल मोबाइल सेवा पूरी तरह से ठप है बीएसएनल उपभोक्ता तंग आकर दूसरे नेटवर्क सेवा में पोर्ट करा रहे हैं । प्राप्त जानकारी के अनुसार निगोहां क्षेत्र में एक सप्ताह से मोबाइल में नेटवर्क न होने से उपभोक्ताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं के सामने सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि आखिर इसकी शिकायत किससे करें। ज्ञात हो कि भारत संचार निगम ने निगोहां कस्बे में स्थित संचार केंद्र को खत्म कर दिया है। निगोहां कस्बे से लगभग 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भावाखेड़ा व लालपुर टावरों पर बीटीएस लगे हुए हैं जो कि पूरी तरह से ठप हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि निगोहां क्षेत्र में सबसे बड़ी दिक्कत बीएसएनएल में नेटवर्किंग की है। यहां आये दिन नेटवर्क गायब रहता है इसलिए काफी संख्या में लोगों ने अपने मोबाइल नंबर को अन्य मोबाइल नेटवर्क में पोर्ट करवा लिया है। पूर्व प्रधान अजय सिंह ने महाप्रबंधक के लैंडलाइन फोन पर शिकायत दर्ज की है लेकिन अभी तक कोई शिकायत का असर देखने को नहीं मिला। इस बारे में भारत संचार निगम के प्रधान महाप्रबंधक लखनऊ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि निगोहां में नेटवर्क न होने की जानकारी मिली है शीघ्र ही इसे दुरुस्त किया जाएगा।

## फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

सरोजनीनगर । सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव संदिग्ध हालात में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी छानबीन के बाद भी पुलिस को कोई सुराग नही मिला। सरोजनीनगर के गौरी विहार कॉलोनी निवासी किशोरी लाल का बेटा अरुण कुमार वर्मा उर्फ मोनू (32) अपने मां-बाप और पत्नी व दो मासूम बच्चों के साथ रहता था। मोनू के परिजनों के मुताबिक गुरुवार देर शाम मोनू शराब के नशे में घर पहुँचा। परिजनों ने नशे में घर पहुंचने पर आपत्ति की तो वह उनसे नाराज हो गया। बाद में खाना खाकर सभी लोग अपने अपने कमरों में सोने चले गए। मोनू भी पत्नी और बच्चों से अलग एक कमरे में जाकर सो गया। शुक्रवार सुबह जब मोनू देर तक सो कर नहीं उठा, तो परिजन उसे जगाने पहुंचे। लेकिन अंदर से बंद दरवाजे पर कई बार आवाज देने के बाद भी मोनू ने कोई जवाब नहीं दिया। बाद में परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा तो मोनू कमरे के अंदर पंखे के हुक से साड़ी के फंदे के सहारे मृत अवस्था में लटका मिला। वहीं कृष्णानगर कोतवाली इलाके में स्थित गंगाखेड़ा में एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतका के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस का कहना है कि घरेलू कलह के कारण मृतका ने ऐसा कदम उठाया है।

## तीसरे चरण की काउंसिलिंग में दो नवम्बर तक जमा करनी होगी फीस

लखनऊ। स्नातक स्तर पर दाखिले को लेकर शुक्रवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया के तीसरे चरण की काउंसलिंग शुरू हो गई। प्रक्रिया के तहत स्टूडेंट्स को अपग्रेडेशन का ऑप्शन 25 अक्टूबर तक दिया जाएगा। वहीं 29 अक्टूबर तक च्वाइस फिलिंग की जाएगी। जबकि दो नवंबर तक स्टूडेंट्स को कॉलेजों में सीट कंफर्मेशन की फीस जमा करनी होगी। एडमिशन कॉर्डिनेटर प्रो अनिल मिश्रा ने बताया कि अब तक एडमिशन की प्रक्रिया के दो फेज हो चुके हैं, शुक्रवार से तीसरे चरण की शुरुआत है। काउंसलिंग के थर्ड फेज में तीन कैटेगिरी के स्टूडेंट्स भाग ले सकते हैं। पहले वे जो फर्स्ट फेज में किसी वजह से शामिल नही हो पाए हैं। दूसरे वे जिन्हें सेकेंड फेज में सीट अलॉट नहीं हुई है। तीसरे वे जिन्हें सीट अलॉट हुई है, उन्हें केवल अपग्रेडेशन करना है।

## जन स्वास्थ्य रक्षकों की बहाली को मिला ग्राम पंचायतों का समर्थन

लखनऊ। शासन स्तर पर विचाराधीन जन स्वास्थ्य रक्षक बहाली प्रकरण में ग्राम पंचायतों सहित पंचायती राज संस्थाओं का समर्थन मिलता दिख रहा है। इसके लिए ऑल इंडिया कम्युनिटी हेल्थ वर्कर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश भर के ग्राम पंचायतों तथा पंचायती राज संस्थाओं का समर्थन जुटाओ अभियान चल रहा है। शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि अभियान के अंतर्गत प्रदेश में संगठन की सभी जिला कमेटियों ने अपने जिले की सभी ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों के प्रधानों और पंचायती राज संस्थाओं के अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों के हस्ताक्षर जुटाकर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजना शुरू कर दिया है।

## युवक की पिटाई के मामले में तीन गिरफ्तार

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार विश्वासखंड तीन चौराहे पर गुरुवार देर रात युवक की पिटाई करने वाले तीन शोहदों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के सामने बाइक सवार दबंगों ने हेलमेट से पीट-पीट कर युवक का सिर फोड़ दिया। भयंकर मारपीट देख चौराहे पर खड़े पुलिस कर्मियों भी उन्हें अलग करने की हिम्मत नहीं पड़ी। मामले का वीडियो वायरल होने पर हरकत में आयी पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। सुलभ आवास विस्तार निवासी शुभम सिंह गुरुवार रात बाइक से कहीं जा रहा था। इस बीच उन्हें विश्वासखंड तीन चौराहे के पास बाइक सवार क्षितिज सिंह, विष्णु सिंह और आकाश सिंह मिले। तीनों ने शुभम को रोका और उनके बीच गाली गलौज शुरू हो गई। इस बीच क्षितिज और उसके साथियों ने मिलकर शुभम को पीटना शुरू कर दिया।

## गोमतीनगर विस्तार में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का शुभारंभ

लखनऊ। शहीद पथ गोमती नगर एक्सटेंशन सेक्टर 7 में शुक्रवार को टेण्डर पाम अस्पताल का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव, प्रतीक यादव समेत कई प्रतिष्ठित व्यक्ति मौजूद थे। टेण्डर पाम अस्पताल की चेयर पर्सन डॉक्टर अनुभा यादव ने बताया कि टेण्डर पाम अस्पताल अपनी टैगलाइन वी लव टू केयर के अनुसार मरीजों की देखभाल में विश्वास रखता है। उन्होंने बताया कि इसे 300 बेड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के रूप में शुरू किया गया है। डॉ अनुभा यादव ने बताया कि इस अस्पताल में अनुभवी व योग्य चिकित्सकों की टीम जनसेवा के लिए मौजूद रहेगी। इस मौके पर मौजूद प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य देश की उन्नति का प्रमुख मार्ग होता है। यदि व्यक्ति शिक्षित और स्वस्थ रहेगा तो देश और प्रदेश प्रगति करेगा।

## मिशन शक्ति को लेकर सैनिक स्कूल में हुआ वेबिनार

सरोजनीनगर। सरोजनीनगर के कानपुर रोड स्थित कैप्टन मनोज कुमार पांडेय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल में शुक्रवार को नारी सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में सरकार द्वारा चलाए गए मिशन शक्ति पर आधारित वेबीनार का आयोजन किया गया। डॉ. सुरसरि तरंग मिश्र के संचालन में आयोजित वेबीनार में प्रदेश शासन द्वारा स्त्री एवं बालिकाओं की सुरक्षा व संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें सामाजिक-आर्थिक, सशक्त एवं स्वाभिमान पूर्ण जीवन यापन करने की दिशा में उनका मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रभारी व वरिष्ठ अध्यापिका संगीता सुनील ने बालिकाओं को बताया कि इंटरनेट युग में अपनी अस्मिता, गौरव, सुरक्षा और स्वाभिमान को बचाने व बनाए रखने के लिए किन-किन सावधानियों को अपनाने की आवश्यकता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

सरोजनीनगर। बंथरा के राम गढ़ी निवासी मजदूर लालाराम लोधी (32) गुरुवार देर शाम अपने गांव से कुछ दूर स्थित मिर्जापुर गांव पैदल ही कुछ सामान लेने गया था। तभी बनी-मोहान रोड पर मिर्जापुर तिराहे के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। जिससे लालाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में पुलिस की मदद से उसे इलाज के लिए सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां कुछ देर बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## अनिवार्य सेवानिवृत्त किए गए पुलिसकर्मियों का मांगा ब्यौरा

लखनऊ। डीजीपी मुख्यालय ने अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किए गए पुलिसकर्मियों का ब्यौरा मांगा है। सभी जोन के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और नियोक्ताओं को पत्र लिखकर पूछा गया है कि 31 मार्च 2020 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके कितने पुलिस कर्मियों को स्क्रीनिंग के बाद अनिवार्य सेवानिवृति दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना संजय सिंघल ने सभी जोन के अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस कमिश्नर और विभिन्न शाखाओं के जिम्मेदार अधिकारी, रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस उपमहानिरीक्षक को पत्र भेजते हुए पांच सितम्बर को भेजे गए पत्र का हवाला देकर कहा है कि जो सूचनाएं मांगी गई थीं, वह अब तक प्रतीक्षित है। उन्होंने पूर्व में भेजे गए पत्र का जवाब अब तक न देने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि 25 अक्टूबर तक हर हाल में स्क्रीनिंग कराकर सूचना डीजीपी मुख्यालय में उपलब्ध कराएं।

## इंटरनेशनल मीडिया कांफ्रेंस का ऑनलाइन आयोजन 30 को

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 12वें अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन का ऑनलाइन आयोजन आगामी 30 अक्टूबर 2020, शुक्रवार को किया जा रहा है। यह सम्मेलन इन्श्योरिंग जेण्डर जस्टिस अर्थात लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने के महत्वपूर्ण व सम-सामयिक विषय पर आयोजित है, जिसमें देश-विदेश के प्रख्यात मीडिया प्रमुख, पत्रकार, मनोवैज्ञानिक, शिक्षाविद् आदि समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने, लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने एवं महिलाओं पर होने वाले अपराध व हिंसा पर अंकुश लगाने पर अपने सारगर्भित विचार प्रस्तुत करेंगे।

## छूटे बच्चों के लिए चलेगा प्रदेशव्यापी विशेष टीकाकरण अभियान

लखनऊ। प्रदेश के सभी ग्रामीण ब्लाकध्शहरी क्षेत्रों में लेफ्ट आउट एवं ड्राप आउट बच्चों का टीकारण सुनिश्चित कराने के लिए नवम्बर से लेकर जनवरी 2021 तक एक विशेष टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ टीकाकरण बूथ का उद्घाटन कर करेंगे। मिशन निदेशक अपर्णा यू ने बताया कि अभियान में प्रदेश के सभी जनपदों में टीकों से छूटे हुए बच्चों को सभी खुराकों से आच्छादित कर पूर्ण प्रतिरक्षित किया जायेगा।

# मूर्तिकारों ने कला के जरिए दिया महिला सशक्तीकरण, करूणा और प्रेम का संदेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के तीस अनूठे अवतारों को भक्ति और प्रेम के सांचे में ढाला
## ● कोरोना काल में यूपी के कलाकारों के चेहरे पर योगी सरकार ने बिखेरी मुस्कान

लोगों की आस्था के केन्द्र प्रभु श्रीराम के तीस अनूठे अवतारों को लक्ष्मणपुरी में गढ़ कर तैयार कर लिया गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के तीस अनूठे अवतारों को भक्ति और प्रेम के सांचे में ढाल कर मूर्तिकार महिला सशक्तिकरण, दया और प्रेम का संदेश दे रहे हैं। संस्कृति विभाग द्वारा लखनऊ के राज्य ललित कला अकादमी में आयोजित जन जन के राम मूर्ति शिल्प शिविर ऑनलाइन और ऑफलाइन के समापन के अवसर पर तीस मूर्तियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

नौ दिवसीय शिविर में 15 ऑनलाइन और 15 ऑफलाइन मूर्तिकारों ने उत्साह संग हिस्सा लिया। कोरोना काल में योगी सरकार द्वारा शिविर आयोजन की प्रशंसा करते हुए मूर्तिकारों ने कहा कि छह माह से घर पर बैठे हुए थे। दीपावली के पहले ही राज्य सरकार ने हमें खुशियां दे दी हैं। वाकई इनके कार्यकाल में मूर्तिकारों का सम्मान बढ़ा है। ऐसे आयोजनों से एक ओर कलाकार को प्रशंसा प्राप्त होती है दूसरी ओर उनकी कला को उचित मंच मिलता है।

शिविर में यूपी के अलग अलग जनपदों के मूर्तिकारों ने हिस्सा लिया। वे फाइवर, टेराकोटा और लकड़ी से रामायण के बहुचर्चित प्रसंगों को मूर्ति के रूप में ढाल यूपी की मूर्तिकला शैलियों की विशेषताओं से आम जनमानस को रूबरू करा रहे हैं। हम सब के श्रीराम शीर्षक के तहत सच्चिदानंद, और जीऊतवली यादव ने बताया कि रामायण के प्रसंग अहिल्या उद्धार पर आधारित मूर्ति से योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ती के तहत महिलाओं बेटियों का सम्मान करने का संदेश दे रहे हैं। राजधानी के मूर्तिकार पारूल श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने जटायू प्रसंग पर आधारित मूर्ति बनाई है। आठ महीनों से घर में बैठे थे। सरकार ने शिविर का आयोजन करा के हम लोगों के चेहरों पर खुशियां बिखेर दी। अंबेडकरनगर के उदय राज मौर्या ने कहा कि एक ओर अयोध्या में श्रीराम के विराजने की खुशी है तो वहीं देश के मन में बसे श्रीराम के लखनऊ शिविर में अनूठे तीस रूपों के दर्शन हो रहे हैं।

# राजकीय शीतगृह में ब्लैक में बेचा जा रहा आलू का बीज

संवाददाता। बख्शी का तालाब



प्रदेश सरकार जहां एक ओर किसानों को सभी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का दावा कर रही है । वहीं सरकारी कारकून सरकार की मंशा का पलीता लगा रहे हैं। इस समय आलू बुवाई का समय चल रहा है । लेकिन राजकीय शीत गृह से किसानों को आलू का बीज उपलब्ध नहीं हो रहा है । वहीं आरोप है कि महकमा किसानों की इसी मजबूरी का फायदा उठाकर आलू के बीजों को अधिक दामों में बेचकर किसानों की मुसीबतों को और बढ़ा रहे है । बख्शी का तालाब के पूरब खेड़ा के रहने वाले रामू ने अलीगंज स्थित राजकीय शीतगृह प्रभारी दिलीप वर्मा व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरिशंकर से 5 हजार रुपये कुंतल की दर से ढाई कुंतल चिप्स सोना बीज खरीदा था। लेकिन सुबह जब बोरी खोली तो अधिकतर आलू सड़ा निकला । किसान ने जब उसकी शिकायत की तो किसी ने उसकी बात नही मानी। किसान ने बताया की उसने कोई आवेदन नही किया था। इन लोगों ने उसे बुलाकर पैसे लेकर आलू उपलब्ध कराया गया था। शीतगृह में सरकार द्वारा किसानों को लॉटरी के माध्यम से 3150 रूपये मूल्य निर्धारित किया है । लेकिन लॉटरी किसानों को आलू का बीज न देकर 5 हज़ार रुपये कुंतल में कालाबाजारी की जा रही है । अलीगंज राजकीय शीत गृह प्रभारी ने बताया कि किसान को नया आलू उपलब्ध कराया जायेगा । वहीं बिना लाटरी व अधिक मूल्य लेकर बिक्री करने की बात का कोई जवाब नहीं दिया।

## मजदूर की बेटी की शादी में कोतवाल ने की राशन की व्यवस्था

निगोहां। निगोहां कोतवाल को एक गरीब मजदूर की बेटी की शादी की सूचना मिली तो हाल लेने उसके घर पहुंच गए, कोतवाल को देख पहले तो मजदूर घबरा गया किन्तु जब कोतवाल ने लड़की की बरात आने के विषय में पूछा तो मजदूर ने बरातियों का भोजन प्रबन्ध कर पाने में असमर्थता जताई मामले की जानकारी होते ही कोतवाल ने मजदूर के घर राशन पहुंचाया जिसके बाद शुक्रवार को मजदूर की बेटी ससुराल के लिए विदा हुयी। निगोहां कस्बा निवासी महेश झोपड़ी बनाकर कस्बे में रहता है और मजदूरी करके किसी तरह अपने परिवार का पेट भरता है। गुरुवार को मजदूर की बेटी आरती की बरात आने की सूचना मिलने पर निगोहां कोतवाल शैलेन्द्र सिंह मजदूर के घर पहुंच गये और बरात की व्यवस्था का हाल चाल जाना जिसके बाद कोतवाल ने मजदूर के घर आटा, चावल, तेल आदि खाद्य सामग्री पहुंचाई व आगे भी मदद का आश्वासन दिया।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 अक्टूबर 2020



# महिला हेल्प डेस्क के जरिये समय सीमा के अंदर मिलेगा महिलाओं को न्यायः डीएम

## ● अकबरपुर थाने में महिला हेल्प डेस्क का हुआ उद्घाटन



महिला हेल्प डेस्क के उद्घाटन अवसर पर पीड़िता का शिकायती पत्र दिलवाते एसपी

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**मिशन** शक्ति के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व संरक्षण हेतु सरकार निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 1535 महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र,पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा ,नगर पालिका अध्यक्ष सरिता गुप्ता की उपस्थिति में कोतवाली थाना अकबरपुर में फीता काटकर महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व संरक्षण हेतु महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं के हितों को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ को संचालित किया गया है । उन्होंने कहा सरकार के इस अभियान को सफल बनाने के लिए जनसहभागिता सुनिश्चित करते हुए जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करना होगा। महिला हेल्प डेस्क के जरिए महिलाओं को समय सीमा के अंदर न्याय मिल सकेगा ।उन्होंने कहा कि महिलाओ व बालिकाओं का सम्मान व सुरक्षा हमारा प्रथम दायित्व है। जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व्यवस्था में कोई लापरवाही न बरतें, महिलाओं और बालिकाओं का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा, अपर जिलाधिकारी पंकज कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र ,उप जिलाधिकारी अकबरपुर मोइनुल इस्लाम , पुलीस क्षेत्राधिकारी ,बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह, प्रोबेशन अधिकारी, थाना अध्यक्ष अकबरपुर, पर उपस्थित रहे।

## यूआईडी नंबर से घर बैठे महिलाएं देख सकेंगे शिकायत की प्रगति रिपोर्ट

### ● बसखारी थाने में महिला हेल्प डेस्क का हुआ शुभारंभ

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ करती डॉ पौनामी देव — पायनियर

**मिशन** शक्ति अभियान के तहत बसखारी थाना परिसर में भी आधुनिक सुविधाओं से लैस महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया। महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में तैनात महिला चिकित्सक डॉक्टर पौनमी देव ने फीता काटकर किया गया। नारी समस्याओं के निदान के लिए थाना परिसर में बनाए गए इस डेस्क की खासियत यह है कि महिलाएं एक बार शिकायत करने के बाद अपनी शिकायत पर की जा रही प्रगति की रिपोर्ट ऑनलाइन यू डी आई नंबर का प्रयोग कर देख सकती है। महिला डेस्क के हाईटेक व शिकायत ऑनलाइन दर्ज होने से शिकायती प्रार्थना पत्रों के खो जाने की समस्या से भी अब छुटकारा मिल जाएगी। महिलाओं की समस्या का त्वरित निस्तारण करने के लिए थाना परिसर में बनाए गए हाईटेक इस व्यवस्था में थाने पर तैनात कुशल महिला पुलिस कर्मियों को जिम्मेदारी दिए जाने की भी व्यवस्था की गई है। समारोह पूर्वक आयोजित किए गए उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए थाना अध्यक्ष श्रीनिवास पांडे ने बताया कि शक्ति मिशन अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा व उन्हें त्वरित न्याय मिल सके इसके लिए प्रत्येक थानों में आईटेक सुविधाओं से लैस महिला डेक्स खोले जाने की प्रदेश सरकार की मंशा को बसखारी थाना परिसर में महिला डेस्क खोलकर अमलीजामा पहनाया गया है। अब पीड़ित महिलाओ को इस डेस्क पर शिकायत दर्ज कराने के बाद बार-बार थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। घर बैठकर ही महिलाएं यू डी आई नंबर से अपनी की गई शिकायतों की प्रगति रिपोर्ट देख सकती हैं। समारोह को उद्घाटनकर्ता डॉटर पौनवी देव,हीरालाल जायसवाल इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉक्टर के पी राय ने भी इस डेस्क को सरकार की सराहनीय व्यवस्था बताते हुए इससे होने वाले लाभ पर विस्तारपूर्वक से प्रकाश डाला। इस दौरान थाने में तैनात महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के कई अन्य संभ्रांत पुरुष व महिला नागरिक भी मौजूद रहे।

## रोजगार मेले का आयोजन 28 को

संवाददाता। अयोध्या

**बेरोजगार** युवकों को मिलेगा रोजगार 28 अक्टूबर 2020 को रोजगार मेले के आयोजन की तैयारी शुरू। जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने बताया कि क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के सहयोग से 28 अक्टूबर 2020 को जनपद के बेरोजगार व प्रवासी श्रमिकों को निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी सैमसंग डिस्पले प्राइवेट लिमिटेड मे रोजगार प्रदान करने हेतु लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा चयन। इस दिन कंपनी द्वारा लगभग अभ्यार्थियों का चयन किया जाना है। पूर्वाहन 10 बजे से राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में रोजगार मेले का आयोजन किया होना सुनिश्चित हुआ है निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी सैमसंग डिस्पले प्राइवेट लिमिटेड नोएडा द्वारा ट्रेनी पद हेतु इंटर पास पंजीकृत प्रवासी श्रमिकों व बेरोजगार युवाओं जिनकी उम्र 18 से 22 के बीच है का लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से करेगी। आवेदक को सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल पर अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा तथा आवेदक को अपनी यूजर आईडी के माध्यम से सैमसंग डिस्प्ले कंपनी प्राइवेट लिमिटेड नोएडा में ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यार्थी पंजीयन व आवेदन किए बिना साक्षात्कार व लिखित परीक्षा में भाग नहीं ले सकता है।

अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वे रोजगार मेला आईडी 3467 पर दिनांक 26 अक्टूबर की सांय 4:00 बजे तक अपना आवेदन अवश्य कर दें कंपनी का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है। सहायक निदेशक सेवायोजन पदम वीर कृष्ण ने बताया कि और अधिक जानकारी के लिए प्रवासी श्रमिक व बेरोजगार युवक किसी भी कार्य दिवस मे सुबह 10 बजे से सांय 05 बजे तक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या से संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## एलटी ग्रेड शिक्षकों को आनलाइन दिए गए नियुक्त पत्र

संवाददाता। अयोध्या

**प्रदेश** में सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड के माध्यमिक शिक्षा संवर्ग के लोक सेवा आयोग से चयनित 3317 राजकीय विद्यालयों के सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड का पद स्थापना नियुक्त पत्र ऑनलाइन जारी किया गया। इस कार्यक्रम का शुरूवात प्रदेश की मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शुरू की गई। इस परीक्षा में चयनित सहायक अध्यापक, 2018 मे परीक्षा दिए थे तथा इसका रिजल्ट पूर्णतः पारदर्शिता, निष्पक्षता के साथ घोषित हुआ जिसके परिणाम स्वरूप आज इन सभी को नियुक्त पत्र जारी किया गया, जिसमें मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लखनऊ में 05 सहायक अध्यापकों एलटी ग्रेड को तथा गोरखपुर, वराणसी, प्रयागराज, झांसी एवं मेरठ में नियुक्त सहायक अध्यापकों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया गया। अयोध्या जनपद के 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्त पत्र मंडलायुक्त श्री एमपी अग्रवाल, जिला अधिकारी श्री अनुज कुमार झा, विधायक अयोध्या श्री वेद प्रकाश गुप्ता एवं भाजपा अध्यक्ष श्री संजीव सिंह द्वारा वितरित किया गया यहां के नियुक्ति पत्र पाने वाले में सुश्री सरिता यादव, सविता यादव, गायत्री वर्मा, अंजू रावत, सवाना बानो, प्रियंका गुप्ता, निशा वर्मा, रूबी पांडे के अलावा पुरुष अध्यापकों में अरूणेश कुमार पाण्डेय, वेद प्रकाश, सिमपाल, रजनीश कुमार सिंह, अनंत कुमार सिंह, कुलदीप कुमार तिवारी, अजय पांडे सहित कुल 15 सहायक अध्यापकों ने प्राप्त किया। मंडलायुक्त एवं जिला अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित सहायक अध्यापकों का सॉफ्टवेयर के माध्यम से पद स्थापन एवं ऑनलाइन नियुक्त पत्र की प्रक्रिया आज मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रारंभ की गई उसी के क्रम में इन सहायक अध्यापकों को स्थानीय स्तर पर नियुक्त पत्र जारी किया गया तथा शेष अध्यापक जो चयनित हुए हैं वे माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित वेबसाइट से अपना नियुक्त पत्र डाउनलोड कर लेंगे। इसकी जानकारी माध्यमिक शिक्षा वेबसाइट से की जा सकती है यह चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ हुई है। हम इस अवसर पर सभी चयनित अध्यापकों को उनके सफलता पर बधाई एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ता ने सरकार की चयन प्रक्रिया की सराहना की तथा काम करने वाली सरकार बताया। उक्त अवसर पर उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा डीआईओएसएस एवं माध्यमिक शिक्षा परिषद के मण्डलीय अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डा0 हर्षवर्धन द्वारा भी कोविड के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग की गई जिसमें उत्तर प्रदेश कोविड के मरीज कम मिल रहे तथा डेथरेट कम हो रही है इसके लिए सराहना की गई तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी से अनुरोध किया गया कि टेस्टिंग, ट्रेकिंग एवं ट्रीटमेंट की प्रक्रिया को जारी रखें तथा माक्स जरूरी तथा 2 गज की दूरी मेनटेन रखें। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मंडलायुक्त, जिला अधिकारी के अलावा मुख्य चिकित्सा अधिकारी भी उपस्थित थे। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सम्मान, स्वालम्बन पर आधारित शारदीय नवरात्रि में मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान की शुरुआत 17 अक्टूबर 2020 से हुई थी जो 25 अक्टूबर 2020 तक चलेगी। इस कार्यक्रम की समीक्षा भी आज मा0 मुख्यमंत्री जी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से की गई तथा इस अभियान की सराहना की गई तथा अयोध्या की भी सराहना की गई क्योंकि इस अभियान के तहत मंडलायुक्त एवं जिला अधिकारी के प्रयास से 30 एलईडी वैन एवं लगभग 300 होर्डिंग लगाई गई, इसकी भी सराहना की गई इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में मंडलायुक्त, जिला अधिकारी के अतिरिक्त उप पुलिस महानिरीक्षक/ एसएसपी दीपक कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## क्विक न्यूज

### सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर महिला हेल्प डेस्क का किया उद्घाटन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मण्डलों से चिन्हित 18 थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के क्रम में जनपद गोरखपुर के थाना खोराबार से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण विधायक विपिन सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक दावा शेरपा, मण्डलायुक्त जयंत नालिकर, पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर राजेश मोडक डी राव, जिलाधिकारी गोरखपुर के. विजयेंद्र पांडियन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार, जिला उपाध्यक्ष भाजपा शान्ति देवी, बाल संरक्षण अधिकारी डा. सुमन शुक्ला, श्रीमती किरन श्रीवास्तव, प्रधान जंगल सिकरी श्रीमती मीना गुप्ता, समाज सेविका उषा दास, महिला कार्यकर्ता सुनिता पासवान, महिला कार्यकर्ता श्रीमती संजू देवी, इन्दू सिंह, राना परवीन आदि उपस्थित रहें।

### सीएम ने ऑनलाइन नियुक्ति पत्र किया वितरण

**गोरखपुर।** राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के लिए प्रदेश में 3317 सहायक अध्यापक पद हेतु लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा द्वारा वितरण किया गया। गोरखपुर एन.आई.सी. वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद पूर्व वित्त मंत्री शिव प्रताप शुक्ला, सदर सांसद रवि किशन, विधायक फतेह बहादुर, विधायक महेंद्र पाल सिंह, विधायक शीतल पांडेय, जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पांडियन, सी.डी.ओ. इंद्रजीत सिंह, डी.आईओ.एस. ज्ञानेंद्र सिंह, ज्वाइंट डायरेक्टर जोगिंदर सिंह मौजूद रहें।

### बेहद कारगर साबित होगा महिला हेल्प डेस्कः एसपी

**अम्बेडकरनगर।** महिला हेल्प डेक्स पीडित महिलाओं के लिए बहुत ही कारगर साबित होगा जिससे महिलाओं को अपनी शिकायतों के बारे में जानकारी मिल पाएगी। उक्त बातें पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने जलालपुर थाने में महिला हेल्प डेक्स का उद्घाटन करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी थानों पर महिला हेल्प डेक्स खोला जाएगा जहां पीड़ित महिलाएं पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज करा सकती हैं शिकायत दर्ज कराने के उपरांत उन्हें एक पर्ची दी जाएगी जिससे पीड़ित महिलाएं अपने शिकायतों के बारे में जानकारी ले सकती हैं । इस पर्ची के माध्यम से महिलाओं की शिकायतों की जनसुनवाई प्रदेश स्तर पर भी होगी। उद्घाटन के मौके पर क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह ,उप जिलाधिकारी एमपी सिंह, कोतवाल मनीष कुमार सिंह के अलावा भाजपा नेता राम प्रकाश यादव, मिथिलेश त्रिपाठी, रजनीश सिंह, शत्रुघ्न सोनी ,संजीव मिश्रा, राजेश मिश्रा, दीपक गोयल, कृष्ण गोपाल कसाधन, हाजी अब्दुल करीम, संदीप अग्रहरी, मीसम रहा, सुरेश गुप्ता समेत सैकडो लोग मौजूद रहे।

### अजय को मिली डाक्टरेट की उपाधि

**अम्बेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के रामपुर चाड़ीडीहा गांव निवासी अजय कुमार को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर नें डाक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। अजय कुमार ने अपना शोध कार्य हिन्दी विषय में स्त्री विमर्श के सम्बन्ध में चित्रा मुदगल के कथा साहित्य का विश्लेषणात्मक अध्ययन पर किया है। उन्होंने डॉ0 रोहिताश्व कुमार शर्मा के मार्ग दर्शन एवं डॉ0 शिवकुमार शर्मा के सह मार्ग दर्शन में अपना शोध कार्य पूरा किया है।

### पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटा प्रशासन

**गोरखपुर।** पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन कमर कसते हुए अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके क्रम में सदर तहसीलदार डॉक्टर संजीव दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील सदर सभागार में कानूनगो व लेखपालों के साथ बैठक हुई। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी कानूनगो व लेखपाल अपने-अपने सर्किल व ग्राम सभा में जनवरी में 18 वर्ष पूर्ण कर चुके महिला व पुरुष नये मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने व मृतक वोटरों को वोटर लिस्ट से ग्राम प्रधान व मृतक आश्रित के संतृप्ति पर वोटर लिस्ट से नाम निकालने का कार्य निष्पक्षता पूर्ण तरीके से समयबद्ध निस्तारण करें। जिससे वोटर लिस्ट को समय से अंतिम प्रकाशन हेतु भेजा जा सके और चुनाव आयोग के मंशा के अनुरूप पंचायती चुनाव को सकुशल संपन्न कराया जा सके।

### संदिग्ध परिस्थिति में मिला वृद्ध का शव

**गोरखपुर।** गीडा क्षेत्र के गाहासाड बंधे के समीप एक वृद्ध की डेड बॉडी मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने डेड बॉडी को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शुक्रवार को गाहासाड गाँव के कई ग्रामीण अपने जानवरों को चराने गाहासाड रेलवे पुल के दक्षिण तरफभठवा की तरफगए हुए थे। तभी अचानक वहां एक साधु की लाश देख लोगों ने शोर मचाया। जिसकी पहचान गाहासाड निवासी प्रमोद कुमार यादव पुत्र चंदा प्रसाद यादव उम्र 55 वर्ष के रूप में हुई। मृतक गेरुआ रंग का लुग्गी व सफेद कुर्ता एव रामनामी गमछा पहना हुआ था। मृतक की डेड बॉडी के पास 1 खाली बोतल पेठा व रामदाना रखा हुआ था। मृतक गाहासाड़ गाँव के समीप राप्ती नदी के बंधे पर स्थित शिव मंदिर का पुजारी था।

### जांच में मिलीं खामियां, अस्पताल सील

**गोरखपुर।** प्राप्त शिकायतों के आधार पर मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संवेदना हास्पिटल शिवपुर सहबाजगंज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उक्त अस्पताल के संचालक द्वारा पंजीकरण से सम्बंधित कोई प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराया जा सका। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं हो रहा था। बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण की व्यवस्था मानक के अनुसार नहीं थी। अस्पताल के आपरेशन थिएटर को सील करते हुए निर्देशित किया गया कि भर्ती मरीजों को यथाशीघ्र डिस्चार्ज करें तथा तत्काल प्रभाव से कोई नया मरीज भर्ती नहीं करें। अस्पताल को नोटिस जारी कर दी गई है और नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## 15 सहायक अध्यापकों को विधायक संजू देवी ने दिया नियुक्ति पत्र

### ● एनआईसी कक्ष में दिया गया नियुक्ति पत्र

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**राजकीय** माध्यमिक विद्यालयों हेतु लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के माध्यम से लिखित परीक्षा परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के एलटी वेतन क्रम के सहायक अध्यापकों के नियुक्ति पत्रों का मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कालिदास मार्ग स्थित सभा कक्ष में पांच सफल अभ्यर्थियों को अपने कर कमलों द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसी क्रम में शासन के निर्देशानुसार आलापुर विधायक अनीता कमल व टांडा विधायक संजू देवी द्वारा जनपद अंबेडकर नगर के चयनित 15 सफल अभ्यर्थियों (प्रवीण कुमार मिश्र सहायक अध्यापक जीव विज्ञान, प्रकाश चंद सहायक अध्यापक संस्कृत, रेनू पांडे सहायक अध्यापक अंग्रेजी, कृष्ण कुमार सहायक अध्यापक गणित ,प्रमिला यादव सहायक अध्यापक संस्कृत, अर्चना पटेल सहायक अध्यापक शारीरिक शिक्षा, तुसारिका वर्मा सहायक अध्यापक जीव विज्ञान, आशीष कुमार यादव सहायक अध्यापक शारीरिक शिक्षा, अमरीश यादव सहायक अध्यापक जीव विज्ञान, ओमप्रकाश सहायक अध्यापक अंग्रेजी, गौरव वर्मा सहायक अध्यापक अंग्रेजी, ओंकारनाथ सहायक अध्यापक अंग्रेजी, महेंद्र कुमार सहायक अध्यापक गणित ,सीमा यादव सहायक अध्यापक संस्कृत, रंजू तिवारी सहायक अध्यापक शारीरिक शिक्षा)को एलटी वेतन क्रम के सहायक अध्यापकों को कलेक्ट्रेट में स्थित एन.आई.सी. कक्ष में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष कपिल देव वर्मा एवं चयनित अभ्यर्थी मौके पर उपस्थित रहे।

## 285 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 06 गिरफ्तार

**गोरखपुर।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक सेक्टर 01 अरविंद कुमार मिश्रा, आबकारी निरीक्षक सेक्टर 02 राकेश कुमार त्रिपाठी, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 03 रामधनी वर्मा, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 05 अरविंद सिंह, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 06 अमित श्रीवास्तव, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 07 कृष्ण कुमार सिंह एंव एस.एस.एफए. की संयुक्त टीम ने थाना रामगढ़ताल के अन्तर्गत महेवा एवं कठउर अमुरतानी तथा थाना शाहपुर के अन्तर्गत पादरी बाजार बधिक टोला के विभिन्न संदिग्ध स्थलों पर दबिश किया। दबिश के दौरान 06 अभियोग पंजीकृत करते हुए लगभग 285 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया और लगभग 8000 किग्रा. लहन एवं शराब बनाने का उपकरण नष्ट किया गया एवं 20 भट्ठियां तोड़ी गयी।

## गोवंशों के संरक्षरण को लेकर डीएम ने की बैठक

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गोवंशो के कुशल संरक्षण हेतु बैठक किया गया ।इस दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद में नवनिर्मित गौशालाओं में गोवंशो को शिफ्ट किया जाए। जिन गौआश्रय स्थलों में मरम्मत की जरूरत हो वहां पर मरम्मत का कार्य निर्वाध गति से पूर्ण किया जाए ।उन्होंने कहा कि शेड एवं पशुओं के पानी पीने की चरही दुरुस्त होना चाहिए ,प्रत्येक पशु आश्रय स्थलों पर भूसा, चरही, पशु आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए ।उपलब्धता में यदि कमी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई तय की जाएगी ।उन्होंने कहा कि जिन पशुपालकों को पशु दिया गया है उन पशुओं के पोषण हेतु पशुपालकों को धन भेजने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। नोडल अधिकारी निरंतर आश्रय स्थलों का भ्रमण कर भौतिकी स्थिति से अवगत रहें। जिलाधिकारी ने पराली जलाने के मामले में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि समस्त खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पैनी नजर रखें ,यदि कोई कृषक पराली जलाते हुए पाया जाए तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कृषकों के धान खरीद को लेकर डिप्टी आरएमओ को निर्देशित किया कि कृषकों के धान खरीद में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। धान खरीद की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में संचालित सभी एजेंसियां नियमित खोला जाए एजेंसियों पर बोरे एवं पैसे की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए ।

## मां कालरात्रि की पूजा के साथ खुल गए मां के दरबार

### ● शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप हो रही पूजा आराधना

**अम्बेडकरनगर।** बीते 17 अक्टूबर से शुरू हुए नवरात्रि पर्व के सातवें दिन मां नव दुर्गा के सातवें स्वरूप कालरात्रि की पूजा आराधना के साथ क्षेत्र में सजाए गए दुर्गा मां के पंडालों के पट भक्तों की पूजा आराधना के लिए शुक्रवार को खोल दिए गए हैं। वैसे तो नवरात्रि के पावन पर्व के पहले दिन 17 अक्टूबर से ही से ही भक्तों के द्वारा घर में कलश स्थापना करते हुए मां की चौकी के समक्ष पूजा आराधना करने का कर्म जारी है। लेकिन कोविड-19 को लेकर शासन द्वारा जारी निर्देश निर्देश को लेकर पूजा समितियों के समक्ष मां की पूजा आराधना को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई थी ।लेकिन परमिशन लेकर पूजा आराधना करने की प्रक्रिया को पूरा करने के बाद समितियों के पदाधिकारियों व भक्तों के द्वारा कोविड-19 को लेकर शासन द्वारा जारी दिशा निर्देश का पालन करते हुए शुक्रवार को क्षेत्र में सजाए गए विभिन्न पंडालों में पूजा आराधना शुरू कर दी गई है। जो सप्तमी ,अष्टमी, नवमी के साथ दंशमी तक चलता रहेगा। शास्त्रों में नवरात्रि के सातवें दिन मां नव दुर्गा के सातवें रूप कालरात्रि की पूजा करने का विधान है। मां के इस सातवें स्वरूप की सच्चे मन से पूजा आराधना करने से व्यक्ति को भूत, प्रेत एवं बुरी शक्तियों के भय से छुटकारा मिलने के साथ-साथ उनकी मनोकामना की पूर्ति होने का फल मिलता है ।मां दुर्गा के इस स्वरूप का वर्ण कृष्ण होने के कारण इन्हें कालरात्रि के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि मां दुर्गा ने असुरों के राजा रक्तबीज का वध करने के लिए इस स्वरुप को धारण किया था। मां दुर्गा चार भुजाओं के साथ इस स्वरूप में दुष्टों व असुरों का संहार करने वाली के रूप में पूजी जाती है। मां के इस स्वरुप की पूजा आराधना करने से व्यक्ति के ऊपर आने वाले आकस्मिक संकट भी दूर हो जाते हैं।

## कर्मचारियों की हड़ताल के कारण नगर की सफाई व्यवस्था चरमराई

### ● जगह-जगह लग रहा कूड़े का ढेर
### ● कर्मचारियों के समर्थन में आयीं अध्यक्ष
### ● बढ़ा संक्रामक बीमारियों का खतरा

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



नगर में फैला कूड़ा — पायनियरे

**नगर पंचायत** अशरफपुर किछौछा के कर्मचारियों के हड़ताल के चलते तीसरे दिन नगर की साफ सफाई व्यवस्था चरमरा गई है । बीते 3 दिनों से नगर में गलियों की सफाई, कूड़ा उठाने का काम, स्ट्रीट लाइट, कार्यालय में आय जाति निवास अन्य कोई भी काम ना होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी है। बताते चलें कि बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारी मोहम्मद आसिफ व महिला कर्मी शिवांगी गुप्ता को भाजपा नेत्री रफत एजाज ने किसी फाइल को लेकर थप्पड़ जड़ दिया था जिससे आक्रोशित कर्मचारियों ने कार्यालय में तालाबंदी कर हड़ताल की घोषणा कर दी । कर्मचारियों के हड़ताल का साथ देते हुए नगर अध्यक्ष चेयरमैन शबाना खातून स्वयं कर्मचारियों के साथ आमरण अनशन पर बैठ गई हैं। शबाना खातून का कहना है कि कर्मचारियों के साथ बदसलूकी और कार्यालय की मर्यादा के साथ किसी तरीके का कोई समझौता मेरे कार्यकाल में संभव नहीं है। भाजपा नेत्री ने जिस तरीके दुर्व्यवहार किया है यह अत्यंत निंदनीय है । वही अधिशासी अधिकारी के ढुलमुल रवैया के चलते कर्मचारियों में आक्रोश भी पनप रहा है । दरगाह किछौछा में प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मखदूम अशरफकी दरगाह में इस समय अगहनिया मेला जोरों पर चल रहा है। हजारों की संख्या में जायरीन हर रोज किछौछा पहुंच रहे हैं वहीं कर्मचारियों की हड़ताल के चलते दरगाह किछौछा में जगह-जगह कूड़े के अंबार लग गए हैं। कर्मचारियों की मांग है कि भाजपा नेत्री के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए या भाजपा नेत्री स्वयं आकर सार्वजनिक स्तर पर कर्मचारियों से अपने कार्य व्यवहार के लिए माफी मांगे। कर्मचारियों की हड़ताल से नगर क्षेत्र की स्थिति दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है ।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 अक्टूबर, 2020



# संघीय व्यवस्था का विरोध

## विपक्ष की रणनीति

**केंद्रीय** शक्तियों के विरोध की पंजाब व महाराष्ट्र में विपक्ष ने नई रणनीति अपनाई है। विपक्ष अपने शासित राज्यों में कृषि कानूनों तथा सीबीआई के अधिकार क्षेत्र के बारे में केंद्र का विरोध कर दिल्ली में सत्तारूढ़ भाजपा से राजनीतिक मुकाबला कर रहा है। पंजाब ने तीन कृषि कानूनों को चुनौती देते हुए अपने संशोधन कानून बनाए हैं तथा महाराष्ट्र ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई के राज्य में जांच के अधिकार से सहमति वापस ले ली है। संवैधानिक रूप से पंजाब सरकार विधेयकों को पहले राज्यपाल और फिर राष्ट्रपति के पास भेजे जाने की प्रतीक्षा करेगी। केंद्र सरकार की सलाह पर काम कर रहे राष्ट्रपति की इनको अनुमति मिलने की संभावना नहीं है। इसके बाद राज्य सरकार सर्वोच्च न्यायालय में जाने का रास्ता अपना सकती है। इसी प्रकार राज्य भले ही सीबीआई जांच से सहमति वापस ले ले, पर वह इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनदेखी नहीं कर सकता है। पंजाब सरकार का तर्क है कि कृषि राज्य सूची का विषय है और केन्द्र का इस पर अधिकार नहीं है, जबकि केन्द्र का कहना है कि कृषि उत्पादों के व्यापार व वाणिज्य से संबंधित होने के कारण तीनों कानूनों का संबंध समवर्ती सूची से है। पंजाब सरकार कृषि कानूनों में संशोधन से सुनिश्चित करना चाहती है कि पुरानी व्यवस्था जारी रहे तथा समानान्तर बाजार से कमजोर न हो। पहले संशोधित कानून में गेंहूं व धान के लिए केन्द्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी देना जरूरी है और इसका उल्लंघन करने वाले को दंड दिया जाएगा। दूसरे कानून में कृषि उत्पादन मंडी समिति-एपीएमसी के बाहर निजी खरीदारों द्वारा किए जाने



वाले सौदों पर बाजार फीस या लाइसेंस जरूरी होगा जिसे केन्द्रीय कानून ने समाप्त कर दिया है। तीसरे कानून में संशोधन से अनिवार्य वस्तुओं के उत्पादन, सप्लाई व वितरण की असीमित सीमा को समाप्त कर पंजाब सरकार को नियंत्रण का अधिकार वापस दिया गया है। राज्य का कहना है कि केंद्र ने कृषि कानूनों के बारे में जल्दबाजी की है और क्रियान्वयन की व्यावहारिकताओं पर ध्यान नहीं दिया है। उसका आरोप है कि कृषि मंत्री ने सभी पक्षों से मुलाकात कर उन्हें आश्वासन देने से इनकार कर दिया, जबकि भाजपा के किसान संगठन भी इन पर आपत्ति कर रहे थे। उसने पूछा है कि क्या केन्द्र एमएसपी को अनिवार्य घोषित नहीं कर सकता था, जबकि इससे किसानों के मन में पैदा आशंकायें दूर हो जातीं। यदि केन्द्र सरकार जीएसटी की तरह विमर्श के बाद समावेशी माडल अपनाती तथा विधेयकों पर संसदीय समितियों में विचार करती तो चीजें ज्यादा बेहतर स्थिति में होतीं। जीडीपी में कृषि का हिस्सा 16 प्रतिशत है और किसान सभी पार्टियों के मतदाताओं में शामिल हैं, इसलिए उनकी बात पर अवश्य ही गौर करना चाहिए था। आज किसान खेती में भारी लागत, कम उत्पादकता तथा गिरते मूल्यों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में उनको विश्वास में लेना जरूरी है। महाराष्ट्र सरकार ने अन्य विपक्षी राज्यों बंगाल, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान की तरह पहले सीबीआई जांच को दी गई आम सहमति वापस ले ली है। उसने कहा है कि ऐसी जांच हस्तक्षेपकारी तथा राजनीति से प्रेरित होती है। ऐसा लगता है कि केन्द्र सरकार सहयोगी संघवाद के कुछ आयामों पर नहीं चल रही है, जबकि 2014 के बाद अपने पहले कार्यकाल में वह इसी रास्ते पर चल कर जीएसटी लागू कराने में सफल हुई थी। शायद 2019 में भारी विजय के बाद उसने संघीय स्पेस पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। हालांकि, केंद्र-प्रायोजित योजनाओं की कठोर निगरानी तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर उसके द्वारा उठाए कदमों का बीजू जनता दल जैसी क्षेत्रीय शक्तियों ने समर्थन कर उनको राज्यसभा में पास कराने में सहायता की है। स्वास्थ्य राज्य सूची का विषय है, पर कोविड नियंत्रण के मामले में भी राज्यों पर दबाव डाला गया, जबकि अनेक राज्यों ने इससे निपटने के अपने तरीके विकसित किए हैं। कुछ राज्य अब केन्द्र के विपरीत नीतिगत दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

# शराबबंदी की राजनीति

शराब पर प्रतिबंध लगाने के जोश में नीतीश कुमार की सरकार ने अत्यन्त कठोर कदम उठाए हैं। नशाखोरी की समस्या से निपटने के बेहतर तरीके भी हैं।



**अजय कुमार**
(लेखक पूर्व आईपीएस तथा पूर्व सांसद हैं)

अमेरिका में शराब पर प्रतिबंध लगाने वाला वोलस्टड कानून 1920 में पास किया गया था। यह शराब बंदी लगभग 14 साल जारी रही और इसने एक समानान्तर अवैध अर्थव्यवस्था बना दी। इससे माफिया उभरे तथा ऐसा राज्य प्रायोजित ढांचा बना जिसमें अमीरों व शक्तिशाली लोगों को सुरक्षा दी गई थी, पर वह गरीबों पर भारी पड़ रहा था। उस समय की मीडिया खबरों से पता चलता है कि अमेरिका में एक खास मजेदार घटना हुई थी। जब पुलिस ने डेनवर में एक बार पर छापा मारा तो उनको वहां स्थानीय कांग्रेस सदस्य, मेयर व शेरिफ मदिरापान करते मिले। कोई सोच भी नहीं सकता था कि 1920 के डेनवर व वर्तमान बिहार में समानता होगी।



मजेदार बात है कि यदि आप इस लेख का पहला पैरा न पढ़ें तो लगेगा कि हम नीतीश कुमार के बिहार और खासकर उनकी शराबबंदी के बारे में बात कर रहे हैं। शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था।

शराबंदी कठोरता से लागू करने के तरीकों पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि नीतीश कुमार ने अचानक एक दिन तय कर लिया कि बिहार में शराबबंदी होनी चाहिए। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था। उसे कम से कम जमीनी स्तर पर इस नीति की भयानक विफलता स्वीकार करते हुए अब अपनी गलती माननी चाहिए। लेकिन शायद बिहार की वर्तमान सरकार में इस दूरदृष्टि का अभाव है और वह अपनी गलतियां स्वीकारने को तैयार नहीं है।

सवाल है कि आखिरकार शराबबंदी को बिहार में नीतीश सरकार के प्रशासन का बैरोमीटर क्यों माना जाता है? हमें इस कदम की कठोरता पर विचार करना चाहिए। यह प्रतिबंध केन्द्र सरकार द्वारा लिए नोटबंदी के निर्णय की तरह संपूर्ण था। उम्मीद करनी चाहिए थी कि सरकार पहले यह विचार कर लेती कि जमीनी स्तर पर इस कदम को जनता का व्यापक समर्थन मिलेगा या नहीं। इस नीति के परिणामस्वरूप नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री गैरी बेकर द्वारा प्रयुक्त शब्दों के अनुसार 'तार्किक अपराध' जैसी स्थिति बन गई है। इसका अर्थ तार्किक लोगों द्वारा किया अपराध है क्योंकि वे अपराध करते समय पकड़े जाने पर संभावित दंड पर ज्यादा ध्यान देते हैं, लेकिन वास्तव में पकड़े जाने की संभावना पर ज्यादा गौर नहीं करते हैं। बिहार में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के मामले में पकड़े जाने पर दंड बहुत कठोर है, पर वास्तव में पकड़े जाने की संभावनायें बहुत कम हैं। इसे दूसरे शब्दों में कहें तो बिहार में पुलिस या संबंधित अधिकारियों की मुट्ठी गरम करने अथवा वीआईपी होने पर शराबबंदी कानून के उल्लंघन में पकड़े जाने की संभावना बहुत कम है। लेकिन यह बात आम नागरिक पर लागू नहीं होती है।

वास्तव में बिहार में जमीनी स्तर पर असली शराबबंदी नहीं है। हालांकि, शराब पर प्रतिबंध है, पर यह व्यवहार के बजाय अवधारणा के स्तर पर ज्यादा सही है। आप

> **शराबबंदी व बिहार में उसे लागू करने के कठोर तरीकों से राज्य में राजग की छवि खराब हुई है। शराबबंदी ने शासन-प्रशासन के सामने भारी समस्यायें खड़ी की हैं तथा संसाधनों की बरबादी का कारण बनी है, जबकि इन संसाधनों का प्रयोग अन्य बेहतर कामों में किया जा सकता था। सरकार को इतना बड़ा निर्णय लेने के पहले शराबबंदी की प्रभावशीलता पर कुछ शोध करना चाहिए था।**

जहां चाहें वहां शराब मिल सकती है।

जहां चाहें वहां शराब मिल सकती है। बताया जाता है कि एक बड़े राष्ट्रीय दैनिक के रिपोर्टर से एक ट्रैवल एजेंट ने कहा, 'शराबंदी क्या है? दारू सब जगह, यहां तक कि स्थानीय पुलिस थानों में उपलब्ध है।' हो सकता है कि उसका यह दावा गलत हो, पर नीतीश सरकार द्वारा लागू शराबबंदी ने ग्राहकों को शराब सप्लाई करने वालों के बीच भीड़ की हिंसा को जन्म दिया है। चूंकि, अदालत के माध्यम से शराब के दूसरे वितरक को चुनौती नहीं दी जा सकती है, इसलिए एकमात्र विकल्प हिंसा के माध्यम से स्थानीय स्तर पर एकाधिकार स्थापित करना है। अमेरिका में शराबबंदी के दौरान अक्सर कुछ लोग भीड़ को भड़का कर हिंसा कराते थे क्योंकि उनको प्रतिबंध से भारी मुनाफा होता था। बिहार में अक्सर कुछ पुलिस व सरकारी अधिकारी एकाधिकार स्थापित करने के प्रयासों में संलिप्त पाए जाते हैं क्योंकि इससे उनको आर्थिक लाभ होता है। इस स्थिति का खामियाजा शराब सप्लायरों के बजाय ग्राहकों को भुगतना पड़ता है। पटना में पुलिस मुख्यालय के नवीनतम रिकार्डों के अनुसार अप्रैल, 2016 तथा इस वर्ष जनवरी के बीच अवैध शराब रखने के संबंध में कुल 2,12,323 गिरफ्तारियां हुईं। इन गिरफ्तारियों में केवल 19,500 सप्लायर थे। गिरफ्तार किए गए अधिकांश लोग ऐसे गरीब थे जो रिश्वत नहीं दे सकते थे, जबकि भ्रष्टाचार से कमाई करने वाले अधिकारियों को दंड देने की ज्यादा घटनायें सामने नहीं आई थीं। शराब के लिए रिश्वत देने की व्यापक भ्रष्ट व्यवस्था से सभी परिचित हैं तथा बहुत से लोगों ने इसकी शिकायत की है। अनेक लोगों को शराबबंदी के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।

शराबबंदी के कारण एक और समस्या सामने आई है। खतरनाक किस्म की नकली शराब व्यापक रूप से उपलब्ध है। इसका कारण शराब रखना जोखिम का काम है, इसलिए अनेक नकली शराब बनाने वाले तत्व इसका लाभ उठाते हैं। थोड़ी मात्रा में ज्यादा नशीली शराब की इच्छा से लोग नकली शराब का प्रयोग करते हैं। नकली शराब के उपभोग से खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाली मौतों की संख्या बढ़ी है, क्योंकि वहां अमीरों व शक्तिशाली लोगों द्वारा प्रयोग की जाने वाली शराब खरीदने की क्षमता नहीं है। अमेरिका के उदाहरण पर गौर करें। यदि बिहार की तुलना शराबबंदी के युग वाले डेनवर से की जाए तो अनेक समानतायें मिल सकती हैं। पुलिस द्वारा डाले गए छापों में बारों में पुलिस अधिकारी व वरिष्ठ राजनेता मदिरापान करते मिल सकते हैं, पर बाहर मरते गरीब दिख सकते हैं।

इस गलत योजना पर लगने वाले संसाधनों से अन्य पहलकदमियां संभव नहीं हो पा रही हैं। यदि शराब बिक्री को नियंत्रित कर इस पर टैक्स लगाया जाए तो राज्य सरकार को राजस्व प्राप्त होगा जिसका प्रयोग शिक्षा व रोजगार बढ़ाने में किया जा सकता है। इसके बजाय वर्तमान समय में राज्य के संसाधनों का समुचित वितरण सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। आर्थिक व श्रमशक्ति के रूप में इसका प्रयोग मुख्यमंत्री की फ्लैगशिप योजना के लिए हो रहा है। पुलिस बल की शक्ति में कमी का अर्थ अन्य अपराधों में वृद्धि भी है। कुछ भ्रष्ट पुलिस अधिकारियों को शराब उपयोगकर्ताओं से आसानी से पैसा मिल सकता है, अत: वे बलात्कार व हत्या जैसे अपराधों पर लगाम लगाने में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं।

कुछ लोगों को उम्मीद हो सकती थी कि भाजपा नीतीश के इस व्यवहार को ठीक करने का प्रयास करती, लेकिन वह उनका समर्थन कर रही है। कठोर शराबबंदी का पालन करने वाले गुजरात की तरह बिहार में भी शराबबंदी को केन्द्र सरकार का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में खराब नियोजन व गलत नीतियों का परिणाम बिहार के आम आदमी को भुगतना पड़ता है। राज्य में शराबबंदी के कारण स्थिति इतनी खराब है कि शायद सरकार के अति उत्साह के कारण वास्तव में कुछ लोग मदिरापान की ओर अग्रसर हुए हैं।

# जब घाटी में बरपा था पाकिस्तानी कहर!

> **आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर हिंसा का तांडव मचाया था।**



**राघवेंद्र सिंह**
(लेखक संस्कृति मंत्रालय में सचिव हैं)

22 अक्टूबर इतिहास का एक काला दिन है और भारत भी घाटी में हिंसा व आतंकवाद भड़काए जाने में पाकिस्तान की भूमिका के विरोध में इसे याद कर रहा है। आपरेशन गुलमर्ग की साजिश रचकर पाकिस्तान ने 22 अक्टूबर 1947 के दिन अपने कबीलाई लड़ाकों को जम्मू-कश्मीर भेजकर कुकृत्य को अंजाम दिया था। मुज़फ्फराबाद, दोमेल और उरी में तांडव मचाकर कबायली लश्करों ने पाकिस्तानी सैन्यकर्मियों के नेतृत्व में 26 अक्टूबर को बारामूला में प्रवेश किया और तबाही मचाई। 10 नवंबर को दि न्यूयॉर्क टाइम्स में राबर्ट ट्रंबुल द्वारा प्रकाशित खबर आक्रांताओं द्वारा शहर में खेले गए मौत तथा विध्वंस के तांडव से संबंधित थी। कबायलियों का सामना बेबस निवासियों की रक्षा के लिए आगे बढ़ रहे भारतीय सैनिकों से होने के पहले शहर को उसकी संपदा व गरिमा से विहीन कर दिया गया था। उन भयावह घटनाओं से बचकर निकले लोगों के अनुमानों के अनुसार चार यूरोपियों एवं एक सेवानिवृत्त ब्रिटिश सैन्य अधिकारी, कर्नल डाइक्स, एवं उनकी गर्भवती पत्नी समेत, उनके लगभग 3,000 निवासी साथी मौत के घाट उतार दिए गए थे। जब आक्रांता 26 अक्टूबर को शहर में पहुंचे, महसूद कबायली की एक पार्टी ने संत जोसफ के फ्रांससिस्कन कान्वेंट परिसर की दीवार लांघकर कान्वेंट अस्पताल व गिरजाघर पर हमला बोल दिया। 24 घंटे बाद जब भारतीय सेना बारामूला पहुंची, तब लगभग 14,000 की जनसंख्या में से केवल 1,000 लोग बाकी बचे थे।

संबद्ध प्रेस छायाकार, मैक्स डेस्पोट, ने 2 नवंबर को बताया कि उसने कश्मीर घाटी के एक हिस्से के ऊपर से उड़ान भरते हुए 20 से अधिक गांवों को आग की लपटों में घिरे देखा था, जो श्रीनगर के 20 मील तक फैले हुए थे। आक्रमणकारियों ने गांवों को आग के हवाले कर दिया, जो घाटी में घम रहे और श्रीनगर की दिशा में बढ़ रहे थे। लंदन के डेली एक्सप्रेस के सिडनी स्मिथ उन दस दिनों के दौरान बारामूला अस्पताल में थे तथा उन्होंने सबसे पहले कान्वेंट पर हुए हमले की खबर दी थी। ''कबायली लश्कर पहाड़ों से नीचे उतरकर शहर के दोनों तरफ से आए थे। वे दोनों ओर से अस्पताल की दीवारों पर चढ़े थे। पहले समूह ने मरीजों पर गोलियां बरसाईं। एक 20 वर्षीय भारतीय नर्स, फिलोमेना, ने एक मुस्लिम मरीज़ को बचाने की कोशिश की जिसने थोड़ी देर पहले ही बच्चे को जन्म दिया था। पहले उसे गोली मार दी गई और उसके बाद उस मां को भी। मां सुपीरियर एल्डेट्रूड वार्ड की ओर भागी, और फिलोमेना के ऊपर गिर गई, मगर उस पर हमला किया गया। जब सहायक मां, टेरेसालीना ने मां एल्डट्रूड की ओर कबायली को राइफल तानते देखा, वो उसके सामने कूद कर आ गई और एक गोली टेरसालीना के हृदय को चीरते हुए निकल गई। उस क्षण, कर्नल डाइक्स, कबायलियों पर चिल्लाते हुए मां सुपीरियर को खबरे से बाहर निकालने अपने कमरे से दौड़कर गए। लेकिन मां सुपीरियर को गोली मार दी गई और कर्नल भी उसके साथ गिर पड़े, जिनके पेट में गोली लगी थी।

उनकी पत्नी अपने पति की मदद करने उनके कमे से दौड़कर गईं, मगर उन्हें भी गोली मार दी गई। जब यह सब चल रहा था, एक आंग्ल भारतीय, जी बोरेटो, नौ ननों के सामने बगीचे में मार डाला गया। फिर ननें गोली चलाने वाले दस्ते के समक्ष कतार में खड़ी हो गईं। हमने अगले दिन से पहले श्रीमती डाइक्स को नहीं देखा। खबर आई कि एक अन्य मिशन के प्रमुख मेजर रोनाल्ड डेविस, एक वेल्शमैन, तथा उसकी दो अंग्रेजी महिला सहायकों को भी मौत के घाट उतार दिया गया था। कहा जाता है कि अन्य सहायक को भी पहाड़ों पर ले जाया गया था।''

बारामूला के अब्दुल रहमान, ने भी, अपने अवलोकनों को दर्ज कराया और कहा कि हमलावरों ने शुरुआत हिन्दुओं को लूटने से की, सिखों के घर जला दिए और उन्हें मार डाला। इस नरसंहार और लूट के परिणामस्वरूप, सिख और हिन्दू, अपने घरों को जलता छोड़कर बारामूला छोड़कर चले गए और उनकी अधिकतर महिलाओं के साथ बलात्कार किए गए और उन्हें अपहृत कर लिया गया। हमलावरों ने शुरुआत में मुसलमानों को नहीं छुआ, शायद वे उनकी सहानुभूति जीतना चाहते थे। चंद दिनों पश्चात जब उन्होंने पाया कि उन्हें घाटी से खदेड़कर बाहर कर दिया जाएगा, तो वे सब पर हमले करने लगे। उन्होंने भरपूर लूट मचाई, व बलात्कार किए। जो भी उनके मार्ग में आया उसे मार डाला। हमलावर वापस जाते समय सोने, चांदी, कीमती कपड़े आदि सब अपने साथ ले गए।

बारामूला के वज़ीर-ए-वज़ारत के अनुसार, कबायली लश्कर चौधरी फैजुल्लाह 30-40 लोगों के समूहों के साथ प्रविष्ट हुआ। उनमें से 5,000 बारामूला में केंद्रित थे। वे अधिकतर कबीलाई थे जिनमें कुछ पंजाबी मुसलमान थे। वे सभी हथियारों से लैंस थे और पाकिस्तानी सेना एवं फ्रंटियर कांस्टैबलरी अधिकारियों के नेतृत्व में चल रहे थे। स्थानीय मुस्लिम कांफ्रेंस के लोगों ने हमलावरों के साथ मिलकर उनका मार्गदर्शन किया। जिस दिन से हमलावर कस्बे में दाखिल हुए, उन्होंने गैर मुसलमानों को मारना प्रारम्भ कर दिया और सभी मजबहों के लोगों के घरों को लूटा व जला डाला व महिलाओं के साथ बलात्कार किए। वे 10-12 लोगों के समूहों में घरों में घुसते, उन्हें लूटते और कीमती वस्तुएं, कपड़े व खाद्य सामग्री आदि साथ ले जाते। इस लूट के सामान को ले जाने के लिए लगभग 280 लारियों का इस्तेमाल किया गया था। 7 नवंबर को भारतीय सेना द्वारा उस पर पुन: कब्जा किए जाने के बाद पाकिस्तानी आक्रांता छोड़कर वापस चले गए। 11 नवंबर को दि टाइम्स आफ लंदन ने खबर छापी थी कि बारामूला के निवासी भारतीय सैनिकों को देखर प्रसन्न नजर आ रहे थे। प्रेस ने इस तथ्य की गवाही दी कि कान्वेंट और अस्पताल भारतीय हवरई हमलों में नष्ट नहीं हुए थे जैसा कि पाकिस्तानी वायरलेस पर बयानों में बताया गया था।

## आप की बात

### स्वागतयोग्य कदम

**पुलिस** स्मृति दिवस के अवसर पर गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस और अर्धसैनिक बलों की संख्या में इजाफा करने, उन्हें नई तकनीकों से लैस करने एवं पुलिस विभाग के लिए अन्य कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने की मंशा जाहिर करी है। सरकार का यह कदम स्वागत योग्य है। पुलिस व सुरक्षा बलों पर नागरिकों की सुरक्षा का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उनकी ड्यूटी भी आम नौकरियों से सख्त, समय की पाबंद और जटिल होती है। विपरीत परिस्थितियों में भी उन्हें अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होता है। हमारी सुखद नींद के पीछे उनका त्याग छुपा होता है। अत: उनकी सेवा शर्तें भी आकर्षक होना चाहिए। प्रोत्साहन स्वरूप उन्हें विशेष पैकेज दिया जाना चाहिए। पुलिस का आधुनिकीकरण करने की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। अपराधियों के द्वारा अपराध करने के नवीन तरीकों एवं साइबर क्राइम के बढ़ते ग्राफ से निपटने के लिए पुलिस को नवीन प्रणालियों से सुसज्जित करना आवश्यक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सभी राज्य सरकारों को भी जनसंख्या के मान से पुलिस भर्ती हेतु निर्देश प्रसारित करना चाहिए। जनता के सहयोग, विश्वास और सतर्क व्यवहार से हमारी पुलिस बेहतर परिणाम दे सकती है।

– **ललित महालकरी**, इंदौर

### खाकी वालों की कद्र नहीं

**खाकी** के सपूत बिन सोचे अपने बारे में दूसरों के लिए जीवन अपना कुर्बान कर देते हैं, यकीनन नहीं मिलता वह गौरव पुलिस को फिर भी वह सर्वोच्च बलिदान देते हैं। सुबह हो या शाम ड्यूटी पर तैनात रहते हैं, आंदोलन, धरना, प्रदर्शन को संभालते हैं बेशक़ लोगों की जिंदगी में फरिश्तों से कम नहीं होते खाकी रंग के फ़रिश्ते वाले वह शख्स। पुलिस एक आम आदमी को सुरक्षा का भरोसा देती है जिससे अपराधियों के मन में खौफ पैदा होता है, लेकिन फिर भी हमारे देश में कानून की रक्षा करने वाले इन पुलिसकर्मियों को उनके हिस्से का आदर नहीं मिल पाता है। पूरे देश में हालही में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया था, व यह दिन वर्ष 1959 में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए भारतीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की याद में मनाया जाता है। 21 अक्टूबर से भारत और चीन के बीच वर्ष 1962 में युद्ध शुरू हुआ था लेकिन एलऐसी पर चीन की तरफ से हमले की शुरुआत उससे पहले ही हो गई थी। 15 अगस्त 1947 से लेकर अब तक 35 हजार से अधिक पुलिसकर्मियों ने अपना बलिदान दिया है। देशभर के पुलिस के जवानों ने कोविड-19 के इस संकटकाल में लोगों की रक्षा के लिए बहुत काम किया है।

– **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

### सुधार की आवश्यता

**गरीबी** और भूख मानवता के सबसे बड़े अभिशाप हैं। हाल ही में इस पर अलग-अलग वैश्विक सर्वेक्षण सामने आए हैं। जिसमें भारत की स्थिति अत्यंत बदतर होने की दिशा में ही आगे बढ़ती हुई दिख रही है। वैश्विक भूख सूचकांक में भारत को सूडान जैसे अत्यंत पिछड़े हुए देशों के साथ रैंकिंग साझा करनी पड़ी है। यह हमारे गरीबी उन्मूलन और पोषण कार्यक्रमों की असफलता को प्रमाणित करता है। लिहाजा सरकार को तत्काल इनसे संबंधित सभी कार्यक्रमों में सुधार सम्बन्धी प्रस्तावों पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए। सार्वजनिक वितरण प्रणाली भ्रष्टाचार और अनियमितता की सबसे बड़ी योजनाओं में से है। अत: इसमें गुणात्मक सुधार करते हुए इसे पोषण से जोड़ा जाना चाहिए और पात्रता मानदंडों को पुन: परिभाषित करते हुए अपात्रों को बाहर करने और पात्रों को जोड़ने के लिए अभियान की जरूरत है। गैस सब्सिडी छोड़ने के अभियान की सफलता के बाद अब पीडीएस का लाभ ले रहे सक्षम लोगों से इसका लाभ न लेने का अभियान भी चलाया जा सकता है।

– **वीरेंद्र बहादुर पांडे**, गोंडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** आचार संहिता पर जल्द नतीजा निकलने की अपनी उम्मीद दोहराता हूं। मैं अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक शांतिपूर्ण विवाद समाधान के लिए आह्वान करता हूं।

– **ऐंटोनियो गुटरेस**
संयुक्त राष्ट्र महासचिव



**जब** तक सरकार परिवारों के हाथों में धन और गरीबों की थाली में भोजन नहीं पहुंचाएगी तब तक अर्थव्यवस्था का पुनरुत्थान नहीं होगा।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता



**असाधारण** कोरोना संकट के दौरान किसानों के कठिन परिश्रम की बदौलत हम अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बुरे प्रभाव को कम करने में सफल हुए हैं।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

# सीएम ने चौक थाने के महिला हेल्पडेस्क का ऑनलाइन किया उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मिशन शक्ति** अभियान के तहत जिले के सभी थानों में महिला हेल्पडेस्क की स्थापना की गई है। हेल्पडेस्क का ऑनलाइन लोकार्पण शुक्रवार को सुबह पूर्वाह्न साढ़े दस बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा से सम्बंधित सभी मामले महिला हेल्प डेस्क पर रिपोर्ट देखे जायेगें। मिशन शक्ति अभियान के तहत जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क लाइन की स्थापना की गई। इसके तहत पुलिस की ओर से 112, 1096 और 181 जैसे हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया गया। इस अवसर पर प्रदेश के धर्मार्थ राज्यमंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी, अपर पुलिस महानिदेशक बृजलाल, पुलिस महानिरीक्षक श्री मीणा, डीएम कौशल राज शर्मा, एसएसपी अमित पाठक, पुलिस उपाधीक्षक दशाश्वमेध अवधेश कुमार पाण्डेय, थाना प्रभारी आशुतोष कुमार तिवारी सहित कई महिला पुलिस कांस्टेबल उपस्थित रहीं।

## रोजगार देने ने का वादा पूरा कर रही योगी सरकार: डॉ. नीलकंठ तिवारी



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति धर्मार्थ कार्य एवं प्रोटोकॉल राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. नीलकंठ तिवारी ने शुक्रवार को कमिश्नरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले की राजकीय इंटर कॉलेज में हाई स्कूल के सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका के पद पर नवनियुक्त 9 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। मंत्री डॉक्टर नीलकंठ तिवारी ने नियुक्ति पत्र उपलब्ध कराते हुए नवनियुक्त सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओं से अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से किए जाने का वायदा दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में योगी सरकार द्वारा अधिक से अधिक लोगों को रोजगार दिए जाने का अपना वायदा पूरा किया जा रहा है। राजकीय इंटर कॉलेजों में रिक्त पड़े 10 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां प्रारंभ कर दी गई है। पहले चरण में 3317 सहायक अध्यापक एवं अध्यापिकाओ की नियुक्ति हुई है। सभी को ऑनलाइन नियुक्ति पत्र मिलने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है।

## साधकों ने रेड जोन में कालरात्रि देवी का किया दर्शन-पूजन





**वाराणसी।** शारदीय नवरात्र के सातवें दिन साधकों ने भगवती दुर्गा के कालरात्रि स्वरूप् का पूजन-अर्चन किया। जीवन की समृद्धि की कामना से बड़ी संख्या में भक्तों ने विश्वनाथ गली के पीछे कालिका गली में स्थित माँ कालरात्रि देवी के आगे शीश झुकाया। पक्के महाल की गलियों में शुक्रवार की भोर से ही हलचल शुरू हो गई। माता के दर्शन के लिए जयकारे लगाते भक्तों के आने का क्रम मंगला आरती के पहले से शुरू हो गया। मंगला आरती के बाद भोर में चार बजे भक्तों के लिए मंदिर के पट खोले गये।भीड़ अधिक बढ़ने पर गलियों के लोग कोविड-19 का प्रोटोकाल नहीं कर सके लेकिन मंदिर के महंत परिवार ने सभी नियमों का पालन कराया। मास्क लगाने वाले ही सैनिटाइज होकर गर्भगृह तक जा सके। मुख्य द्वार से प्रवेश देकर भक्तों की निकासी आगे के दरवाजे से कराई गई। कालरात्रि अर्थात काल को जीतने वाली। जन्म, पालन और काल। सृष्टि संयोजन और संचालन इन्हीं काली जी की कृपा का फल है। एक बार शिवजी ने देवी को काली कह दिया। इस कारण उनका नाम काली पड़ गया। रात्रि में यज्ञ करने से साधक के मनोरथ पूर्ण होते हैं।

# कमिश्नर की अध्यक्षता में मंडलीय उद्योग बंधु बैठक संपन्न



**वाराणसी।** कमिश्नर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न हुई। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम स्थापना एवं संचालन सरलीकरण अधिनियम 2020 लागू हो गई है। जिसके तहत एमएसएमई यूनिट स्थापित करने पर उद्यमी को 72 घंटे में समस्त वंचित लाइसेंस प्रोविजनी उपलब्ध करा दिए जाएंगे। उद्यमी अपना उद्यम चालू कर सकेगा तथा लाइसेंस में दिए गए आपत्तियों को उद्यमी 900 दिन में निस्तारण कर सकेंगे। प्रदेश में उद्यम निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त एमएसएमई को सप्लाईए विद्युत आदि व्यवस्थाओं में उद्यमी के साथ होने वाले विवादों के प्रकरण का निस्तारण को दीसेंट्रलाइज कर मंडल स्तर पर दोनों पक्षों को बुलाकर निस्तारण की शासन द्वारा व्यवस्था कर दी गई है। इससे उद्यमियों व उन्हें सप्लायर के वादों को तत्परता से निस्तारण हो सकेगा। रामनगर औद्योगिक फेज.2 के प्लॉट नंबर डी.56 गत 8 वर्षों से आवंटित था। जिसे गत बैठक में कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने गंभीरता से लिया था। इस प्लाट का यूपी सीडा द्वारा कब्जा दिला दिए जाने पर उद्यमियों ने कमिश्नर को धन्यवाद ज्ञापित किया। विद्युत बिलों की समस्याओं के लिए अधीक्षण अभियंता स्तर के अधिकारी नोडल अधिकारी होंगे।

# जिलाधिकारी ने अपराधियों पर कसी नकेल

- डीएम ने रिकॉर्ड 38 अपराधियों को किया जिलाबदर

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**उत्त प्रदेश** से अपराध के सफाया एवं उस पर पूरी तरह नियंत्रण करने के लिए अपराधियों पर व्यापक पैमाने पर नकेल कसी जा रही है। वाराणसी जिले के जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु व्यापक पैमाने पर अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की है। विगत 3 महीने में रिकॉर्ड 38 गुंडों का जिला बदर का आदेश देते हुए उन्हें जिले से खदेड़ा गया है। अगस्त महीने में 09ए सितंबर में 11 तथा अक्टूबर महीने में अब तक 18 अपराधियों का जिला बदर का आदेश जिलाधिकारी ने दिया है। जिला बदर किए गए अपराधियों में क्रमशः चौक थाना क्षेत्र के राजकुमारए कैंट थाना क्षेत्र के राजू यादव उर्फ मिथुनए शिवपुर थाना क्षेत्र के राजकुमार वर्मा उर्फ राजकुमारए रोहनिया थाना क्षेत्र के जितेंद्र पटेलए पप्पू वर्माए सूरज कुमार राजभरए फूलपुर थाना क्षेत्र के गुड्डू यादवए बड़ागांव थाना क्षेत्र के अरविंद गौतम एवं मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के मनोज उर्फबबलू को अगस्त महीने मेंए आदमपुर थाना क्षेत्र के सौरभ मिश्रा उर्फ सिंटूए लंका थाना क्षेत्र के राकेश सोनकरए विवेक सिंह उर्फ टीपूए मुकेश सोनकरए फूलपुर थाना क्षेत्र के विनोद पालए अनिल सिंहए जैतपुरा थाना क्षेत्र के रमाशंकर गुप्ताए गुड्डू चौहानए उर्फ राजूए दशाश्वमेध थाना क्षेत्र के समीरी अहमद एवं बिल्ला को सितंबर महीने में तथा अक्टूबर महीने में अब तक भेलूपुर थाना क्षेत्र के चंदन सोनकरए संतोष पटेलए चौक थाना क्षेत्र के मिर्जा जियाउद्दीन उर्फ बड़े मियांए शिवपुर थाना क्षेत्र के अजय यादवए राजन गुप्ताए कोतवाली थाना क्षेत्र के हिमांशु केसरीए राजेश गुप्ता उर्फ कल्लूए सुमित सिंह पटेलए अजय चौरसियाए कैन्ट थाना क्षेत्र के अभिषेक उर्फ हनीए संतोष जैसलए दीपक सिंहए आसिफअली उर्फसनीए अहमद अली उर्फ शेखए बाबर अली उर्फ हनीए रामनगर थाना क्षेत्र के प्रिंस पटेल और अमर पटेलए मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के बाबर खान तथा मंडुवाडीह थाना क्षेत्र के रामनारायण को जिलाबदर किया गया है।

## पुलिस हेल्पडेस्क ऑन लाइन के बारे में महिलाओं को जागरूक किया

**वाराणसी।** थाना मिर्जामुराद द्वारा आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में मौजूद एस आई बृजेश सिंह ने बताया कि बेटियां आजकल पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं । समाज में फैली बुराइयों को देखते हुए चुप बैठने की बजाय उनके खिलाफआवाज उठाना बहुत ही जरूरी है । अगर किसी को कहीं भी महिला या बेटी के साथ बदसलूकी होते हुए दिखाई दे तो निडर होकर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 118ए 112ए 1090 तथा 1098 पर शिकायत दर्ज कराएं। शिकायतकर्ता का नाम पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। महिलाओं से ही देश का सम्मान हो रहा है। आशा सामाजिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्यामसुन्दर मास्टर ने बताया कि एक महिला ही इस समाज का वह अंग है जिसके बिना समाज का होना असम्भव है। इस दौरान किशोरी संगठन की संयोजिका सोनी ने कहा कि अपराध रोकने के लिए अपराध का विरोध करना जरूरी है और सही समय से उसकी जानकारी पुलिस दें।

# एसडीएम व सीओ ने पकड़ा खनन, तीन ट्रैक्टर व एक जेसीबी सीज

**संवाददाता।** मौरावां,उन्नाव

- मौरावां थाना क्षेत्र के गुलरिहा गांव में गुरूवार की रात चल रहा था खनन
- पुलिस ने जेसीबी व तीन ट्रैक्टरों तो पकड़ा, दो ट्रैक्टर अधेंरे में निकले भाग

**एसडीएम व** सीओ के नेतृत्व में गुरूवार की पुलिस ने गुलरिहा गांव मे अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर छापेमारी कर मौके से तीन ट्रैक्टर व एक जेसीबी को पकड़ा है। गुलरिहा गांव में गुरूवार की रात अवैध खनन करके ईट-भट्ठे पर मिट्टी डंप की जा रही थी।

गांव मे पुलिस चौकी होने के बावजूद ग्रामीणो द्वारा यह शिकायत एसडीएम पुरवा राजेश प्रसाद चौरसिया से की गई। मिट्टी खनन की शिकायत पर एसडीएम ने सीओ रमेशचन्द्र प्रलयंकर व इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह के साथ मौके पर छापेमारी की गई। इस दौरान एक जेसीबी से खनन व पांच ट्रैक्टरों से मिट्टी परिवहन की जा रही थी। पुलिस ने जेसीबी व तीन ट्रैक्टरों को तो पकड लिया। दो ट्रैक्टर अधेंरे मे भाग निकले। पकडे गए ट्रैक्टर व जेसीबी को थाने लाकर सीज किया गया है। जेसीबी व ट्रैक्टर विवेक सिंह पुत्र रामलखन निवासी पाहो थाना खीरो जिला रायबरेली के है। शुक्रवार को खनन स्थल की जांच की गई तो खेत गाटा संख्या 4725 रकवा 0.136 अकबाल बहादुर सिंह, स्वामी सिंह, सुघर, रमेश, राजेश पुत्रगण सर्वजीत सिंह निवासी गुलरिहा के निकले। दूसरी गाटा संख्या 6416 रकवा 0.101 हजरत अली पुत्र नबी निवासी गुलरिहा के नाम दर्ज है। जांच मे 2928 घन मीटर मिट्टी भट्ठा मालिक द्वारा अवैध खनन करने की पुष्टि हुई है। ग्रामीणो मे चर्चा रही कि चौकी पुलिस की मिलीभगत से अवैध खनन किया जा रहा था। तभी तो पास मे होने के बावजूद चौकी पुलिस ने मौके पर जाना मुनासिब नही समझा। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य स्थानो पर भी रात के अधेंरे में खनन होने की चर्चा पूरे दिन होती रही।

## औपचारिकता में सिमट कर रह गई रामलीला

**मौरावां,उन्नाव।** कस्बा मौरावां में लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व से होने वाली रामलीला इस वर्ष कोरोना काल में औपचारिकता में सिमट कर रह गई। वही नवरात्र में कस्बे की रौनक फीकी पड़ गई। कस्बा मौरावां ने नवरात्र से दशहरा तक चलने वाली रामलीला इस वर्ष वैश्विक महामारी कोरोना के कारण इस वर्ष औपचारिकता मात्र में सिमट कर रह गयी है। प्रत्येक वर्ष रामलीला के साथ यहां मेला व पशु मेला का आयोजन होता रहा है। वही मेले के कारण पूरे कस्बे में अलग ही रौनक देखने को मिलती थी। अनेको झूलो के साथ साथ तमाम मिठाइयों की दुकान, व जादूगर,सरकस सहित बच्चों को आकर्षित करने वाले खेल इस मेले की शोभा बढ़ाते थे। वहीं व्यापरियों की दुकानदारी कई गुना ज्यादा होती थी। मगर इस बार वैश्विक महामारी कोरोना के कारण न तो मेला लगा न ही रामलीला का मंचन होता है। केवल आरती कर प्रसाद का वितरण किया जाता है।

# स्वीप कार्यक्रम में एसडीएम ने दिखाई हरी झंडी



**फ्तेहपुरचौरासी,उन्नाव।** बांगरमऊ विधानसभा उपनिर्वाचन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम राजकीय बालिका इण्टर कालेज तहसील रोड से एसडीएम दिनेश कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार के नेतृत्व में प्रारम्भ किया गया।

रैली के माध्यम से बांगरमऊ नगर क्षेत्र, कांशीराम गली से होते हुए मण्डी समिति रोड तक क्षेत्रीय निवासियों को 03 नवम्बर को होने वाले विधानसभा उपनिर्वाचन में अधिक से अधिक मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया गया। रैली में राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्राचार्या सरिता गौतम, सहायक अध्यापिका प्रियंका साहू, परिषदीय शिक्षकों में सन्दीप कुमार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री के खिलाफ ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणी करने वाले को हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इंकार



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में और धार्मिक सद्भाव को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां करने के आरोपी आगरा के अशद खान को राहत देने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में हस्तक्षेप करने से मना करते हुए याचिका खारिज कर दी है। अशद खान ने प्राथमिकी को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। याचिका पर न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ ने सुनवाई की। याची के खिलाफआगरा के सचेंद्र शर्मा ने जगदीशपुरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि उसने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री को लेकर आपत्ति जनक टिप्पणियों को न सिर्फलाइक और शेयर किया बल्कि कमेंट भी किए। इन टिप्पणियों में दो समुदायों के बीच शत्रुता बढ़ाने साम्प्रदायिक सौहार्द्र को बिगाड़ने राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले कथन किए गए हैं। इसके लिए उसके खिलाफआईपीसी की धारा 153 ए और बी तथा 505 1 बी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। याची का कहना था कि वह छात्र है और उसे झूठे आरोपों में फंसाया गया है। उसने कोई अपराध नहीं किया है। सिर्फ फेसबुक पर कुछ टिप्पणियों को लाइक किया है। याचिका का विरोध कर रहे शिकायतकर्ता के वकील बाल कृष्ण पांडेय और अपर शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि याची ने न सिर्फ पोस्ट लाइक किए हैं। बल्कि आपत्ति जनक कमेंट और शेयर भी किए हैं। कोर्ट में सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों के रिकार्ड भी पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने कहा कि इस मामले में प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध किया जाना दिखाई दे रहा है। याचिका पर हस्तक्षेप करने और राहत देने का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है।

# सजगता के साथ मनाया जाएगा दशहरा और दीवाली का पर्व

- त्योहारों को लेकर शुरू हो चुकी हैं तैयारियां

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**मौजूद समय** में देश में चल रही कोरोना महामारी के कारण आगामी त्योहारों में सजगता बढ़ी है। दशहरा से लेकर दीवाली तक सभी पर्व बहुत ही संजीदा होकर मनाए जाएंगे। इसी क्रम में अपनी कामयाबी की कहानी को आगे बढ़ाते हुए आईटेल ने एक नया मुकाम हासिल किया है। अपनी आमद के महज् चार वर्षों में इसने देश में छह करोड़ से अधिक लोगों का बड़ा परिवार बना लिया है। मजबूत वितरण तंत्र तथा स्थानीय बाजार के मुताबिक सम्प्रेषण के बल पर आगे बढ़ता जा रहा है। त्योहारों के मौसम में पोर्टफोलियो का और अधिक आनंद ले सकेंगे। ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा प्रारंभ से लेकर कंपनी ने जबरदस्त वृद्धि की है।

**सांस्कृतिक परम्पराओं से होंगे प्रेरित:** सांस्कृतिक परम्पराओं से प्रेरित होने की जरूरत है। इस कलेक्शन में विशिष्ट मोटिफ्सइ आकार और डिजाइनों का असली मेल और ओडिशा की कला परम्परा तथा संस्कृति का साकार रूप भी शामिल है। रिलायंस ज्वेल्स ने इस बार त्योहारों का स्वागत करने के लिए उत्कला नाम से आभूषणों की उत्कृष्ट रेंज पेश की है। यह कलेक्शन ओडिशा की बेहद सुन्दर कलेक्शन में खूबसूरत डिजाइन हैं। सुंदरता से बनाए गए तरह तरह के आभूषणों में से अपनी पसंद का गहना चुन सकते हैं। इसके लिए सहजता से की गई कारीगरी सुविख्यात कोणार्क सूर्य मंदिर की कला मुक्तेश्वर मंदिर की कला पुरी जगन्नाथ मंदिर की कला सीन्थी नृत्य कला बोइता बंधन समुद्री धरोहर और मनमोहक पट्टचित्र कला से प्रेरित है। लोगों को सोलह नवंबर तक सोने के जेवरों और सोने के सिक्कों में तीस प्रतिशत तक की छूट का विशेष ऑफर है। प्रवक्ता ने कहा कि दिवाली धनतेरस में मनाये जाने वाले त्योहारों में गिनी जाती है।

**ऊर्जा और उत्साह के साथ मनेगा पर्व:** ऊर्जा और उत्साह के साथ आगामी पर्व मनाए जाएंगे। लोगों को तमाम बंदिशों के साथ सभी पर्व मनाने हैं। सभी महत्वपूर्ण ग्राहकों कोबेस्ट इन क्लास एक्सपीरियंस प्रदान करने का प्रयास हमेशा जारी रहेगा। इस अवसर पर किको मिलानो लखनऊ में आने के लिए तैयार है। फीनिक्स पलासियो मॉल में पहला स्टैंड अलोन स्टोर खोला है। नया आउटलेट अनएक्सपेक्टेड पैराडाइज लॉस्ट इन अमाल्फी कलेक्शन और अन्य सबसे अधिक लोकप्रिय कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट्स लाइन के साथ ब्रांड के नवीनतम कलेक्शन उपलब्ध कराएगा। व्यापक विविधता के अलावा प्रॉडक्ट्स और मेकअप कंसल्टेशन जैसी पेशेवर सेवाएं भी प्रदान करेगा। निदेशक अभिषेक भट्टाचार्य ने कहा कि आज हम शहर में नए स्टैंड अलोन स्टोर के शुभारंभ के साथ उत्साहित महसूस कर रहे हैं। गर्व का क्षण है कि हम पहले से ही पूरे देश में ब्यूटी सेक्टर को चला रहे हैं। इस सोच को साकार करने के लिए अथक जुनून और समर्पण के साथ काम किया। यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि जो विभिन्न स्किन टोन उम्र और भावनाओं की जरूरतों को पूरा करता है। निरंतर उत्साह सीमित एडिशन कलेक्शन और इसके लिए देश में व्यापक और तेज विकास में योगदान करते हैं।

## दहेज हत्या के आरोपी ससुर को मिली जमानत

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि जमानत एक नियम है और जेल अपवाद। यह दैहिक स्वतंत्रता का विषय है। जमानत आदेश यांत्रिक नही होना चाहिए। जमानत देने या न देने का कारण दिया जाए और यह भी देखा जाय कि अपराधी न्याय में बाधक न बनने पाये। यह न्यायाधीश के न्यायिक विवेक पर निर्भर है कि जमानत दे या नही। कोर्ट ने कहा कि जमानत देते समय आरोपी के अपराध दुहराने साक्ष्य से छेड़छाड़ गवाहों को धमकी की संभावनाओं पर विचार करना चाहिए। गवाहों की विश्वसनीयता मामले का गुणदोष आदि केस के विचारण के समय देखे जायेगे। इसलिए जमानत देते या अस्वीकार करते समय इन पर विचार नही करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि जमानत अर्जी पर विचार करते समय मनमानी नही बल्कि सहानुभूति पूर्वक विवेक का प्रयोग करना चाहिए। जमानत की शर्ते इतनी कडी न हो कि पालन असंभव हो जाए। इसी के साथ कोर्ट ने रामपुर के दहेज उत्पीड़न व हत्या के आरोपी जगपाल की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है और 29 जनवरी 20 से जेल मे बंद याची की रिहाई का निर्देश दिया है। जस्टिस एस एस शमशेरी ने कहा है कि मृतका की शादी 2013 में याची के बेटे हरवीर सिंह से हुई थी। मृतका शिखा की 18 जनवरी 20 को मौत हो गयी। थाने में एफआई आर दर्ज करायी गयी है।

# क्विक न्यूज़

## फर्जीवाड़े के मामले में कारोबारी की हुई गिरफ्तारी

**प्रयागराज।** पुलिस ने फर्जीवाड़े के मामले में कारोबारी की गिरफ्तारी की है। पुलिस के मुताबिक नकली मानिकचंद ट्रेडमार्क मामले में गिरफ्तारी की गई है। जेएमजे ग्रुप के मालिक सचिन जोशी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने नकली मानिकचंद ब्रांड के गुटखे बरामद किये हैं। नकली ट्रेडमार्क का उपयोग कर गैर कानूनी मसाला का हो रहा था। सूत्रों ने बताया कि एनआरआई कारोबारी को मार्च में हैदराबाद में गुटखा जब्ती के मामले में हिरासत में लिया गया। हैदराबाद पुलिस के अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मार्च बीस में हैदराबाद में गुटखे का बड़ा भंडार बरामद किया था। बहादुरपुरा पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 336 जानलेवा और 273 जहरीले खाद्य या पेय की बिक्री के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जोशी के खिलाफलुकआउट सर्कुलर जारी करने की जानकारी दी। शिकायतकर्ता ने कहा कि उसे जानकारी मिली है कि साइबराबाद कमिश्नरी तेलंगाना के शमशाबाद में सर्वे में हानिकारक पान मसाला का उत्पादन किया जा रहा है। तेरह अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता की धारा 103 104 टीआरएम और धारा 420 के तहत जेएम जोशी और सचिन जोशी को आरोपी बनाया गया था।

## डीआईओएस जौनपुर प्रवीण मणि त्रिपाठी को जमानती वारंट जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अवमानना नोटिस मिलने के बावजूद हाजिर न होने और न ही हलफ़नामा दाखिल करने पर जिला विद्यालय निरीक्षक जौनपुर प्रवीण मणि त्रिपाठी के खिलाफसीजेएम के मार्फत जमानती वारंट जारी किया है और 24 नवम्बर को हाजिर होने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने हृदय नारायण सिंह की अवमानना याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता बी के सिंह ने बहस की। याची पोखरा इंटर कालेज डोभी जौनपुर में प्रधानाचार्य पद से सेवा निवृत्त हुआ। उसके बकाये के भुगतान का हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है। जिसका पालन न करने पर यह अवमानना याचिका दाखिल की गयी है।

## भारी मात्रा में शराब बरामद, युवक गिरफ्तार

**मौरावां,उन्नाव।** थाना क्षेत्र के मवई के मजरे विश्वनाथखेडा में एक घर से देशी व अग्रेंजी शराब बिक्री की सूचना ग्रामीणो ने गुरूवार रात सीओ रमेशचंद्र प्रलयंकर से कर दी। सीओ ने तुरंत आबकारी टीम व थाना पुलिस के साथ छापेमारी की। जहां देवीचरन पुत्र स्व. सालिकराम को घर से शराब बिक्री करते दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त वर्षो से अवैध रूप से शराब की बिक्री करता था। उसके घर से 11 पेटी मे 495 पौआ देशी, 29 बियर केन व 170 अग्रेजी शराब की बोतलें बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे मे लेकर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्व मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चार वांछित गिरफ्तार

**उन्नाव।** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मुस्तफाबाद गांव की रहने वाली पूजा पत्नी राजू धानुक ने गांव के रहने वाले उस्मान पुत्र चंदू, युसुफपुत्र सावन व खलील पुत्र जमील अहमद के विरूद्व एससी एसटी एक्ट का केस दर्ज कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने तीनो आरोपितो को गिरफ्तार कर कोर्ट मे पेश किया है। उधर, अचलगंज में तैनात एसआई वीरबहादुर वांछित अंकित कुमार पुत्र कल्लू निवासी ग्राम मानपुर को गिरफ्तार किया है।

## बाइक बेकाबू होकर पलटी, युवक की मौत

**फतेहपुरचौरासी, उन्नाव।** थाना क्षेत्र के हुसैनपुर माफी गांव निवासी शिवप्रसाद (35) वर्ष पुत्र गंगाराम गुरूवार की बाइक से घर आ रहे थे। तभी गांव के बाहर हुसैनपुर मार्ग पर रात करीब बारह बजे बाइक अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे एक खेत के पास खंती में गिर गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। मृतक अपने पीछे पत्नी कांती, बेटा शिवा व बेटी मन्नत को छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## औंधे मुंह पानी भरे बाल्टी में गिरी मासूम, मौत

**बीघापुर,उन्नाव।** बारासगवर थाना क्षेत्र के रौतापुर के मंजरा लालमनखेड़ा निवासी जीतू पासवान की 11 माह की मासूम बच्ची रिया शुक्रवार को बाल्टी में भरे पानी से खेल रही थी। तभी अचानक संतुलन बिगड़ जाने से रिया औंधे मुंह बाल्टी के अंदर जा गिरी। जब काफी देर बाद मां गुड़िया देवी ने बाहर आकर देखा तो रिया बाल्टी में औंधे मुंह पड़ी थी। तत्काल परिजन उसे इलाज के लिए बीघापुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले कर भागे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिया अपने मां बाप की इकलौती बेटी थी। पिता जीतू पासवान ने बताया कि दो दिन बाद रविवार को रिया का मुंडन संस्कार होना था।

## विभिन्न शाखाओं का एसपी ने किया निरीक्षण



**उन्नाव।** एसपी ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन में बने विभिन्न कार्योलयों को निरीक्षण किया। एसपी के निरीक्षण की जानकारी मिलने पर हडकंप मच गया। उन्होनें निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। एसपी आनन्द कुलकर्णी ने पुलिस लाइन स्थित क्राइम ब्रांच, साइबर सेल, चुनाव कार्यालय, डीसीआरबी का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शाखा में मौजूद पुलिसकर्मियों से रूबरू होकर कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी की। पुलिसकर्मियों को अच्छी प्रकार कार्य करने के लिए कहा। उन्होनें निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली।

## ट्रक धू-धू कर जला, मचा हड़कंप



**फतेहपुरचौरासी, उन्नाव।** थानाक्षेत्र के सैंता गांव निवासी पूर्व प्रधान पप्पू खां पुत्र इस्माईल के यहां गिट्टी लेकर आये ट्रक की गिट्टी उतारने के बाद वापस जाते समय ट्रक मोड़ते समय ट्रान्सफार्मर कम ऊंचाई पर रखा होने के चलते लाइन के वायर से ट्रक के टच हो जाने से ट्रक में भीषण आग लग गई। जिससे ट्रक धू-धू कर जलने लगा। ट्रक को जलता देख ड्राईवर मोहम्मद इरशाद पुत्र मोहम्मद हाजी मुस्ताक बारह अकबर कानपुर देहात व खलासी ने कूद कर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। जिस पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। वहीं जेई पावर हाउस तकिया नें बताया कि ट्रक पीछे बैक करते समय ट्रक का स्पर्श ट्रान्सफार्मर में होते ही ट्रान्सफार्मर ब्लास्ट होते ही उसने ट्रक को अपने चपेट में ले लिया।

## फूलपुर गैंगरेप पीड़िता के परिवार की सुरक्षा का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसएसपी प्रयागराज को फूलपुर गैंग रेप पीड़िता के परिवार को सुरक्षा व संरक्षण देने तथा अपनी निगरानी में निष्पक्ष विवेचना कराने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि हर आपराधिक घटना खासतौर पर महिलाओं व बच्चों के खिलाफ आपराधिक घटनाओं की तत्काल प्राथमिकी दर्ज करायी जाए। कोर्ट ने कहा है कि पीड़िता की तीन माह तक एफआई आर दर्ज न करने वाले ठीक से विवेचना न करने वाले लापरवाह पुलिस अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति शशिकान्त गुप्ता तथा न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की खंडपीठ ने सामूहिक दुराचार पीड़िता की याचिका पर दिया है। कोर्ट ने तीन माह बाद दुराचार जैसी घटना की एफआईआर दर्ज करने पर एसएसपी प्रयागराज और एसएचओ फूलपुर को तलब किया था। डीआईजी एवं एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी ने हलफनामा दाखिल किया और पीड़िता की मां को बंधक बनाने का आरोप लगाते हुए दाखिल अर्जी पर पीडिता पेश हुई। उसने पुलिस द्वारा बंधक बनाकर रखने की बात को नकार दिया। अनपढ़ मां को चेतावनी देकर कोर्ट ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसएसपी ने बताया कि दरोगा प्रमोद कुमार ने संपत्ति के विवाद की रिपोर्ट दी। रेप पर जांच नही की तो एसएचओ बृजेश कुमार व दारोगा प्रमोद कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन्हें पुलिस लाइन से संबद्ध कर दिया गया है। विभागीय जांच की जा रही है। एएसपी सोरांव जांच करेंगे। एक हफ्ते में रिपोर्ट मांगी गयी है। लापरवाही बरतने का दोषी पाये जाने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। कोर्ट ने याचिका निस्तारित कर दी है।

## 'भाजपा के बिहार में संकल्प पत्र का विरोध, चुनाव आयोग संज्ञान में लें'

**वाराणसी।** शुक्रवार को प्रातः लक्सा स्थित मिसिर बाबा मन्दिर के पास रविकान्त विश्वकर्मा पूर्व पार्षद सपा ने नेतृत्व में आने-जाने वाले सभी राहगीरों और दुकानदारों को माला पहनाकर और टीका लगा कर लोगों की सलामती के लिये नवरात्रि पर माँ से प्रार्थना किया । क्योंकि हमारी हैसियत माँ दुर्गा के टीका का ही है। इस समय बिहार के चुनाव में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में लिखा है कि चुनाव जीतने पर बिहार के लोगों को निरूशुल्क कोरोना वैक्सीन ; टीका द्ध लगाया जाएगा ।ण् जो कि बिल्कुल गलत है ए लोगों को जिन्दगी . मौत का भय दिखाकर चुनाव में वोट माँगना गलत । जिसे चुनाव आयोग को अपने संज्ञान में लेकर आती शीघ्रता से कार्यवाही करनी चाहिए । रवि का कहना है कि इस समय हमारे उ0 प्र0 में चुनाव नहीं है । तो क्या लोग टिका और जीने के लिये चुनाव का इंतज़ार करें । संकल्प पत्र का उक्त निर्णय बहुत ही निन्दनीय है । कार्यक्रम में मुख्यरूप सेएरविकान्त विश्वकर्माए सन्दीप मिश्राए मुकेश सिंहए शानु सिन्हाए मिक्की भाईए शुभम रावत, आदि लोग शामिल रहें।

# कांग्रेस डूबता जहाज

## किसानों का अपने फायदे के लिए कर रही है इस्तेमालः स्मृति

**भाषा।** मोरबी (गुजरात)

**केन्द्रीय मंत्री** स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को विपक्षी दल कांग्रेस को एक डूबता हुआ जहाज करार देते हुए उन पर किसानों और उनके मुद्दों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अप्रत्यक्ष रूप से वार करते हुए उन्होंने कहा कि कोई नहीं बता सकता कि वह कब छुट्टियों पर चलें जाए।

ईरानी मोरबी से भाजपा के उम्मीदवार बृजेश मेरजा के लिए प्रचार करने यहां पहुंची हैं। मोरबी गुजरात के आठ विधानसभा क्षेत्रों में से एक हैं, जहां तीन नवम्बर को उप चुनाव होना है। ईरानी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस को यह फैसला करने की जरूरत है कि उनका नेता कौन है। वह एक शख्स है या एक परिवार? राजनीति में, अगर आप एक परिवार के मोह में अंधे हैं तो गरीबों और मध्यमवर्ग के नागरिकों का दुख नहीं समझ सकते। क्योंकि कांग्रेस एक डूबता जहाज है, इसलिए मुझे आश्चर्य है कि वह मोरबी के लोगों की मदद कैसे कर पाएगी? उन्होंने कहा कि आज जब कोरोना वायरस फैला है, कांग्रेस का एक नेता लोगों के बीच नहीं है। वहीं दूसरी ओर, भाजपा कार्यकर्ता हर पल लोगों के साथ रह रहे हैं।कपड़ा तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री ने गांधी का नाम लिए बिना कहा, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष संसद में भी मौजूद नहीं थे, वह छुट्टियों पर गए थे। वह तब वहां नहीं थे जब लोगों को उनकी जरूरत थी। उन्होंने कहा, कोई नहीं बता सकता,जिन्हें पार्टी की कमान सौंपने की योजना बनाई जा रही है, वह कब छुट्टियों पर चले जाएं। उन्हें पता है उनकी पार्टी डूब रही है, तब भी वह छुट्टियों पर चले जाते हैं। ऐसी पार्टी पर अपना वोट बर्बाद ना करें। भाजपा का समर्थन करें , जिसने हमेशा आपकी सेवा की है। किसानों के मुद्दे पर ईरानी ने दावा किया कि जब इस मुद्दे पर चर्चा की गई तब राहुल गांधी संसद में मौजूद तक नहीं थे। उन्होंने आरोप लगाया, वे स्वार्थी लोग हैं। वे हमेशा किसानों की बात करते हैं, लेकिन पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष और अमेठी के पूर्व सांसद जब इस मुद्दे पर चर्चा हुई तब संसद में मौजूद तक नहीं थे। कांग्रेस ने हमेशा किसानों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस विधायकों के इस साल की शुरुआत में राज्यसभा चुनाव से पहले इस्तीफा देने की वजह से गुजरात में उप चुनाव कराए जा रहे हैं।

## तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाना पड़ा भारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नागपुर ( महाराष्ट्र )।** नागपुर पुलिस ने जन्मदिन मनाने के लिए कथित रूप से तलवार से केक काटने के मामले में 19 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि युवक की तलवार से केक काटते समय की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं, नागपुर पुलिस की अपराध शाखा ने उसे गिरफ्तार किया। पारडी पुलिस थाने के अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा, आरोपी निखिल पटेल ने 21 अक्टूबर को अपना जन्मदिन मनाया था। वह और उसके मित्र उस दिन तड़के, चार बड़े केक लेकर आए। पटेल ने तलवार निकाली और अपने मित्रों की मौजूदगी में चारों केक काटे। तलवार से केक काटने का वीडियो और तस्वीरें व्हाट्सऐप और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर वायरल हो गईं। इसके बाद अपराध शाखा ने पटेल के घर छापा मारा और तलवार बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।



गुवाहाटी में दुर्गा पूजा पण्डाल में महासप्तमी के दिन प्रर्थना करतीं बच्चियां।

## हमने सुशांत मामले में कोई जानकारी लीक नहीं कीः सीबीआई ने हाईकोर्ट को बताया

मुंबई। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत मामले की जांच कर रहे केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को बम्बई उच्च न्यायालय को बताया कि उसने मामले से जुड़ी कोई भी जानकारी मीडिया में लीक नहीं की थी। मामले में मीडिया ट्रायल के बारे में जनहित याचिकाओं (पीआईएल) की सुनवाई करते हुए अदालत ने टिप्पणी की कि मीडिया का ध्रुवीकरण हो गया है और यह उसे नियंत्रित करने का नहीं बल्कि उसके काम में संतुलन कायम करने का सवाल है। सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अनिल सिंह ने कहा कि जून में अभिनेता की आत्महत्या से संबंधित मामलों की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो ने भी कोई सूचना लीक नहीं की थी।उन्होंने कहा कि सभी तीनों केन्द्रीय एजेंसियों ने अदालत में हलफनामे दायर किए थे जिनमें कहा गया था कि उन्होंने जांच-संबंधी किसी भी जानकारी को लीक नहीं किया है।

## कमलनाथ का कटाक्ष, अभिनय में शाहरुख और सलमान को भी मात दे सकते हैं शिवराज

इंदौर, 23 अक्टूबर (भाषा) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तंज कसते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें मुम्बई जाकर बॉलीवुड में किस्मत आजमानी चाहिए क्योंकि "अभिनयै के मामले में वह शाहरुख खान और सलमान खान जैसे फिल्म सितारों को भी मात दे सकते हैं। कमलनाथ ने इंदौर से करीब 30 किलोमीटर दूर पाल कांकरिया गांव में एक चुनावी सभा में कहा, चौहान इतने अच्छे अभिनेता हैं कि शाहरुख खान और सलमान खान को भी नीचा दिखा दें। उन्हें मुम्बई जाकर कम से कम फिल्मों में तो मध्यप्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए।

कांग्रेस के 22 विधायकों की बगावत और दल बदल के कारण सत्ता गंवाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "चौहान कभी चुनावी मंचों पर लेट जाते हैं, तो कभी घुटने टेककर जनता को अपना भगवान बताने लगते हैं, लेकिन उनका भगवान तो माफिया है। उन्हें जनता को मूर्ख नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के राज के दौरान मध्यप्रदेश की पहचान माफिया व खाने-पीने की चीजों में मिलावट वाले राज्य की बन गई और उद्योग-धंधे चौपट हो गए।

कमलनाथ ने कहा, जब मैंने राज्य का मुख्यमंत्री रहने के दौरान शुद्ध के लिए युद्ध (मिलावट के खिलाफ अभियान) और माफिया के खिलाफ कार्वाई शुरू कराई, तो चौहान के पेट में दर्द शुरू हो गया था। उन्होंने मध्यप्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री पर लगातार झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके आगे तो झूठ भी शर्मा जाएगा। कमलनाथ ने कहा, चौहान झूठ बोलते हैं कि मेरी (पूर्ववर्ती) सरकार में किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ था। खुद उनकी सरकार ने कुछ दिन पहले ही विधानसभा में बताया है कि मेरी सरकार में लगभग 27 लाख किसानों का कर्ज माफ हुआ था। इससे चौहान का झूठ पकड़ा गया है। उन्होंने नए कृषि कानूनों पर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को घेरते हुए आरोप लगाया कि इन प्रावधानों के जरिए कृषि उपज मंडियों का निजीकरण किया जा रहा है।

कमलनाथ ने कहा कि मध्यप्रदेश की 28 विधानसभा सीटों पर तीन नवम्बर को होने वाले उप चुनावों के बाद सूबे की सत्ता में कांग्रेस की वापसी हुई, तो कानून बनाकर प्रावधान किया जाएगा कि सरकार के घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दाम पर किसानों की फसल खरीदना अपराध होगा। 73 वर्षीय कांग्रेस नेता ने चौहान द्वारा उन्हें उद्योगपति बताए जाने पर चुनौती दी कि वह देश के किसी भी हिस्से में उनके केवल एक उद्योग का नाम बता कर दिखाएं।

कमलनाथ ने कहा, चौहान यह भी बोलते हैं कि मैंने मध्यप्रदेश के लिए कुछ नहीं किया, लेकिन जब मैं केंद्र सरकार में शहरी विकास और परिवहन जैसे विभागों का मंत्री था, तब खुद उन्होंने इस बात के लिए मुझे धन्यवाद दिया था कि मैंने देश के अन्य राज्यों के मुकाबले मध्यप्रदेश को सबसे ज्यादा बजट आवंटित किया है। उन्होंने चौहान को चुनौती दी कि वह इस बात का खुलासा करें कि वर्ष 2014 के दौरान केंद्र में भाजपा की अगुवाई वाली सरकार बनने के बाद शहरी विकास और परिवहन की केंद्रीय परियोजनाओं के मद में मध्यप्रदेश को कितना बजट आवंटित किया गया है?

## महाराष्ट्र के सीएम ने बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की मदद की घोषणा की

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को किसानों समेत राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की राहत राशि की घोषणा की। ठाकरे ने इस मुद्दे पर यहां सत्तारूढ़ महा विकास आघाड़ी सरकार के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि दिवाली तक यह सहायता मुहैया करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि महाराष्ट्र सरकार को केन्द्र से अब भी कुल 38 हजार करोड़ रुपए मिलने बाकी हैं। उन्होंने कहा, मुझे पैकेज शब्द पसंद नहीं है, हम 10 हजार करोड़ रुपए की सहायता मुहैया कराएंगे...इसका इस्तेमाल विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए यहां मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में हुई इस बैठक में उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी हिस्सा लिया। महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह आई बारिश और बाढ़ के चलते पुणे, औरंगाबाद और कोंकण डिवीजन में कई लोगों की मौत हो गई। इस दौरान लाखों हेक्टेयर फसल भी बर्बाद हो गई। उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, नांदेड़ और सोलापुर के पंढरपुर इलाके में बाढ़ से सबसे अधिक नुकसान हुआ। वहां बड़े पैमाने पर सोयाबीन, कपास और गन्ने की फसल बर्बाद हो गई है।

## क्विक न्यूज

### खडसे भाजपा के असल कार्यकर्ता नहीं थेः दानवे

**मुंबई।** केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता रावसाहेब दानवे ने अपनी पार्टी के पूर्व सहयोगी एकनाथ खडसे पर शुक्रवार को निशाना साधते हुए कहा कि वह भाजपा के असल कार्यकर्ता नही थे। दानवे ने दो दिन पहले खडसे की राज्य में भाजपा को खड़ा करने में उनके योगदान और पार्टी में उनके लंबे कैरियर के लिए प्रशंसा की थी। फडणवीस के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार में सबसे वरिष्ठ मंत्री रहे खडसे को 2016 मे जमीन हड़पने के आरोपो को लेकर राजस्व मंत्री के पद से इस्तीफा देना पड़ा था और वह उसके बाद पार्टी में लगभग हाशिए पर चले गए थे। खडसे ने बुधवार को भगवा पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। वह अब राकांपा में शामिल होने की तैयारी कर रहे है। महाराष्ट्र राकांपा प्रमुख और राज्य मे मंत्री जयंत पाटिल ने कहा था कि खडसे शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी मे शामिल होंगे। दानवे ने पत्रकारो से कहा, खडसे 1970 के दशक के अंत मे कांग्रेस (एस) का हिस्सा थे। उस समय कांग्रेस नेता रहे शरद पवार ने जलगांव से नागपुर तक एक रैली आयोजित की थी जिसमें खडसे ने उस पार्टी के कार्यकर्ता के रूप मे भाग लिया था। उन्होने कहा, खडसे कभी भी एक असल भाजपा कार्यकर्ता नही थे... मै भाजपा का एक असल कार्यकर्ता हूं और उनसे वरिष्ठ भी हूं। खडसे के उन आरोपो को भी खारिज किया कि भाजपा की राज्य इकाई एक व्यक्ति का संगठनै बन गई है।

### भाजपा विधायक ने असम और मेघालय के बीच सीमा विवाद सुलझाने के लिए शाह को पत्र लिखा

**शिलांग।** मेघालय के भाजपा विधायक ने अपने राज्य और असम के बीच काफी समय से लंबित सीमा विवाद सुलझाने के लिए शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। भाजपा विधायक सनबोर शुल्लई ने इस महीने की शुरुआत मे असम और मिजोरम की अंतरराज्ईय सीमा पर हुई झड़प के पश्चात शांति बहाली के लिए शाह के हस्तक्षेप के बाद यह पत्र लिखा है। शुल्लई मेघालय मे भाजपा विधायको मे से एक है, जहां पार्टी ने कोनराड के संगमा की मेघालय डेमोक्रेटिक अलांयस सरकार को समर्थन दे रखा है। विधायक ने शाह को लिखे पत्र में कहा, मै असम और मेघालय के बीच काफी समय से लंबित सीमा विवाद को सुलझाने मे केन्द्र सरकार का हस्तेक्षेप चाहता हूं। 2021 तक पूर्वोत्तर के राज्यो के बीच सीमा विवाद सुलझाने का फैसला स्वागत योग्य है और इसके लिए हम बहुत आभारी भी हैं। असम और मेघालय के बीच कई इलाके हैं जहां अक्सर सीमा विवाद रहता है। शुल्लई ने कहा, इससे सीमा के दोनो ओर तनावपूर्ण शांति और लोगो के बीच शत्रुता बनी रहती है। असम और मेघालय के बीच कम से कम 12 इलाको मे सीमा विवाद है। दोनो राज्यो ने एक नीति अपना रखी है, जिसके तहत कोई एक राज्य दूसरे राज्य को बताए बिना विकास संबंधी गतिविधियां नही कर सकता।

### चिदंबरम ने 19 लाख रोजगार के वादे को लेकर भाजपा पर कटाक्ष

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने बिहार विधानसभा चुनाव में 19 लाख रोजगार देने के भाजपा के वादे को लेकर उस पर शुक्रवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हे नही पता था कि 10 से छोटी संख्या 19 है। पूर्व वित्त मंत्री ने ट्वीट किया, 10 लाख नौकरियों का वादा करने वाले राजद का मजाक उड़ाने के बाद राजग ने बिहार में 19 लाख नौकरियां सृजित करने का वादा किया है। मुझे नही पता था कि 10 की तुलना मे 19 छोटी संख्या है। लगता है कि मुझे प्राथमिक विद्यालय मे वापस जाना चाहिए। भाजपा ने बिहार चुनाव के लिए जारी अपने संकल्प पत्र में रोजगार के 19 लाख अवसर सृजित करने का वादा किया है। दूसरी तरफ, कांग्रेस की सहयोगी राजद ने कहा है कि सरकार बनने पर वह बिहार के नौजवानो को 10 लाख सरकारी नौकरियां देगा।

### मुंगेर से आठ हथियार व 359 कारतूसों के साथ दो गिरफ्तार

**मुंगेर।** बिहार के मुंगेर जिला के मुफस्सिल थाना अंतर्गत सीताचरण इलाके से शुक्रवार को पुलिस ने दो तस्करो के पास से आठ पिस्तौल, एक राइफल और 359 कारतूस बरामद किए। पुलिस अधीक्षक लिपी सिंह ने बताया कि गुप्त सुचना के आधार मोहम्मद रेहम और मोहम्मद गुलफाम के पास से आठ पिस्तौल, एक राइफल और 359 कारतूस बरामद किए गए है। उन्होने बताया कि गिरफ्तार दोनो हथियार तस्कर मुफस्सिल थाना अंतर्गत सुजावलपुर और बरदह गांव के निवासी है।

### कॉलेजियम ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई करने की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के तीन अतिरिक्त न्यायाधीशो को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 12 अक्टूबर को अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति एस संजय कुमार मेधी और न्यायमूर्ति नानी तागिया को गुवाहाटी उच्च न्यायालय मे ही स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इसके बाद, कॉलेजियम ने 15 अक्टूबर को अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनीष चौधरी को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर यह जानकारी उपलब्ध कराई गई।



रोतहास में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए जाते हुए एसएसबी के जवान।

## कोर्ट ने दिव्यांग लोगों के लिए आरक्षित सीटों के संबंध में यूपीएससी से जवाब मांगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक याचिका पर शुक्रवार को केंद्र और यूपीएससी से जवाब मांगे हैं। याचिका में सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा के लिए नोटिस को रद्द करने और नतीजों पर इस आधार पर अंतरिम रोक लगाने का अनुरोध किया गया है कि दृष्टिबाधित और विभिन्न तरह की निशक्तता वाले छात्रों के लिए समुचित सीटें आरक्षित नहीं की गई हैं। निशक्तों के अधिकारों के लिए काम करने वाले एक संगठन की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति प्रतीक जालान की पीठ ने सामाजिक न्याय मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग तथा संघ लोक सेवा आयोग को नोटिस जारी कर उनके जवाब मांगे हैं। याचिका में कहा गया है कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार कानून, 2016 के हिसाब से सीटें आरक्षित नहीं की गई है।

इवारा फाउंडेशन ने पीठ से परिणाम पर रोक लगाने का अनुरोध किया लेकिन अदालत ने इस आग्रह को नहीं मानते हुए कहा कि अगर फैसला उनके पक्ष में हुआ तो यूपीएससी को अपने परिणाम को फिर से घोषित करने के लिए कहा जाएगा। एक और संगठन संभावना ने भी इसी तरह की अर्जी देते हुए परीक्षा के नोटिस को चुनौती देते हुए उसकी मुख्य याचिका पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया।

संभावना की ओर से पेश वकील कृष्ण महाजन और अजय चोपड़ा ने अपनी मुख्य याचिका में दावा किया कि नोटिस में दिव्यांग व्यक्तियों को आरक्षण मुहैया कराए जाने को नजरअंदाज किया गया है। उसकी याचिका पर फैसला होने तक परिणाम घोषित नहीं किए जाएं। पीठ ने अर्जी पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि सिविल सर्विसेज की मुख्य परीक्षा जनवरी से शुरू होने वाली है और सुनवाई की अगली तारीख नवंबर में है। इवारा फाउंडेशन की ओर से पेश वकील पंकज सिन्हा, कमलेश के मिश्रा और अनुराग ओझा ने दलील दी कि दृष्टिबाधित और विभिन्न तरह की निशक्तता वालों के लिए अपर्याप्त विज्ञापित रिक्तयों के कारण इन दोनों श्रेणियों से जुड़े कुछ ही उम्मीदवार मुख्य परीक्षा के लिए सफल हो पाएंगे।

## इशरत मामलाः आरोपमुक्ति का आग्रह करने वाली याचिकाएं खारिज

**अहमदाबाद।** विशेष सीबीआई अदालत ने इशरत जहां से संबंधित कथित फर्जी मुठभेड़ मामले में तीन पुलिस अधिकारियों की उन याचिकाओं को शुक्रवार को खारिज कर दिया जिनमें उन्होंने स्वयं को आरोपमुक्त किए जाने का आग्रह किया था। मामले में आरोपी आईपीएस अधिकारी जी एल सिंघल, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक तरुण बरोट और उपनिरीक्षक अनानु चौधरी ने याचिका दायर कर आग्रह किया था कि उन्हें इस मामले में आरोपमुक्त किया जाना चाहिए।

आरोपमुक्ति का आग्रह करनेवाले एक अन्य आरोपी सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक जे जी परमार का हाल में निधन हो गया था। विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश वी आर रावल ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को आरोपमुक्त करने से इनकार कर दिया और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मुकदमा चलाने के लिए गुजरात सरकार से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 197 के तहत स्वीकृति लेने का निर्देश दिया।

अदालत ने उल्लेख किया कि सीबीआई ने मुकदमा चलाने की स्वीकृति लेने के लिए कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की है। इसने कहा कि जब यह स्थापित हो गया कि आरोपियों ने आधिकारक दायित्व निभाते समय कथित फर्जी मुठभेड़ को अंजाम दिया तो सीबीआई को उनपर मुकदमा चलाने के लिए आवश्यक अनुमति लेनी चाहिए थी। सीबीआई को स्वीकृति लेने या इस संबंध में घोषणा करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। आरोपियों ने खुद को आरोपमुक्त करने का आग्रह करते हुए कहा था कि जांच एजेंसी ने सरकार से मुकदमे के लिए आवश्यक स्वीकृति नहीं ली है और इसी तरह के आधार पर पिछले साल अन्य आरोपियों को तब आरोपमुक्त कर दिया गया था जब राज्य सरकार ने सीबीआई को उनपर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने से इनकार कर दिया।

## मुफ्त टीके के वादे में कानूनी तौर पर कुछ भी गलत नहीं : पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने कहा

**नई दिल्ली।** तीन पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों ने शुक्रवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में कोरोना वायरस का मुफ्त टीका देने के भाजपा के वादे में कानूनी रूप से कुछ भी गलत नहीं है। वर्ष 2010 से 2012 के बीच चुनाव आयोग के प्रमुख रहे एस वाई कुरैशी ने कहा कि लेकिन इस कदम से नैतकिता के सवाल उठे हैं क्योंकि आदर्श आचार संहिता पूरी तरह आचार नीति के बारे में ही है।

दिसंबर 2018 में मुख्य चुनाव आयुक्त के पद से सेवानिवृत्त होने वाले ओ पी रावत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय स्पष्ट कर चुका है कि अपने घोषणापत्र में किसी चीज का वादा करने वाली पार्टी को वादा पूरा करने के लिए बजटीय प्रावधानों का भी जिक्र करना चाहिए। रावत ने कहा कि कोई कुछ भी घोषणापत्र में नहीं डाल सकता लेकिन उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी है कि वादों को पूरा करने के लिए पार्टी को बजटीय प्रावधानों का स्पष्टीकरण करना चाहिए।

पहचान जाहिर नहीं करने का अनुरोध करते हुए एक अन्य पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि घोषणापत्र जारी करने का समय भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने उल्लेख किया, चुनाव आयोग अब तक इस सुझाव पर अमल नहीं करा पाया है कि घोषणापत्र समय से जारी होने चाहिए ना कि मतदान से ठीक पहले। चुनाव सुधार पर अपने फैसले में न्यायालय ने पार्टियों द्वारा किए जाने वाले वादों पर गौर करने के लिए एक तंत्र का सुझाव दिया था।

कुरैशी ने कहा, कानूनी तौर पर घोषणापत्र में कुछ भी वादे किए जा सकते हैं। न्यायालय ने कहा है कि वादे अतार्किक नहीं होने चाहिए। इससे नैतिकता का सवाल उठता है क्योंकि आदर्श आचार संहिता आचार नीति को लेकर ही है। यह कानून नहीं है, इसकी बुनियाद नैतिकता है। चुनावी वादों के समय की महत्ता पर याद दिलाया कि पंजाब में चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने पर केंद्र सरकार ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषणा करने के लिए चुनाव आयोग का रूख किया था। आयोग ने पाया कि केंद्र फरवरी में जिस एमएसपी की घोषणा करने की योजना बना रहा था उसकी घोषणा आम तौर पर अप्रैल में की जाती है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को बिहार विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया। इसमें आईसीएमआर से अनुमति मिलने के बाद राज्य के लोगों को कोविड-19 का मुफ्त टीका देने का वादा किया गया है। विपक्षी दलों ने बिहार के लोगों को कोरोना वायरस का टीका निशुल्क उपलब्ध कराने के भाजपा के चुनावी वादे को लेकर उस पर राजनीतिक लाभ के लिए महामारी का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और निर्वाचन आयोग से कार्वाई की मांग की।



वीरभूमि में दुर्गा पूजा उत्सव के अवसर पर 'कोल्लाबो स्नान' करने के बाद उत्सव मनाते श्रद्धालु।

# भारत में कोविड-19 महामारी की स्थिति निर्धारण में अगले तीन महीने निर्णायक

**भाषा।** नई दिल्ली



### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन की अपील त्यौहारों और सर्दियों में बरतें विशेष सावधानी

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने शुक्रवार को कहा कि देश में कोविड-19 महामारी की स्थिति को निर्धारित करने में अगले तीन महीने निर्णायक होने जा रहे हैं। साथ ही, उन्होंने लोगों से आगामी त्योहारों के दौरान और सर्दियों के मौसम में पूरा एहतियात बरतने का अनुरोध किया।

उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि देश में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या सात लाख से कम है और संक्रमण के मामलों के दुगना होने में लगने वाला समय बढ़ कर 97.2 दिन हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्धन ने कोविड-19 को लेकर तैयारियों की उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य एवं मेडिकल शिक्षा मंत्रियों तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की। बयान के मुताबिक केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि पिछले तीन महीने में देश ने कोविड-19 से निपटने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

बयान में उनके हवाले से कहा गया है, एक दिन में कोविड-19 के 95,000 से अधिक नए मामले सामने आए थे, जो घट कर प्रतिदिन 55,000 से भी कम रह गए हैं। इस रोग से उबरने की दर 90 प्रतिशत के करीब है। इस महामारी से होने वाली मृत्यु की दर (सीएफआर) भी घट रही है। सीएफआर 1.51 प्रतिशत है और यह एक प्रतिशत से भी कम के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। देश में कोविड-19 की जांच लिए सिर्फ एक प्रयोगशाला थी, जो अब बढ़ कर करीब 2,000 हो गई है। देशभर में की गई जांच की संख्या 10 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह एक सकारात्मक संकेत है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, संक्रामक रोग से निपटने के लिए उपयुक्त कदम उठाए जा रहे हैं। लेकिन अगले तीन महीने देश में कोविड-19 की स्थिति को निर्धारित करने में निर्णायक होने जा रहे हैं। यदि हमनें आने वाले त्योहारों के दौरान और सर्दियों के मौसम में पर्याप्त एहतियात बरता और कोविड-19 से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन किया, तो हम कोरोना वायरस का मुकाबला करने में बेहतर स्थिति में होंगे।उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के लिए यह बहुत जरूरी हो जाता है कि अधिकतम जोर सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, हाथ स्वच्छ रखने तथा छींकते या खांसते समय नाक-मुंह ढंकने सहित सामान्य एहतियाती उपायों पर जोर दिया जाए, जो काफी हद तक संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए कारगर उपाय हैं। वर्धन ने उन जिलों के अधिकारियों से भी बात की, जहां कोविड-19 के नए मामले सामने आए हैं या इससे होने वाली मौतों की संख्या बढ़ रही है। बयान के मुताबिक मंत्री ने कहा कि आज की तारीख में उत्तर प्रदेश में (कोरोना से) मृत्यु दर 1.46 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से कम है। इस रोग से राज्य में उबरने की दर (92.2 प्रतिशत) भी राष्ट्रीय औसत से अधिक है। उन्होंने देश के उत्तरी हिस्से के राज्यों में जांच, निगरानी, संपर्क में आए लोगों का पता लगाने तथा समय रहते संक्रमण का पता लगाने पर जोर दिया, ताकि इस महामारी से होने वाली मृत्यु की दर को कम रखा जा सके।



नई दिल्ली में शुक्रवार को एक मॉल के अंदर स्थापित की गई राम मंदिर (अयोध्या) की प्रतिकृति

# नवजात बच्चे से जुड़े अर्द्धविकसित भ्रूण को सर्जरी से अलग किया

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** डॉक्टरों ने नवजात बच्चे से जुड़े अर्द्धविकसित भ्रूण को यहां जटिल ऑपरेशन के जरिए अलग कर उसे नई जिंदगी दी है। शासकीय महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय (एमवाईएच) के अधीक्षक पीएस ठाकुर ने शुक्रवार को संवाददाताओं को बताया कि आदिवासीबहुल झाबुआ जिले में नौ अक्टूबर को जन्मे बच्चे के शरीर से अर्द्धविकसित भ्रूण जुड़ा था जिससे उसकी जान को खतरा था। यह भ्रूण एक जन्मजात विकृति के कारण पूरी तरह विकसित नहीं हो सका था। उन्होंने बताया कि सर्जरी में माहिर डॉक्टरों की टीम ने नवजात शिशु का एमवाईएच में हाल ही में ऑपरेशन किया और अर्द्धविकसित भ्रूण को उसके शरीर से अलग किया। ठाकुर ने बताया कि ऑपरेशन के बाद बच्चे की हालत ठीक है। उसने स्तनपान भी करना शुरू कर दिया है। उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि मरीज का जन्म उसकी मां की गर्भावस्था के नौ महीने पूरे होने पर सामान्य प्रसव से उसके घर में ही हुआ था। हालांकि, उसके परिवार में जच्चा-बच्चा की सेहत को लेकर जागरूकता की कमी देखी गई। एमवाईएच के अधीक्षक ने बताया कि किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले बच्चे की माता ने गर्भावस्था के दौरान न तो जरूरी दवाइयां ली थीं, न ही सोनोग्राफी और अन्य जांचें कराई थीं।

# महिला यात्री से मिला लाखों रुपये का सोना

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** में कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एक महिला के पास से लाखों रूपए का सोना जब्त किया गया। अधिकारियों को संदेह है कि खाड़ी का कोई तस्कर गिरोह महिलाओं का इस धंधे के लिए उपयोग कर रहा है। सीमाशुल्क सूत्रों बताया कि शारजहां से पहुंची 32 वर्षीय इस महिला ने कथित रूप से सोना अपने अंत:वस्त्र में छिपा रखा था। उनके अनुसार जब वह अपने भाई एवं तीन बच्चों के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ान से पहुंची, हवाई अड्डा सीमाशुल्क के अधिकारियों ने उसके पास से 883 ग्राम सोना जब्त किया। सूत्रों ने बताया कि उत्तर केरल के किसी जिले की इस महिला को गिरफ्तार कर लिया गया और बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया। सीमाशुल्क अधकारियों को संदेह है कि खाड़ी में सक्रिय केरल के सोना तस्करों ने इस महिला की निर्धनता का फायदा उठाते हुए उसका इस्तेमाल किया है। सूत्रों के मुताबिक प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह अपने पति की खराब माली हालत के कारण शारजहां से लौट आई। वह अपने भाई एवं बच्चों के साथ वापसी आई और उन सभी के लिए तस्कर गिरोह ने कथित रूपसे टिकट उपलब्ध कराए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें संदेह है कि जब इस परिवार को केरल लौटने के लिए पैसे की सख्त जरूरत थी तब इस गिरोह ने महिला से संपर्क किया और उसे मुफ्त टिकट की पेशकश की। उसका पति की तनख्वाह कम है। अधिकारी के अनुसार अनिवार्य पृथक-वास पूरा करने के बाद इस महिला को पूछताछ के लिए बुलाया जाएगा।

## नवी मुंबई में छह करोड़ रुपये मूल्य के आभूषण किए जब्त

**भाषा।** ठाणे

**महाराष्ट्र** के ठाणे जिले के नवी मुंबई में 6.17 करोड़ रुपए के चांदी और अन्य आभूषण एक वैन से जब्त किए गए। पुलिस ने यह जानकारी शुक्रवार को दी। वाशी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक संजीव धूमल ने बताया कि वैन बृहस्पतिवार रात एक टोल प्लाजा से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि वैन की तलाशी लेने पर उसमें से 929.414 किलोग्राम चांदी और अन्य जेवर मिले जिसे कूरियर सेवा के जरिए पुणे, कोल्हापुर और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों में भेजा जा रहा था। उन्होंने कहा कि वाशी पुलिस के अलावा आयकर विभाग ने भी घटना की जांच शुरू कर दी है।

# महाराष्ट्र: सड़क हादसे में चार की मौत, तीन अन्य घायल

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के कोल्हापुर में राज्य सड़क परिवहन की बस और कार के बीच शुक्रवार को हुई टक्कर में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे अडूर गांव के पास गगनबावडा रोड पर तब हुआ जब कनकवल्ली से कोल्हापुर की ओर जा रही राज्य सड़क परिवहन की एक बस एक कार से टकरा गई। कार में सात लोग सवार थे।

उन्होंने बताया कि कार गगनबावडा में काले गांव जा रही थी। उन्होंने बताया कि हादसे में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई जबकि तीन घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान पूजा मालवे (36), संजय मालवे (43), किरण मालवे (24) और अलकाताई मालवे (60) के रूप में हुई है। हादसे के बाद गगनबावडा मार्ग पर भारी ट्रैफिक जाम की सूचना मिली। उन्होंने कहा कि इस संबंध में करवीर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# नए संसद भवन का निर्माण दिसंबर 2020 में होगा शुरू

**भाषा।** नई दिल्ली

### अक्टूबर 2022 में होगा पूरा

**नए** संसद भवन का निर्माण कार्य इस साल दिसंबर में शुरू होगा और इसके अक्टूबर 2022 तक पूरा हो जाने की संभावना है। लोकसभा सचिवालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय ने यह भी कहा है कि नए संसद भवन के निर्माण की अवधि के दौरान मौजूदा संसद भवन में ही संसद सत्र को निर्बाध रूप से कराने के लिए आवश्यक उपाय किए गए हैं। नए संसद भवन का शिलान्यास समारोह दिसंबर में होने की संभावना है। इसमें राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा दोनों सदनों के पीठासीन पदाधिकारी सहित अन्य नेता तथा कई गणमान्य व्यक्ति शरीक हो सकते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता किए जाने के बाद सूत्रों ने बताया कि नए संसद भवन में लोकसभा कक्ष में 888 सदस्यों के, जबकि राज्यसभा में 384 सदस्यों के बैठने की व्यवस्था होगी। दोनों सदनों में भविष्य में सदस्यों की संख्या बढ़ने को ध्यान में रखते हुए ऐसा किया जा रहा है। वर्तमान में संसद के निचले सदन (लोकसभा) में 543, जबकि उच्च सदन (राज्यसभा) में 245 सदस्यों की कुल संख्या आवंटित है। अधिकारियों ने बताया कि नए संसद भवन के निर्माण कार्य के दौरान वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त कदम उठाए जा रहे हैं। नए संसद भवन में सभी सांसदों के लिए अलग-अलग कार्यालय होंगे और उन्हें नवीनतम डिजिटल उपकरणों से लैस किया जाएगा। यह कदम कागज रहित कार्यालय सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम है। नए भवन में एक संविधान कक्ष (कॉंस्टीट्यूशन हॉल) भी होगा, जो भारत की लोकतांत्रिक धरोहर को प्रदर्शित करेगा। इसके अलावा संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समितियों के लिए कमरे, खान-पान के लिए स्थान और वाहन पार्किंग की जगह भी होगी। मौजूदा भवन, ब्रिटिश काल है जिसका डिजाइन एडविन लुटियंस और हरबर्ट बेकर ने तैयार किया था। उन दोनों ने ही नई दिल्ली का निर्माण किया था। मौजूदा संसद भवन की आधारशिला 12 फरवरी 1921 को रखी गई थी और इसके निर्माण में छह साल लगे थे तथा उस वक्त 83 लाख रुपए की लागत आई थी। उद्घाटन समारोह 18 जनवरी 1927 को भारत के तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड इरविन के हाथों हुआ था। बैठक में बिरला ने कहा कि गुणवत्ता के मामले में और नए संसद भवन के निर्माण से जुड़े कार्य समय पर पूरा करने में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। निर्माण कार्य की देखरेख करने के लिए एक एक निगरानी समिति गठित की जाएगी, जिसमें लोकसभा सचिवालय, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अधिकारी तथा परियोजना के वास्तुकारा डिजाइनर शामिल होंगे। पिछले महीने टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने नया संसद भवन 861.90 करोड़ रुपए की लागत से बनाने की निविदा हासिल की थी। नए संसद भवन का निर्माण सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना के तहत मौजूदा संसद भवन के पास होगा। एक बयान में लोकसभा सचिवालय ने कहा कि बिरला ने नए संसद भवन के निर्माण के सिलसिले में आज एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान बिरला को नए भवन के निर्माण के लिए प्रस्तावित क्षेत्र से बुनियादी ढांचों को दूसरी जगह ले जाने के बारे में हुई प्रगति से अवगत कराया गया।



नई दिल्ली में शुक्रवार को दशहरा उत्सव पर बेचे जा रहे रावण के पुतले

# बारिश से हुए नुकसान को लेकर केंद्रीय दल से रिपोर्ट मांगी

**भाषा।** हैदराबाद

**केंद्रीय** गृह राज्य मंत्री जी किशन रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने तेलंगाना का दौरा कर रहे केंद्रीय दल से भारी बारिश और बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन कर अपनी रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपने को कहा है। रेड्डी ने कहा, दल ने मुझे बताया कि राज्य सरकार ने नुकसान के बारे में अभी पूरी जानकारी नहीं दी है। उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य से एक विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद ही धनराशि जारी कर सकेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य दोनों को मिलकर लोगों की मदद करना चाहिए। रेड्डी ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार राज्य आपदा राहत कोष के साथ तत्काल राहत कार्य करे। संयुक्त सचिव प्रवीण वशिष्ठ के नेतृत्व में अंतर-मंत्रालई दल ने रेड्डी से यहां मुलाकात की और उनके साथ बातचीत की। पांच सदस्ईय दल ने बृहस्पतिवार को राज्य की अपनी दो दिवसीय यात्रा शुरू की। इस बीच, केंद्रीय दल ने शहर के विभिन्न वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में अपनी यात्रा जारी रखी। बृहस्पतिवार को दल ने राज्य के प्रभावित हिस्सों, विशेष रूप से शहर का दौरा किया, क्योंकि राज्य सरकार ने फसलों और सड़कों को 8,500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचने का अनुमान जताया था। दल ने राज्य के मुख्य सचिव सोमेश कुमार से मुलाकात की और उन्हें पावर-पॉइंट प्रस्तुतिकरण दिया गया जिसमें पिछले हफ्ते हुई क्षति की जानकारी दी गई। विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों ने केंद्रीय टीम के साथ बातचीत की और नुकसान का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि पिछले 10 दिनों में भारी बारिश हुई जिससे बाढ़ आ गई। हालांकि पूरे राज्य में भारी बारिश हुई लेकिन हैदराबाद और आसपास के जिलों में अत्याधिक नुकसान हुआ। मूसी नदी में आई बाढ़ के कारण तीन जलाशयों के तटबंध टूट गए और निचले इलाकों में पानी भर गया। फसलों और सड़कों के नुकसान का अनुमान क्रमश: 8,633 करोड़ रुपए और 222 करोड़ रुपए था। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम को 567 करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, तत्काल बाढ़ राहत के लिए राज्य सरकार द्वारा 550 करोड़ रुपए जारी किए हैं।

# पेज 1 का शेष

## धारा 370...

समर्थन मूल्य तो बहाना है, असल में दलालों और बिचौलियों को बचाना है। मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले जब किसानों के बैंक खाते में सीधे पैसे देने का काम शुरू हुआ था, तब इन्होंने कैसा भ्रम फैलाया था। कांग्रेस पर परोक्ष प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जब राफेल विमानों को खरीदा गया, तब भी ये बिचौलियों और दलालों की भाषा बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह राजग की ही सरकार है जिसने किसानों को लागत का डेढ़ गुना एमएसपी देने की सिफारिश लागू की और सरकारी खरीद केंद्र बनाने और सरकारी खरीद, दोनों पर बहुत जोर दिया। कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब ये लोग सरकार में थे, उसकी तुलना में बिहार में ही धान की सरकारी खरीद चार गुना और गेहूं की सरकार खरीद पांच गुना बढ़ी है। उन्होंने कहा, इनके पास आज तक इसका जवाब नहीं है कि जब इनकी सरकार थी तब एमएसपी पर फैसला क्यों नहीं लिया? उन्होंने कहा, जब-जब, बिचौलियों और दलालों पर चोट की जाती है, तब-तब ये तिलमिला जाते हैं, बौखला जाते हैं। आज हालत ये हो गई है कि ये लोग भारत को कमजोर करने की साजिश रच रहे लोगों का साथ देने से भी नहीं हिचकिचाते। प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने का इंतजार देश बरसों से कर रहा था या नहीं? ये फैसला हमने लिया, राजग की सरकार ने लिया। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि आज ये लोग इस फैसले को पलटने की बात कर रहे हैं और ये कह रहे हैं कि सत्ता में आए तो अनुच्छेद -370 फिर लागू कर देंगे। मोदी ने कहा, मैं जवानों और किसानों की भूमि बिहार से कहना चाहता हूं कि ये लोग जिसकी चाहें मदद ले लें लेकिन देश अपने फैसलों से पीछे नहीं हटेगा।

## एमएसपी, रोजगार...

लगाया कि किसी चीनी सैनिक के हिंदुस्तान की जमीन पर मौजूद होने की बात कहकर प्रधानमंत्री ने हमारे सैनिकों का 'अपमान' किया है। केंद्र और बिहार की राजग सरकार को घेरते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नोटबंदी, जीएसटी और कोरोना वायरस संकट के समय लोगों की आर्थिक मदद नहीं कर किसानों, छोटे कारोबारियों, मजदूरों, छोटे उद्यमियों की कमर तोड़ दी है। हाल ही में बनाये गए कृषि संबंधी तीन कानूनों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मंडियां खत्म की जा रही हैं, न्यूनतम समर्थन मूल्य समाप्त किए जा रहे हैं और आने वाले दिनों में आपके खेत भी छीन लिये जायेंगे।

## हर थाने...

1076,1098 और 102 लिखें रहेंगे जिन पर कोई महिला जरूरत पर मदद के लिए कॉल कर सके। नंबरों के साथ इनका दुरुपयोग करने वालों के लिए चेतावनी भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के सम्मान को संस्कार बनाना होगा। इसके लिए मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम को स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थाओं तक भी ले जाएं। सुबह की प्रार्थना और किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान भी लोगों को इस बाबत जागरूक करें। इसके लिए प्रबुद्ध वर्ग खासकर जागरूक महिलाएं आगे आएं तो नतीजे और बेहतर निकलेंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम दिन राज्यपाल ने लखनऊ से तथा स्वयं उन्होंने आकांक्षात्मक जनपद बलरामपुर से अभियान का शुभारम्भ किया। अगले दिन प्रदेश की महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से संवाद करने का उन्हें अवसर प्राप्त हुआ। मिशन शक्ति अभियान में पिछले सात दिनों में अलग-अलग दिन अलग-अलग प्रकार के कार्यक्रम निरंतर चल रहे हैं, यह अभियान आगामी बासंतिक नवरात्र तक जारी रहेगा। आज सातवें दिन 1535 थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ मिशन शक्ति अभियान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने जैसा है। विजय दशमी के बाद आपरेशन शक्ति के रूप में मिशन शक्ति के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हफ्ते भर के मिशन शक्ति कार्यक्रम के दौरान बहुत कुछ बदला है। पिछले दिनों कुछ घटनाओं को तिल का ताड़ बनाने वाले आज खुद कटघरे में हैं। पुलिस विभाग ने इस दौरान बेहतर काम किया है। अभियान से जुड़े अन्य विभागों की गतिविधियों, भावी कार्ययोजना की समीक्षा मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री कार्यालय करे। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के इस कार्यक्रम को व्यापक संदर्भों में लें। यह महिलाओं के प्रति लोगों की सोच और संस्कार बदलने वाला अभियान है। ऐसा तभी होगा जब अधिक से अधिक लोग इससे जुड़ेंगे। किसी भी अभियान से जब शासन एवं प्रशासन के साथ समाज भी जुड़ता है तो नतीजे बेहतर होते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वर्चुअल माध्यम से जनपद गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, वाराणसी, मेरठ तथा आगरा के पुलिस अधिकारियों, एनजीओ के पदाधिकारियों व स्कूल के अध्यापकों से संवाद किया। संवाद के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वे अपने-अपने जनपदों में किस प्रकार की व्यवस्था कर रहे हैं। संवाद के दौरान मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में शूटिंग रेंज की स्थापना की जा रही है। साथ ही जिनके व्यवहार महिलाओं के प्रति ठीक नहीं है, उनकी काउंसिलिंग की जाती है। बालिकाओं तथा महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारी के विषय में जानकारी दी जा रही है। जनपद वाराणसी के अधिकारी ने बताया कि उनके सभी थानों में फोन व सीयूजी की व्यवस्था की गयी है। एण्टी रोमियो स्क्वायड चलाया जा रहा है। महिलाओं व बालिकाओं के लिए सेल्फडिफेन्स के कार्यक्रम भी बनाये गये हैं। इसी प्रकार साइबर व आर्थिक अपराध की भी जानकारी दी।इस दौरान मुख्यमंत्री ने गौतमबुद्ध नगर, लखनऊ, वाराणसी, मेरठ और आगरा में बने महिला हेल्प डेस्क में मौजूद कुछ जागरूक महिलाओं और जनप्रतिनिधियों से बात भी की। महिला प्रतिनिधियों ने कहा कि बहू बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार शुरू से ही प्रतिबद्ध रही है। सरकार के इन कदमों में महिलाओं में सुरक्षा और आत्मविश्वास का भाव आया है। मिशन शक्ति से यह प्रक्रिया और आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मुख्य सचिव आरके तिवारी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक एचसी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल सहित शासन व पुलिस प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## कपिल देव...

हैं। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। एंजियोप्लास्टी ब्लॉक हुई धमनियों को खोलने की प्रक्रिया है ताकि हृदय में सामान्य रक्त संचार हो सके। बाद में उनके इंस्टाग्राम अकाउंट में उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता करने वालों और उनके परिवार के प्रति समर्थन जताने वालों के प्रति एक संक्षिप्त बयान में आभार व्यक्त किया गया। बयान के अनुसार, आप सभी का शुक्रिया। मैं आपकी शुभकामनाओं से अभिभूत हूं और उबरने की प्रक्रिया में हूं। सोशल मीडिया पर काफी लोगों ने 1983 विश्व विजेता महान आल राउंडर के तेजी से उबरने की कामना की जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। दिग्गज बल्लेबाज तेंदुलकर ने कहा, अपना ध्यान रखें। आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। कोहली ने ट्वीट किया, आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहा हूं। जल्दी ठीक हो जाइए पाजी।

## फरवरी 2021...

प्रतिबंधित आतंकियों के खिलाफ कार्वाई करने में विफल रहा है। सूत्रों ने बताया कि इसके अलावा एफएटीएफ ने इस बात को भी ध्यान में रखा कि आतंकवाद विरोधी अधिनियम की अनुसूची चार के तहत उसकी आधिकारिक सूची से अचानक से 4,000 से अधिक आतंकवादियों के नाम गायब हो गए। अब अगले साल फरवरी में होने वाली एफएटीएफ की अगली बैठक में पाकिस्तान की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। प्लीयर ने कहा कि उत्तर कोरिया और ईरान एफएटीएफ की काली सूची में बने हुए हैं क्योंकि दोनों देशों ने कोई प्रगति नहीं की है। जबकि कार्ययोजनाओं को पूरा करने के बाद आइसलैंड और मंगोलिया को ग्रे सूची से हटा दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि चार देश अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी, अपनी धरती से सक्रिय आतंकी समूहों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की पाकिस्तान की प्रतिबद्धता से संतुष्ट नहीं थे। अजहर, सईद और लखवी आतंकवादी गतिविधियों में संलिप्तता के लिए भारत में अति वांछित हैं। पाकिस्तान के ग्रे सूची में लगातार बने रहने से अब इस देश के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) और यूरोपीय संघ से वित्तीय सहायता लेना कठिन होता जा रहा है, इसलिए पड़ोसी देश के लिए समस्याएं अब और बढ़ने वाली है जिसकी आर्थिक स्थिति पहले से ही खराब है। पाकिस्तान को ग्रे सूची से बाहर निकलने और व्हाइट सूची में जाने के लिए 39 में से 12 वोटों की आवश्यकता थी। काली सूची से बचने के लिए उसे तीन देशों के समर्थन की आवश्यकता थी। चीन, तुर्की और मलेशिया इसके लगातार समर्थक रहे हैं। एफएटीएफ ने जून, 2018 को पाकिस्तान को ग्रे सूची में डाल दिया था और उससे अक्टूबर, 2019 तक एक कार्ययोजना को पूरा करने के लिए कहा था। इसके बाद से यह देश एफएटीएफ की कार्ययोजना को पूरा करने में विफल रहने के कारण लगातार इस सूची में बना हुआ है। एफएटीएफ में इस समय दो क्षेत्रीय संगठनों यूरोपीय आयोग और खाड़ी सहयोग परिषद समेत 39 सदस्य हैं। भारत एफएटीएफ परामर्श और इसके एशिया प्रशांत समूह का सदस्य है।

## संसद की...

कई तरह के सवाल पूछे। बैठक के दौरान एक सदस्य ने कहा कि सोशल मीडिया कंपनी को अपने विज्ञापनदाताओं के वाणिज्यिक फायदे के लिए अपने उपभोक्ताओं के डाटा में सेंध नहीं लगाने देनी चाहिए। समिति ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट ट्विटर के अधिकारियों को 28 अक्टूबर को और गूगल तथा पेटीएम के प्रतिनिधियों को 29 अक्टूबर को तलब किया है।

## छिन सकती है अजहर अली की टेस्ट कप्तानी : सूत्र

**कराची।** पाकिस्तान के टेस्ट कप्तान अजहर अली को न्यूजीलैंड दौरे से पहले पद से हटाया जा सकता है और उनकी जगह सीमित ओवरों के कप्तान बाबर आजम या मोहम्मद रिजवान को जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। अजहर ने अभी 81 टेस्ट मैच खेले है और वह टीम के सबसे अनुभवी खिलाड़ी है। सूत्रों के अनुसार क्रिकेट समिति का एक प्रभावशाली व्यक्ति उन्हे पद से हटाना चाहता है जबकि पीसीबी चेयरमैन और सीईओ भी अजहर को कप्तान बनाए रखने पर विचार करने की बात कह चुके है।

## मध्यक्रम के लिए अपनी क्षमता दिखाने का उपयुक्त मौका था : पांडे

**दुबई।** अनुभवी बल्लेबाज मनीष पांडे ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शीर्ष क्रम की नाकामी के बाद सनराइजर्स हैदराबाद के मध्यक्रम के लिए अपनी क्षमता दिखाने का यह उपयुक्त समय था और उन्हे खुशी है कि वह एक अच्छी पारी खेलने मे सफल रहे जिसका उन्हें लंबे समय से इंतजार था। सनराइजर्स को शीर्ष क्रम मे कप्तान डेविड वार्नर और जॉनी बेयरस्टॉ से अच्छी शुरुआत मिल रही थी और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मे उसके मध्यक्रम को असली परीक्षा से नही गुजरना पड़ा था। अपनी शानदार पारी के लिए मैन आफ द मैच बने पांडे ने कहा, हमारी टीम के मध्यक्रम को लेकर काफी बाते की जा रही थी। यह हमारे लिए अच्छा प्रदर्शन करने का सबसे उपयुक्त समय था। मैने (टीम मेंटर वीवीएस) लक्ष्मण सर और कोच से बात की। मै बहुत नही सोचना चाहता था और सही तरह से अपने शॉट खेलना चाहता था।

## मेरे लिए यह मैच करो या मरो जैसा था : विजय शंकर

**दुबई।** आलराउंडर विजय शंकर ने कहा कि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच को अपने लिए करो या मरो की तरह लिया था तथा वह जानते थे कि बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करने पर ही वह सनराइजर्स हैदराबाद के अंतिम एकादश मे अपना स्थान बचा सकते है।

शंकर ने कहा, अगर मै व्यक्तिगत तौर पर बात करूं तो यह मेरे लिए करो या मरो जैसा मैच था। मै इस मैच को इसी तरह से ले रहा था। मै बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नही कर पाया था और इसलिए मुझे इस मैच मे अच्छा प्रदर्शन करना था। दुर्भाग्य से कहो या सौभाग्य से हमने शुरू में दो विकेट गंवा दिए और ऐसे मे टीम ने मुझे ऊपरी क्रम मे बल्लेबाजी के लिए भेज दिया।

## पैरा तीरंदाज अंकित को अस्पताल से छुट्टी

**सोनीपत।** कोरोना पॉजिटिव पाए गए पैरा तीरंदाज अंकित को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है लेकिन वह दस दिन तक घर पर पृथकवास मे रहेंगे। अंकित को 14 अक्टूबर को भगवान दास अस्पताल मे भर्ती कराया गया था। वह भारतीय खेल प्राधिकरण के उत्तर क्षेत्रीय केंद्र पर राष्ट्रीय शिविर के दौरान पॉजिटिव पाए गए थे।

# बोल्ट-ईशान के आगे चेन्नई पस्त

## ● मुंबई ने दस विकेट से हराया

**भाषा।** शारजाह

ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की कहर बरपाती तेज गेंदबाजी के बाद ईशान किशन के आक्रामक अर्धशतक की मदद से मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में तीन बार की चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को दस विकेट से हरा दिया।

टॉस की उछाल से लेकर गेंदबाजी और बल्लेबाजी तक कुछ भी चेन्नई के पक्ष में नहीं रहा। मुंबई के तेज आक्रमण के सामने चेन्नई सुपर किंग्स का शीर्षक्रम एक बार फिर नेस्तनाबूद हो गया और महेंद्र सिंह धोनी की टीम नौ विकेट पर 114 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चेन्नई ने पांच विकेट पावरप्ले के भीतर ही गंवा दिए। इनमें से बोल्ट ने तीन और बुमराह ने दो विकेट लिए। इन शुरूआती झटकों से चेन्नई उबर ही नहीं सकी। जवाब में रोहित शर्मा के बिना उतरी मुंबई ने 12 . 2 ओवर में बिना किसी नुकसान के लक्ष्य हासिल कर लिया। क्विंटॉन डिकॉक ने 37 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 46 रन बनाए जबकि ईशान ने 37 गेंद में 68 रन जोड़े जिनमें पांच छक्के और छह चौके शामिल थे।



हैमस्ट्रिंग चोट के शिकार रोहित की जगह कीरोन पोलार्ड ने कमान संभाली थी। इस जीत के बाद मुंबई दस मैचों में 14 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चेन्नई 11 मैचों में सिर्फ छह अंक के साथ आखिरी स्थान पर है। इससे पहले सैम कुरेन के 52 रन नहीं होते तो चेन्नई नौ विकेट पर 114 रन के स्कोर तक भी नहीं पहुंच पाती। कुरेन ने संभलकर खेलते हुए 47 गेंद में दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 52 रन बनाए। वह मैच की आखिरी गेंद पर बोल्ड हुए और बोल्ट का चौथा शिकार बने। बोल्ट ने 18 रन देकर चार विकेट लिए। उन्होंने अपने आखिरी ओवर में 13 रन दिए यानी पहले तीन ओवर में सिर्फ पांच रन ही दिए। बुमराह ने 25 रन देकर दो और लेग स्पिनर राहुल चाहर ने 22 रन देकर दो विकेट चटकाए। कुरेन ने इमरान ताहिर (नाबाद 13) के साथ नौवे विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की जो चेन्नई के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही। चेन्नई की शुरूआत बेहद खराब रही और दो ओवर के बाद उसके तीन विकेट तीन रन पर गिर गए थे। पावरप्ले में उसने दो विकेट और गंवाए। शेन वॉटसन की जगह खेल रहे रूतुराज गायकवाड़ खाता खोले बिना बोल्ट के पहले ही ओवर में पगबाधा आउट हुए। अंबाती रायुडू को बुमराह ने शॉर्ट गेंद पर पवेलियन भेजा जिनका कैच क्विंटॉन डिकॉक ने लपका।

### हैमस्ट्रिंग चोट के कारण मैच से बाहर रोहित शर्मा



**शारजाह।** मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग चोट के कारण शुक्रवार को यहां चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में नही खेल पाए। रोहित शर्मा को रविवार को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ टीम के अंतिम मैच के दौरान यह चोट लगी थी। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मैच से पहले जारी बयान में मुंबई इंडियस ने कहा, मुंबई इंडियंस के पिछले मैच के दौरान रोहित शर्मा के बाएं पैर की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था। रोहित ने पिछले चार दिनो मे अच्छी प्रगति की है और प्रबंधन बीसीसीआई से सलाह के बाद उबरने की प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए एक एक दिन का समय ले रहा है। रोहित की अनुपस्थिति मे अनुभवी कीरोन पोलार्ड कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

### स्कोर

**चेन्नई सुपर किंग्स पारी** :गायकवाड़ पगबाधा बो बोल्ट 0, प्लेसी का डिकॉक बो बोल्ट 1, रायुडू का डिकॉक बो बुमराह 2, जगदीशन का यादव बो बुमराह 0,धोनी का डिकॉक बो चाहर 16,जडेजा का कृणाल बो बोल्ट 7, कुरेन बो बोल्ट 52,चाहर स्ट का डिकॉक बो चाहर 0,ठाकुर का यादव बो कूल्टर नाइल 11, ताहिर नाबाद 13, **अतिरिक्त** : 12 रन, **कुल योग** : 20 ओवर में नौ विकेट पर 114 रन, **विकेट पतन** : 1-0, 2-3, 3-3, 4 -3, 5-21, 6-30, 7-43, 8-71, 9-114, **गेंदबाजी** : बोल्ट 4-1- 18- 4, बुमराह 4-0-25- 2, कृणाल 3-0- 16-0, चाहर 4- 0-22-2, कूल्टर नाइल 4- 0- 25- 1, पोलाड 1 - 0-4-0

**मुंबई इंडियंस पारी** : डिकॉक नाबाद 46, किशन नाबाद 68, **अतिरिक्त** : दो रन, **योग** : 12.2 ओवर में बिना किसी नुकसान के 116 रन, **गेंदबाजी** : चाहर 4-0-34-0, हेजलवुड 2 -0-17-0, ताहिर 3- 0-22-0, ठाकुर 2.2-0-26-0, जडेजा। - 0-15- 0

# उम्मीद के साथ एक दूसरे से भिड़ेंगे पंजाब और हैदराबाद

**दुबई।** लगातार तीन जीत से फिर से पटरी पर लौटने वाला किंग्स इलेवन पंजाब और पिछले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित सनराइजर्स हैदराबाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को यहां अपना विजय अभियान जारी रखने के उद्देश्य से एक दूसरे का सामना करेंगे। किंग्स इलेवन और सनराइजर्स की स्थिति एक जैसी है। इन दोनों टीमों के 10 मैचों में आठ अंक हैं लेकिन हैदराबाद की टीम बेहतर रन गति के कारण आठ टीमों की तालिका में अपने प्रतिद्वंद्वी से एक पायदान आगे पांचवें स्थान पर है। प्लेऑफ में जगह सुनिश्चित करने के लिए इन दोनों टीमों को अपने बाकी बचे मैच जीतने होंगे। किंग्स इलेवन के लिए टूर्नामेंट की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी लेकिन पिछले तीन मैचों में उसने शानदार प्रदर्शन किया है। किंग्स इलेवन ने दिल्ली कैपिटल्स, मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराया तथा केएल राहुल की अगुवाई वाली टीम शीर्ष चार में जगह बनाने के लिए विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी। किंग्स इलेवन की बल्लेबाजी सुरक्षित हाथों में है। कप्तान राहुल, मयंक अग्रवाल, क्रिस गेल और निकोलस पूरण अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन ग्लेन मैक्सवेल की फार्म चिंता का विषय है। जिम्मी नीशाम के आने से टीम की बल्लेबाजी और मोहम्मद शमी की अगुवाई वाली गेंदबाजी को भी कुछ मजबूती मिली है। सनराइजर्स को भी प्लेऑफ में पहुंचने के लिए अपने बाकी बचे चारों मैच जीतने होंगे। लगातार तीन हार के बाद राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को आठ विकेट से मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है।

## दिल्ली के बल्लेबाजों को दिखाना होगा दम

### केकेआर को जीत की दरकार

**अबुधाबी।** अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अपना नंबर एक स्थान बरकरार रखना है तो उसके बल्लेबाजों को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली की तरफ से शिखर धवन बेहतरीन फार्म में हैं और उन्होंने पिछले दोनों मैच में शतक जमाए हैं लेकिन बाकी बल्लेबाजों की नाकामी के कारण टीम को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। युवा पृथ्वी सॉव को शीर्ष क्रम में अधिक जिम्मेदारी दिखानी होगी। सॉव पिछली चार पारियों में से दो में खाता नहीं खोल पाए थे। कप्तान श्रेयस अय्यर मांसपेशियों में खिंचाव आने से पहले जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे थे, वैसी अब नहीं कर पा रहे हैं। चोट से उबरने के बाद वापसी करने वाले ऋषभ पंत भी पिछले मैच में क्रीज पर संघर्ष करते नजर आए। अय्यर और पंत के अलावा मार्कस स्टोइनिस दिल्ली के मध्यक्रम की रीढ़ हैं। तेज गेंदबाज एनरिच नोर्जे ने हमवतन दक्षिण अफ्रीकी कैगिसो रबाडा के साथ मिलकर दिल्ली की जीत में अहम भूमिका निभाई है। नोर्जे हालांकि चोटिल होने के कारण पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे। अगर वह वापसी करते हैं तो उसकी गेंदबाजी फिर धारदार बन जाएगी। ऐसे में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज डेनियल सैम्स को उनके लिए जगह छोड़नी होगी। केकेआर की टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ शर्मनाक प्रदर्शन के बाद इस मैच में उतरेगी। इस मैच में केकेआर की टीम 84 रन ही बना पाई। इससे टीम के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा होगा। केकेआर के अभी 10 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर है लेकिन इयोन मोर्गन की अगुवाई वाली टीम प्लेऑफ में बने रहने के लिए अपने अंक बढ़ाने के लिए बेताब होगी।

### बिना दबाव के क्रिकेट उबाऊ है : मौरिस

**दुबई।** हरफनमौला क्रिस मौरिस के लिए बिना दबाव के क्रिकेट उबाऊहै और उन्हें लगता है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) में उनकी भूमिका पर स्पष्टता से उन्हें अभी तक इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार प्रदर्शन करने में मदद मिली है। मौरिस की हमेशा इंडियन प्रीमियर लीग में काफी मांग रही है और दिल्ली कैपिटल्स के साथ चार सत्र खेलने के बाद वह अब आरसीबी में हैं। वह मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सत्र के शुरूआती चार मैचों में नहीं खेल पाए थे। चोट से उबरने के बाद मैदान में उतरे इस दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी ने तुरंत ही असर दिखाना शुरू किया और अब तक पांच रन प्रति ओवर के बेहतरीन इकोनॉमी रेट से पांच मैचों में नौ विकेट झटक लिए हैं।

## शतरंज : भारतीय पुरुष और महिला टीम सेमीफाइनल में

**चेन्नई।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम ने शुक्रवार को एशियाई नेशन्स (क्षेत्रीय) ऑनलाइन शतरंज कप 2020 चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष टीम ने मंगोलिया पर संघर्षपूर्ण जीत से अंतिम चार में जगह बनाई। भारतीय महिला टीम ने अंतिम आठ के दौर में किर्गीस्तान को दोनों मुकाबलों में आसानी से 4-0 और 3.5-0.5 से हराया। सेमीफाइनल शनिवार को खेला जाएगा जिसमें भारतीय महिलाएं मंगोलिया का सामना करेंगी। भारतीय पुरुष टीम को मंगोलिया से कड़ी चुनौती मिली। उसने अपने दोनों मुकाबले 2.5-1.5 के समान अंतर से जीते। पुरुष टीम शनिवार को सेमीफाइनल में ईरान से भिड़ेगी। युवा महिला ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा और अपने दोनों मैच जीते। उन्होंने अलेक्सांदा समागनोवा को जबकि पद्मिनी राउत और पी वी नंदिता ने भी अपने दोनों मैचों में जीत हासिल की।

# कपिल के शीघ्र स्वस्थ होने की सभी ने की कामना

**संवाददाता।** नई दिल्ली

भारत के पहले विश्व कप विजेता क्रिकेट कप्तान कपिल देव की दिल का दौरा पड़ने के बाद शुक्रवार को एंजियोप्लास्टी की गई और अगले दो दिन में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। इस महान क्रिकेटर ने इंस्टाग्राम पर बयान में लिखा, वह उबरने की प्रक्रिया में हैं। दिल्ली के सुंदर नगर में रहने वाले कपिल (61 वर्ष) को गुरूवार को सीने में दर्द की शिकायत के बाद यहां ओखला के फोर्टिस एस्कोर्ट्स हार्ट इंस्टिट्यूट के आपात विभाग में ले जाया गया। अस्पताल ने अपने शुरूआती बयान में सिर्फ सीने में दर्द का ही जिक्र किया था, लेकिन फिर ताजा स्वास्थ्य बुलेटिन में कहा, कपिल देव को दिल का दौरा पड़ा था। उनकी जांच की गई और रात में ही आपात कोरोनरी एंजियोप्लास्टी की गई। इसके अनुसार, इस समय वह डा. अतुल माथुर और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में हैं। उनकी हालत स्थिर है। उन्हें दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद है। एंजियोप्लास्टी ब्लॉक हुई धमनियों को खोलने की



प्रक्रिया है ताकि हृदय में सामान्य रक्त संचार हो सके। बाद में उनके इंस्टाग्राम अकाउंट में उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता करने वालों और उनके परिवार के प्रति समर्थन जताने वालों के प्रति एक संक्षिप्त बयान में आभार व्यक्त किया गया। बयान के अनुसार, आप सभी का शुक्रिया। मैं आपकी शुभकामनाओं से अभिभूत हूं और उबरने की प्रक्रिया में हूं। सोशल मीडिया पर काफी लोगों ने 1983 विश्व विजेता महान आल राउंडर के तेजी से उबरने की कामना की जिसमें भारतीय कप्तान विराट कोहली और सचिन तेंदुलकर सहित अन्य खिलाड़ी शामिल हैं। बल्लेबाज तेंदुलकर ने कहा, अपना ध्यान रखें। आपके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहा हूं। कोहली ने ट्वीट किया, आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहा हूं। जल्दी ठीक हो जाइए पाजी। भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने ट्वीट किया, कपिल देव सर आपके जल्दी से ठीक होने की कामना करता हूं। हमेशा मजबूत रहिए। बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने भी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस महान आल राउंडर के पूर्व साथी मदनलाल ने ट्वीट किया, जिन्होंने भी जानने के लिए फोन किया, आपकी प्रार्थनाएं परिवार को पहुंचा दी गई हैं जिन्हें आभार के साथ लिया गया है। कैप्स (कपिल), स्वस्थ और मजबूत रहिए। कपिल को बेचैनी की शिकायत के बाद समय पर अस्पताल ले जाया गया। डाक्टरों के अनुसार प्रक्रिया सफल रही और वह जल्द ही घर पहुंच जाएंगे। भारत के महान क्रिकेटरों में से एक कपिल ने 131 टेस्ट और 225 वनडे खेले हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कहा, आप फाइटर हो और हम जानते हैं कि आप भी इस लड़ाई को जीत लोगे। वह क्रिकेट के इतिहास में एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने 400 से ज्यादा (434) विकेट अपने नाम कर टेस्ट मैचों में 5000 से ज्यादा रन जुटाए हैं।

## आर्सनल, टोटेनहैम और मिलान ने यूरोपा लीग में जीत से शुरूआत की

**भाषा।** लंदन

कार्लोस विनिसियस ने दो गोल करने में मदद की जिससे टोटेनहैम ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लास्क पर 3-0 से जीत हासिल की जबकि आर्सनल ने भी जीत से शुरुआत की। आर्सनल ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करके रैपिड वियना को 2-। से हराया। प्रीमियर लीग के एक अन्य क्लब लीस्टर ने जोर्या लुहान्सक को 3-0 से शिकस्त दी। एसी मिलान ने सेलटिक को 3-। से पराजित किया जबकि रोमा ने भी शुरू में पिछड़ने के बाद यंग ब्वायज को 2-। से हराया। ग्रेनाडा ने पीएसवी इंडहोवेन को हराकर उलटफेर किया। रेंजर्सने ने स्टैंडर्ड लीग को 2-0 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। नीदरलैंड की टीम अज अलकमार ने नैपोली को।-0 से पराजित करके उलटफेर किया।



## कर्मचारी राज्य बीमा निगम की योजना से अगस्त में 9.3 लाख नए सदस्य जुड़े

**नई दिल्ली।** इस साल अगस्त में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) की सामाजिक सुरक्षा योजना से करीब 9.30 लाख नए सदस्य जुड़े। यह आंकड़ा देश में संगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिति के बारे में जानकारी देता है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़े के अनुसार इससे पूर्व माह में यह संख्या 7.55 लाख थी। यह आंकड़ा राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी रिपोर्ट का हिस्सा है। ईएसआईसी से जुड़े सदस्यों की संख्या जून में 8.21 लाख, मई में 4.84 लाख और अप्रैल में 2.61 लाख रही। इससे पता चलता है कि जैसे-जैसे लॉकडाउन में ढील दी गई, उससे जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या बढ़ी है। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए 25 मार्च से देशव्यापी लॉकडाउन लगाया था। जून से पाबंदियों में ढील दी गई। संगठित क्षेत्र में रोजगार की स्थिति को लेकर मई में जारी आंकड़े (पेरोल) के अनुसार मार्च में ईएसआईसी से सकल रूप से 8.21 लाख नए सदस्य जुड़े जबकि फरवरी में यह आंकड़ा 11.83 लाख रहा था।

## भारत को 35 साल के अंतराल के बाद मिली अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के संचालक मंडल की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** भारत को 35 साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के संचालक मंडल की अध्यक्षता मिली है। श्रम सचिव अपूर्व चंद्र को इस पद के लिए चुना गया है। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 35 साल बाद भारत को आईएलओ के संचालक मंडल की अध्यक्षता मिली है। श्रम सचिव अपूर्व चंद्र को आईएलओ के संचालक मंडल का चेयरमैन चुना गया है। वह इस पद पर अक्टूबर 2020 से जून 2021 तक रहेंगे। बयान के मुताबिक आईएलओ के संचालक मंडल की अध्यक्षता मिलना एक अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि है। यह भारत और आईएलओ के 100 वर्ष से अधिक फलदाई रिश्तों की कड़ी में एक और मील का पत्थर है। संचालक मंडल आईएलओ का शीर्ष कार्यकारी निकाय है। यह निकाय नीतियों, कार्यक्रमों, एजेंडा, बजट और महानिदेशकों का चुनाव करती है।

## डॉलर के मुकाबले रुपए में सात पैसे की गिरावट

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजार में पर्याप्त तेजी के बावजूद स्थानीय विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 73.61 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में कारोबार के दौरान रुपया 73.62 रुपए प्रति डॉलर पर कमजोर खुला, लेकिन अधिकांश कारोबार के दौरान निरंतर दबाव में रहा और कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर सात पैसे की गिरावट के साथ 73.61 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। कारोबार के दौरान, रुपए ने 73.46 के दिन के उच्च स्तर और 73.67 रुपए के निम्न स्तर को छुआ। बृहस्पतिवार को यह 73.54 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। घरेलू शेयर बाजार में तेजी तथा विदेश में डॉलर के कमजोर होने से रुपए की गिरावट पर कुछ अंकुश लग गया। शेयर बाजारों के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे और उन्होंने बृहस्पतिवार को।,118.46 करोड़ रुपए के शेयरों की खरीद की। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में घट-बढ़ को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.75 रह गया। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 0.28 प्रतिशत बढ़कर 42.34 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# मुद्रास्फीति में नरमी पर निर्भर करेगी दर में कटौती: गवर्नर

## ● महामारी फिर से बढ़ने पर आर्थिक पुनरूत्थान पर प्रतिकूल असर

**भाषा।** मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि कोविड-19 महामारी अगर दोबारा से फैलती है तो उससे अर्थव्यवस्था में जो सुधार की शुरुआत दिख रही है उस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। वहीं, डिप्टी गवर्नर माइकल देबव्रत पात्रा ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण उत्पादन का जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करने में कई साल लग सकते हैं। नवगठित मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की 7 से 9 अक्टूबर के बीच हुई बैठक में ये विचार व्यक्त किए गए थे। समिति में नवनियुक्त स्वतंत्र सदस्य शशांक भिडे ने कहा कि कोविड-19 महामारी से संबंधित अनिश्चितताओं का अगले दो से तीन तिमाहियों में वृद्धि दर और मुद्रास्फीति परिदृश्य पर प्रभाव बना रहेगा। आरबीआई द्वारा मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के जारी ब्योरे के अनुसार दास ने यह भी कहा कि नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन इस दिशा में आगे कदम मुद्रास्फीति के मोर्चे पर उभरती स्थिति पर निर्भर करेगा जो फिलहाल केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से ऊपर चल रही है। उन्होंने कहा, मेरा यह मानना है कि अगर मुद्रास्फीति हमारी उम्मीदों के अनुरूप रहती हैं, तो भविष्य में नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश होगी। इस गुंजाइश का उपयोग आर्थिक वृद्धि में सुधार को संबल देने के लिए सोच-समझकर करने की जरूरत है। रिजर्व बैंक के अनुसार सकल मुद्रास्फीति चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में नरम पड़ेगी। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में इसमें और कमी आने का अनुमान है। मुद्रास्फीति जून 2020 से 6 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है। सरकार ने आरबीआई को महंगाई दर 2 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ 4 प्रतिशत के स्तर पर रखने की

### आर्थिक स्थिति, अन्य चुनौतियों का जायजा लेने के लिए आरबीआई बोर्ड की समीक्षा बैठक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के निदेशक मंडल ने कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक स्थिति और अन्य चुनौतियो पर चर्चा के लिए शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक की। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। इस बैठक मे मौजूदा परिदृश्य के मद्देनजर वित्तीय स्थिरता को लेकर चिंता उत्पन्न करने वाले कारको पर भी चर्चा की गई। आरबीआई ने एक विज्ञप्ति मे कहा, बोर्ड ने वर्तमान आर्थिक स्थिति, वैश्विक व घरेलू चुनौतियो और रिजर्व बैंक के संचालन के विभिन्न क्षेत्रो की समीक्षा की। बोर्ड ने केंद्रीय बोर्ड और स्थानीय बोर्डो की उप-समितियो के कामकाज पर भी चर्चा की तथा वित्तीय स्थिति से संबंधित पहलुओ पर विचार-विमर्श किया। बैठक मे आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास और केंद्रीय बैंक के अन्य अधिकारियो के अलावा एन चंद्रशेखरन, अशोक गुलाटी, मनीष सभरवाल, प्रसन्न कुमार मोहंती, दिलीप एस शांघवी, सतीश के मराठे, एस गुरुमूर्ति, रेवती अय्यर और सचिन चतुर्वेदी ने भाग लिया। वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधित्व आर्थिक मामलो के विभाग के सचिव तरुण बजाज और वित्तीय सेवा विभाग के सचिव देबाशीष पांडा ने किया।

## रेल विकास निगम में ब्रिक्री पेशकश के जरिए 15 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचेगी सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) मे 15 प्रतिशत तक हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। इस शेयर बिक्री पेशकश को व्यवस्थित ढंग से पूरा करने के लिए सरकार ने मर्चेंट बैंकर से आवेदन आमंत्रित किए है। निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) ने इस संबंध मे अधिसूचना जारी कर आवेदन मंगाए है। सरकार की मंशा आरवीएनएल के चुकता पूंजी वाले शेयरों में अपनी 87.84 प्रतिशत शेयरधारिता मे से 15 प्रतिशत हिस्से का विनिवेश करने की है। शेयरो की यह बिक्री शेयर बाजारो मे बिक्री पेशकश के जरिए की जाएगी। इसके प्रबंधन के लिए सरकार तीन मर्चेंट बैंकरो की नियुक्ति करेगी। मर्चेंट बैंकर को समय पर सरकार को परामर्श देने और बिक्री पेशकश के लिए प्रक्रियाएं तय करने की जिम्मेदारी उठानी होगी, ताकि सरकार को सबसे अच्छा रिटर्न मिले। इसके अलावा उसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोडशो, बाजार सर्वेक्षण और निवेशको के साथ बैठक करनी होगी।

## भारतीय कारोबार वृद्धि की राह पर लौटा: यूनिलीवर

**नई दिल्ली।** देश मे कोविड-19 की रोकथाम के लिए लगाए गए कड़े लॉकडाउन से यूनिलीवर के भारतीय कारोबार की बिक्री प्रभावित हुई। लेकिन अब उसका कारोबार फिर से विकास की राह पर लौट आया है। ब्रिटिश-डच कंपनी यूनिलीवर ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ब्राजील के साथ भारतीय कारोबार मे वृद्धि की वापसी और चीन के बाजार में निरंतर सुधार ने कंपनी के उभरते बाजारो के कारोबार को बढ़ाने मे मदद की है। सितंबर 2020 को समाप्त तिमाही मे कंपनी के इस क्षेत्र के कारोबार ने 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की।

## एयरटेल अफ्रीका का मुनाफा दूसरी तिमाही में नौ प्रतिशत गिरा

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल के अफ्रीकी परिचालन एयरटेल अफ्रीका ने शुक्रवार को बताया कि वित्त वर्ष 2020-21 की सितंबर तिमाही मे उसका मुनाफा 8.8 प्रतिशत घटकर 8.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 647 करोड़ रुपए) रहा। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि के दौरान 9.6 करोड़ अमरीकी डॉलर का कर पश्चात लाभ दर्ज किया था। कंपनी ने एक बयान मे कहा कि समीक्षाधीन तिमाही मे उसकी आय 14.3 प्रतिशत बढ़कर 96.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि मे 86.5 करोड़ अमरीकी डालर थी।

## आदित्य बिड़ला फैशन फ्लिपकार्ट समूह कों 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल लिमिटेड (एबीएफआरएल) ने शुक्रवार को कहा कि उसके बोर्ड ने वॉलमार्ट के स्वामित्व वाले फ्लिपकार्ट समूह को।,500 करोड़ रुपए मे तरजीही आधार पर 7.8 प्रतिशत हिस्सेदारी जारी करने की योजना को मंजूरी दी है। कंपनी ने एक बयान मे कहा, आदित्य बिड़ला फैशन एंड रिटेल ने आज फ्लिपकार्ट समूह को तरजीही शेयर जारी कर।,500 करोड़ रुपए जुटाने की मंजूरी दे दी।

## विदेशीमुद्रा भंडार 555.12 अरब डॉलर के सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्च स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 अक्टूबर 2020 को समाप्त सप्ताह में 3.615 अरब डॉलर बढ़कर 555.12 अरब डॉलर की सर्वकालिक रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इससे पूर्व नौ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.867 अरब डॉलर बढ़कर 551.505 अरब डॉलर हो गया था। समीक्षाधीन अवधि में विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी की प्रमुख वजह विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों (एफसीए) का पर्याप्त ढंग से बढ़ना है। यह कुल विदेशी मुद्रा भंडार का एक अहम हिस्सा है। इस दौरान एफसीए 3.539 अरब डॉलर बढ़कर 512.322 अरब डॉलर हो गया।

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 127 अंक मजबूत

## ● बिजली कंपनियों के शेयर चमके

**भाषा।** मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में एक दिन की गिरावट के बाद शुक्रवार को फिर तेजी लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 127 अंक बढ़कर बंद हुआ। मुख्य रूप से वाहन, धातु और बिजली क्षेत्र के शेयरों की अगुवाई में बाजार में मजबूती रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 127.01 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,685.50 अंक पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 11,930.35 अंक पर







बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 702.52 अंक यानी 1.75 प्रतिशत जबकि निफ्टी 167.90 अंक यानी 1.42 प्रतिशत मजबूत हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में मारुति सुजुकी रही। इसमें करीब 4 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील, पावरग्रिड, बजाज ऑटो और एनटीपीसी शामिल हैं। दूसरी तरफ जिन शेयरों में गिरावट दर्ज की गई, उनमें अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, एचयूएल और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्र ने कहा, ...बाजार मामूली तेजी के साथ बंद हुआ। विभिन्न क्षेत्रों को देखा जाए तो मिला-जुला रुख देखने को मिला। वाहन, उपभोक्ता टिकाऊ और पूंजीगत वस्तुओं के क्षेत्र में लिवाली देखी गई जबकि रीयल्टी, आईटी और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में नरमी रही। उन्होंने कहा कि सबकी नजरें प्रोत्साहन पैकेज और राष्ट्रपति पद के चुनाव को लेकर अमेरिकी बाजार पर हैं। इसके अलावा यूरोप में कोविड-19 के बढ़ते मामले भी निवेशकों की नजर में हैं।

वैश्विक स्तर पर एशिया के अन्य बाजारों में चीन में हांगकांग, जापान का तोक्यो और दक्षिण कोरिया का सोल 0.54 प्रतिशत तक की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं, चीन में शंघाई बाजार नुकसान में रहा। शुरूआती कारोबार में यूरोप के प्रमुख बाजारों में भी तेजी रही।

# ट्रम्प, बाइडेन के बीच अंतिम आधिकारिक बहस

## ● कोविड-19, जलवायु परिवर्तन और नस्तलभेद जैसे अहम मुद्दे उठे

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अंतिम आधिकारिक बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान कोविड-19, आव्रजन, नस्ली भेदभाव और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे उठे।

अमेरिका में तीन नवम्बर को राष्ट्रपति चुनाव है। टेनेसी के नैशविले में दोनों नेताओं के बीच 90 मिनट से अधिक समय तक बहस हुई। बहस का संचालन एनबीसी की क्रिस्टन वेल्कर ने किया। अंतिम बहस में सबसे अधिक चर्चा कोरोना वायरस पर की गई। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसे एक वैश्विक समस्या बताया। उन्होंने कहा, यह एक वैश्विक समस्या है, पर कई देशों ने हमारे द्वारा उठाए कदमों पर मुझे बधाई दी है। ट्रम्प ने एक बार फिर इसके लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि बीजिंग इस बीमारी को वैश्विक महामारी बनने से रोक नहीं पाया। साथ ही राष्ट्रपति ने टीका तैयार होने का दावा भी किया। उन्होंने कहा, हमारे पास टीका है, जो आने वाला है .. तैयार है। इसकी कुछ सप्ताह में घोषणा की जाएगी और इसे वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जॉनसन एंड जॉनसन , मॉडर्ना और फाइजर जैसी कम्पनियां इस दिशा में बहुत अच्छा काम कर रही हैं। उन्होंने कहा, अन्य देशों में भी हम इस पर काम कर रहे हैं, विशेषकर यूरोप में। ट्रम्प ने कहा, जैसे ही टीका आ जाएगा, वह (जनरल) उसे वितरित करेंगे। वहीं बाइडेन ने ट्रम्प पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी नीतियों की वजह से देश में इतने अधिक लोगों की मौत हुई है। बाइडेन ने कहा, हम एक बुरे दौर में प्रवेश करने वाले हैं। उनके पास इससे निपटने के लिए कोई स्पष्ट योजना नहीं है और ऐसी कोई संभावना नहीं है कि अगले साल के मध्य से पहले अधिकतर अमेरिकी लोगों के लिए टीका उपलब्ध होगा।

वहीं जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर बहस के दौरान ट्रम्प ने चीन, भारत और रूस पर दूषित वायु की समस्या से निपटने के लिए उचित कदम ना उठाने का आरोप लगाते हुए, पेरिस जलवायु समझौते से हटने के अमेरिका के कदम को सही ठहराया।उन्होंने कहा, चीन को देखिए, कितना गंदा है। रूस को देखिए, भारत को देखिए, वे बहुत गंदे हैं। हवा बहुत गंदी है। इस प्रशासन के अधीन 35 वर्षों की तुलना में उत्सर्जन की स्थिति सबसे बेहतर है। हम उद्योग के साथ अच्छी तरह से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, पेरिस समझौते से मैंने अमेरिका को इसलिए अलग किया, क्योंकि हमें खरबों डॉलर खर्च करने पड़ते और हमारे साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार हो रहा था। वहीं, बाइडेन ने कहा कि उनके सत्ता में आने पर वह एक बार फिर अमेरिका को इस ऐतिहासिक पेरिस समझौते का हिस्सा बनाएंगे और प्रदूषण के लिए चीन की जवाबदेही तय करेंगे। बहस के दौरान बाइडेन ने ट्रम्प को आधुनिक इतिहास के सबसे बड़े नस्लवादी राष्ट्रपतियों में से एक बताया। पूर्व उप राष्ट्रपति ने कहा कि ट्रम्प ने हर नस्ली घटना को बढ़ावा दिया। वहीं ट्रम्प ने बाइडेन और पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर नस्ली भेदभाव के मुद्दे को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा, मैं इस कक्ष में मौजूद लोगों की तुलना में सबसे कम नस्ली हूं। वहीं दोनों ने एक दूसरे पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप भी लगाए। ट्रम्प ने बाइडेन से कहा, मैं चीन से पैसा नहीं कमाता। तुम कमाते हो। मैं यूक्रेन से पैसा नहीं कमाता, तुम कमाते हो। मैं रूस से पैसे नहीं कमाता और तुमने तो 35 लाख डॉलर कमाए हैं। वहीं बाइडेन ने कहा, मेरे बेटे ने उन चीजो से पैसे नहीं कमाए हैं, जिस संदर्भ में तुम चीन की बात कर रहे हो। चीन से केवल एक शख्स पैसे कमाता है, यह बस यही। कोई और चीन से पैसे नहीं कमाता।

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में बहस

# म्यूट बटन का इस्तेमाल, ट्रम्प और बाइडेन ने दिखाई शिष्टता

## ● पहली बहस के विपरीत रहे इस बार हालात, दोनों नेताओं ने लिया संयम से काम

## ● पूर्व में हुई बहस में उत्पन्न हो गई थी असहज स्थिति

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी के उनके प्रतिद्वंद्वी जो बाइडेन के बीच राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अंतिम बहस (प्रेसिडेंशियल डिबेट) के दौरान म्यूट बटन ने अच्छी तरह से काम किया क्योंकि दोनों नेताओं ने पहली बहस के विपरीत इस बार संयम और शिष्टता का प्रदर्शन किया।

दोनों नेताओं के बीच आखिरी बहस के दौरान माइक्रोफोन को म्यूट करने के लिए म्यूट बटन लाया गया क्योंकि पहली बहस के दौरान ट्रंप और बाइडेन एक-दूसरे को अपनी बात कहते समय संयम नहीं बरत पाए थे जिससे असहज स्थिति बन गई थी।

ओहियो के क्लीवलैंड में हुई पहली बहस के दौरान बनी असहज स्थिति की वजह से ही आयोजकों को म्यूट बटन का इस्तेमाल करना पड़ा। नाश्विल के बेलमॉन्ट विश्वविद्यालय में ट्रंप और बाइडेन के बीच बृहस्पतिवार की रात दूसरी और अंतिम 90-मिनट की बहस के दौरान दोनों नेताओं ने संयम दिखाया।

इससे पहले, दोनों नेताओं के बीच पिछले महीने हुई पहली बहस काफी गर्मागर्म रही थी, जिसमें कोविड-19, नस्ली भेदभाव, अर्थव्यवस्था और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे उठाए गए थे। कमीशन ऑन प्रेसिडेंशियल डिबेट (सीपीडी) ने सोमवार को नए नियमों की घोषणा करते हुए स्पष्ट कर दिया था कि बहस के दौरान म्यूट बटन का इस्तेमाल होगा। नियमों के तहत प्रतिद्वंद्वी वक्ताओं के माइक्रोफोन दो मिनट के लिए म्यूट करने की व्यवस्था की गई, ताकि अंतिम बहस के दौरान वे निर्बाध रूप से अपनी शुरुआती टिप्पणियां रख सकें। नए नियमों के तहत ट्रंप और बाइडेन के पास बहस के हर 15 मिनट के खंड की शुरुआत में बोलने के लिए दो मिनट का ऐसा समय था जिसमें वे एक-दूसरे को टोक नहीं सकते थे। दोनों नेताओं ने इस नियम पर सहमति जताई थी।

# चीन को बाइडेन की जीत से बहुत ज्यादा बदलाव की नहीं है उम्मीद

## ● रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के नेता चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए तैयार नहीं

एपी। बीजिंग



**चीनी** नेताओं को उम्मीद है कि यदि अमेरिका के आगामी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन की जीत होती है तो अमेरिका का चीन से व्यापार, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा को लेकर रवैया बदलेगा। लेकिन कोई भी बदलाव केवल शैली में होने की संभावना है क्योंकि अमेरिकी राजनीति के हर हलके में चीन को लेकर निराशा बढ़ रही है।

चुनाव के परिणाम कुछ भी होख रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी दोनों के नेता चीन के प्रति नरम रुख अपनाने के लिए तैयार नहीं दिखते हैं। गत कुछ महीनों में कोरोनो वायरस महामारी, प्रौद्योगिकी, व्यापार, सुरक्षा और जासूसी करने जैसे विवादों के कारण अमेरिका-चीन संबंध और कड़वे हो गए हैं।

ढेर सारे मुद्दों पर डेमोक्रैटिक और रिपब्लिकन पार्टिएं के बीच तीखे मतभेद के बावजूद चीन के कारोबारी रिकॉर्ड और हांगकांग, ताइवान, तिब्बत तथा शिनजियांग में धार्मिक एवं जातीय अल्पसंख्यकों के प्रति चीन के रवैए को लेकर दोनों पार्टियां आलोचना करती रही हैं।चीनी विश्लेषकों का कहना है कि ट्रंप की युद्ध रणनीति और चीन के प्रतिद्वंदी भारत के प्रति नरम रवैया चीन के लिए अनुकूल नहीं है और बाइडेन का जीतना ही अमेरिकी-चीन संबंधों में थोड़ी नरमी ला सकता है।

बीजिंग भाषा और संस्कृति विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर यू वानली ने कहा, कम से कम, बाइडेन की नीति ट्रंप की तरह भावनात्मक और हास्यास्पद नहीं होगी। अंतरराष्ट्रीय संबंधों के देश के सबसे प्रमुख विद्वानों में से एक बीजिंग के रेनमिन विश्वविद्यालय के शी यिनहोंग ने कहा, डेमोक्रेट कम उग्र लगते हैं, इसलिए वे सैन्य संघर्षों को रोकने और चीन के साथ समस्याएं सुलझाने और बातचीत पर अधिक ध्यान दे सकते हैं।

# बिना लक्षणों वाले बच्चों में वायरस का स्तर कम

**बोस्टन।** कोरोना वायरस से संक्रमित 800 से अधिक बच्चों पर किए गए अनुसंधान में पता चला है कि संक्रमण के लक्षणों वाले बच्चों के मुकाबले बिना लक्षण वाले अधिकतर बच्चों में वायरस का स्तर काफी कम है। यह अनुसंधान क्लिनिकल माइक्रो बायोलॉजी पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। अमेरिका के एन एंड रॉबर्ट एच ल्यूरी चिल्ड्रन हॉस्पिटल में बाल संक्रामक रोग विशेषज्ञ तथा अनुसंधान की प्रथम लेखक लैरी कोसियोलेक ने कहा, इस अनुसंधान में स्कूल जा रहे बच्चों कोरोना वायरस से संक्रमित बच्चों की सुरक्षा को लेकर कुछ बातें कही गई हैं। साथ ही यह भी कहा गया है कि डे-केयर, स्कूलों और समाज में कोविड-19 खतरे से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदम इसके प्रसार को रोकने के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। कोसियोलेक ने कहा, बच्चों को मास्क पहने रहना, शारीरिक दूरी बनाए रखना और बार-बार हाथों को धोना चाहिए।



काठमांडू में नेपाली सैनिकों ने हिंदू त्यौहार दशा के उपलक्ष्य में तोप दागकर खुशी मनाई



ब्रिटिश प्रधानमंत्री अपने सेना अध्यक्षों के साथ एक कार्यक्रम के दौरान भाग लेते हुए

एफडीए ने दी हरी झंडी

# कोविड-19 इलाज के लिए पहली दवाई के रूप में रेमडेसिविर को मंजूरी

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने कोविड-19 इलाज के लिए पहली दवाई के रूप में एंटिवायरल दवाई रेमडेसिविर को बृहस्पतिवार को मंजूरी दे दी। यह दवाई संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों को दी जाएगी। कैलिफोर्निया की जिलियड साइंसेज इंक इस दवाई को वेकलुरी कह रही है और यह पाया गया है कि इस दवाई से मरीज 15 दिन की जगह औसतन 10 दिन में स्वस्थ हो सकते हैं। अमेरिका में राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान के वृहत अध्ययन में ए बातें सामने आई हैं।बसंत के मौसम से आपात आधार पर इस दवाई के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी गई है। यह पहली ऐसी दवाई है जिसे कोविड-19 का इलाज करने के लिए एफडीए ने पूरी तरह से अनुमति दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब इस महीने की शुरुआत में कोविड-19 से पीड़ित हुए थे, तो उन्हें यह दवा दी गई थी।

यह दवाई उन लोगों को दी जा सकती है, जिन्हें संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ गई है और जिनकी उम्र कम से कम 12 साल और वजन कम से कम 40 किलोग्राम है। एफडीएफ, इसे कम उम्र के मरीजों पर भी पूर्व के आपात नियमों के तहत इस्तेमाल की मंजूरी देगी।यह दवाई उस एंजाइम का रास्ता बंद करती है जो कोरोना वायरस की कॉपी बनाने में सहयोग करता है। मरीजों पर इस दवाई के इस्तेमाल से पहले कुछ जांच की जरूरत होगी। इस दवाई का इस्तेमाल मलेरिया की दवाई हाइड्रोक्सीक्लोरोक्वीन के साथ करने से मना किया गया है क्योंकि इससे इसके असरदार होने पर प्रभाव पड़ सकता है।एक बयान में जिलियड के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मेर्डाड पार्से ने कहा, हमें अब जानकारी है और कोविड-19 से लड़ने के लिए जरूरी चीजें भी बन रही हैं। उन्होंने बताया कि इस दवाई को 50 देशों में या तो मंजूरी मिल चुकी है या अस्थाई इस्तेमाल की मंजूरी मिली है। इसकी कीमत अभी विवाद में है क्योंकि किसी भी अध्ययन में इससे जीवित बचने की दर में सुधार नहीं पाया गया। हालांकि पिछले सप्ताह विश्व स्वास्थ्य संगठन की ओर से एक वृहत अध्ययन में यह पाया गया कि यह दवाई अस्पताल में भर्ती कोविड-19 मरीजों की मदद नहीं करती है।

# महामारी करोड़ों और लोगों को घोर गरीबी में धकेलेगी

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र के एक विशेषज्ञ ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण घोर गरीबी में रहने वाले लोगों में 15 से 17.5 करोड़ का इजाफा होगा। अत्यधिक गरीबी और मानवाधिकारों मामलों के विशेष दूत ओलिवियर डी शटर ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण 15 से 17.5 करोड़ और लोग अत्यधिक गरीबी की चपेट में आएंगे। शटर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा की तीसरी समिति (सामाजिक, मानवीय और सांस्कृतिक) को बुधवार को इसके बारे में जानकारी दी। समिति के प्रतिनिधियों ने अपने कई संवाद में दुनिया की सबसे कमजोर वर्ग की दुर्दशा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हमें अपने विकास मॉडल पर पुनर्विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कहा कि जो लोग घोर गरीबी की चपेट में आएंगे उनमें से अधिकतर अनौपचारिक क्षेत्र में या अनिश्चित रोजगार की स्थिति में काम करने वाले श्रमिक होंगे। उनमें से अधिकतर महिलाएं होंगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक सुधार को आकार देने के लिए पर्यावरणीय स्थिरता और सामाजिक न्याय को पूर्वशर्त माना जाना चाहिए। शटर समिति के प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल संवादों में भाग लेने वाले पांच स्वतंत्र विशेषज्ञों में से एक थे। चर्चा में घोर गरीबी और आंतरिक विस्थापन से लेकर शिक्षा, मानवाधिकारों, सुरक्षित पेयजल और पर्याप्त आवास जैसे विषयों को शामिल किया गया था। विशेषज्ञों ने संघर्ष और जलवायु परिवर्तन के बीच परस्पर संबंध का जिक्र किया। छात्रों को महामारी के दौरान स्कूल में स्वच्छ पानी और अन्य स्वच्छता सुविधाएं मिल सकें।

# रूस के हैकरों ने अमेरिकी नेटवर्कों को बनाया निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को कहा कि रूस के हैकरों ने कम से कम दो सर्वर से डेटा चुराया और देश एवं स्थानीय सरकारों के दर्जनों नेटवर्क को निशाना बनाया।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से दो सप्ताह से भी कम समय पहले जारी इस चेतावनी ने मतों के साथ संभावित छेड़छाड़ की आशंका को बढ़ा दिया है और परिणामों की विश्वसनीयता को कमजोर किया है। चेतावनी में हाल में रूस द्वारा प्रायोजित हैकिंग समूहों की देश और स्थानीय नेटवर्क के खिलाफ गतिविधियों का जिक्र है।अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार रात को एक संवाददाता सम्मेलन में ईरानी हस्तक्षेप को लेकर आगाह किया था। इसके बाद एफबीआई और गृह सुरक्षा विभाग की साइबर सुरक्षा एजेंसी का परामर्श रूस की संभावित क्षमताओं को रेखांकित करता है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि रूसी हैकरों ने किसे निशाना बनाया।

# नवाज शरीफ के खिलाफ नया मामला दर्ज करने को मंजूरी

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के भ्रष्टाचार रोधी निकाय राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो ने अपदस्थ प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के खिलाफ नया मामला दर्ज करने को मंजूरी दे दी है। मीडिया में आई खबर में यह जानकार दी गई है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कुछ दिन पहले अधिकारियों से भ्रष्टाचार के मामलों का निपटान जल्द से जल्द करने का अनुरोध किया था। पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) के सुप्रीमो शरीफ (70) को 2017 में भ्रष्टाचार के आरोपों में सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्य करार दे दिया था, जिसके बाद उन्हें प्रधानमंत्री पद छोड़ना पड़ा था। वह फिलहाल इलाज के लिए लंदन में हैं।समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नैब) ने शरीफ के पूर्व निजी सचिव फवाद हसन फवाद, पूर्व संघीय मंत्री एहसान इकबाल, पूर्व विदेश सचिव ऐजाज चौधरी और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पूर्व प्रमुख आफताब सुल्तान के खिलाफ मामले दर्ज करने को भी मंजूरी दे दी है। नैब के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायाधीश जावेद इकबाल की अध्यक्षता में हुई कार्यकारी बोर्ड की बैठक (ईबीएम) में कुल 11 मामले दर्ज करने को मंजूरी दी गई।नैब के अनुसार शरीफ, चौधरी, सुल्तान और फवाद के खिलाफ ए नए मामले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए अवैध रूप से 73 उच्च सुरक्षा वाले वाहन खरीदने के संबंध में दर्ज किए जाएंगे। वे पक्षपात और वाहनों के अवैध इस्तेमाल के आरोपी हैं, जिससे राष्ट्रीय खजाने को। अरब 95 करोड़ 20 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है।ईबीएम ने निजी कंपनी अहमद एंड संस के ठेकेदार एहसान इकबाल और मलिक मोहम्मद अहमद के खिलाफ अधिकारियों से सांठ-गांठ कर नरोवाल में स्पोर्ट सिटी परियोजना की लागत 3 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए दिखाने के संबंध में मामला दर्ज करने की भी मंजूरी दी।नैब ने यह कदम हाल ही में प्रधानमंत्री इमरान खान के भाषण के बाद उठाया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि विपक्षियों को अब एक अलग मिजाज वाले इमरान खान का सामना करना पड़ेगा। उनके इस बयान को और विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और अदालतों में मुकदमे चलाने की चेतावनी के तौर पर देखा गया था। उन्होंने नैब से भ्रष्टाचार के मामलों का तेजी से निपटान करने का भी अनुरोध किया था।




बेरूत में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के बाहर छात्रों ने अजरबैजान के विरोध में प्रदर्शन किया





# चटपटे त्यौहार
## और सेहत व स्वाद का संतुलन

**पोषण विशेषज्ञ कविता देवगन यहां पर्वों के इस मौसम में स्वाद का आनंद लेने के साथ ही अपना भार न बढ़ने देने को ध्यान में रखकर कुछ व्यावहारिक सुझाव दे रही हैं। प्रस्तुत है पूर्ण विवरण**

भारत में वर्ष के इस कालखंड में पर्व और उनकी तैयारी को ध्यान में रखते हुए हम प्राय: अपना भार न बढ़ने देने को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरतते हैं यहां तक कि इस चक्कर में पर्व का भी पूरा आनंद नहीं ले पाते।

त्यौहारों पर वर्ष में एक बार बनने वाले अन्य व्यंजनों के अलावा विशिष्ट मिठाइयों के मोह से बचना हर किसी के लिए संभव नहीं हो पाता। यही कारण है कि पर्व का आनंद लेते लेते हम अपना भार कुछ किलोग्राम तो बढ़ा ही बैठते हैं। दशहरा से लेकर नये वर्ष तक की इस समयावधि में हमें विशेष सावधानी बरतनी होगी तभी हम पर्व का आनंद लेने के साथ ही अपने स्वास्थ्य की रक्षा भी कर सकेंगे। बात बस संतुलन स्थापित करने की ही है और आप थोड़ा ध्यान रखते हुए पर्व का आनंद लेने के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति अपने दायित्वों का भी निर्वाह कर पाएंगे। यहां हम आपको ऐसे ही कुछ सुझाव दे रहे हैं जिन्हें अपनाने से आप स्वादिष्ट व्यंजनों तथा मिठाइयों का आनंद लेने के साथ ही स्वास्थ्य की रक्षा करने में भी समर्थ होंगे।

### स्मार्ट खाओ

पर्व पर बनने वाली मिठाइयों की हम पूरे साल प्रतीक्षा करते रहते हैं। मिठाई का डब्बा देखते ही बार बार बस एक पीस मुंह में रखने से बचना हर किसी के बूते की बात नहीं होती। आप खाइये, लेकिन थोड़ा ध्यान रखते हुए। आप मिठाई खाने से तो स्वयं को रोक नहीं सकते लेकिन इसकी मात्रा और संख्या पर नियंत्रण अवश्य रख सकते हैं। एक अच्छा विचार है कि आप घर में ही बेसन लड्डू जैसी अपनी प्रिय मिठाई बना सकते हैं। बेसन के लड्डू सदियों से भारतीय घरों में स्वाद बिखेरते रहे हैं। इसके स्वास्थ्य लाभ है जो इसे खाने के साथ स्वत: हमें मिल जाते हैं। इसमें आपको फोलिक एसिड मिलता है जो शरीर में लौहतत्व बनाए रखने और श्वेत और लाल रक्त कोशिकाओं की वृद्धि के लिए आवश्यक होता है। इसके उपयोग से आप मिठाई के सेवन के साथ ही स्वत: स्वास्थ्य लाभ मिलता है। बस आपको इतना ध्यान रखना है कि आप बेसन पैक किया हुआ गुणवत्तापूर्ण ही लें। इसके अलावा आप गुड़-हल्दी-घी-अलसी के बीज के लड्डू भी बना सकते हैं और इसे आप जब मन करे एक मुंह में रखकर किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या से बचने के साथ ही स्वास्थ्य लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं।

### कुछ प्रयोग भी हैं आवश्यक

भारतीय पर्वों पर हम जहां रहते हैं, वहां से भिन्न स्थानों या राज्यों के व्यंजन भी बनाने के बारे में सोच सकते हैं। एक तथ्य ध्यान में रखिये कि आपके स्वास्थ्य के लिए अपने क्षेत्र में उपजने वाले पदार्थ ही सर्वाधिक स्वास्थ्यकारी होते हैं। इस प्रयोग के माध्यम से आप त्यौहार पर एक अतिरिक्त भावनात्मक तत्व जोड़ सकते हैं। वैसे भी आप अपने पारंपरिक व्यंजनों के अलावा भी कुछ करना या बनाना तो चाहते ही हैं तो क्यों न हो जाए इस बार ऐसा एक नया प्रयोग? आप नियमित व्यंजनों के स्थान पर इस बार तमिलनाडु का पोंगल भी बना सकते हैं। चावल और मूंगदाल से बने इस व्यंजन में कार्बोहाइड्रेट तथा प्रोटीन के साथ साथ काजू के रूप में स्वास्थ्य के लिए लाभकारी फैट भी प्राप्त करते हैं। विश्वास कीजिये ऐसा करने से आपको एक अलग अनुभव होगा। इसे बनाना सरल है, इसकी विधि इस प्रकार है: 50 ग्राम चावल और 30ग्राम दाल को फ्राई कर लीजिये इसमें 4000 मिलीलीटर पानी डालिये और ढक्कन से बंद कर पकने दीजिये। इस बीच आप तड़के के लिए जीरा, कालीमिर्च और करीपत्ता, अदरख और लहसुन के साथ कुछ काजू के टुकड़े लेकर देसी घी में प्रयोग करें। दाल और चावल पकने पर इस तड़के के साथ आप करीलीफका भी प्रयोग कर सकते हैं। लीजिये तैयार है स्वास्थ्य, स्वाद तथा सुविधा से संपन्न ये अनूठा भारतीय व्यंजन।

यदि आपने रात के डिनर में कई चिकनाईयुक्त पदार्थ से बने व्यंजन प्लान किये हैं तो आपको दोपहर के भोजन में कुछ हल्का रखना होगा। इसमें लालचावल से बने पोहा बना सकते हैं लोग अधिकांशत: सफेद पोहा बनाते हैं लेकिन लोगों को पता ही नहीं है कि बाजार में लाल पोहा भी उपलब्ध है। इसका प्रयोग प्राय: दक्षिण भारत में होता है। पहली बार ये आपके लिए कुछ नया हो सकता है लेकिन इसे बनाकर आप पाएंगे कि ये आपके स्वास्थ्य के साथ स्वाद की आवश्यकता को भी पूरा करता है। इसके लिए भी आपको पैक्ड पोहा लेना होगा जो खुले पोहे से गुणवत्ता में अधिक स्वच्छ तथा पौष्टिक होता है। इसमें पैकेट में नीचे बचने वाला पाउडर जैसा कुछ नहीं होता। इसमें आपको फाइबर की अधिक मात्रा मिल जाती है जो पाचन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसे भी आप किशमिश, मेवा, काली मिर्च, नमक, हरी मिर्च और स्वादानुसार चीनी मिलाकर बना सकते हैं। आप चावल के इस लाल पोहे में मिर्च, मशरूम और पनीर मिक्स करके भी बना सकते हैं। इसके लिए पोहे को पानी में भिगोकर छान लें और फिर इसमें नमक और थोड़ा दही मिला लें। इसका सेवन आप आम या नीबू के अचार के साथ भी कर सकते हैं। इस प्रकार आप भारतीय ढंग से स्वाद और पोषण दोनों प्राप्त कर सकते हैं!



### आवश्यकता से अधिक न खाएं

इस मौसम में खाने की ललक कुछ अधिक ही बढ़ जाती है। इसका पहला कारण ये है कि पर्व के इस मौसमें इतने पकवान बनते हैं कि मन नहीं मानता। दूसरी बात ये कि मौसम में परिवर्तन के कारण हमारी स्वाद ग्रंथि कुछ अधिक सक्रिय हो जाती है। इस समय हम एक गलती ये कर बैठते हैं कि त्यौहार पर इच्छाभर खाने के बाद हम अपने शरीर को फिट रखने के लिए अतिरिक्त व्यायाम या दूसरे प्रबंध कर लेंगे जो कभी संभव नहीं होता। अत: को आपको खाने में अधिक स्मार्ट होना होगा। यदि शाम को भारी डिनर का कार्यक्रम है तो दिन में आपको बेसन के चीले जैसी हल्की वस्तुओं का सेवन करना चाहिये। इसमें आप 50 प्रतिशत सब्जियों का प्रयोग कर इसे और अधिक पोषक और हल्का बना सकते हैं। बाजार में तैयार चीलामिक्स भी उपलब्ध है। इसमें आप पालक, लहसुन और पुदीना मिलाकर हरा-भरा बना सकते हैं। छाछ के साथ लेने से इसका स्वाद और लाभ और अधिक मिल सकता है। यदि आपने दोपहर में ही भारी दावत उड़ा ली है तो शाम को आप मल्टीग्रेन खिचड़ी की योजना बना सकते हैं। इसे भी आप बाजार में उपलब्ध विश्वसनीय ब्रांड का ले सकते हैं। इसमें आपको अतिरिक्त फाइबर के साथ ही समय की बचत भी हो जाती है। इस प्रकार आप हर दिन अपने भोजन को संतुलित बनाकर स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ध्यान लेकर त्यौहारों का पूरा आनंद उठा सकते हैं।

यदि आप शाम को किसी पार्टी में जा रहे हैं तो दिन भर कुछ न खांए, ऐसा कैसे चल सकता है। लेकिन आपको खाने में ध्यान रखते हुए कम चिकनाई वाला कुछ बनाना होगा ताकि संतुलन प्राप्त किया जा सके। इसके लिए आप योगर्ट बना सकते हैं जिसमें कुछ मेवे डाल सकते हैं या विकल्प के रूप में अंकुरित चने जैसा कुछ ले सकते हैं। इस प्रकार आप पार्टी में खाने पर टूट पड़ने से बच सकते हैं और अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं। दिन का समापन आप हल्दी वाले दूध से करें तो और भी श्रेयष्कर होगा। इसमें काली मिर्च का पाउडर मिलाकर लें तो और भी अच्छा होगा। इससे आपकी रोगप्रतिरोधक शक्ति में भी वृद्धि होती है। वैसे भी पर्व के इस मौसम में रोगग्रस्त कौन होना चाहता है? बस इस प्रकार स्वाद और स्वास्थ्य संपन्न पर्व का आनंद ले सकते हैं।

## मीरा नायर की मॉनसून वेडिंग की संगीत श्रृंखला को अगले साल भारत में रंगमच पर प्रस्तुत किया जाएगा

**लॉस एंजिलिस।** मशहूर फिल्मकार मीरा नायर की साल 2001 में आई फिल्म मॉनसून वेडिंग की संगीत श्रृंखला को नवंबर 2021 में भारत में रंगमंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। बुसान फिल्म महोत्सव के डिजिटल कार्यक्रम के दौरान नायर ने कहा कि पहले इसे भारत में और उसके बाद सिंगापुर, दुबई तथा लंदन में प्रस्तुत किया जाएगा। नायर ने कहा, हम अगले साल नवंबर में इसे पेश करने जा रहे हैं। पहले भारत में, फिर सिंगापुर और उसके बाद दुबई में इसे प्रस्तुत किया जाएगा। हो सकता है कि उसके बाद इसे लंदन और फिर अमेरिका में भी प्रस्तुत किया जाए। यह शानदार संगीत श्रृंखला है, जिसमें हमारे देश के नामचीन संगीतकारों में से एक विशाल भारद्वाज ने संगीत दिया है।

## लोकप्रिय भोजपुरी उपन्यास फूलसुंघी का अंग्रेजी में अनुवाद

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध भोजपुरी लेखक पांडेय कपिल द्वारा लिखे गए लोकप्रिय भोजपुरी ऐतिहासिक उपन्यास फुलसुंघी का अब अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। इसे अंग्रेजी में अनुदित होने वाला पहला भोजपुरी उपन्यास बताया जा रहा है जिसे अगले महीने पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया के हैमिल्टन इम्प्रिंट के तहत प्रकाशित किया जाएगा। इसका अनुवाद लेखक गौतम चौबे ने किया है। औपनिवेशिक बिहार की पृष्ठभूमि वाला यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय है और रहस्यवादी कवियों में से एक महेंद्र मिश्रा तथा गणिका ढेलाबाई के बीच के अपूर्ण प्यार की कहानी है। दोनों अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण एक-दूसरे के करीब आते हैं लेकिन उन्हें इसके चलते काफी कुछ झेलना भी पड़ता है। चौबे ने कहा, मैं इस बात को लेकर रोमांचित हूं कि पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया फुलसुंघी का अंग्रेजी अनुवाद प्रकाशित करने जा रहा है। असाधारण उपन्यास का अनुवाद लेखकों, भाषा-विद्वानों एवं भोजपुरी प्रेमियों को एक साथ लाया है। मुझे खुशी है कि बाकी दुनिया भोजपुरी संस्कृति के एक ऐसे पहलू को जान पाएगी जिसकी उसने कभी कल्पना नहीं की थी और आशा है कि वह उसकी समृद्धि की प्रशंसा करेगी। प्रकाशक के अनुसार मुजरा, महफिल, कानूनी लड़ाइयों एवं साजिशों से भरा 1977 का यह उपन्यास पढ़ने में रोचक होगा और भुला दी गई दुनिया के सांस्कृतिक मूल्यों को जीवंत बना देगा।अभिनेता मनोज वाजपेई ने इसकी अनुदित कृति की प्रशंसा की है।

# टीवी कलाकारों ने ताजा कीं नवरात्रि की यादें











नवरात्रि का त्यौहार मां दुर्गा के नौ रूपों की स्तुति के नाम होता है और यह 9 दिन और रातों तक पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया जाता है। जहां इस समय नवरात्रि का त्यौहार शुरू हो चुका हैए वहीं लोग भी अब उत्सव के मूड में आ गए हैं। नवरात्रि के आते ही गरबा और डांडिया की धूम भी शुरू हो जाती है। जहां पूरा देश धार्मिक आस्थाए जोश और उल्लास के साथ नवरात्रि का त्यौहार मना रहा है, वहीं देश में महामारी के चलते इस साल यह त्यौहार कुछ अलग रंग में है। ऐसे में ज़ी टीवी के कलाकारों ने महामारी के बीच यह त्यौहार मनाने के बारे में अपनी राय व्यक्त की।

गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में छोटी गुड्डन का किरदार निभा रहीं कनिका मान कहती हैंए मैं पूरे जोश के साथ नवरात्रि मनाती हूं और इस त्यौहार के दौरान मुझे गरबा खेलना बहुत अच्छा लगता है। हर साल इस त्यौहार पर मैं अपने फैमिली मेंबर्स और दोस्तों के साथ गरबा खेलती थीए लेकिन इस साल मैं ऐसा नहीं कर पाऊंगीए इसलिए मुझे इसकी कमी महसूस हो रही है।

कुर्बान हुआ में नील का किरदार निभा रहे करण जोतवानी ने कहा, मुझे यकीन है त्यौहारों के दौरान हर शहर का अपना एक खास आकर्षण होता है और मुंबई भी इससे अलग नहीं है। कभी ना सोने वाला यह शहर एकाएक पहले से ज्यादा जिंदादिल और रंग.बिरंगा हो जाता है। हालांकि इस साल स्थितियां वैसी नहीं हैं, लेकिन फिर भी मुझे खुशी है कि पूरे देश ने उत्साहपूर्वक मां दुर्गा का स्वागत किया है।

तुझसे है राब्ता में कल्याणी का रोल निभा रहीं रीम शेख ने कहा, नवरात्रि हमेशा से मेरे लिए एक खास त्यौहार रहा है और मैं पूरे उत्साह के साथ हर साल इसका इंतजार करती हूं। मुझे यह त्यौहार और उसका उत्साह बहुत अच्छा लगता है। लोगों को रंग.बिरंगे परिधानों में सजकरए उत्सव की मस्ती में झूमते.नाचते देखकर मुझे बहुत खुशी होती है। अफसोस कि इस साल हम में से कोई भी उस भव्यता और जोश के साथ नवरात्रि का आनंद नहीं ले पाएगा।

अपना टाइम भी आएगा में महारानी राजेश्वरी सिंह रावत का रोल निभा रहीं तनाज़ ईरानी कहती हैंए श्नवरात्रि मेरे परिवार का सबसे खुशियों वाला त्यौहार है और हम पूरे 9 दिनों तक इसे धूमधाम से मनाते हैं और खास तरह के व्यंजन बनाते हैं। मैं गरबा नाइट्स की बहुत बड़ी फैन हूं। इस साल मैं अपने परिवार और दोस्तों के साथ डांस मिस करूंगी।

गुड्डन तुमसे ना हो पाएगा में अगस्त्य बिरला का किरदार निभा रहे सवि ठाकुर कहते हैंए श्मुझे नवरात्रि सेलिब्रेट करना बहुत अच्छा लगता है। वैसे इस साल स्थिति अलग होने के बावजूद मुझे थोड़ा गरबा और डांडिया खेलने का मौका मिला, जब हमने षुड्डुन तुमसे ना हो पाएगा के लिए नवरात्रि के कुछ दृश्यों की शूटिंग की। लेकिन इस साल मैं अपना उपवास मिस करूंगा जो मैं हर साल करता था।

ज़ी टीवी के हमारीवाली गुड न्यूज़ में रेणुका का रोल निभा रहीं जूही परमार कहती हैं नवरात्रि बड़ा खूबसूरत त्यौहार है और जब भी हम इस त्यौहार के बारे में सोचते हैं तो मुझे सबसे पहले गरबा और डांडिया की याद आ जाती है। जहां इन त्यौहारों में बढ़िया संगीत और नृत्य होता है, वहीं हमें भी नवरात्रि के पीछे की वास्तविक कथा भी पता होनी चाहिए। मैंने अपनी बेटी समायरा को शक्ति मां और महिषासुर की पूरी कथा सुनाई है और मैंने उसे यह भी बताया है कि लोग नवरात्रि में उपवास क्यों रखते हैं।

हालांकि मुझे लगता है कि सभी इस बारे में नहीं जानते। इसलिए इस साल जहां हम पर महामारी का खतरा मंडरा रहा हैए वहीं हमें नवरात्रि का असली महत्व भी समझना होगा। इस साल मैं ष्हमारीवाली गुड न्यूज़ के सेट पर अपने को.स्टार्स के साथ नवरात्रि मनाने वाली हूं, लेकिन मैं हमेशा की तरह शक्ति मां की स्तुति कर रही हूं। मेरी बस इतनी ही प्रार्थना है कि यह महामारी जल्द खत्म हो जाए। मैं सारे विश्व के लोगों को हैप्पी नवरात्रि कहना चाहूंगी।

## वेब वर्ल्ड

### माई नेक्स्ट गेस्ट नीड्स नो इंट्रोडक्शन - सीज़न 3



टीवी लेजेंड डेविड लेटरमैन इस टॉक शो में वैश्विक हस्तियों से गहन बातचीत करते हैं जो अत्यंत रोचक और तथ्यपरक होती है। प्रमुख कलाकारों में किम करदाशियां वेस्ट, रॉबर्ट डाउनी जूनियर तथा डेव चैपेल हैं और ये सीरीज़ 21 अक्तूबर से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।



### कैडेवर

जब एक विचित्र होटल डिनर शो में अकालपीडित जुटने लगते हैं तो एक परिवार को लगता है कि उन्हें इसके लिए कुछ अधिक ही धन व्यय करना होगा। प्रमुख कलाकारों में जिट विट, थॉमस गुलेस्टेड तथा थॉर्बन हर आदि है। फिल्म 22 अक्तूबर से नेटलिक्स पर उपलब्ध है।



### बारबेरियन्स - सीजन 1

शक्तिशाली साम्राज्य जिसने उसे पाला-पोसा और उसके अपने कबीले के लोगों के बीच फंसे एक रोमन अधिकारी की निष्ठा और बाद में संघर्ष की कहानी है बारबेरियन्स। इसे बनाया है आर्न नॉल्टिंग, जैन मार्टिन शार्फऔर एंड्रियास हेकमैन ने। नेटलिक्स पर 23 अक्तूबर से प्रारंभ।

सीएम ने `महिला हेल्प डेस्क' का किया वर्चुअल उद्घाटन...

# खैराबाद थाने में शुरू हुआ 'मे आइ हेल्प यू'



थाना परिसर का सजा गेट




खैराबाद देहात-महिला हेल्प डेस्क के उद्घाटन मौके पर मौजूद सांसद राजेष वर्मा, एडीजी एसएन सांवत



खैराबाद-एडीजी एसएन सांवत को स्मृति चिन्ह देते एसपी आरपी सिंह।



लहरपुर-महिला शक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकालती छात्राएं

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** थाना खैराबाद की महिला हेल्प डेस्क को सीएम के वर्चुअल उद्घाटन का सौभाग्य मिला। महिलाओं को सुरक्षा का अहसास कराकर सम्मान की अनुभूति कराने के लिए शासन द्वारा शारदीय नवरात्र से वासंतिक नवरात्र तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जनजागरण के जरिए लोगो से नारी सम्मान की अपील की जा रही है। खैराबाद थाने में आयोजित कार्यक्रम में एडीजी एसएन सांवत, सांसद राजेश वर्मा, मिश्रिख सांसद अशोक रावत, डीएम विशाल भरद्वाज, एसपी आरपी सिंह, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, बिसवा विधायक महेंद्र यादव, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डॉ राजीव दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी एनपी सिंह, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, सीओ विसवां सुशील कुमार सिंह, सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, सीओ मिश्रिख एमपी सिंह और छात्राएं इस पल का साक्षी बनी। संचालन शोभित टण्डन ने किया। कार्यक्रम में आईजी रेंज लक्ष्मी सिंह को भी आना था लेकिन वह नहीं आ सकीं। खैराबाद को में मिली इस उपलब्धि में एसपी आरपी सिंह व एएसपी नार्थ डॉ. राजीव दीक्षित का विषेश योगदान रहा है। दोनों अधिकारियों ने दिन रात एक करके सिर्फ 2 दिनों में हेल्प डेस्क का केविन तैयार करवा दिया था। इसीलिए खैराबाद हेल्प डेस्क का चयन प्रदेश की उन 20 हेल्प डेस्क में किया गया जिनका उद्घाटन सीएम ने किया है। कोतवाली लहरपुर, मिश्रिख, थाना मछरेहटा, रेउसा, इमलिया सुल्तानपुर आदि पर भी महिला हेल्प डेस्क का शुभरम्भ किया गया।

● **एडीजी एसएन सांवत ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर किया सम्बोधित**

## सोमवार से शुरू होगा विद्युत चेकिंग अभियान

● **गुड़बेलों पर चलेगा चेकिंग अभियान**

**सीतापुर।** जिले में संचालित गुड़ बेलों के लिए अस्थायी विद्युत कनेक्शन देने की प्रक्रिया रविवार शाम तक पूरी हो जाएगी जिसके बाद सघन चेकिंग अभियान चालू कर दिया जाएगा। यह जानकारी सीतापुर विद्युत वितरण मण्डल के अधीक्षण अभियंता सी पी यादव ने एक सूचना के जरिए दी है। श्री यादव ने बताया कि अब तक 52 लोगों ने अस्थायी कनेक्शन ले लिए है यह क्रम रविवार शाम तक चलता रहेगा जिसके बाद छापामार कार्रवाई शुरू की जाएगी इस कार्य हेतु टीमों का गठन कर दिया गया है जो संभावित जगहों पर रात में भी छापेमारी करेंगी। इस दौरान जो भी व्यक्ति विद्युत चोरी करते पाया जाएगा उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

### ग्रामीण व टाउन में चला चेकिंग अभियान

**विद्युत वितरण** खण्ड प्रथम के अधिशासी अभियंता एके श्रीवास्तव व अधिशाषी अभियंता परीक्षण ई. राधेश्याम ने संयुक्त रूप से वितरण व परीक्षण की टीम बनाकर ग्रामीण व टाउन में अभियान चलाया। इस दौरान खराब मीटर बदले गए और वसूली की गई। ग्रामीण क्षेत्र में जेई रमेश सिंह व अमित ने कमासन संभाली और शहर में जेई अनिल सिंह व मिथिलेश सिंह ने अभियान चलाया।



सीतापुर-मीटर की जांच करते जेई रमेश सिंह

## आर्यवर्त बैंक शाखा पर 82 हजार रूपये गबन का आरोप

**सीतापुर।** मिश्रिख किशुनपुर निवासी शैलेंद्र कुमार यादव ने कस्बे की आर्यावर्त बैंक शाखा पर 82 हजार रूपए गबन का आरोप लगाया है। कोतवाली में दी गई तहरीर में उन्होंने कहा कि उनके खाते से आठ बार में 10 -10 हजार और एक बार 2 हजार रूपए निकाले गए हैं। कोतवाल मनोज यादव ने बताया कि प्रकरण की जांच की जा रही है। शाखा प्रबंधक आकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़ित का पत्र रीजनल मुख्यालय भेजा गया है, निर्देश मिलते ही कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

**कर्मचारी के बैंक एकाउंट से पार हुए 32 हजार:** सीएचसी बिसवां के कर्मचारी के बैंक एकाउंट से 32 हजार रूपए पार हो गए है। कर्मचारी सोहनलाल का खाता भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिसवां में है। इसी में उनकी सैलरी आती है। सोहनलाल ने कोतवाली में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक इंद्रजीत सिंह चौहान ने बताया कि जांच की जाएगी।

नवरात्र का सातवां दिन...

## भक्तों ने जटा नरियल चढ़ाकर मां से मांगी मन्नत

संवाददाता। सीतापुर

**बंगाल की** महशूर देवी की पूजा का साक्षी बनना है तो आँख अस्पताल आइए। यहां श्री श्री सार्वजिनन दुर्गोत्सव समिति के पाण्डाल में पुरोहित गोपाल मुखर्जी मंत्रो उच्चारण शंख, घंटा व धाक की ध्वनि के साथ पूजा कराते हैं। शुक्रवार को उन्होंने महासप्तमी की पूजा की। आकाश राय, रंजीत दास, संजीव दास, एन एन चटर्जी, विश्वजीत पोले, एस के दत्ता, डॉ प्रदीप राय, बी सी मजुमदार, पंकज मुखर्जी, पी के राय, वंदना राय, प्रियंका राय, श्यामली पोले, इला दत्ता, सुधा विश्वास, निधी चक्रवर्ती, मंजली मुखर्जी आदि ने भी पूजन अर्चन किया। नवरात्र के सातवें दिन मां काली की पूजा की गई। भक्तों ने गोपाल घाट स्थित मां काली के मंदिर में जटा नारियल फोड़कर भयमुक्त करने की मन्नत मांगी। नैमिष के मां ललिता देवी मंदिर सहित जनपद के अन्य देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। उधर बेहटा क्षेत्र के ग्राम मोगलापुर में मां भगवती की झांकी सजाई गई। मां भजनों पर श्रद्धालु पूरी रात झूमते रहे। आयोजक भाजपा पिछड़ा वर्ग के जिला संयोजक रामजीवन जायसवाल, संतोष वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सलिल श्रीवास्तव, तुमुल श्रीवास्तव, संतोष शुक्ला, दिनेश प्रधान सुरेपारा, संजय अवस्थी, रामनरायन मिश्रा, पंकज तिवारी, नीरज पाण्डेय, सुधीर वर्मा आदि मौजूद रहे।



### क्विक न्यूज

#### जनपद में मिले कोरोना के 19 मरीज, सुस्त पड़ने लगी कोरोना की रफ्तार

**सीतापुर।** जिले में कोरोना प्रसार की रतार सुस्त होने लगी है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि लापरवाही की जाए, सर्दी में कोरोना डेंजरस मोड़ में वापसी कर सकता है, इसलिए कोविड प्रोटोकाल का पालन करने में ही भलाई है। शुक्रवार को जिले में 19 नए मरीजों की पहचान की गई है। शहर के तरीनपुर व इस्माइलपुर में 1-1 मरीज मिला है। मिश्रिख में 5, मछरेहटा व सिधौली में 2-2 और एलिया, बिसवां व महोली में 1-1 केस निकला है। 5 मरीज अन्य स्थानों के हैं। इसी के साथ सीतापुर में कोरोना मरीजों की संख्या 4,124 हो गई है।

पायनियर कोरोना अपडेट

#### प्राकृतिक आपदा में पीड़ित को नहीं मिली मदद

**मछरेहटा सीतापुर।** नौकरशाही से आमजनता किस तरह परेशान होती है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लगभग तीन महीने पहले प्राकृतिक आपदा से हुई दर्दनाक मौत पर मुआवजा अभी तक नही मिल पाया । मामला ग्राम पंचायत फतेपुर के मजरा मंसूरनगर का है जहा फकरुद्दीन की तेरह वर्षीय लड़की की अचानक कच्ची दीवार गिरने से मौत हो गई थी । मौके पर पहुंचे लेखपाल ने जांच पड़ताल की थी और तहसीलदार ने प्राकृतिक आपदा के तहत आर्थिक सहायता देने का आश्वासन भी दिया था लेकिन यह आश्वासन और जांच फाइलों मे दबकर रह गया और मृतका महनाज का पिता अधिकारियो के चक्कर लगा रहा है । प्रार्थी फकरुद्दीन ने परेशान होकर इस सम्बन्ध मे जिलाधिकारी से गुहार लगाई है ।

#### प्रेमी संग फुर्र हुई तीन बच्चों की मां

**मछरेहटा सीतापुर।** मछरेहटा सीतापुर तीन बच्चों की मां प्रेमी संग हुई फरार मछरेहटा क्षेत्र के ग्राम इटौवा निवासी रामनरेश पुत्र शिवराम ने थाने मछरेहटा पर प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी घर का जेवर लेकर फरार हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनरेश ने प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी रूबी देवी उम्र लगभग 30 वर्ष 6 अक्टूबर की दोपहर से अपने 2 वर्ष के बच्चे के साथ घर से घर से गायब हो गई घर में वह यह कह कर गई थी कि इलाहाबाद बैंक की शाखा राठौर मछरेहटा से पैसा निकालना है लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी जब वह घर को नहीं आई तो रामनरेश ने अपने रिश्तेदारों में उसे तलाश किया बीती 21 तारीख को रामनरेश के अनुसार उसे जानकारी मिली की उसकी पत्नी रूबी ग्राम दतवल थाना संदना में है और राम कुमार व शिवकुमार पुत्र गण राजाराम निवासी ग्राम बरोह थाना संदना ने उसे अपनी गाड़ी से कहीदूसरी जगह भेज दिया रामनरेश ने जब दतवल में जाकर लोगों से पूछा तो आरोपित लोग गुंडागर्दी करते हुए उससे झगड़ने लगे इस संबंध में पीड़ित राम नरेश ने थाना मछरेहटा में प्रार्थना पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है इस संबंध में मछरेहटा कोतवाल ओम प्रकाश तिवारी ने कहा के पीड़ित राम नरेश की हर संभव सहायता की जाएगी और उसे न्याय दिलाया जाएगा।

#### मिठाई की दुकान से हुई चोरी

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली के सांडा गांव में चोरों ने मिठाई की दुकान पर हाथ साफकर दिया। दीवार में सेंध लगाकर 25 सौ रूपए नगदी के साथ ही लौंज की मिठाई और कोल्डड्रिंक की बोतलें पार कर दी। पीड़ित अजय गुप्त ने तहरीर दे दी है। कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया छान बीन षुरू कर दी गई है।

#### जल्लाबाद में संदिग्ध हालात में मिला दम्पति का शव

**कमलापुर सीतापुर।** कमलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवागांव का मजरा जल्लाबाद में पति पत्नी के आपसी कलह के चलते दोनो ने आत्म हत्या कर ली। ग्राम पंचायत जोहरियामऊ का मजरा प्रेमाई पुरवा निवासी वेद राजवंशी उम्र (31)पुत्र स्वर्गीय लल्लू की शादी 5 वर्ष पूर्व जल्लाबाद के निवासी हरिकरन के लड़की की शादी मंशा देवी (मीना) उम्र (30) के साथ हुई थी जो विगत कुछ दिनों से दिल्ली में कार्य कर रहे थे लॉकडाउन के चलते हैं घर आ गए लेकिन लॉक डाउन की राहत मिलते हैं पति-पत्नी पुनः दिल्ली चले गए थे एक हफ्ता पहले पत्नी अपने मायके जल्लाबाद चली आई थी पति दिल्ली में ही रुका हुआ था एक दिन पहले पति दिल्ली से वापस आकर आपसी वाद विवाद के चलते रात के समय दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा हुआ जिसके चलते पति ने पत्नी को जहर पिलाकर खुद कमरे में लकड़ी की धन्नी से रुपट्टा से अपनी जान दे दी। दम्पति के दो पुत्र अतुल 10 वर्ष अर्पित 7 का है जो अपनी नानी के पास ही रहते थे। सहुराल पक्ष में सिर्फ4 लड़की ही है जिसमे से दो बहनों की पूर्व में ही मृत्यु हो चुकी थी। जिसकी सूचना परिवार वालो के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पहुचे थाना प्रभारी रामनरेश यादव पहुच कर घटना की सूचना उच्च अधिकारियों दी सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी दिनेश कुमार यादव, सहित घटनास्थल पर पुलिस बल मौजूद रहा शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अध्यापकों को मिला ज्वाइनिंग लेटर



संवाददाता। सीतापुर

**राजकीय माध्यमिक** विद्यालयों में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित 3,317 सहायक अध्यापकों को सीएम योगी आदित्यनाथ ने ज्वाइनिंग लेटर दिया।

इसी कड़ी में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, विधायक बिसवां महेंद्र सिंह यादव व जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र शर्मा ने एनआईसी कक्ष में संजीव कुमार, संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुशील कुमार सचान, विनीत कुमार पांडेय, रीतू पोरवाल, कौशल किशोर सिंह, अंकित त्रिपाठी, शिवानी, भानु प्रताप सिंह, कृष्ण मुरारी अवस्थी, नीतू अग्रवाल व रोहित कुमार को नियुक्ति पत्र दिए। नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों में खुषी का ठिकाना न रहा।

### डीएम ने किया समूहों का गठन

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने महिला समूहों के गठन पर जोर दिया है। वह शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय आसरा योजना की समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने समूहों से डेऊसे सिलाई का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देष भी दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक डूडा सुधीर गिरि, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार आदि मौजूद रहे।

कोतवाली बिसवां पुलिस ने गिरफ्तार की तीन शातिर महिलाएं...

## सावधान! ये शातिर महिलाएं कर सकती हैं आपके त्योहारों का रंग फीका

● **महिलाओं के पास से एक आदत पीली धातु की चैन बरामद, जेल भेजने की कार्रवाई**

**सीतापुर।** सावधान! कहीं ऐसा ना हो कि कहीं कोई महिला आपके गले में पड़ी चेन को पार करके आप के त्योहारों के रंगों में भंग ना डाल दे। कहीं ऐसा ना हो कि नवरात्रि के दौरान आप मेला देखने में मगन हो गए या फिर मंदिर में पूजा करने में लीन या फिर आपने अपने पास खड़ी महिला की गतिविधियों पर ध्यान नहीं दिया और आपके गले में पड़ी सोने की चेन पलक झपकते गायब हो गई। यह हम यूंही नहीं कह रहे बल्कि कोतवाली विसवां में पुलिस ने ऐसी ही 3 महिलाओं को गिरफ्तार किया है जो आपके गले में पड़ी सोने की चेन को पल भर में गायब कर देने में माहिर हैं। केवल बिसवां इलाके में ही नहीं बल्कि आसपास के समस्त इलाके को निशाना बनाती है। जानकारी देते हुए कोतवाल इंद्रजीत सिंह ने बताया कि 2018 के दौरान जब वह लहरपुर में तैनात थे तो वहां ऐसी ही घटनाएं हुई थी इतना ही नहीं बीते एक माह पहले भी कोतवाली विसवां में ही 2 महिलाओं को पुलिस ने इसी के चलते गिरफ्तार किया था। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार की गई थाना रामपुर कंला के चंद्रावल निवासी रानी, थाना कमलापुर की सुल्तानपुर निवासी राधा व मानपुर निवासी रामदेवी शातिर किस्म की महिलाएं हैं जिनके पास से एक अदद पीली धात की चेन बरामद हुई है। इनके गिरोह में अन्य महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार यह महिलाएं रामपुर कला, मानपुर, राजाडीह क्षेत्र में मेलो की भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों में लोगों को अपना शिकार बनाती हैं। गिरफ्तारी टीम में एसआई अखिलेश कुमार, कांस्टेबल नीरज कुमार, महिला आरक्षी सुषमा, रेनू, व पूनम सिंह शामिल रहीं।

### सर्राफा एसो. के अध्यक्ष की मां का हुआ निधन

**लहरपुर सीतापुर।** सर्राफा एसोसिएशन के लहरपुर के अध्यक्ष रियाज अहमद की मां का 82 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया है। वह लम्बे समय से बीमार थी। नगर पालिका अध्यक्ष जासमीर अंसारी, जेडआर रहमानी, हाजी सोहराब अली कादरी, हाजी जावेद अहमद, हाजी सिराज अहमद, सलाउद्दीन गौरी, रजीउद्दीन अंसारी, हाजी कमाल अहमद, हाजी रईस अहमद, मौलाना आफताब अहमद कासमी, मौलाना अनवार हुसैन कादरी, मुती खबीर नदवी, मौलाना शोएब, हाफिज अली, शमशुल हसन सिद्दीकी, मुती अब्दुर्रहमान आदि ने षोक व्यक्त किया है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री के प्रथम आगमन पर, अटरिया, सिधौली, कमलापुर, टोलटैक्स, नैपालापुर, हरगांव सहित तमाम जगहों पर हुआ स्वागत...

# प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का हुआ जोरदार स्वागत



सिधौली-कमलापुर में कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता



सिधौली में स्वागत के दौरान मौजूद विधायक सेउता ज्ञान तिवारी, पूर्व एमएलसी राकेश सिंह व अन्य कार्यकर्ता



हरगांव-प्रदेश महामंत्री को चांदी का मुकुट देते युवा भाजपा नेता आलोक वर्मा



सीतापुर-नैपालापुर में अनूप गुप्ता स्वागत करते महामंत्री अनूप विश्वकर्मा

संवाददाता। सीतापुर

**भारतीय जनता** पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का सीतापुर से गुजरते हुए जिले में भव्य स्वागत किया गया। लखनऊ से ही साथ रहे सेवता विधायक ज्ञान तिवारी व पूर्व एमएलसी राकेश सिंह

के साथ खैराबाद टोल प्लाजा पर पार्टी जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा समेत पार्टी के कई नेताओं ने किया अपने महामंत्री का स्वागत किया। भाजपाइयों में खुशी की लहर ढोल नगाड़ों के साथ जगह जगह पर हो रहे स्वागत कार्यक्रम होते रहे। स्वागत करने वालों में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश त्रिपाठी ,राजेश शुक्ला, जीसीडीएस के चेयरमैन सत्य प्रकाश मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता, रितेश सिंह, रोहित सिंह, बच्चे बाजपेई, विपुल सिंह, शैलेश सिंह शैलू, विपिन मिश्रा, राहुल मिश्रा, आशीष मिश्रा गीतू, इंदू सिंह चौहान, जया सिंह, संजय मिश्रा, उपेंद्र शुक्ला, अनिल भार्गव, रमेश भार्गव दीपू, सलिल सेठ आदि कार्यकर्ता रहे मौजूद। उधर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री अनूप गुप्ता के आगमन पर खैराबाद भाजपा संगठन दो टुकड़ों में बटा नजर आया। नगर अध्यक्ष संदीप अवस्थी और नगर महामंत्री अवध बिहारी मिश्र ने अलग-अलग स्थानों पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री का स्वागत किया। भाजपा युवा मोर्चा ने नैपालापुर चौराहे पर स्वागत किया। जिला संयोजक अनूप विश्वकर्मा, विक्रम सिंह, मृदुल मिश्रा, तरूण मिश्र, गौरव मिश्र, योगेश मिश्र, सौरभ मिश्र आदि मौजूद थे। हरगांव में विधायक सुरेश राही, उदित बाजपेयी, परमेश्वर भार्गव, देश दीपक भार्गव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थानों में स्थापित हुईं महिला हेल्प डेस्क

- कोतवाली सदर में डीएम व एसपी ने किया शुभारंभ
- महिलाओं को हेल्प डेस्क से मदद लेने की अपील

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी










**मिशन शक्ति** अभियान के अंतर्गत जिले के सभी थानों पर महिला हेल्पडेस्क स्थापित किया गया। कोतवाली सदर में महिला हेल्प डेस्क के शुभारंभ के दौरान डीएम शैलेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक विजय ढुल, जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह सहित तमाम अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त सांसद अजय कुमार मिश्र ने थाना तिकुनियां, विधायक सदर योगेश वर्मा ने थाना खीरी, विधायक धौरहरा बाला प्रसाद अवस्थी ने थाना धौरहरा, विधायक श्रीनगर मंजू त्यागी ने थाना फूलबेहड़, विधायक निघासन शशांक वर्मा ने थाना निघासन, विधायक पलिया रोमी साहनी ने थाना पलिया, विधायक कस्ता सौरभ सिंह ने थाना मितौली व विधायक गोला अरविंद गिरी ने थाना गोला पर महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के बाद थाने पर आयी हुई पीड़िताओं के प्रार्थना पत्रों को प्राप्त कर महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा प्राप्ति पर्ची प्रदान की गयी। पीड़िताओं की समस्याओं का तत्काल निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

**मैलानी संवाददाता के अनुसार,** मैलानी थाने में भी महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती द्वारा फीता काट कर किया गया। महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से पीड़ित महिलाओं के बैठने के स्थान व पेय जल व्यवस्था तथा इंटरनेट सुविधा के माध्यम से उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा। कक्ष में टोल फ्री नंबर भी अंकित है ताकि जरूरत पड़ने पर महिलाएं पुलिस की सहायता ले सकें। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आनलाइन सुझाव व निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला तथा संचालन अरविंद कुमार मिश्र ने किया। इस मौके पर सुनील कुमार चोपड़ा, राजेश कुमार गोयल, राजेश शर्मा, सुरेन्द्र मिश्र, प्रीति सेम्सन, राबर्ट विलियम व पीएचसी चिकित्सा प्रभारी डाक्टर संजीव कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**बेहजम संवाददाता के अनुसार,** नीमगांव कोतवाली परिसर में महिला हेल्प डेस्क कार्यालय का विधि पूर्वक पूजा-अर्चना के साथ फीता काटकर शुभारंभ किया गया। डेस्क पर थाने के एक एसआई की निगरानी में 24 घंटे महिलाओं की समस्याओं के निदान के लिए चार महिला आरक्षी की शिफ्ट वाइज कार्यालय में ड्यूटी रहेगी। ड्यूटी करने वाली आरक्षी थाने पर आने वाली महिलाओं की सूचना दर्ज कर उस पर तत्काल कार्रवाई की सुनिश्चित करेंगी। इस मौके पर इंस्पेक्टर गजेंद्र सिंह, दरोगा हीरा लाल रावत, दरोगा अनेक पाल सिंह, चौकी प्रभारी बेहजम अनिल पांडे, चौकी प्रभारी सिकंद्राबाद हनुमंत तिवारी, महिला आरक्षी नीतू यादव, हीना सिंह, क्षमा देवी सहित पुलिस स्टाफ, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती शांती देवी पांडेय, रानी मिश्रा, शिखा रानी, पुष्पा देवी, लक्ष्मी देवी, सावित्री देवी, मधुरानी, खेल कुमारी व अंजना देवी सहित अनेक सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

**गोला गोकर्णनाथ संवाददाता के अनुसार,** गोला कोतवाली परिसर में बनाये गए महिला हेल्प डेस्क का गोला विधायक अरविंद गिरि ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से वर्चुअल मीटिंग की। विधायक ने महिलाओं के हित मे चलाए गए मिशन शक्ति कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार प्रकट करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण एवं उनके उत्थान हेतु उठाया गया यह कदम सराहनीय है। अब पीड़िताओं को जरूरत पड़ने पर तत्काल महिला आरक्षी से मिलने पर मदद मिलेगी। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गोला अरविंद कुमार पांडेय, भाजपा नेता हरीश भारती, राम गुलाम पांडे, बालकृष्ण गुप्ता, गोपाल कृष्ण शुक्ला, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, दिलीप यादव, विनीत पांडे व शोभित सिंह सहित महिला आरक्षी और पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

**मोहम्मदी संवाददाता के अनुसार,** शासन के दिशा-निर्देश पर तहसील मोहम्मदी में भी खुला महिला समस्याओं को देखते हुए हेल्प डेस्क बनाई गयी। उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने बताया कि आज मोहम्मदी तहसील में एक महिला हेल्प डेस्क बनाई गई है जिसमें दिवस वार एक महिला लेखपाल और एक एडब्ल्यूपीएन कर्मचारी प्रतिदिन इस महिला हेल्प डेस्क पर मौजूद रहेगी तथा महिला संबंधी के साथ-साथ राजस्व संबंधी शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा। जिसकी मानीटरिंग मेरे व तहसीलदार के माध्यम से लगातार की जाती रहेगी।

## ग्रामीणों की मदद के लिए विधायक ने दी एक लाख की सहायता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** पलिया विधायक रोमी साहनी ग्रामवासियों के आग्रह पर गोविंदनगर रपटा पुल के पास रास्ते को देखने पहुंचे। रपटा पुल के पास सोतिया नाले द्वारा काटे गए रास्ते को देखा और मार्ग निर्माण के लिए ग्रामीणों को एक लाख की मदद की। विधायक रोमीसाहनी ने ग्रामवासियों के आने-जाने की गंभीर समस्या को देखते हुए तत्काल एक लाख रुपये देने की घोषणा की। बोरी मंगा के ग्रामवासियों को कल 23 अक्टूबर से रास्ते का काम शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया कि उनके रहते किसी को न तो कही जाने की जरूरत है न ही परेशान होने की आवश्यकता है। जरूरत पड़ने पर और भी सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया।

## सपा ने मनाया अखिलेश का जन्मदिन

**मोहम्मदी-खीरी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 47 में जन्मदिन पर गोला रोड पर स्थित लक्ष्मण गुप्ता के प्रतिष्ठान पर जन्मदिन समाजवादी पार्टी इस संगठन ने केक काटकर मनाया। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष दिलीप यादव, नगर अध्यक्ष इकरार खां, पूर्व नगर अध्यक्ष सगीर आलम सिद्दीकी, सपा नेता राम प्रकाश सिंह, शत्रोहन सिंह, युवा नेता मधुर सिंह मधुर, कामरान हुसैन, शमसुद्दीन मंसूरी, मोहम्मद आमिर, मुन्ना अंसारी, राजन मोनू यादव, बाल्मीकि, मोहित कटिहार व फिरोज चसूरी सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंडियन बैंक द्वारा रिटेल ऋण एवं पीएम स्वनिधि शिविर का हुआ आयोजन

**लखीमपुर-खीरी।** इंडियन बैंक द्वारा रिटेल ऋण एवं पीएम स्वनिधि शिविर का आयोजन इंडियन बैंक, एलआरपी चौराहा शाखा लखीमपुर में किया गया। इस ऋण शिविर का आयोजन मंडल प्रमुख, लखीमपुर खीरी मनोज कुमार शर्मा की उपस्थिति में हुआ। इस शिविर में इंडियन बैंक द्वारा ग्राहकों को रिटेल क्षेत्र एवं प्रधानमंत्री की पीएम स्वनिधि योजना में ऋण वितरित कर लाभान्वित किया गया। सर्वप्रथम मण्डल प्रमुख मनोज कुमार शर्मा ने समस्त अधिकारी गण और ग्राहकों को आभार व्यक्त करते हुए ऋण शिविर की जानकारी दी गयी। उन्होने आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए बैंक की रिटेल योजनाओं एवं उनके लाभ के बारे में ग्राहकों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री की पीएम स्वनिधि योजना के बारे में भी ग्राहकों को जानकारी दी। उन्होने बताया कि जिला की अग्रणी बैंक होने के नाते इंडियन बैंक ने सदैव ही सरकार की विभिन्न योजनाओं को ग्राहकों तक पहुंचाया है। उन्होंने ग्राहक बंधुओं को बैंक द्वारा पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## कार की चपेट में आकर दस वर्षीय बालिका की मौत

**संडीला( हरदोई )।** कार की चपेट में आकर एक दस वर्षीय बालिका की मौत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुणरा लूमामऊ निवासी धीरेन्द्र की दस वर्षीय पुत्री लाली अपनी रिश्तेदारी में अपनी माता के साथ मुरारनगर आई थी। वह जब सड़क पार कर रही थी तभी चौराहे पर इन्नोवा कार नं0 यूपी 32 एमएन/3434 ने उसे टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। लोगों को दिखाने के लिए कार चालक बालिका को लेकर संडीला आया और यहां एक प्राइवेट अस्पताल में छोड़कर रफूचक्कर हो गया। बालिका की मौत हो गयी। इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। समाचार लिखे जाने तक मृत बालिका के तमाम परिजन मर्चरी पहुंच गए हैं।

## दुर्घटना में बाइक सवार जीजा की मौत, साला गंभीर

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच राजमार्ग पर बस्तापुर मोड़ के पास डम्फर की टक्कर से बाइक सवार जीजा की मौके पर मौत हो गई। पीछे बैठा साला गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए पुलिस ने जिला अस्पताल भिजवाया। जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर रात खटौली गांव निवासी रामू 33 वर्ष थाना क्षेत्र के ही गोछ गांव निवासी अपने साले सर्वेश के साथ बाइक से फतेहपुर से बहुआ की ओर जा रहा था। विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार डम्फर ने टक्कर मार दिया। जिससे रामू की मौके पर मौत हो गई। जबकि सर्वेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों का जमावड़ा लग गया। तत्काल सरकारी एम्बुलेन्स के जरिये दोनों को अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने जहां रामू को मृत घोषित कर दिया वहीं साले सर्वेश को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। थानाध्यक्ष ललौली संदीप तिवारी ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन के लिए भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री ने कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का किया ऑनलाइन शुभारंभ



**बरेली ।** मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में 1535 पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बरेली कोतवाली की महिला हेल्प डेस्क का भी मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा शुभारंभ सम्पन्न हुआ। बरेली के समस्त 29 थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित कर दी गई हैं। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री ने कहा कि जो महिला हेल्प लाइन हैं, उन नंबरों पर जरूरत मंद ही कॉल करें, अनावश्यक कॉल करने से बचें। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा से संबंधित सरकार की सभी योजनाओं का प्रभावी प्रचार प्रसार किया जाए ताकि आम जन मानस तक महिला कल्याण और उनके सशक्तिकरण की जानकारी हो सके। महिला हेल्प डेस्क के शुभारंभ के अवसर पर कोतवाली में नगर विधायक माननीय डॉक्टर अरुण कुमार, मंडलायुक्त रणवीर प्रसाद, एडीजी पुलिस अविनाश चंद्र, डीआईजी पुलिस राजेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बरेली श्री रोहित सिंह सजवाण सहित अन्य अधिकारी एवं महिला स्वयं सेवी संगठनों की प्रतिनिधि मौजूद थीं।

## मिशन शक्ति अभियान में महिलाओं की स्कूटी रैली का फीता काटकर व हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

संवाददाता। बरेली



''**मिशन शक्ति** अभियान'' के अन्तर्गत मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देश के क्रम में जनपद बरेली में आज महिला कल्याण विभाग द्वारा परिवहन विभाग में ऑटो ड्राइवरों एवं बस कंटक्टरों को मिशन शक्ति अभियान एवं महिला कल्याण की योजनाओं, 1090 वीमेन पावर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-आपातकालीन सेवायें, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, 108-एम्ब्यूलेंस सेवा, आदि हेल्पलाइन नम्बरों के विषय में जानकारी दी गयी। ''मिशन शक्ति अभियान'' के अन्तर्गत आज माननीय विधायक शहर डॉ. अरूण कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रोहित सिंह सजवाण ने सामूहिक रूप से गॉधी उद्यान से पुलिस विभाग व महिला कल्याण विभाग तथा स्वयं सेवी संगठनों की महिलाओं की स्कूटी रैली का फीता काटकर तथा हरी झण्डी दिखाकर स्कूटी रैली को रवाना किया।आज जनपद में गांधी उद्यान पार्क से समाज सेवी संगठन, आम जनता एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिशन शक्ति अभियान के प्रचार-प्रसार के लिये स्कूटी रैली का आयोजन किया गया, मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत भव्य स्कूटी रैली का आयोजन (40 स्कूटी), 01 एल0ई0डी0 वैन, 02 प्रचार वाहन तथा पुलिस जिप्सियाँ आदि के द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया एवं मास्क तथा सैनिटाइजर वितरित किये गये। कोरोना संक्रमण की रोकथाम व सहायता हेतू जानकारी दी गयी। आज के अवसर पर नगर के प्रमुख चौराहे-चौकी चौराहे, आयूब खाँ चौराहे को मिशन शक्ति अभियान से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री द्वारा अच्छे से सजाया गया। भव्य स्कूटी रैली का आयोजन गांधी उद्यान से कोतवाली तक किया गया। भव्य स्कूटी रैली का समापन कोतवाली में किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत जारी कार्ययोजना अनुसार आज वेबिनार का अयोजन किया गया जिसमें कोरोना संक्रमण की रोकथाम व सहायता, महिला सुरक्षा, यातायात आदि के लिये किये गये जिसमें महिला कल्याण विभाग तथा स्वैच्छिक संगठनों द्वारा प्रतिभाग किया गया।महिला कल्याण विभाग द्वारा आज जनपद बरेली में विकास भवन के समस्त कार्यालयों में कोरोना संक्रमण से बचाव एवं मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार सामग्री वितरित की गयी।

# महिला अपराधों पर अंकुश लगाने की अच्छी पहल है मिशन शक्ति

संवाददाता। असोथर (फतेहपुर)



**प्रदेश भर** में शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति का आयोजन व्यापक स्तर पर किया जा रहा है। मिशन शक्ति के क्रम में प्रदेश भर में थाना स्तर पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना करने का क्रम शुरू किया गया है। जनपद में मिशन शक्ति को बल देने की कड़ी में आज असोथर थाना में महिला सहायता केंद्र का शुभारंभ प्रधानाध्यापक नीतू त्रिपाठी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान आयोजन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आनलाइन प्रसारण करने के साथ थाना परिसर में पीएचसी प्रभारी असोथर डॉ0 उपेंद्र कुशवाहा, एएनएम सपना कुमारी, प्रधान रीतू देवी, आरती त्रिपाठी, श्यामरानी भी मौजूद रहीं।

नारी शक्ति मिशन के तहत स्वच्छताग्राही दिव्यांग महिला को किया गया सम्मानित: थाना परिसर में हेल्प डेस्क शुभारंभ के दौरान थानाध्यक्ष रणजीत सिंह व समाजसेवियों प्रवीण सिंह, अमित अग्निहोत्री, गौरव सिंह के द्वारा सामाजिक पंक्ति के अंतिम छोर से आने वाली दिव्यांग महिला श्रीमती रामकुमारी वाल्मीकि को उपहार व मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया गया। बतौर अतिथि प्रधानाध्यापक नीतू त्रिपाठी कहा ने पुलिस अधिकारी व कर्मियों को कहा कि पीड़िता को पूर्णरूप से न्याय दिलाने का बीड़ा उठाना होगा। महज केस दर्ज करने से यह जिम्मेदारी पूरी नहीं हो सकती। महिलाओं की सुरक्षा और महिला अपराध पर अंकुश लगाने की यह सरकार की तरफ से अच्छी पहल है। महिला सहायता केंद्र में पीड़िता को अपनी बातें महिला पुलिसकर्मी से साझा करने में किसी प्रकार की झिझक नहीं रहेगी। थाना परिसर में भाजपा के जिला प्रवक्ता प्रवीण सिंह ने कहा कि महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा व सम्मान को लेकर सरकार संकल्पित है। नारी सशक्तिकरण के साथ उनके साथ घटित होने वाले अपराधों के प्रभावी रोकथाम हेतु प्रदेश में विशेष अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना में मिशन शक्ति के तहत महिला हेल्प डेस्क के कक्ष की स्थापना की गई है। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत व संचालन करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित अग्निहोत्री ने बताया कि इस विशेष कक्ष में कंप्यूटर, मोबाइल आदि की व्यवस्था की गई है। महिला संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए महिला आरक्षी प्रिया सिंह व रीता समेत अन्य की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है, जो पीड़ित की मदद के लिए हर समय तत्पर रहेंगी। कक्ष को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। इस अवसर पर उपनिरीक्षक इंद्रपाल सिंह, उपनिरीक्षक राकेश सिंह, सरकंडी चौकी प्रभारी अमीरुद्दीन, उपनिरीक्षक प्रभुनाथ यादव, एसआई राजेश पाठक समेत शैलेंद्र प्रताप सिंह शैलू, ग्राम प्रधान सचेन्द्र सिंह, कुलदीप भदौरिया, रामचेत राजपूत, त्यागी बाबा, संतराम सिंह, फूलचंद्र वर्मा, सौरभ अग्निहोत्री, रिंकू आर्य, सोनू वर्मा, मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

## कोतवाली में हुआ महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ



**फतेहपुर।** शहर कोतवाली परिसर में आज मिशन शक्ति के तहत महिला हेल्प डेस्क के उद्घघाटन समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कृषि राज्य मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर खागा विधायक कृष्णा पासवान, सीडीओ सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, सीओ सिटी संजय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### इलाज के लिए दी आर्थिक सहायता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** ह्यूमन वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष व सपा के नगर अध्यक्ष वारिस अली अंसारी ग्राम परेली निवासी रामसरन कश्यप के आवास पर पहुंचे। उन्होंने उनकी बेटी सपना कश्यप, जिसका पैर रोटी बनाते समय जल गया था, से मुलाकात की। पिता ने बताया कि उनकी बेटी का पैर अंदर से सड़ गया है। डाक्टरों ने पैर काटने को कहा है। पर आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते वह ऐसा नहीं कर पा रहे। वारिस अली अंसारी को कुछ लोगों ने इससे अवगत कराया था। जिस पर वारिस अली अंसारी वहां पहुंचे। उन्होंने परिवार का हाल सुनकर दुख जताया तथा आर्थिक सहायता प्रदान की।

### माध्यमिक विद्यालयों को मिली 15 शिक्षकों की सौगात



**लखीमपुर-खीरी।** खीरी के माध्यमिक विद्यालयों हेतु कुल 15 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति मिली। अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पदस्थापन एवं नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी, विधायक सदर योगेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व डीआईओएस हयात अली अंसारी की मौजूदगी में शामिल हुए। सभी नवनियुक्त महिला एवं पुरुष सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी निवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में तमाम कार्य किया। शिक्षक बच्चों में विषय की समझ को पैदा करें।

### जहरीला केमिकल गिरने से एक श्रमिक की मौत, एक गंभीर

**संडीला(हरदोई)।** औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में जहरीला केमिकल गिरने से एक श्रमिक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। फैक्ट्री के कर्ता धर्ताओं की कार्यप्रणाली से क्षुब्ध मृतक के परिजन ने मृतक के शव को फैक्ट्री के गेट पर रख दिया। बाद में अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता होने पर शव को हटाया गया। औद्योगिक क्षेत्र स्थित केमिकल बनाने वाली आइपीएल फैक्ट्री की सुबह की शिफ्ट में श्रमिक काम कर रहे थे। इसी बीच बेहद जहरीला केमिकल कई मजदूरो पर गिर गया। इस केमिकल की चपेट में आकर ग्राम गनेशपुर थाना बघौली निवासी 40 वर्षीय रामअवतार पुत्र बोधराज तथा रामकुमार बुरी तरह केमिकल की चपेट में आ गए। रामअवतार तथा रामकुमार को उनके साथी आस पास के झोला छाप डॉक्टरों के यहां ले गए लेकिन दोनों की हालत खराब होती गयी। इसके बाद फैक्ट्री के कर्ता धर्ता रामअवतार को रात में 8 बजे पहले संडीला लाए और इसके बाद लगभग 9 बजे उसे ले जाकर घर पर छोड़ दिया। इसी बीच इस मामले की सूचना मिलने पर भा0कि0यू0 के जिलाध्यक्ष राजेश सिंह तथा तमाम कार्यकर्ता पहुंच गए और उन्होंनें हंगामा शुरू कर दिया। इस फैक्ट्री को तत्काल बंद कराया जाना चाहिए। काफी देर वार्ता के पश्चात फैक्ट्री के मालिकों और श्रमिक के परिवार के बीच समझौता हो गया। समझौते के अनुसार रामअवतार की पत्नी को 5 लाख रुपए तथा उसकी दो पुत्रियों के नाम विवाह के लिए 4-4 लाख रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद मृतक के परिजन शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गए। दूसरी ओर लखनऊ भेजे गए श्रमिक की हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**बरेली।** बाइक सवार एक युवक की कल शाम तक घटना में मौत हो गई पुलिस ने लाश को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बहेड़ी थाना क्षेत्र के गांव फरीदपुर निवासी 5 वर्षीय नरेश कुमार पुत्र खूब करण लाल कि कल शाम गांव के पास ही सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि नरेश कल शाम को मोटरसाइकिल लेकर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था। जहां से वापस लौटते समय जब वह गांव के पास पहुंचा। तभी पीछे से आए किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर घरवाले मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के अहमदपुर में गुरूवार की शाम संदिग्ध परिस्थितियों में लगभग 35 वर्षीय एक युवक ने गांव के बाहर पेड़ पर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार अहमदपुर गांव निवासी बद्री का पुत्र संतोष कल शाम घर से खेत की ओर निकला और संदिग्ध अवस्था में उसने खेत में ही लगे बेर के पेड़ पर रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उधर इसकी जानकारी जैसे परिजनों को हुयी तो रोते-बिखलते परिजन गांव वाले मौके पर पहुंच गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### सर्पदंश से महिला की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मवइया में गुरूवार की शाम घर में काम कर रही लगभग 35 वर्षीय एक महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार मवइया गांव निवासी रामचरन की पत्नी मंजू देवी कल शाम घरेलू काम कर रही थी। तभी उसे जहरीले सर्प ने डस लिया। इसकी जानकारी परिजनों को हुयी तो पहले उसे झाड़-फूंक के लिए ले गये। पर हालत ठीक न होने पर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ला रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। वहीं सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** मलवां थाना क्षेत्र के ग्राम चखेड़ी के समीप रेलवे लाइन पार करते समय लगभग 35 वर्षीय एक युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के अयाह गांव निवासी राम आसरे का पुत्र धर्मेन्द्र अपने रिश्तेदारी में गया था। बताते हैं कि देर शाम वह टहलने के लिए निकला था तभी चखेड़ी गांव के समीप रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### आयोग से मिले जनपद को 15 सहायक अध्यापक

**फतेहपुर।** आज राजकीय माध्यमिक विद्यालयों हेतु 3317 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग उ0प्र0 प्रयागराज द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति प्रमाण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन लखनऊ से वितरित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों एवं उनके परिवार को नवरात्रि व दशहरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यालय में आपकी नियुक्ति हो रही है वहां पर बच्चों को बिना भेदभाव के लगन, मेहनत, कर्तव्यनिष्ठा एवं क्षमता के अनुसार बच्चों को शिक्षा दे ताकि बच्चे पढ़ लिखकर देश की सेवा में अपनी अहम भूमिका निभा सके। उन्होंने कहा कि तीन लाख तक विभिन्न विभागों में युवक/युवतियों को नौकरी प्रदान की जा चुकी है। उक्त के परिपेक्ष्य में कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक सदर विक्रम सिंह, विधायक खागा श्रीमती कृष्णा पासवान, मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से जनपद में 15 सहायक अध्यापकों की नियुक्ति लोक सेवा आयोग द्वारा की गयी है, जिसके सापेक्ष उपस्थित 07 सहायक अध्यापको में प्रतिभा देवी, रानी देवी, जितेन्द्र कुमार, हरिओम, नीरज कुमार, लक्ष्मी देवी, मो0 शहीद खान को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर विधायक सदर ने कहा कि आपके लिए गौरवशाली एवं यादगार आज का दिन रहेगा। सरकार द्वारा आयोग से अनेक समस्याओं को हल करने के बाद आज आपको अवसर मिला है। जनपद आकांक्षी जनपद होने के कारण आप शिक्षा के क्षेत्र में महती भूमिका निभाकर पिछड़े पन को दूर करे। खागा विधायक ने कहा कि जिन विद्यालयों में आपकी नियुक्ति हुई है वहाँ जाकर बच्चों को मेहनत व परिश्रम के साथ पठन-पाठन कराये जिससे बच्चे आईएएस, आईपीएस, राजनेता बने और जनपद का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का रख-रखाव, वृक्षारोपण आदि कराये ताकि विद्यालय कैम्पस प्रदूषण मुक्त रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री एवं जनपद स्तर पर विधायक द्वारा नियुक्ति प्रमाण पत्र दिए गए है। आज से जो कदम उठाएं सोंच समझकर उठाये और ईमानदारी से छात्रों को शिक्षा देकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाये। इस अवसर पर मा0 पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष/प्रधानाचार्य संघ अध्यक्ष प्रभुदत्त दीक्षित, जिला विद्यालय निरीक्षक महेन्द्र सिंह सहित नवनियुक्त शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

### डीबीए देगा दिवंगत अधिवक्ता की पत्नी को पेंशन

**फतेहपुर।** जिला बार एसो0 के अध्यक्ष सुशील मिश्र व महामंत्री विजय सिंह की अगुवाई में दिवंगत अधिवक्ता रामकुमार मौर्य के आवास विकास कॉलोनी स्थित आवास जाकर, संगठन की ओर से उनकी पत्नी श्रीमती निर्मला को पचास हजार रूपये का चेक प्रदान किया और बताया कि दिवंगत अधिवक्ता की पत्नी को प्रतिमाह विधवा पेंशन भी दी जाएगी। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मेवा लाल मौर्य, राजकुमार मौर्य, हरीश चंद्र मौर्य, जीत कुमार, जगदीश मौर्य आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# 127 शिक्षकों पर लटकी कार्रवाई की तलवार

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**कई** बार कहने के बावजूद अभी तक 127 शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने मानव संपदा पोर्टल पर अभिलेख अपलोड नहीं करवाए हैं। विभाग के सख्ती दिखाने पर इनके खिलाफ कार्रवाई की तलवार लटक गई है। दस नवंबर तक अगर यह लोग अभिलेख अपलोड नहीं कराते हैं तो इनकी जांच एसटीएफकरेगी। यह भी चर्चा है कि इनमें अधिकतर शिक्षक व अन्य कर्मचारी फर्जी भी निकल सकते हैं। अनामिका शुक्ला प्रकरण के बाद जून में शासन ने आदेश दिए थे कि बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक व अन्य कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका व अन्य अभिलेख मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किए जाएं। बीते दिन समीक्षा के दौरान शासन को मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड की स्थिति ठीक नहीं मिली थी। इस पर शिक्षा निदेशक बेसिक डॉण् सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह ने आदेश दिए थे कि दस नवंबर तक ऐसे लोगों के अभिलेख अपलोड करवा लें। नहीं तो एसटीएफ से जांच करवाई जाएगी। जिले में भी 127 शिक्षक व अन्य कर्मचारी हैं जिनके अभिलेख अपलोड नहीं हुए हैं जबकि चार माह से लगातार विभागीय अधिकारी अभिलेख अपलोड कराने को कह चुके हैं। विभाग में यह भी चर्चा है कि इनमें कई लोग ऐसे भी निकल सकते हैं जो फर्जी तरीके से तैनात हैं। नगर क्षेत्र के एक एडेड विद्यालय में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की नियुक्ति बिना बीएसए की अनुमति के कर दी गई है। अभी तक इस चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अभिलेख भी मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड नहीं कराए गए हैं। प्रभारी बीएसए वेगीश गोयल ने बताया कि 127 शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों के अभी मानव संपदा पोर्टल पर अभिलेख अपलोड नहीं हैं।

## 15 साल में नियुक्त शिक्षकों का रिकॉर्ड बीएसए कार्यालय से गायब

फर्रुखाबाद । वर्ष 2004.05 से लेकर अब तक बेसिक शिक्षक विभाग में हुई शिक्षक भर्ती का रिकार्ड जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कार्यालय से गायब है। इसी के चलते अभी तक 2010 के बाद भर्ती शिक्षकों की जांच ठंडे बस्ते में पड़ी है। बाबू से लेकर अधिकारी तक यह नहीं बता पा रहे हैं कि 15 सालों में कितने शिक्षकों की भर्ती हुई है। सभी लोग एक.दूसरे के पाले में गेंद डालकर बचने में लगे हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2004.05 से अब तक करीब चार बार शिक्षकों की भर्ती हुई है। मगर विभाग के पास इसका रिकार्ड नहीं है कि अब तक कितने शिक्षक नियुक्त हुए हैं। यही वजह है कि अनामिका शुक्ला प्रकरण के बाद शासन ने वर्ष 2010 के बाद भर्ती शिक्षकों की सूची अभिलेखों समेत मांगी थीए लेकिन विभाग अभी तक उपलब्ध नहीं करा सका है। नियुक्ति का प्रभार देख रहे बाबू सुरेंद्रनाथ अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2010 से अभी तक करीब 3447 शिक्षकों की नियुक्ति हुईए लेकिन जब उनसे रिकार्ड मांगा तो वह नहीं दिखा सके। 2005 में हुई नियुक्तियों पर बोले कि उन्हें सिर्फ2010 से अब तक हुई नियुक्तियों का ही चार्ज दिया गया। इससे पहले हुई नियुक्तियों की जानकारी नहीं है। शिक्षकों की तैनाती का पूरा डाटा न होने के चलते ही शिक्षकों की जांच भी लटकी है। इस संबंध में प्रभारी बीएसए वेगीश गोयल ने बताया कि संबंधित बाबू के पास नियुक्ति का पूरा रिकार्ड होना चाहिए। अगर उनके पास रिकार्ड नहीं है तो यह गलत है। जानकारी करवाई जाएगी कि 2005 से अब तक कितने शिक्षकों की नियुक्ति हुई है।

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से पैंटून पुल का काम बंद

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** महमदगंज मड़ैयन घाट पर बन रहे पैंटून पुल का काम गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण बंद कर दिया गया है। जिस कारण गंगापार के लोगों के लिए पैंटून पुल सिर्फस्वप्न बन कर रह गया है।महमदगंज मड़ैयन घाट पर लोक निर्माण विभाग द्वारा 130 मीटर लंबे पैंटून पुल का निर्माण शुरू कराया गया था। पुल में 28 पैंटून (ढोल) लगाकर व पटरे आदि डालकर तैयार कर लिया गया था। नवरात्र के प्रथम दिन पुल यातायात के लिए खोलने की तैयारी कर ली गई थीए लेकिन गंगा में कुछ पानी बढ़ जाने से पुल पर चढ़ने की ठोकर (एप्रोच) तैयार नहीं हो सकी थी। गुरुवार को गंगा के जलस्तर मे बढ़ोत्तरी के बाद जेई वीरपाल सिंह ने गंगा की चौड़ाई नपवाई तो करीब 240 मीटर निकली। जेई ने बताया कि पुल के बाद करीब 110 मीटर और पानी है। उनके पास 14 जोड़ा ड्रम थे। जिन्हें लगवा दिया गया है।

## महिलाओं व बालिकाओं को नगर पंचायत कर्मियों ने किया जागरूक



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**नगर** पँचायत के शास्त्रीनगर व बजरँगनगर वार्ड सहित अन्य वार्डों में स्थित ऑगनवाडी केन्द्रों व प्राइमरी स्कूल में नगर पँचायतकर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। इस मौके पर नारी को सुरक्षा, स्वालम्बन व सम्मान के साथ अपना जीवन जीने के गुर बताये गये। वरिष्ठ लिपिक व प्रभारी अधिशासी अधिकारी वीएन सिंह व नगर पँचायतकर्मी सैनूर अहमद के नेतृत्व में नगर पँचायत के अलग-अलग स्थानों पर मुख्यमंत्री द्वारा नवरात्र के अवसर पर मातृशक्तियों के उत्थान के लिये चलाये जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित बजरँगनगर वार्ड में आयोजित कार्यक्रम में मिशन नारी शक्ति को सम्बोधित करते हुये प्रभारी ईओ ने बताया कि आप लोगों की सुरक्षा के लिये शासन ने 1090, 181,112,1076,1098,102 व 108 टोल फ्री नम्बर जारी किये है। इन नम्बरों पर आप लोग बिना पैसा खर्च किये अपनी समस्याओं को बता सकते है। इन नि:शुल्क नम्बरों का उपयोग आप 24 घण्टे कर सकते है। नगर पँचायतकर्मियों ने इस मौके पर शासन की योजनाओं जन-जन तक पहुँचाने की अपील उपस्थित महिलाओं से की। इस मौके पर नगरपँचायतकर्मी वीएन सिंह, राजेश कुमार रावत, सैनूर अहमद, याद कुमार यादव ऑगनवाडी कार्यकत्री, महिलायें व बालिकायें मौजूद रही।

## बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता। जसवंतनगर

**शौचालय** न होने से मजबूर खेत में शौच को गयी एक 25 वर्षीया विवाहित महिला के साथ बलात्कार किया गया।बलात्कारी अभियुक्त को पुलिस ने अपनी सक्रियता से 6 घण्टे के अंदर अंदर गिरफ्तार कर लिया ।

विवरण के अनुसार बुधवार शाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे से सटे गांव की एक महिला को नित्य क्रिया हेतु जाते समय खेत में खींच लिया गया। उसके साथ दुष्कर्म मारपीट और लूटपाट की गई। घटना के संबंध में डायल 112 से सूचना दी गयी थी। सूचना के आधार पर तत्काल यूपी 112 पुलिस एवं थाना कोतवाली पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की गयी। पीड़िता को डॉक्टरी हेतु नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और फिर परीक्षण हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी रमेश चंद्र सहित पुलिस टीम ने पीड़िता व परिजनों से घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ की। पीड़िता के पति ने बताया कि उसके परिवार में शौचालय नहीं बना हुआ है इसलिए उसकी पत्नी घर के सामने एक खेत में शौच के लिए गई हुई थी। तभी नामजद अभियुक्त ने जबरन पकड़कर उसके साथ दुष्कर्म किया। चीखने चिल्लाने पर आस पड़ोस के लोग दौड़कर पहुंचे तब तक अभियुक्त भाग गया । पति की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली जसवंतनगर में अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त दुष्कर्म की घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना के अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक इटावा के नेतृत्व में एसओजी इटावा एवं थाना कोतवाली जसवंतनगर पुलिस की दो टीमों का गठन किया गया। अभियुक्त को कैस्त से रात में ही गिरफ्तार कर लिया गया। थाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह व कस्बा इंचार्ज सनत कुमार के अनुसार अभियुक्त अनिल उर्फजहरी पुत्र स्वर्गीय विनोद निवासी कैस्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

## खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में विस्फोट, रसोई की छत उड़ी

संवाददाता। उमरैन एरवाकटर



**थाना** क्षेत्र के ग्राम ईश्वर पुर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लगने के कारण भयंकर विस्फोट हुआ।जिसमें रसोई की छत उड़ गई और पूरे मकान की दीवारों में दरारें आ गई। सूचना पाकर उमरैन चौकी इंचार्ज पुलिस फोर्स सहित मौके पर पहुँचे। एरवाकटरा थाना क्षेत्र की उमरैन चौकी के अंतर्गत ईश्वरपुर ग्राम निवासी कमला देवी पत्नी ईश्वर दयाल ने बताया की शुक्रवार शाम करीब चार बजे उनका पुत्र रमेशबाबू उमरैन स्थित श्री रामकृष्ण भारत गैस एजेंसी से गैस सिलेंडर लेकर आया था और जैसे ही कमला देवी ने खाना बनाने के लिए गैस चूल्हे को खोला और माचिस जलाई गैस सिलेंडर लीक होने के कारण गैस सिलेंडर ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग ने भयानक रूप धारण कर दिया तो कमला देवी जोर.जोर से चिल्लाई। कमला देवी की चीख.पुकार सुनकर पास पड़ोस के लोग आ गए और उन्होंने गैस सिलेंडर की आग पर काबू पाने की खूब कोशिश की लेकिन आग ने और भयानक रूप ले लिया।घबराकर सभी लोग घर के बाहर निकल जाए और अचानक से तेज विस्फोट हुआ जिसमें गैस सिलेंडर के परखच्चे उड़ गए और रसोई की छत व दीवारें भरभरा कर गिर पड़ी तथा घर की दीवारों में मोटी मोटी दरारें आ गई।जिससे काफी आर्थिक नुकसान हुआ।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की विस्फोट इतना भयंकर था की करीब 30.40 फीट ऊंचा काला धुंए का गुबार उठा और तेज विस्फोट कीआवाज हुई जिससे पूरे गांव में सन्नाटा छा गया और बिस्फोट की आवाज सुनकर खेतों पर काम कर रहे लोग घटना स्थल की ओर दौड़े लेकिन इतने बड़े विस्फोट में कोई हताहत नही हुआ।

## विधायक ने किया भोली माइनर की सफाई का शुभारंभ

**भरथना** विधानसभा क्षेत्र की विधायक साबित्री कठेरिया ने बीते दिन शासन की मंशानुसार भोली माइनर का ग्राम पंचायत के अन्तर्गत नरेगा से होने साफ सफाई का पूजन अर्चन कर व फीता काट करते हुए नारियल फोड़ कर शुभारम्भ किया है। इस मौके पर विधायक श्रीमती कठेरिया ने फावड़ा चलाकर ग्रामीण नरेगा मजदूरों का उत्साहवर्धन किया है। कार्यक्रम में मौजूस अतिरिक्त सिंचाई परिवेक्षक उमाशंकर गुप्ता ने बताया कि शासन की मंशानुसार भोली माइनर की हैड टू टेल तक कि साफसफाई का कार्य निर्धारित हुआ है। जिसका पूरा कार्य ग्राम पंचायत भोली की देख.रेख में ग्रामीण मजदूर नरेगा के तहत होना तय है। सिंचाई परिवेक्षक श्री गुप्ता के अनुसार हैड टू टेल तक होने बाली साफसफाई की दूरी करीब 4 किलो मीटर आंकी गई है।

## क्विक न्यूज

### धर्म परिवर्तन की शिकायत, तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** धर्म विशेष के तीन लोगों को पुलिस नें दूसरे समुदाय के लोगो से धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दबोच लिया। पुलिस उनसे पूंछतांछ कर रही है। घटना के सम्बन्ध में विहिप के एक पदाधिकारी नें पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस घटना के पीछे पूजापाठ का मामला मान रही है।राजेपुर थाना से तकरीबन 500 मीटर दूर हरिनाथ सिंह की बगिया में एक धर्म विशेष के तीन लोग अपनी धार्मिक पुस्तक से ग्रामीणों के साथ मिलकर अनुष्ठान कर रहे थे। विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष राहुल कुमार नें थाना पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि कुछ लोग ग्रामीणों की बीमारी ठीक करने के बहाने अपने धार्मिक ग्रन्थ का पाठ कराकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहे थे। आरोपी लोगों को गुमराह करके उन्हें पैसे का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास कर रहें हैं। मामले की सूचना मिलते है थाना पुलिस तत्काल मौके पर आ गयी और आरोपी तीन लोगों को हिरासत में लेनें के साथ ही एक अपाचे बाइक भी कब्जे में ले ली। थानाध्यक्ष देवेन्द्र गंगवार नें बताया कि प्रारम्भिक जांच में धर्म परिवर्तन का मामला प्रतीत नही हो रहा है। पूजा पाठ का मामला प्रकाश में आया है। जाँच की जा रही है।

### भाजपा मंडल अध्यक्ष के पुत्र ने लगाई फांसी

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** बीती रात भाजपा मंडल अध्यक्ष के पुत्र नें घर में ही फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह तड़के जानकारी होनें पर कोहराम मच गया। जिसके बाद पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना क्षेत्र के खुदागंज निवासी राजेश प्रताप बीजेपी के कमालगंज मंडल के अध्यक्ष हैं। उनका बड़ा पुत्र 20 वर्षीय हर्षवर्धन कस्बे में बीज मंडार की दुकान चलाता था। बीती रात वह घर के बरामदे में लेटा था। सुबह तड़के जब उसके बाबा दुर्विजय सिंह पेशाब के लिए उठे तो उन्हें हर्षवर्धन फांसी पर झूलता हुआ मिला। उसने साड़ी से घर के भीतर पड़े लोहे के जाल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।हर्षवर्धन की मौत का समाचार सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की माँ विजनेश का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक अजय नरायण सिंह के साथ ही स्थानीय भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर आदि मौके पर आ गये। पुलिस नें जाँच पड़ताल के बाद शव अ पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नें बताया कि आत्महत्या करने के कारण का पता नही चला है। जाँच की जा रही है। जाँच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

### महिला ने प्रेमी के खिलाफ दर्ज कराई एनसीआर

**कमालगंज फर्रुखाबाद** शादी करने से मना करने पर युवक ने अपनी प्रेमिका को रिश्तेदारी में ले जाकर मारपीट कर घायल कर दिया। प्रेमिका ने प्रेमी के खिलाफएनसीआर दर्ज कराई।फर्रुखाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव हथियापुर निवासी महिला ने कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव चंदनपुर निवासी आनंद के खिलाफएनसीआर दर्ज कराई। जिसमें कहा उसकी शादी करीब 11 साल पहले जनपद मैनपुरी के एक गांव में हुई थी। पति लूट चोरी आदि के आरोप में जेल में है। जिस कारण उसे छोड़ दिया। उसकी रिश्तेदार चंदनपुर में ब्याही है। करीब डेढ़ साल पहले वहां गई तो आनंद से संपर्क हो गया। वह लोग पति पत्नी के रूप में रहने लगेए लेकिन शराबी होने के कारण उससे शादी नहीं करना चाहती। इसी गुस्से मे वह अपनी बुआ के यहां ले गया और मारा पीटा।

### सीएचसी पर हुआ एम्बुलेंस हेल्पडेस्क का शुभारंभ

**बसरेहर** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शुक्रवार की सुबह 10 बजे सीएचसी प्रभारी डॉ विकास सचान के द्वारा 102, 108 एंबुलेंस हेल्पडेस्क का शुभारंभ किया गया।जानकारी देते हुए डॉ विकास सचान ने बताया कि इस हेल्प डेस्क के जरिए अस्पताल में आने वाले दूरदराज के मरीज व उनके तीमारदारों को यह जानकारी दी जाएगी की एंबुलेंस को कैसे मरीज की सुविधा के लिए बुलाया जाता है और किस तरीके से एंबुलेंस पहुंचती है।वही जो लोग जानकारी के अभाव में एंबुलेंस नहीं ले पाते हैं और उन्हें काफी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। इस हेल्पडेस्क के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाएगा।

### अनियंत्रित होकर पलटा डंफर

**ताखा।** थाना क्षेत्र उसराहार के अंतर्गत एक डंफर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे के चैनल नंबर 124 के नीचे खरगुआ गांव के पास सर्विस रोड पर पलट गया जिसमें गिट्टी भरी हुई थी थाना पुलिस ने बताया कि डंफर में गिट्टी भिंड से आई थी और उमरैन की तरफजा रही थी रास्ते में अनियंत्रित होकर डंपर पलट गया इसमें किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है इसका ड्राइवर जिसका नाम दीपू सिंह है जो कि भिंड का रहने वाला है उसको जरा सा खरोच आई है पुलिस जब वहां पहुंची तो वहां ड्राइवर मौके पर नहीं मिला वहां कोई और युवक मिले उन्होंने बताया ड्राइवर को तो थोड़ी सी खरोच आई है थानाध्यक्ष सतीश चंद्र यादव ने बताया कि अधिक तेज वाहन चलाने के चक्कर में जान माल का खतरा बना रहता है सभी ड्राइवर यातायात नियमों का पालन करें और गाड़ी नियंत्रण में चलाएं ताकि किसी भी हादसे से बचा जा सके।

### 20 लाख कैश बरामद

**घाटमपुर।** वाहनों की चेकिंग दौरान पुलिस ने काले रंग की लक्जरी कार से 20 लाख कैस बरामद किया है। पुलिस कार सवार 3 लोगों को हिरासत में लेकर कैस के बावत जानकरी माँगी जो वो नही दे सके। उधर कैस बरामदगी की सूचना पाकर शुक्रवार दोपहर बाद आयकर बिभाग के अधिकारी भी कोतवाली पंहुचे और हिरासत में लिये गये लोगों से पूछतांछ की बताया जाता है कि बीती रात स्टेट हाइवे 46 पर स्थित परास चौराहे पर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में उप चुनाव के मद्दे नजर कोतवाली पुलिस वाहनों की चेंकिंग कर रही थी तभी घाटमपुर की ओर से एक काले रंग की कार आती दिखी रोक कर तलाशी जी गयी तो बैग में 20 लाख कैश मिला।

## वीडियो वायरल, पुलिस ने पति के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता। इटावा



**भरथना** कोतवाली कस्बा के मोहल्ला ब्रह्मनगर का एक सीसी टीवी कैमरे में कैद हुए एक वीडियो वायरल हुआ है। इस वीडियो में एक पुरुष लाठी से एक महिला पर पूरी ताकत से वार करते हुए हमलवर होता दिखाई पड़ रहा है। उक्त वीडियो के वायरल होते ही भरथना पुलिस एक्शन में आती इससे पूर्व नामजद हमलवर अपनी माँ को अपने साथ लेकर घटना स्थल मोहल्ले से फरार हो गया। फिल्हाल पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजिकृत कर नामजद हमलबर की तलाश में जुट गई है।

आपको बतादें यह मामला भरथना कस्बा के मोहल्ला ब्रह्मनगर के पति-पत्नी के आपसी विवाद का है। दौनों ही पति-पत्नी के मध्य पूर्व से विवाद चल रहा है। बीती रात पीड़िता पत्नी अंकिता देवी अपने नामजद पति से एक सौ रुपये खर्चे के लिए मांग बैठी थी जिसपर उसके दबंग नामजद ने अपनी पत्नी अंकिता देवी को रात्रि करीब बारह बजे लाठी के हमले से गली में दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया अंकिता देवी अपनी जान बचाने को पूरी गली में चीखती रही लेकिन रात के अंधेरे में कोई अपने घरों से वाहर नही निकला तबतक दबंग पति ने अपनी पत्नी अंकिता देवी को लाठी के हमलों से पूरी तरह लहूलुहान कर मरणाशन कर दिया। इसी बीच पीड़िता की एक बेटी चीख पुकार लगती रही। जिसकी पुकार सुन मोहल्ला के मनोज कुमार की आँख खुल गई जिसपर उसने अपने घर का गेट खोल पीड़िता को अपने घर मे घुसाकर उसकी जान बचाली। यह पूरा नजारा गली में लगे एक सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गया। घटना की सूचना पर भरथना कस्बा पुलिस चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने रात्रि में ही मौके पर पहुँच दबंग हमलबर पति की तलाश शुरू करदी।

## सीएम ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए किया महिला हेल्प डेस्क शुभारंभ

संवाददाता। कानपुर देहात



**अकबरपुर** कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ के दौरान एडीजी जय नारायण सिंह, कानपुर मंडलायुक्त राजशेखर, आईजी कानपुर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, अकबरपुर रनियां सांसद देवेंद्र सिंह भोले, अकबरपुर रनिया विधायक प्रतिभा शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चौहान, अकबरपुर चेयरमैन ज्योतिषना कटियार सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

वही इस मौके पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया तथा वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नारी सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिशा निर्देश दिए वहीं कानपुर जोन में अकबरपुर कोतवाली को पहला हेल्प डेक्स तैयार कर जिसका शुभारंभ किया गया जबकि हर थाने में एक महिला हेल्प डेस्क तैयार की जाएगी और इस हेल्प डेस्क में सिर्फ महिला पुलिसकर्मी को तैनात कर महिला उत्पीड़न या अन्य मामलों में उनके द्वारा समस्याएं सुनी जाएंगी और उसका समय एक निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने लखनऊ में वीडियों कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन करने के बाद सम्बोधित करते हुए कहा है कि महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिए संचालित मिशन शक्ति अभियान को जन आन्दोलन बनाना होंगा।

## डेंगू से व्यापारी नेता की मौत

**इटावा।** भरथना में डेंगू के कहर ने इलाज के दौरान एक सामाजिक व व्यापारी नेता की लेली जानएपरिजन उनका कानपुर में इलाज करा रहे थे। गुरुबार कि सुबह व्यापारी नेता ने अन्तिम सांसे लेकर परिजनों में कोहराम मचा दिया। वे अपने पीछे पत्नी एक पुत्र समेत परिजनों को विलखता छोड़ गये है।कानपुर से व्यापारी नेता का शव भरथना लाया गया है। जहाँ उनके अन्तिम दर्शन करने बालों का तांता लगा हुआ है।

भरथना कस्बा व मोहल्ला नारायन गंज में गुरुबार की सुबह उस समय डेंगू रोग को लेकर दहशत फैलने के साथ जगदीश प्रसाद के परिजनों में कोहराम मच गया जब सामजिक व व्यापारी नेता संजीव गुप्ता संजू 40 बर्ष की डेंगू रोग की चपेट में आने के बाद इलाज के दौरान कानपुर में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक व्यापारी नेता के चचेरे भाई प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि उनके भाई संजू को विगत दिबस 16 अक्टूबर दिन शुक्रवार को बुखार आने पर भरथना के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया था।

## किराना दुकान में लगी आग पांच लाख का माल खाक



संवाददाता। कायमगंज फर्रुखाबाद

**किराना** की दुकान में लगी आग से करीब पांच लाख का माल जलकर राख हो गया। दीपावली की बिक्री के लिए दुकानदार ने काफी माल का स्टाक कर लिया थाए लेकिन दुकानदार के सारे अरमानों पर पानी फिर गया। दुकानदार के परिवार महिलाएं माल की बर्बादी देख बुरी तरह रो रहीं थीं रेलवे रोड स्थित नई कालोनी निवासी जगत सिंह राजपूत की ब्लाक कार्यालय के पास दत्तूनगला मोड़ पर किराना दुकान है। गुरुवार रात दुकान में अचानक आग लग गई। इस क्षेत्र में रिहायशी मकान कम हैंए दुकानें ही हैं। रात में सड़क पर आवागमन नहीं होता। इसलिए रात में लगी आग की किसी को जानकारी नहीं हुई। सुबह चार बजे किसी परिचित ने आग लगी देख उन्हें फोन किया। इस पर जगत सिंह कई लोगों के साथ पहुंचे। रात भर आग के कारण गरम हो गए शटर को बेलचों से तोड़ा गया और सभी आग बुझाने में जुट गए। दुकान में सारा सामान, फर्नीचर, फ्रिज आदि सामान जल चुका था। फायर बिग्रेड पहुंची तब तक आग तो बुझाई जा चुकी थीए लेकिन अंदर से धुंआ उठ रहा था। इसलिए दमकल कर्मियों ने पानी डालकर आग को पूरी तरह ठंडा किया। दुकान का सारा माल जल जाने पर जगत सिंह की परिवार की महिलाएं रो रहीं थीं। जगत सिंह के मुताबिक आग में किराना का सामान काजू, बादाम, पिस्ता सहित कई प्रकार मेवाए दालें, बेसन, चीनी, रिफाइंड, घी, वाशिग पाउडर, साबुन, फ्रिज जिसमें कंपनी का ब्रांडेड दूध दही व अन्य मिल्क प्रोडक्ट सहित तमाम जनरल आइटम जल गए। दुकानदार ने करीब पांच लाख की अनुमानित क्षति बताई। आग लगने का कारण पता नहीं लग सका।

## सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के संकल्प को लेकर शुरू किए गए मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ हो गया। इन डेस्क पर महिलाओं की शिकायतों के समाधान के लिए विशेष रूप से स्थापित की गयी हैं, ताकि फरियाद लेकर थाने पहुंचने वाली महिलाएं अपनी शिकायत को महिला पुलिसकर्मियों के समक्ष रख सकें। महिलाओं की शिकायतों के समाधान के लिए शासन लगातार प्रयासरत है। इसी को देखते हुए सभी थानों में महिला डेस्क स्थापित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इ नडेक्स पर महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, ताकि शिकायत लेकर पहुंचने वाली महिलाएं अपनी बात आसानी से रख सकें। अब तक देखा गया है कि शिकायत लेकर आने वाली महिलाएं पुरुष पुलिस कर्मियों के सामने अपनी बात ठीक से नहीं रख पाती थी। जिसके चलते सही कार्रवाई भी नहीं हो पाती थी।

## पराली को लेकर खेतों की तरफ निकला प्रशासन का काफिला

संवाददाता। इटावा

**जिला** अधिकारी श्रुति सिंह ने गुरुवार की दोपहर करीबन 2 बजे जिला के अधिकारियों को लेकर अपना काफिला लेकर बसरेहर, चौबिया, मसनाई होते हुए ताखा, भरथना के धान क्षेत्र की और निकल पड़ी। जहां उन्होंने किसानों को पराली जलाने से रोका और उससे होने वाली आम जनमानस को नुकसान के बारे में उन्हें अवगत कराया।उन्होंने बताया कि किसान जब भी अपने खेत में खड़ी धान की फसल को कंपाइन से कटवा देता है तो वहां जो पराली बचती है उसे किसान जला देता है जिससे समूचे क्षेत्र का वातावरण दूषित होता है और मानव जीवन के साथ.साथ पशु पक्षियों को भी इसका हर्जाना भरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इसी से निजात पाने के लिए किसान वैज्ञानिकों ने एक मशीन का निर्माण की है जिसका नाम मल्चर है जिससे धान कटने के बाद बचे बची हुई पराली को इस से काटा जाता है और इसको यह छोटे.छोटे टुकड़ों में खेत में काटकर मिला देता है जिससे यह खाद का भी काम करता है और जहां एक तरफ ये वातावरण को प्रदूषित करता था जलाने की वजह से वही ये जैविक खेती में उपयोग साबित होता है। इसलिए किसानों से कहना यही है कि ज्यादातर जो छोटे किसान हैं वह धान को हाथ से कटवाए जिससे जानवरों को भूसे साथ इस पराली को मिलाकर भी खिलाया जा सकता है। जो बड़े किसान हैं और कंपाइन से अपना धान कटवा ते हैं तो बची हुई पराली को वह मल्चर चलवा कर नष्ट करवा सकते हैं और उसे खाद का रूप दे सकते उन्होंने खेतों का दौरा करते समय रास्ते में पढ़ने वाली बसरेहर राशन की दुकानों को भी चेक किया जहां उन्हें काफी संतोषजनक कार्य नजर आया।वहीं बसरेहर विकासखंड की बादरीपूठ में बनी साधन सहकारी समिति में पहुंची और वहां का जायजा लिया जहां उन्होंने नाराजगी व्यक्त की।

पायनियर
लखनऊ, शनिवार, 24 अक्टूबर 2020



# महिलाओं को न्याय दिलाने में कारगर होगी हेल्प डेस्क

● डीएम-एसपी व नोडल अधिकारी की मौजूदगी में महिला हेल्प डेस्क का राज्यमंत्री ने किया शुभारंभ

संवाददाता। चित्रकूट



उदघाटन करते राज्यमंत्री चंद्रिका उपाध्याय व नोडल अधिकारी।

**लोनि** राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने शुक्रवार को चित्रकूट जिले की सदर कोतवाली में डीएम शेषमणि पांडेय ,एसपी अंकित मित्तल और नोडल अधिकारी वंदना त्रिपाठी की मौजूदगी में शासन की महत्वाकांक्षी मिशन शक्ति योजना के तहत महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया। राज्यमंत्री उपाध्याय ने कहा कि महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन के उद्देश्य से योगी सरकार द्वारा मिशन शक्ति योजना की शुरुवात की गई है। सीएम योगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के 1,535 थानों में महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन किया गया है। अब महिलाओं के साथ अपराध करने वालो की खैर नहीं होगी।

शुक्रवार को कर्वी कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ करते हुए राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओ को सुरक्षा, सम्मान दिलाने के साथ – साथ स्वावलम्बी बनाने के लिए संकल्पित है। कहा कि भारतीय समाज की विसंगतियां जो रही हैं उन्हें जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करके दूर किया जाएगा कहा कि नवरात्रि का समय है नौ दिन जो देवी कि हम लोग अनेक रूपों में पूजा करते हैं। यह कार्यक्रम शारदीय नवरात्रि से लेकर चौत्र नवरात्रि तक मिशन शक्ति अभियान चलाया जाएगा। एक सप्ताह के अंदर प्रदेश में 14 लोगों को सजा दी गई है जागरूकता आई है महिला हेल्प डेस्क का आप लोग लाभ उठाएं। कहा कि महिलाओं की समस्याओं को दूर करने के लिए जो हेल्पलाइन 1090, 181, 112 लागू की गई है उसका गांव गांव तथा नगर में मोहल्ले वार वाल राइटिंग से प्रचार-प्रसार कराया जाए तथा पंपलेट आदि के माध्यम से भी जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए तथा उन पर कार्यवाही की जाए। कहा कि संस्कार लड़कों तथा लड़कियों दोनों को देना होगा तभी समाज की कुरीतियां दूर होंगी स्वयं सहायता समूह का गठन करके महिलाओं के आर्थिक विकास को मजबूत करें, ताकि समाज में महिलाओं का उत्थान हो सके। सभी विभाग मिलकर महिलाओं को सशक्त बनाएं तथा शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उन्हें शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाए। योगी सरकार ने महिला अपराधों पर अंकुश लगाने एवं जागरूकता के लिए मिशन शक्ति अभियान की शुरुआत की गई है। सभी जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर प्रदेश सरकार द्वारा महिला –किशोरियों की सुरक्षा के लिए संचालित की जा रही योजनाओ के प्रति जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने बताया कि जिले के सभी थानो में महिला हेल्प डेस्क स्थापित कर दी गई है। हर जगह दो-दो महिला पुलिस कर्मियों को तैनाती की गई है। महिला अफसरों को शिकायतों के निस्तारण के लिए मॉनिटरिंग में लगाया गया है। एनजीओ व अन्य संगठनों का भी महिला में जागरूकता व उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए सहयोग लिया जा रहा है। इसके अलावा मिशन शक्ति की नोडल अधिकारी वंदना त्रिपाठी ने कहा कि यह सप्ताह जन जागरूकता का है। सरकारी तंत्र जागरूकता के अभियान चला रहा है इसमें समाज के लोगों को भी जागरूक होना चाहिए।

## अश्वनी अवस्थी को ग्रामोदय से पीएचडी

**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के भूगोल विभाग में पंजीकृत अश्वनी कुमार अवस्थी को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया गया। कुलपति प्रो नरेशचन्द्र गौतम व शोधकर्ता के शोध निदेशक प्रो शशिकान्त त्रिपाठी के समक्ष शोधार्थी अश्वनी अवस्थी ने अपना शोध पेश किया। अवस्थी ने बताया कि नदी पर खनन एक मुख्य समस्या है। जिसके कारणवश नदी का स्वरुप तीव्र गति से प्रभावित हो रहा है। इसके लिए विस्तृत कार्य योजना की आवश्यकता है। शोधकार्य नई योजनाओं को क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी। शोधकार्य का निष्कर्ष नही के विकास में सहायक होगा। पर्यावरण एवं विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो इन्द्रप्रसाद त्रिपाठी, प्रो शिवकुमार दुबे, डॉ उमाशंकर मिश्र, अधिष्ठाता कृषि प्रो डीपी राय, डॉ पवन सिरोथिया, डॉ साधना चौरसिया, डॉ वीरेन्द्र उपाध्याय, डॉ रवीन्द्र सिंह आदि ने अवस्थी की सफलता पर उन्हें बधाई दी।

## क्विक न्यूज

### बोलेरो पलटने से चालक समेत नौ घायल

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के खेड़ा शिलाजीत गाँव के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार बोलेरो पलट गयी जिसमें ,ड्राइवर सहित नौ सवारियां घायल हो गई। जरिया गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग पूजा अर्चन के लिए धगवां गये थे। वापस आते समय रात पौने आठ बजे खेड़ा शिलाजीत गाँव के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में बोलेरो पलट गयी।जिसमें चालक पुष्पेंद्र (25)जानकी (45), पिंकी (25),कांधी लाल (50), रामाधार (70),जगरानी (55), आकाश (12),जय कुँवर (27),राम सैंया(60), घायल हो गए। सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिसमें कई की हालत खराब बतायी जा रही है।

### कोरोना काल से शिक्षक वितरित कर रहा है निशुल्क मास्क

**मौदहा (हमीरपुर)।** मौदहा कस्बा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में व्यवसायिक शिक्षक के पद पर नियुक्त चंद्र प्रकाश दीक्षित ने सम्पूर्ण लाक डाउन में अब तक घर में मास्क बनाकर जनता व समस्त स्टाफ छात्राओं को निशुल्क मास्क का वितरण कर रहे है। प्रधानाध्यापिका ललत सिद्दीकी ने बताया कि कोरोना काल में सभी समाजसेवी अपने अपने तरीके से सभी आम जनमानस की सेवा कर रहे है। किसी ने गरीबों को खाद्यान वितरण किया तो किसी ने मास्क एवं सैनिटाइजर वितरित कर जनता का सहयोग किया है।नगर शिक्षक चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने सम्पूर्ण लाकडाउन मास्क बनाकर निशुल्क मास्क वितरित किया है उनके इस कार्य सराहनीय है इसकी सभी लोग भूरि भूरि प्रसंशा की है। मौदहा के लोगो ने ये मांग की है कि शिक्षक को इस पुनीत काम के लिये इनाम मिलना चाहिये ताकि समाज के अन्य लोगो ऐसे पुण्य काम के लिये सीख मिल सके।

### चोरों ने दो घरों का ताला तोड़ लाखों की नगदी चुराई

**सरीला (हमीरपुर)।** जरिया थाना क्षेत्र के बौखर गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाकर लाखों के जेवरात व नगदी पार कर दी है। बौखर गांव निवासी रविंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि गुरुवार की देर रात उसके परिवार के लोग खाना पीना खाकर अपने अपने कमरों में सोने चले गये थे। सुबह देखा तो एक कमरे का ताला टूटा पड़ा था। तथा कमरे में रखी गोदरेज की अलमारी से चौदह तोला सोने के जेवरात तथा लगभग एक किलो चांदी व अलमारी में रखी 54हजार की नकदी गायब थी। इसके बाद चोरों ने जगदीश परिहार के घर भी चोरी की घटना को अंजाम दिया। वहां से भी नगदी व जेवरात पार कर दिया है। थानाध्यक्ष जरिया रीता सिंह का कहना है कि बौखर गांव में दो घरों में चोरी होने की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### युवती ने खाया जहरीला पदार्थ

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के गांव में एक युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत गंभीर होते देख परिजनों ने मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करायासिसोलर थाना क्षेत्र के गांव बड़ा लेवा निवासी नीतू पुत्री बब्लू ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी चूहा मार दवा खा जिससे उसकी हालत बिगड़ते देख परिजनों ने आनन-फानन में मौदहा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती जहां पर इलाज के दौरान हालत में सुधार बताया गया है

### बाइक से गिरकर पांच घायल

**राठ(हमीरपुर)।** क्षेत्र के अलग अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में पांच लोग बाइक से गिरकर घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। क्षेत्र के टोला गांव निवासी इंद्रपाल 40 पुत्र रामेश्वरदास बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। महोकड़ थाना क्षेत्र पीपरी गांव निवासी प्रियंका 22 पत्नी महेंद्र, सावित्री 50 पत्नी अर्जुन और कस्बे के गायत्री नगर मोहल्ला निवासी मुन्नालाल 80 पुत्र कमलापत मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गये। इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया।

### तीन शातिर चोर पकड़े, पांच बाइकें व एक तमंचा बरामद

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान तीन शातिर चोरों को 5 बाइकों के साथ धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान शाहिद मंसूरी पुत्र हबीब खान, सलमान उर्फहबीब पुत्र नियाज मोहम्मद, विकास पुत्र पप्पू खटीक निवासी राठ के पास से पांच चोरी की बाइकें बरामद की है। पुलिस ने चोरों की तलाशी के दौरान एक अदद तमंचा 315 बोर,पांच अदद कारतूस 315 बोर के बरामद किये है। चोरों ने बताया कि एक बाइक झांसी, एक बाइक हमीरपुर व तीन बाइके राठ क्षेत्र से चुराई थी। पुलिस ने चोरों के विरूद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### सिंचाई कर रहे दलित किसान को दबंगों ने पीटा

**जालौन (उरई)।** नलकूप से सिंचाई कर रहे दलित किसान के साथ दबंगों ने किसान को तमंचे के बल पर न केवल सिंचाई करने से बल्कि जातिसूचक गालियां देकर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित किसान ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तांबा निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को बताया कि उसका खेत गाटा संख्या 232, 324 मौजा तांबा में स्थित है। गुरूवार की रात वह रवी की फसल की बुवाई के लिए नलकूप संख्या 42 से खेत की सिंचाई कर रहा था। पीड़ित किसान का आरोप है कि रात्रि करीब 12 बजे उसके खेत पर गांव के ही दबंग गुड्डू व दीवान तमंचा लेकर उसके खेत पर आ धमके और जातिसूचक गालियां देकर उसे पानी लगाने से रोकने लगे। जब उसने इंकार किया तो मारपीट करते हुए जबरन नलकूप बंद कर दिया और बनाई गई नाली को भी तोड़ दिया।

### कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉफ्रेंसिग के जरिए किया लोकार्पण

**माधौगढ़ (जालौन)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने ऑनलाइन वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए कोतवाली माधौगढ़ में महिला हेल्प डेस्क का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन संवाद करते हुए कहा कि यूपी में आरक्षी भर्ती मे 20 प्रतिशत महिलाएं होनी चाहिए व चलाये जा रहे नारी शक्ति के तहत महिलाओं को उचित लाभ भी मिलना चाहिए महिलाओं की कोई भी समस्या के लिए यूपी सरकार ने नारी शक्ति के तहत नारी सशक्तिकरण महिला हेल्प डेस्क लगायी है जिसमें टो फ्री नम्बर 8733087330 व अन्य 1090, 1098, 1076, 112 नम्बर महिलाओं को उपलब्ध कराये गये है जिसमें पीड़ित अपनी शिकायत दर्ज करवायेगी व उसे टोकन नम्बर भी दिया जायेगा।जब भी लाभार्थियों से संपर्क का कार्यक्रम बने तो इसकी मॉनीटरिंग भी करूंगा कि योजनाओं का लाभ किन किन लाभार्थियों मिला है।

### ट्रैक्टर ट्राली चोरी का युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** ईट भट्टे पर खड़ा ट्रैक्टर ट्राली चोरी होने पर ट्रैक्टर स्वामी ने कोतवाली पुलिस को युवक के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला किदवई नगर निवासी शान मोहम्मद पुत्र लईक ने बताया है कि विगत 21 सितंबर को तेराजाकेट स्थित अंबर फील्ड ईट भट्टे पर उसका ट्रैक्टर व ट्राली खड़ी हुई थी। तभी पड़ोसी जनपद इटावा के थाना उसराहार ग्राम उदयपुर निवासी पवन पुत्र राकेश उसका ट्रैक्टर व ट्राली लेकर फरार हो गया। जानकारी होने पर उसने अपने ट्रैक्टर और ट्राली की काफी खोजबीन की। कोई सुराग नहीं लग सका। ट्रैक्टर मालिक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## नर्वेश के प्रदेश सचिव बनने पर कांग्रेसियों ने जताई खुशी

**चित्रकूट।** कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष नर्वेश सचान को शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त होने पर कांग्रेसियों ने फूल-मालाओं से लादकर स्वागत कर उनका मुंह मीठा कराया। प्रदेश कांग्रेस के शिक्षक प्रकोष्ठ के चेयरमैन अजय कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू की अनुमति से जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष नर्वेश सचान को शिक्षक प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत करते हुए कहा कि कांग्रेस को मजबूत करेंगे। कांग्रेसियों ने गजब उत्साह दिखाते हुए कामदगिरि पब्लिक स्कूल में जोरदार स्वागत किया। पूर्व जिलाध्यक्ष माताबदल भारती, पंकज मिश्र की अगुवाई में नवनियुक्त प्रदेश सचिव को बधाई देते हुए कहा कि सचान मेहनती कार्यकर्ता हैं। अनु. जाति जिलाध्यक्ष शिवगुलाम वर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष चुनबाद प्रसाद, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्णराज सिंह पटेल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष नीरु गुप्ता, विचार सेल अध्यक्ष प्रेमनारायण शुक्ला ने खुशी जताई।

# देश में गठित हो व्यापारी राहत कोषः शानू गुप्ता



व्यापारी नेता शानू गुप्ता।

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/भाजपा नेता शानू गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को लिखे पत्र में कहा कि देश में व्यापारी राहत कोष का गठन किया जाए। जीवन भर व्यापारी सरकार के कोष को भरने का कार्य करते हैं।

शुक्रवार को शानू गुप्ता ने देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि छोटे, मध्यम व बड़े वर्ग के सभी व्यापारी सरकार के खजाने को टैक्स के रूप में भरने की भूमिका निभाते हैं। जब कभी व्यापारियों की दुकानों में आगजनी, बाढ़ व अन्य संकट आ जाते हैं। उस समय व्यापारी की जीवन भर की पूंजी जल कर राख हो जाती है। ऐसे संकट व विषम हालातों में व्यापारियों की मदद को राहत कोष का गठन बेहद जरूरी है। यूपी के कई जिलों में दो लाख से लेकर दो करोड़ की सैकड़ों दुकानें आगजनी का शिकार हुई हैं। शाशन-प्रशासन ने किसी प्रकार की आर्थिक मदद नहीं की है। नरैनी व जालौन में आगजनी के शिकार व्यापारी आर्थिक तंगी में आकर पलायन भी कर चुके हैं। किसी ने व्यापारियों के घावों पर मरहम लगाने का प्रयास नहीं किया है। आपदाओं में व्यापारी की मदद को व्यापारी राहत कोष का गठन किया जाये, ताकि संकट की स्थिति में पीड़ित व्यापारीयों को पुनः व्यापार स्थापित करने में सरकार की आर्थिक मदद से व्यापारियों को राहत मिल सके।

## भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष के साथ सोहदों ने की मारपीट

**कदौरा ( जालौन )।** मंदिर जा रही महिलाओ के साथ शोहदे द्वारा की अश्लील हरकत को रोकना भाजपा नेता को महंगा पड़ गया जब शोहदे ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों व कट्टे की बट से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी है। आरोपी एक सपा नेता के करीबी है । रात लगभग 8 बजे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राहुल सिंह परिहार बस स्टैंड में स्थित एक दुकान में अपने साथियों के साथ बैठे थे तभी कस्बे के ही उमेर व उजेव व जुहेर सहित आधा दर्जन युवक बाइक से आए और मंदिर जा रही महिलाओं युवतियों को देख कर छींटाकशी करने लगे जिसका मंडल उपाध्यक्ष व उनके साथियों ने विरोध किया। उनको वहां से जाने के लिए कहा जिस पर उक्त युवक आगबबूला हो गए और अन्य साथियों को बुलाकर मारपीट शुरू कर दी बचाने आए राजदीप सिंह व आयुष शर्मा के साथ भी मारपीट करने लगे पुलिस को देख कर उक्त आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए राहुल सिंह ने कार्यवाही की मांग की है।

# सीएमओ के गैरहाजिर रहने पर डीएम ने किया जवाब-तलब



डीएम शेषमणि पांडेय।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पांडेय की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति व नीति आयोग के बिन्दुओं की समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि जिन अधिकारियों ने पिछली बैठक की आख्या नहीं भेजी, वह तत्काल उपलब्ध करायें। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम ने कहा कि जिले की रैंकिंग में कमी न आये। जिला कृषि अधिकारी बसंत कुमार दुबे को निर्देश दिये कि प्रत्येक बिन्दु की रैंकिंग पर फोकस किया जाये। जिस विभाग की प्रगति कम हो उसे पिरामल संस्थान व यूनीसेफ का सहयोग लेकर सुधार करायें। जिन विभागों को नीति आयोग ने धनराशि दी है उसका उपभोग प्रमाण पत्र तत्काल उपलब्ध करायें। शिक्षा विभाग के बिन्दुओं ने प्रगति न होने पर बेसिक शिक्षाधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये। सीएमओ के बैठक में गैरहाजिर रहने पर जवाब-तलब के निर्देश दिये।

डीएम ने जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की समीक्षा कर कहा कि लॉकडाउन अवधि का खाद्यान्न एवं परिवर्तन लागत धनराशि का विवरण ब्लाक रामनगर में कम होने पर खण्ड शिक्षाधिकारी रामनगर से जवाब-तलब करने के निर्देश दिये। शहर व रामनगर ब्लाक की समीक्षा कर प्रगति बढाने को कहा। यूनीफार्म वितरण व अन्य बिन्दुओं पर मऊ व रामनगर की प्रगति ठीक न होने पर एबीएसए मऊ व रामनगर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये।

# नेहरु युवा केंद्र के सभी युवा मंडलों को सक्रिय किया जाएः जिलाधिकारी

**हमीरपुर।** नेहरू युवा केन्द्र के अंतर्गत जिला युवा सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि जनपद के सभी युवा मंडलों को सक्रिय किया जाए और अधिक से अधिक युवाओं को नेहरू युवा केंद्र के अंतर्गत युवा मंडल दल से जोड़ा जाए तथा उनके माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।



बैठक लेते जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी

बैठक में नेहरू युवा केंद्र की वर्ष 2020-21 के कोर कार्यक्रमों यथा आत्मनिर्भर भारत ई पुस्तिका कार्यक्रम, युवाओं के उन्मुखीकरण ,व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम एवं सुविधा अभियान, बुनियादी व्यवसायिक शिक्षा प्रशिक्षण , डिजिटल सुविधाओं के लिए बैंक मित्र जैसे युवाओं का प्रशिक्षण ,कोविड-19 अभियान और पोस्ट लॉकडाउन इंटरवेंशन, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और तैयारी टीमों की स्थापना, फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत युवाओं में जीवन जीने की कला हेतु सकारात्मक इच्छाशक्ति के विकास हेतु कार्यक्रम, जिला स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम, जिला स्तरीय लोक कला एवं सांस्कृतिक उत्थान कार्यक्रम, स्वच्छ गांव हरा गांव अभियान, जल जागरण अभियान हेतु युवाओं को प्रशिक्षण, युवा मंडल विकास अभियान, जिला युवा सम्मेलन आदि कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए,इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी केके वैश्य, डीडीओ विकास, एसीएमओ पीके सिंह, डीपीआरओ, समाज कल्याण अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र की जिला समन्वयक विष्णुप्रिया तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# नकली दवाएं बिक्री कर लोगों की सेहत से किया जा रहा खिलवाड़

**हमीरपुर।** औषधि निरीक्षक के न रहने से मेडिकल स्टोरों में न केवल नकली दवाएं विक्री हो रही है बल्कि दवाओं के अभिलेख सही न बनाये जाने से शासन को हर माह लाखों रुपये का नुकसान बताया जाता है।

जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जनपद में नियुक्त मनोज सिंह को हमीरपुर जिले का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है जिलाधिकारी ने लिखित आदेश कर कहा है कि वह तीन दिन जिले में अवश्य समय दे और मेडिकल स्टोरो का निरीक्षण करे ताकि मेडिकल स्टोर संचालक नकली दवाएं व अधिक दामों पर दवाओं की विक्री न कर सके मगर औषधि निरीक्षक पर इसका कोई असर नही हो रहा है वह अक्सर गायब रहते है। वही जिला अस्पताल के डाक्टरो का कहना है कि जिला मुख्यालय में छह माह से नकली दवाओं का जमकर विक्री हो रही है जिससे मरीजों के सेहत के साथ जमकर खिलवाड किया जा रहा है,जिले के अस्सी फीसदी स्टोरो में मानक के अनुसार कोई काम नही हो रहा है यही नही किसी भी मेडिकल स्टोर में फ्रिज नही रखा जाता है गंदगी होना तो एक आम बात बन गयी है।

यही नही कोरोना काल में शासन ने सख्त आदेश दिये थे कि जिस मेडिकल स्टोर से कोई भी व्यक्ति खासी जुकाम की दवा ले उसका नाम पता लिखकर दवा निरीक्षक के माध्यम से सीएमओ को दिया जाये मगर आज तक दवा निरीक्षक ने किसी भी मेडिकल स्टोर से ऐसे लोगो की सूची मेडिकल स्टोर से नही ली नही सीएमओ को उपलब्ध कराया है जिससे कोरोना समाप्त करने का जो लक्ष्य वह अधूरा रह गया है बताया जाता है कि यदि दवा निरीक्षक सक्रिय हो जाये तो गरीबों का शोषण बच सकता है मगर दवा निरीक्षक के जिलाधिकारी के आदेश का कोई असर नही हो रहा है।

## जरिया व जलालपुर में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना

**सरीला ( हमीरपुर )।** मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना जरिया व जलालपुर में महिला हेल्प डेस्क की हुयी स्थापना । शासन के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान को सार्थक बनाने की दिशा में थाना जरिया में थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह की देखरेख में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना कार्यक्रम अयोजित हुआ इसमें मुख्यअतिथि बीजेपी महिला मोर्चा नीतू भटनागर ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए इस अभियान के लिए मुख्यमंत्री जी की सराहना करते हुए इसे महिलाओं के हित में एक सराहनीय कदम बताया। उपस्थित क्षेत्राधिकारी परमानंद द्विवेदी ने कहा कि महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति कार्यक्रम वास्तव में जनजागरूकता महिला सुरक्षा के प्रति समाज में एक सार्थक पहल है उप जिलाधिकारी जुबेर बेग ने सरीला ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि महिला हेल्प डेस्क से महिलाओं को अपनी समस्याएं बताने में आसांनी रहेगी।

## झगड़े में बीच बचाव कर रहे घायल संत की गयी जान

**हमीरपुर।** कल मुस्करा क्षेत्र में बुलेरों में ट्रैक्टर भिड़ जाने के बाद दोनो पक्षों के विवाद को बचाने के चक्कर में घायल हुये संत की आज कानपुर में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक कल शाम को क्षेत्र के बसवारी मोंड के पास खन्ना गांव के कुछ लोग महोवा जा रहे थे तभी वही बसवारी गांव का ट्रैक्टर खडा था बुलेरों के निकलने में ट्रैक्टर की टक्कर बुलेरो मे लग गयी इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में जमकर डंडे लात घूसे चलने लगे वही पास में खड़े बिवार थाना क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी बाबा रतीराम(50) दोनों पक्षों को बचाने लगा तभी उसके सिर पर डंडे की चोट लग गयी उसे जिला अस्पताल में इलाज के लिये कल देर रात ही भर्ती कराया गया था जिसमे डाक्टरों ने उसे कानपुर रिफर कर दिया गया था जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। कानपुर में मृतकक का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिवारीजनो की तहरीर प्राप्तहोने पर हत्या का मुकदमा आज देर रात दर्ज किया जायेगा। घटना से गांव में रोष व्याप्त है संत की मृत्यु के बाद दोनो पक्ष गुम हो गये है।

# नाबालिगों ने किशोरी को प्रेम संबंध में फंसा किया दुष्कर्म

● पुलिस की सक्रियता से दोनों पक्षों में बवाल टला

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)



गांव में खड़ा पुलिस बल।

**कुठौंद थाना** क्षेत्र के ग्राम किरवाहा में दो नाबालिग नवयुवक एक चौदह वर्ष की नाबालिग किशोरी को पहले प्रेम जाल में फंसाया फिर उसके साथ दुष्कर्म किया बाद में दोनों आरोपियों ने रक्त रंजिश अवस्था मे मकान के पास बने एक बाड़े में छोड़ दिया था। किसी भी प्रकार का मुंह खोलने की धमकी देकर भाग खड़े हुए। रक्त रंजिश अवस्था में किशोरी के चिल्लाने पर ग्रामीणों ने युवको को घेर लिया और सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अरुण तिवारी अपने पुलिस फोर्स और पीआरवी के साथ गांव जा पहुंचे जहां पर पुलिस के जवानों ने खेतो में खगलते हुवे एक युवक शिवम दोहरे निवासी हजीपुर को मौके से पकड़ लिया तथा अंधेरा का फायदा उठा कर अनिल दोहरे भागने में सफल रहा लेकिन अरुण तिवारी की टीम पूरे क्षेत्र में इस कदर फैल गई थी कि घटना के कुछ ही घंटों के अंदर अनिल दोहरे को भी पुलिस ने पकड़ लिया घटना की जानकारी रात को ही पुलिस के आला अधिकारियों को दी गई रात भर में रेंज जॉन से लेकर जिला पुलिस प्रमुख पल पल की जानकारी लेते रहे और देर रात अपर पुलिस अधीक्षक अवधेश सिंह और सीओ विजय आनन्द भी घटना स्थल पर पहुच गए।

घटना स्थल वाले गांव में पड़ोसी गांव के दो नाबालिग नवयुवकों की ननिहाल है। उनका वहां अक्सर आना जाना रहता था। इसी दौरान उनकी एक नाबालिग किशोरी पर नियत खराब हो गई पहले तो नाबालिग किशोरी से रिस्तेदारी निकाली फिर बाद में ये पाठकथा अंतरंग संबंधों में तब्दील हो गई। जो आज इस दुस्साहस परक मोड़ पर आकर टिक गई घटना घटित होने के बाद पूरे गाँव में सन्नाटा पसर गया बाद में ग्रामीण लामबंद हो गए तथा आरोपियों की घेराबंदी में पुलिस का सहयोग किया। पीड़ित परिवार व आरोपियों की ननिहाल पक्ष का आपस में वाद विवाद शुरू हो गया।

जिस पर थानाध्यक्ष अरुण तिवारी ने दोनों पक्षों को समझकर विवाद शांत कराया। सह आरोपी को पकड़ लिया गाया जिसे रात में ही हवालात में डाल दिया गया। थानाध्यक्ष कुठौंद जो अपनी तेज तर्रार कार्यशैली के रूप में सिंघम के नाम से भी जाने जाते है। उन्होंने इस घटना को चुनौती के रूप में स्वीकार किया तथा अपने भरोसेबंद संपर्क सूत्रो का पूरे क्षेत्र में जल फैला दिया जिसे आज सुबह उस समय मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जब वो भागने की फिराक में था उसे भी गिरफ्तार करने से महत्वपूर्ण सफलता अर्जित कर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया।

## महिला हेल्पडेस्क का एडीएम व एएसपी ने किया शुभारम्भ

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** एडीएम व एएसपी ने संयुक्त रुप से कोतवाली परिसर में महिला हेल्पडेस्क का फीता काटकर शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होने महिलाओं व विभिन्न कॉलेजों की छात्राओं को महिला हेल्पडेस्क की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि इससे महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की घटनाओं में कमी आयेगी। शुक्रवार को स्थानीय कोतवाली में एडीएम गजेंद्र सिंह व एसपी विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से महिला हेल्पडेस्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने सरोजनी देवी बालिका इंटर कॉलेज, एबी गर्ल्स इंटर कॉलेज, गोमती देवी आदर्श इंटर कॉलेज, गीता इंटर कॉलेज, आकाश एजुकेशन सेंटर सहित विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं को संबोधित किया इस दौरान एएसपी विनोद कुमार छात्रओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला हेल्पडेस्क के तहत महिलाएं व छात्राऐ अत्याचार व शोषण के बारे में 1090 पर कॉल कर समस्या से अवगत करा सकती है। जिसके बाद पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कालर नाम भी पूरी तरह से गोपनीय रखा जाएगा।

# भाजपा नेता के पुत्र, भतीजे के साथ मारपीट में नामजद दो आरोपी गिरफ्तार

**जालौन ( उरई )।** पूर्व भाजपा सभासद पुत्र व भतीजे के साथ हुई मारपीट व अपहरण के मामले में कोतवाली पुलिस ने फरार चल 2 आरोपितों को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

बीती 18 अक्टूबर की देर शाम बाजार बैठगंज में चार युवकों ने पूर्व भाजपा सभासद लालन ताम्रकार के पुत्र ऋषभ व भतीजे श्रीराम ताम्रकार को न सिर्फ दौड़ा दौड़ाकर पीटा था, बल्कि उनके बाइक पर बैठाकर अज्ञात स्थान पर भी ले गए। सूचना के बाद सक्रिय हुई पुलिस की नाकेबंदी के चलते चारों युवक उन्हें उरगांव रोड पर छोड़कर भाग निकले थे। उक्त मामले में पूर्व सभासद की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मारपीट व अपहरण का मामला दर्ज किया था। उक्त मामले के षड्यंत्र अभिनंदन को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि गुरूवार की सुबह सीओ विजय आनंद के नेतृत्व में कोतवाल रमेशचंद्र मिश्र, इंस्पेक्टर क्राइम विनय दिवाकर, एसएसआई आनंद सिंह, चौकी प्रभारी दीक्षित व एसआई देशराज यादव की टीम ने औरइया मार्ग से कहीं बाहर भागने की फिराक में खड़े आरोपित अमन उपाध्याय निवासी ज्वालागंज तथा राघव मिश्रा निवासी चुर्खीबाल को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सद्दाम के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। पुलिस एक आरोपित सद्दाम को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी तथा गोलू श्रीवास्तव अभी फरार चल रहा है। कोतवालने बताया कि मामले में चार लोग नामजद हैं जिनमें 3 लोगों को जेल भेजा जा चुका है।



पुलिस हिरासत में नामजद दोनों आरोपी।

## परिजनों नें हर्ष के साथ शिक्षक को मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा करवाया

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक उमेश कुमार को स्वीडन की संस्था यूनाइटेड नोबल्स रेस्क्यू सर्विसेस ने आनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया है। शिक्षक उमेश कुमार को मिले इस सम्मान से जनपद ही नही वरन पूरे प्रदेश का नाम रोशन हुआ है। कई लोगों ने इस सम्मान पर उमेश कुमार को बधाई दे रहे हैं। नगर के मोहल्ला अफसरी स्थित आवास कार्यालय पर शिक्षक उमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए उत्कृष्ट कार्य करने पर उन्हें स्वीडन की संस्था यूनाइटेड नोबल्स रेस्क्यू सर्विसेस ने आनरेरी डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। इससे पूर्व उनके परिजनों मिष्ठान खिलाकर मुंह मीठा करवाया। सब माता पिता के आर्शीबाद से संभव हुआ है। शिक्षक उमेश कुमार शिक्षा में नवाचार के प्रयोगों व समाज सेवा के कार्यों सहित स्वच्छता अभियान में प्रतिभाग करने पर अब तक सैकड़ों राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान व अवार्ड से सम्मानित किये जा चुके है।

# महिला सुरक्षा, गरिमा और सशक्तीकरण को आंदोलन बनाने की जरूरतः सांसद

**● मेनका संजय गांधी ने दर्जनों कार्यक्रमों में किया प्रतिभाग**

संवाददाता। सुलतानपुर


मिशन शक्ति कार्यक्रम को संबोधित करतीं सांसद मेनका संजय गांधी पायनियर

**पूर्व केंद्रीय** मंत्री व सांसद मेनका संजय गांधी ने अपने दौरे के तीसरे और अंतिम दिन नगर कोतवाली में मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। सांसद श्रीमती गांधी ने कूरेभार में नवनिर्मित पशु चिकित्सालय एवं धनपतगंज ब्लॉक के अतरसुमा गांव में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ किया गया। श्रीमती गांधी ने आवास सहित तीन विकास खण्डों भदैंया, कूरेभार एवं धनपतगंज में जनता दरबार लगाने, कूरेभार धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण के साथ धनपतगंज में पार्टी द्वारा चलाये जा रहे मण्डल प्रशिक्षण कार्यशाला को भी संबोधित किया। मिशन शक्ति कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद मेनका संजय गांधी ने कहा कि महिला सुरक्षा, गरिमा और सशक्तीकरण को आन्दोलन बनाने की जरूरत है। मिशन शक्ति इसका आधार बनेगा। उन्होंने कहा सशक्त स्त्री समृद्ध समाज का आधार होती है।उन्होंने बताया कि जब वह केन्द्रीय मंत्री थी तब उन्होंनें महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण के कई कार्यक्रम शुरू किये थे। उसमें थानों में रेप किट उपलब्ध कराने की योजना भी थी।लेकिन किसी कारणवश वह ग्रह मंत्रालय के पास प्रस्ताव रखा है जिसे लागू करने की आवश्यकता है। श्रीमती गांधी ने कहा कि वह चाहती हैं कि कोई भी महिला किसी पुरुषो को झूठे आरोपों का सहारा लेकर शिकार न बनाएं, नगर कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ करते हुए सांसद मेनका गाँधी ने कहा उन्हें पूरा भरोसा है कि यहां पीड़ित महिलाओं को न्याय मिलेगा। सुमंगला योजना के 4331 बालिकाओं के आवेदन अधर में लटके रहने पर जिलाधिकारी को तत्काल निस्तारित करने के आदेश सांसद मेनका गांधी ने दिए हैं, सांसद श्रीमती गांधी ने संसदीय क्षेत्र दौरे के तीसरे व अन्तिम दिन कूरेभार धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। धान क्रय केन्द्र खुला मिलने पर उन्होंने संतोष व्यक्ति किया। उन्होंने कहा कि धान क्रय केन्द्रो पर सक्रिय दलालों व बिचौलियों पर जिला प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी होगी। श्रीमती गांधी ने कहा मेहनतकश अन्नदाताओं को उनकी उपज का पूरा दाम मिलना चाहिए। श्रीमती गांधी ने हाइब्रिड धान क्रय करने के लिए कहा। जिसपर डिप्टी आर.एम.ओं विनिता मिश्रा ने बताया कि धान क्रय केन्द्रो पर हाइब्रिड सहित सभी प्रकार के किसानों के धान खरीदे जायेंगे। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि सांसद मेनका संजय गांधी ने पार्टी द्वारा चलाये जा रहे धनपतगंज के मण्डल प्रशिक्षण कार्यशाला में भी शामिल हुई। यहां पर उन्होंने राजनीति और हमारे दायित्व विषय पर बोलते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का राजनीतिक मकसद गरीबों व जरूरतमंदो के जीवन में खुशहाली लाने का है।उन्होंने कहा राजनीति का मकसद गरीब से गरीब व्यक्ति की सेवा होना चाहिए। उन्होंने कहा मेरी राजनीति का मकसद भी गरीबों व जरूरतमंदो के जीवन में खुशहाली लाने का है। उन्होंने कहा मुझे जातिवादी नही विकासवादी व सेवाभरी राजनीति करने में खुशी मिलती है।उन्होंने कहा मैं प्रदेश की पहली सांसद हूँ जो ब्लाको मे जाकर लोगों को समस्याओं से निजात दिला रही है।यहां पर जिला उपाध्यक्ष रामभवन मिश्रा, आलोक कुमार आर्या, मण्डल अध्यक्ष संदीप तिवारी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला घायल

**श्रावस्ती।** गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत गिलौला. भीनगा मार्ग पर स्थित भिथौरा रामसहाय को जाने वाली मोड़ पर ट्रैक्टर वा बाइक में आमने सामने की टक्कर होने से बाइक सवार महिला बाइक से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गयीं। इस दुर्घटना में महिला के बाएं पैर मे गम्भीर चोट आयी तथा सर में भी चोटें आयी है। घायल महिला राजकुमारी पति शालिग्राम निवासी ठठिया पोस्ट हसनापुर की रहने वाली है वह अपने पुत्र अरुण कुमार के साथ में ठठिया से गिलौला होती हुयी बहराइच में ककरा गांव जा रही थी कि तभी बीच रास्ते में ट्रैक्टर से बाइक की टक्कर हो गई और वह घायल हो गयी स्थानीय लोगों ने 108 डायल कर ऐम्बुलेंस की सहायता से उसे सीएचसी गिलौला पहुँचाया जहाँ चिकित्सकों ने हालत गम्भीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

# 'बालिकाओं के मनोवैज्ञानिक संवर्धन' विषय पर हुई आनलाइन संगोष्ठी

**● बालिकाओं के विकास के लिए वक्ताओं ने व्यक्त किए अपने-अपने विचार**

संवाददाता। कादीपुर, सुलतानपुर


संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते वक्ता पायनियर

**अनुशासन** और सतत परिश्रम ही चरित्र का निर्माण करता है, यही सभी सफलताओं का आधार है। यह बातें आज महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के प्रोफेसर आरपी सिंह मिशन शक्ति के तहत संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर द्वारा आयोजित ''बालिकाओं के मनोवैज्ञानिक संवर्धन'' विषय पर आयोजित ऑनलाइन संगोष्ठी ने कही। वे संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित हुए थे। ऑनलाइन संगोष्ठी में पटना से मनोचिकित्सक डॉक्टर विनीता त्रिपाठी सम्मिलित हुई। डॉ विनीता त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में बालिकाओं के मनोवैज्ञानिक समस्याओं का विश्लेषण करते हुए कहा कि अपनी क्षमता को पहचानना चाहिए। लखनऊ से डॉक्टर वंदना सिंह ऑनलाइन संगोष्ठी में सम्मिलित हुई। उन्होंने बालिकाओं को अपने लक्ष्य के अनुरूप रोल मॉडल चुनने और उसी अनुरूप व्यवहार करने का परामर्श दिया। डा बंदना सिंह ने कहा कि बाहरी चकाचौंध से बचकर बालिकाएं अपना नैसर्गिक विकास कर सकती हैं। डॉक्टर एस बी सिंह ने आमंत्रित वक्ताओं का स्वागत किया और प्राचार्य डॉ जितेंद्र तिवारी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रबंधक श्री सौरभ त्रिपाठी ने आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की। संगोष्ठी का संचालन सतीश सिंह ने किया। मिशन शक्ति के तहत महाविद्यालय के 200 से अधिक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हैं। इस अवसर पर डॉ मदन मोहन सिंह डॉ इंदु शेखर उपाध्याय डॉक्टर हरेंद्र कुमार सिंह, डॉ संजीव रतन गुप्त, डॉ राजकुमार सिंह, संजय सिंह डॉक्टर संजय प्रकाश दुबे, डॉ समीर पांडेय, डॉ अंजू सिंह, डॉ अंजू मिश्रक, डॉ सुरेंद्र तिवारी सहित महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति के तहत सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित

**●विधायक राम फेरन पाण्डे ने गिलौला थाने में फीता काटकर किया शुभारंभ**

संवाददाता। श्रावस्ती



**मिशन** शक्ति योजना के तहत नवरात्रि के सातवें दिन मुख्यमंत्री जी ने लखनऊ से प्रदेश के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की जिससे महिलाओं तथा बालिकाओं को अपनी समस्याओं को बताने में कोई दिक्कत न इसी क्रम में जिले के गिलौला थाने में माननीय विधायक राम फेरन पांडे ने जिलाधिकारी टी के शिबु व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य की उपस्थिति में फीता काटकर शुभारम्भ किया। वही सिरसिया थाने में अपर जिलाधिकारी योगानंद पांडे अपर पुलिस अधीक्षक बी सी दुबे तो वही जमुनहा थाने में उप जिलाधिकारी जे पी चैहान पुलिस क्षेत्राधिकारी हौसला प्रसाद थाना इकौना में उप जिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा पुलिस क्षेत्राधिकारी एम पी शर्मा ने महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। थाना सिरसिया में अपने संबोधन में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि अब महिलाओं को यदि कोई समस्या होती है तो उन्हें इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा वे वह थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क पर जाकर समस्याएं बता कर उनका निदान करा सकती है। अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दुबे ने कहा कि महिलाओं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने की दृष्टि एंटी रोमियो टीम भी निरंतर निगरानी करेगी यदि कोई भी व्यक्ति जिले की महिलाओं या बालिकाओं से अभद्र व्यवहार करता है तो निश्चित ही उनके खिलाफ अब विधिक कार्यवाही सुनिश्चित होगी वह किसी भी दशा में बच नहीं पाएंगे। कटरा श्रावस्ती स्थित श्यामता प्रसाद महिला डिग्री कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिला प्रोबेशन अधिकारी चमन सिंह ने कहा कि पुरातन से जो बेटों और बेटियों में भेदभाव किया जा रहा है वह चिंता का विषय है अब लोगों को अपनी भावना बदलनी होगी और बिना भेदभाव के लड़कियों को भी अपने लड़कों के तरीके से शिक्षित कर आगे बढ़ाना होगा बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं है जरूरत इस बात की है कि उनका बेटों के तरीके से ही पालन पोषण कर के आगे बढ़ाया जाए ।

प्रवक्ता एसएन वर्मा ने कहा कि बच्चियों को सपोर्ट की जरूरत है इसलिए उन्हें सपोर्ट किया जाए और बिना किसी भेदभाव के उन्हें भी लड़कों के तरीके शिक्षित कर आगे बढ़ाया जाए बेटियां को यदि सपोर्ट मिलेगा तो निश्चित ही व उच्च पदों पर आसीन होकर अपने माता पिता घर समाज वह जिले का नाम रोशन करेंगी ।

**रायबरेली पुलिस की पैरवी सफल**

# दुष्कर्मी को मिली फांसी की सजा

**● डेढ़ वर्षीय बालिका के साथ हुई थी हैवानियत**

**रायबरेली।** मिशन शक्ति का पहला ही अंजाम रायबरेली पुलिस के लिए सफल रहा। पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी पर डेढ़ वर्षीय बालिका से दुष्कर्म कर हत्या कर देने वाले अभियुक्त को फांसी की सजा दिलवाई गई है। माननीय न्यायालय ने अभियुक्त जितेंद्र कुमार उम्र 42 वर्ष को फांसी की सजा सुनाई है। पुलिस की तरफ से पैरवी करने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक रायबरेली श्लोक कुमार द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली विश्वजीत श्रीवास्तव को सौंपी गई थी। पुलिस ने बताया है कि मिशन शक्ति जो कि दिनांक 17 .10. 2020 से 25.10. 2020 तक है इसमें पुलिस द्वारा पाक्सो अधिनियम के तहत विशेष पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति के प्रथम चरण के दौरान ही अभियुक्त को फांसी की सजा दिलाना रायबरेली पुलिस अपनी बड़ी सफलता मान रही है।

### हरकत में पुलिस विभाग महिला उत्पीड़न पर होगी प्रभावी कार्रवाई

संदेश स्पष्ट है पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा व्यवस्था व अपराधों पर अंकुश लगाना पहले से निश्चित किया जा चुका था। पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने चार्ज संभालते जनता से कुशलक्षेम पूछा था वह बाजारों में गए लोगों से मुखातिब हुए व्यापारियों से मिले उसी समय यह स्पष्ट हो गया था पुलिस अधीक्षक जनपद की नब्ज टटोल रहे हैं। लगातार होते खुलासे शहर में जगह.जगह पर चेकिंग सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता कर रही है। तो अब महिला उत्पीड़न को लेकर हो रही कार्यवाही इस बात के संकेत हैं कि महिला उत्पीड़न का कोई भी केस लापरवाही के साथ स्थानीय पुलिस लापरवाही नहीं कर सकती। कुशल पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व का परिणाम है कि अब प्रभावी कार्यवाही हो रही है।

## नारी शक्ति के सम्मान व सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का उद्घाटन



संवाददाता। जगतपुर रायबरेली

**जगतपुर** थाने पर शासन के निर्देश पर नारी शक्ति के सम्मान व सुरक्षा के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम की सुरवात प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जगतपुर अमरनाथ सिंह द्वारा किया गया। आज इस कार्यक्रम की शुरुवात लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के सभी थानों में कार्यक्रम आयोजित किये गए । इस अवसर पर थाने पर महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन भी प्रभारी निरीक्षक द्वारा किया गया। प्रभारी निरीक्षक ने बतया की इस डेस्क पर 6 महिला सिपाही अनवरत शिफ्ट वॉर काम करेंगी। थाना प्रभारी कोतवाली ने कहा कि पूरे थानाक्षेत्र में महिला अपराध करने वालो के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर बिभिन सामाजिक व सरकारी छेत्र से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रही।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता। खीरों, रायबरेली



**उन्नाव जिले** की सीमा पर स्थित एक जंगल में शुक्रवार की सुबह बबूल के पेड़ से रस्सी के सहारे सन्दिग्ध परिस्थितियों मे युवक का शव लटकता मिला । युवक की शिनाख्त थाना क्षेत्र के गाँव रामनगर मजरे खरगापुर निवासी रज्जन बाबू 23 पुत्र गंगाविशुन लोधी के रूप में की गई । परिवारजन घरेलू कलह के कारण युवक द्वारा आत्महत्या करने की बात कह रहे थे । वहीं ग्रामीणों में आशनाई के कारण आत्महत्या करने की चर्चा है । परिवारजनों के अनुसार रामनगर निवासी रज्जनबाबू 23 पुत्र चंडीगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक का काम करता था । बीमार हो जाने के कारण वह बीती एक मार्च को घर आ गया था । इस दौरान उसके घर में भाइयों के बीच में किसी बात को लेकर आएदिन कहासुनी होती रहती थी । इसी से नाराज होकर रज्जन बाबू गुरुवार की शाम घर से चला गया । देर रात तक परिवारजन उसे ढूंढते रहे लेकिन कोई पता नहीं चला । शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीणों द्वारा गाँव से बाहर उन्नाव जिले की सीमा में स्थित एक जंगल में रज्जन बाबू का शव एक बबूल के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता देखा । घटना की खबर पहुंचते ही परिवार में कोहराम और गाँव में हडकम्प मच गया । मौके पर पहुंचे परिवारजनों ने बिना कोई कानूनी कार्यवाही किये शव का अंतिम संस्कार कर दिया । कुछ ग्रामीणों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मृतक युवक का पड़ोसी गाँव की एक युवती से लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था । दोनों में किसी बात को लेकर आपसी कहासुनी हो गई थी । जिससे नाराज होकर युवक ने जान दे दी । प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मामले की जाँच की गई । घटना स्थल उन्नाव जिले में होने के कारण परिवारजनों ने पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही शव नीचे उतार लिया था । उसे अन्तिम संस्कार करने के लिए गंगाघाट जा चुके थे । जाँच में प्रथमदृष्टया युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला घरेलू कलह का पाया गया है । तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी ।

## बछरावां विधायक रामनरेश रावत ने किया महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**आज** बछरावां थाने में महिला हेल्पलाइन कच्छ का उद्घाटन किया गया भाजपा विधायक राम नरेश रावत ने कहा की हमारी सरकार निरंतर नारी शक्ति के सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है आय इसी क्रम में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन को महिलाओ के लिए सुलभ कराने हेतु अपने बछरावां विधानसभा क्षेत्र के शिवगढ़ रायबरेली थाना में महिला सुरक्षा हेल्पलाइन के उद्घाटन लगातार कराए जा रहे हैं विधायक माननीय रामनरेश रावत जी ने महिला हेल्प डेस्क का उदघाटन किया द्य इस मौके पर एसडीएम विनय मिश्रा क्षेत्राधिकारी महराजगंज राघवेंद्र चतुर्वेदी वमंडल अध्यक्ष जेबी सिंह , थानाध्यक्ष राकेश सिंह पुलिस बल के साथ आदि लोग उपस्थित रहें।

## क्विक न्यूज

### राम अंजोर पाण्डेय को मिली दोहरी सफलता



**कादीपुर, सुलतानपुर।** संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर के पूर्व छात्र व विजेथुआ सूरापुर निवासी राम अंजोर पाण्डेय पुत्र हौसिला प्रसाद पाण्डेय का चयन उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय के साथ-साथ उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज में भी हो गया है। राम अजोर पाण्डेय के इस दोहरी सफलता से क्षेत्र वासियों के साथ साथ महाविद्यालय के प्रबन्धक सौरभ त्रिपाठी, प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक डॉ इन्दुशेखर उपाध्याय, डॉ मदनमोहन सिंह, डॉ जितेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ सुरेन्द्र प्रताप तिवारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई व शुभकामना दिया है।

### ब्राह्मण चेतना परिषद के जिलाध्यक्ष बने पवन मिश्र

**सुलतानपुर।** जुझारू व संघर्षशील कांग्रेसी नेता पवन मिश्र कटावां को ब्राहम्मण चेतना परिषद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पूर्व मंत्री जतिन प्रसाद ने इनका मनोयन पत्र जारी किया तो ब्राहम्मण समाज में खुशी की लहर दौड़ गई। पवन मिश्रा ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपा है उसका बखूबी निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने संगठन को मजबूती प्रदान करने का भरोसा दिया है।

### एक नवम्बर को आयोजित होगी ई-लोक अदालत

**श्रावस्ती।** प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल जज प्रवरखंड जयहिंद कुमार सिंह ने बताया है कि जनपद न्यायालय के विभिन्न न्यायालयो द्वारा आगामी जनपद में दिनांक 1 नवम्बर को मोटर वाहन दुर्घटना प्रतिकर वाद निस्तारण हेतु ई.लोक अदालत आयोजन का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया की वैश्विक महामारी कोविड .19 के दृष्टिगत केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक इस ई.लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

### मिशन शक्ति के अंतर्गत व्यापार मंडल अध्यक्ष ने महिलाओं को स्वावलंबी बनने के सुझाये उपाय

**श्रावस्ती।** भिनगा जिलाउद्योग प्रोत्साहन एवं उधमिता विकास केंद्र में शुक्रवार को मिशन शक्ति के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीनानाथ गुप्ता द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को आत्मनिर्भर वा स्वावलम्बन बनाने हेतु उपाय सुझाये। इस कार्यक्रम में जिला उपायुक्त उद्योग केंद्र द्वारा संचालित स्वरोजगार की योजनाओं में महिलाओं और बालिकाओं को बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित किया गया। एवं महिलाओं हेतु रोजगार के लिये मिलने हेतु विशेष अनुदान के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग जे एन यादव सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### तीन बहादुर बेटियों का हुआ सम्मान

**करनैलगंज ( गोंडा )।** कोतवाली पुलिस में मिशन शक्ति के तहत तीन विद्यालय की टीमों एवं तीन बहादुर बेटियों को सम्मानित किया। मिशन शक्ति के अंतर्गत कोतवाली करनैलगंज परिसर में एक समारोह का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम ज्ञान चन्द्र गुप्ता व संचालन कोतवाल मनीष जाट ने किया। कार्यक्रम में एक वर्ष पूर्व बदमाशों से भिड़ने वाली ग्राम मसौलिया निवासी शालिनी सिंह तथा एक होटल में बंधक बनाकर नाबालिग युवक से काम करा रहे होटल मालिक के चंगुल से बालक को मुक्त कराने वाली करनैलगंज नगर की वंदना जायसवाल व कोरोना काल मे सामाजिक कार्य मे शामिल रही कस्बे की मुस्कान को एसडीएम ने सम्मानित किया। इसके अलावा कन्हैया लाल इंटर कॉलेज की एनसीसी कैडेट एवं मेजर राजाराम, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बालिकाओं को जुडो कराटे के प्रशिक्षण व चित्रगुप्त इंटर कालेज की बालिकाओं की टीम को सम्मानित किया गया।

# वृहद कृषक गोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित


कृषक गोष्ठी में किसानों का सम्मान करते जिला गन्नाधिकारी ओपी सिंह पायनियर

संवाददाता। गोंडा

**दतौली** चीनी मिल मनकापुर के मिल गेट पर एक वृहद कृषक गोष्ठी एवं कृषक सम्मान समारोह का आयोजन जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें बीते वर्ष 2019-20 में पेड़ी गन्ना उत्पादन में अव्वल कृषकों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए चीनी मिल के महाप्रबंधक (गन्ना) उमेश कुमार सिंह बिसेन ने बताया कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य चीनी मिल परिक्षेत्र में गन्ना उत्पादन की बढ़ोतरी करना व उन्नत प्रजाति के गन्ने की पैदावार बढ़ाना रहा। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी ओपी सिंह ने कृषकों को अपने खेतों में कार्बनिक खाद व संतुलित उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग की सलाह दिया। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक मनकापुर सुनील शुक्ला ने कृषकों से अपने खेतों में जैविक खाद का अधिकाधिक प्रयोग कर गन्ने की पैदावार बढ़ाने की बात कही। गोष्ठी में आए हुए कृषकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक नीरज बंसल ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में कृषकों को उन्नतिशील व अगेती प्रजाति के गन्ने की बुआई वैज्ञानिक विधियों से करना चाहिए। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक वाणिज्य मुकेश कुमार झुनझुनवाला, सीओईसी मोइन खान, मुख्य प्रबंधक गन्ना विकास अनिल कुमार सिंह राठौर, सहायक महाप्रबंधक गन्ना एसबी सिंह, अपर महाप्रबंधक विद्युत एनके सैनी, उत्पादन हेड केके सक्सेना, गजेंद्र कुमार राउत व मुकेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## 80 हजार रुपए की टप्पेबाजी के मामले में केस दर्ज

**ऊंचाहार,रायबरेली।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत दूसरे के एटीएम से टप्पेबाज के द्वारा पेट्रल पंप मे 80 हजार रूपए एटीएम से निकलवाने के बाद फरार हो जाने का मामला प्रकाश मे आया है। जिसमे पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

बताते चले कि एनटीपीसी में कार्यरत कंपनी के कर्मचारी महेंन्द्र कुमार निवासी बरडीह हुसैनाबाद , झारखंड ने ऊंचाहार कोतवाली में तहरीर दिया कि एनटीपीसी गेट नंबर 2 के सामने एटीएम से पैसा निकालते दौरान एटीएम बदल लिया। जिसके बाद आरोपित अज्ञात टप्पेबाज के द्वारा कोतवाली ऊंचाहार के ही सवैयातिराहा के निकट शहीद पेट्रोल पंप पर गया और अपना दु:खड़ा रोने लगा।जहां पर तत्कालीन पेट्रल पंप के मैनेजर प्रमोद के द्वारा उस जालसाज के झांसे मे आकर दो बार मे 40-40 हजार रूपए करके 80 हजार रूपए एटीएम कार्ड से अपने पेट्रल पंप से 80 हजार रूपए निकाल लिया।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित

**करनैलगंज ( गोंडा )।** मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह मुख्य अतिथि जिला बालिका समन्वयक रजनी श्रीवास्तवा रहीं। जिसमे पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यपक दिनेश कुमार सिंह ने बालिकाओं को स्वावलंबी बनने की शिक्षा दी। विद्यालय की वार्डन व समस्त स्टाफ की उपस्थिति तथा विद्यालय की बालिकाओं की उपस्थिति में बाल स्वास्थ्य एवं सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बिंदु को दृष्टिगत रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के छठवें दिवस के अवसर पर बालिकाओं के समक्ष बालिकाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष यूपीएस के प्रधानाध्यापक, जिला बालिका समन्वयक रजनी श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष में गीत भजन व अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। साथ ही साथ विद्यालय की वार्डन व विद्यालय के स्टाफ के द्वारा भी कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी आरपी सिंह द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं को मिशन शक्ति से संबंधित जानकारी दी गई तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी के अभिभाषण में बालिकाओं को प्रमुखता से समाज में उनका अंतर बताते हुए उनकी आवश्यकता व उनके महत्व को बताते हुए कविता की प्रस्तुति की गई। बीइओ द्वारा बताया गया कि बोए जाते हैं बेटे आती है बेटियां जैसे कविता के माध्यम से समाज व परिवार में बालिकाओं के महत्व को बताया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बालिकाओं का मनोबल बढ़ाते हुए अपने अभिभाषण में बालिकाओं के तीन मुख्य बिंदुओं को कक्षा कक्ष, मंच व मैदान में प्रतिभा गीता को दर्शाया गया।

## बीडीए ने छीन ली कारोबारियों की रातों की नींद

**बस्ती**। जिले वासियों के लिए बीडीए लाभकारी नहीं अलाभकारी साबित हो रहा है। जिन सपनें को लेकर व्यापारियों ने आज से 40-45 साल पहले कारोबार शुरु किया था, आज उसी सपने को बीडीए का नियम कानून चकनाचूर करने में लगा हुआ है। कारोबारियों को इतने सालों बाद अचानक यह पता चलता है कि जिस जमीन पर उसने प्रतिष्ठान खड़ा किया है। उसे बीडीए ने आरक्षित कर रखा हैं। लाखों का कारोबार बर्बाद होने के साथ उससे जुड़े कईयों के बेरोजगार होने का खतरा उत्पन्न हो गया है। बीडीए के नोटिस ने कारोबारियों के रातों की नींद हराम कर रखा है। बीडीए के सचिव नंद किशोर कलाल ने बताया कि इस तरह के जितने भी मामले सामने आ रहे हैं, उन्हें नोटिस भेजा जा रहा है, और उनका पक्ष जानने के लिए समय दिया जा रहा है। बताया कि इस तरह के मामले का निस्तारण बोर्ड या फिर शासन करेगा।

# ...तो खंडहर नजर आएंगे 391 पंचायत भवन

### पंचायत भवनों का निर्माण पूरा करने को चाहिए 78 करोड

**संवाददाता**। बस्ती

**जिले** में पंचायत भवन निर्माण को पूरा करने के लिए धन का अभाव है। शासन को भेजी गई रिपोर्ट में 367 पंचायत भवन के पूर्ण होने की बात कही गई। इस तरह 391 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन का ढ़ाचा ही नजर आएगा। इन पंचायत भवनों को पूर्ण करने के लिए 78 करोड़ से अधिक के धन की आवष्यकता जताई गई है। इस धन का इस्तेमाल 367 वर्तमान प्रधान नहीं कर पाएंगे। नये चयनित प्रधान धन का उपयोग या दुरुपयोग कर पाएगें। धन के अभाव में किसी पंचायत भवन की छत तो किसी का दिवार ही नजर आएगा, और अगर उक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान दुबारा जीत नहीं पाए तो पंचायत भवन खंडहर नजर आएगें। जो पंचायत भवन का निर्माण हो रहा है तो और जो पूरा हो चुका हैं, उनमें 95 फीसद कमीशन के भेंट चढ़ चुका है। जांच में एक भी भवन की गुणवत्ता मानकनुसार नहीं पाई जा रही है।

**डेढ़ अरब को लेकर हो रही मारामारी:** जिले में कुल 758 पंचायत भवन का निर्माण होना है। एक भवन पर 20 लाख खर्च आता है। इस तरह एक अरब 51 करोड़ से अधिक खर्च होगा। यही वह धन है जिसके लिए प्रधान, ब्लॉक प्रमुख, बीडीओ, सेक्रेटरी और माननीयगण के बीच खींचतान हो रहा है। आपस में लड़ रहे है। हर कोई इस धन के सहारे आने वाला चुनाव जीतना चाहता है। हर्रैया, विक्रमजोत, कुदरहा और बनकटी सहित अन्य ब्लॉकों में खुले आम ठेका या कमीशन को लेकर लड़ाई हो रही है। डीएम को इसे लेकर मजिस्टेरिएल जांच तक बैठाना पड़ा। अधिकतर प्रधान यह सोचकर गुणवत्ता के साथ समझौता कर अधिक से अधिक धन कमाता चाहते है कि पता नहीं फिर प्रधानी का मौका मिले या नहीं? प्रमाणित सूत्र बताते हैं कि सिर्फ पंचायत भवन के नाम पर 50 करोड़ से अधिक का बंदरबांट हुआ। 25 फीसद प्रधान हो जाएंगे करोड़ों के कर्जदार: जिस तरह विभाग के अधिकारी शासन और प्रशासन की वाहवाही बटोरने के लिए प्रधानों पर पंचायत भवन को बनाने के लिए दबाव बना रहे हैं।

## डीएम ने कौशल विकास एलईडी मोबाइल वैन को किया रवाना

**संवाददाता**। बस्ती

**कौशल** विकास मिशन के प्रचार प्रसार के लिए एलईडी मोबाइल वैन को डीएम आशुतोष निरंजन ने कलेक्ट्रेट परिसर में शुभारम्भ किया। बताया कि कौशल विकास मिशन के माध्यम से जिले में युवाओं को स्वरोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। जनजागरूकता अभियान में इस एलईडी वैन की उपयोगिता सफल होगी। कौशल विकास मिशन की ओर से नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, उपायुक्त श्रम विनय कुमार दूबे, उपायुक्त उद्योग उदय पासवान, सहायक निदेशक सेवायोजन टीडी वर्मा, प्रधानाचार्य आईटीआई पीके श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य पालीटेक्निक गुलाब चन्द्र पाटिल और कौशल विकास मिशन के जिला प्रबन्धक चन्द्रवीर सिंह मौजूद रहे।

# अब फर्जी रिपोर्ट लगाना नहीं होगा आसान, टीम करेगी भौतिक सत्यापन

### प्रत्येक माह 40 आईजीआरएस के निस्तारित मामलों का सत्यापन करेगी टीम

**संवाददाता**। बस्ती

**डीएम** आशुतोष निरंजन ने दो तहसीलदार, एक नायब तहसीलदार, छह राजस्व निरीक्षक और छह लेखपाल की टीम गठित की है। यह टीम प्रत्येक माह आईजीआरएस में निस्तारित मामलों की मौके पर जाकर इस बात का सत्यापन करेगी कि रिपोर्ट सही लगाई गई है या नहीं इसके लिए कार्यक्रम भी निर्धारित कर दिए गएं हैं। प्रथम चरण में तहसीलदार रुधौली राजस्व ग्राम रसना के 15, तहसीलदार भानपुर राजस्व ग्राम पोखर भिटवा के 21 और नायब तहसीलदार सदर बस्ती खास के 10 सहित कुल 48 शिकायतों का भौतिक सत्यापन करेंगे। इन सभी को 26 अक्टूबर तक रिपोर्ट करनी है। इसकी मानिटरिंग ई-डिस्टिक मैनेजर सौरभ कुमार द्विवेदी की ओर से किया जा रहा है। शासन और प्रशासन को निरंतर यह शिकायत मिल रही है कि आईजीआरएस की शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण नहीं हो रहा है, शिकायतकर्त्ता अंसतुष्ट होकर फिर शिकायत करते है। इससे सरकार की छवि खराब हो रही थी। जबकि इस मामले में डीएम की ओर से सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित अन्य बैठकों को नियमित दिशा-निर्देश दिए जाते रहे हैं। जिन तीन राजस्व ग्रामों के भौतिक सत्यापन के लिए टीम बनाई गई उनमें सबसे अधिक शिकायतें आ रही थी।

**पोस्टआफिस और बैंकें ले रही हैं आधार कार्ड बनाने का पैसा:** प्रशासन को नियमित शिकायतें मिल रही है कि कुछ पोस्ट आफिस, बैंकों के दलाल और जनसूचना केंद्र वाले जरुरतमंदों से चार से पांच सौ तक वसूल कर रही है। इसकी जांच के लिए डीएम आशुतोष निरंजन ने ई-डिस्टिक्ट मैनेजर सौरभ कुमार द्विवेदी को जांच करने का आदेश जारी किया है। सबसे अधिक शिकायतें कप्तानगंज पोस्ट आफिस से मिल रही है। बता दें कि पोस्ट आफिस, 18 सीएससी और 13 बैंकों को आधार कार्ड बनाने के लिए अधिकृत किया है। हालांकि आईजीआरएस में आए मामलों को निस्तारित करने में जिले ने बड़ी छलांग लगाई है। 70वें से 34 वें स्थान पर आ गया मगर अभी भी कुछ विभागों के अधिकारी ऐसे हैं, जो इस मामले में सहयोग नहीं कर रहे है।

# कोरोना के लक्षण बाद भी नहीं कराया जांच, इलाज दौरान इंस्पेक्टर की मौत

### सीएमओ ने जारी की दोनों डाक्टरों को नोटिस

### क्लीनिक सील करने की चेतावनी

**संवाददाता**। बस्ती

**कोविड**-19 के लक्षण बाद भी पुलिस इंस्पेक्टर की जांच नहीं कराई गई। जांच को नजर अंदाज कर शहर के दो क्लीनिकों के डाक्टर उनका सामान्य तरीके से इलाज करते रहे। इलाज के दौरान खांसी, बुखार, सांस लेने की तकलीफसे ग्रसित इंस्पेक्टर की मौत हो गई। दोनों डाक्टरों को मौत मामले में जिम्मेदार ठहराया गया है। इस मामले में सीएमओ ने नोटिस जारी कर उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। समय सीमा के भीतर समुचित जवाब न देने पर दोनो डाक्टरों के क्लीनिक को बन्द करने का आदेश देने की चेतावनी दी गई है। गोरखपुर के कैम्पियरगंज थाने में तैनात बस्ती जिले के बेदौला भानुपर निवासी इंस्पेक्टर दयाशंकर को खांसी बुखार, सांस लेने की तकलीफ होने पर मालवीय रोड स्थित डा. रवि प्रताप और रोडवेज तिराहा स्थित डा. अजीत त्रिपाठी के क्लीनिक पर इलाज किया गया। इस दौरान दोनो क्लीनिक पर कोरोना संक्रमण के लक्षण की जांच नहीं कराई गई। जबकि उनमें कोरोना के पूर्ण लक्षण थे। प्रभारी सीएमओ डा. फखरेयार हुसेन ने जारी नोटिस में कहा है कि 13 और 15 अक्टूबर के बीच दोनो क्लीनिकों पर इंस्पेक्टर का इलाज किया गया, लेकिन कोरोना संक्रमण के लक्षण पाए जाने के बाद भी दोनो क्लीनिक के जिम्मेदार डाक्टरों ने न उनकी कोरोना जांच कराई और न ही उन्हे जांच के लिए अन्यत्र संदर्भित किया गया। जांच के लिए प्रशिक्षित किए जाने और एंटीजेन किट उपलब्ध कराए जाने के बावजूद इंस्पेक्टर की कोरोना जांच न कराकर इलाज में लापरवाही बरती गई। सीएमओ ने इलाज में लापरवाही बरतने से मौत के मामले में दोनो डाक्टरों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। इंस्पेक्टर की मौत के मामले में उन्हे जिम्मेदार ठहराया गया है। कहा गया है कि यदि दोनो डाक्टरों द्वारा इलाज में लापरवाही न बरती गई होती और कोरोना जांच कराया गया होता तो संभवत: उनकी जान बचाई जा सकती थी।

## नपा चेयरपर्सन ने किया महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ

**बस्ती**। कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रूपम मिश्रा ने शुभारंभ किया। महिला हेल्प डेस्क पर दो आरक्षी नीलम एवं आराधना तिवारी की डयूटी लगाई गई है। कम्प्यूटर, प्रिन्टर, रजिस्टर आदि उपलब्ध कराया गया है। पीड़ित महिला के आने पर उसकी शिकायत रजिस्टर में दर्ज कर उसे प्राप्ति रसीद दी जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी हेल्प लाइन नम्बर-1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेन्स सेवा आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाएगा। कमिश्नर अनिल कुमार सागर ने कहा कि नारी उत्थान के बिना समाज का उत्थान सम्भव नही है।

# महिलाएं निडर होकर आगे बढ़ें: जिलाधिकारी

### महिला सुरक्षा के लिए हर कदम पर पुलिस है तैयार: एसपी

### जनपद के समस्त थानो में महिला हेल्प डेस्क का हुआ उद्घाटन

**संवाददाता**। सेमरियावा ( **संतकबीरनगर** )



**शुक्रवार** को थाना कोतवाली खलीलाबाद में मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा महिला हेल्प डेस्क का उदघाटन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह द्वारा महिलाओं बालिकाओं को उनके सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपदीय पुलिस व एण्टी रोमियो टीम द्वारा जनपद के विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, गांव, कस्बा क्षेत्र, बाजार, पूजा पंडाल, माल, व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाकर महिलाओं व बालिकाओं को उनके सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के प्रति जागरूक करने हेतु मिशन शक्ति के बारे में वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। महिलाओं व बालिकाओं को अपनी शिकायत दर्ज करवाना के लिए थानों पर गठित महिला हेल्प डेस्क, वीमेन पावर हेल्पलाइन-1090, महिला हेल्प लाइन-181, पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन- 1098 आदि के बारे में जानकारी दी गई। मिशन शक्ति के तहत जनपद मे सराहनीय कार्य करने के लिए ईओ खलीलाबाद बीना सिंह, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह व प्रभारी एंटी रोमियो टीम गौरी शुक्ला सहित कुल 15 महिला पुलिस कर्मियों व सामाजिक कार्यकर्ताओं को उनके द्वारा अच्छा कार्य करने के लिए उन्हे प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

**मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया**

**संतकबीरनगर**। वस्तु एवं सेवा कर विभाग (जीएसटी) के तत्वाधान में मिशन शक्ति अभियान के तहत एक गोष्ठी का आयोजन डिप्टी कमिश्नर गुलाम रब्बानी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें जिले के प्रमुख महिला व्यवसायियों व सामजिक कार्यकर्तियों के साथ अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

मीनू जैन तथा मंजू अग्रहरि ने कहा कि स्वावलंबन हेतु महिला व्यवसायियों को शासन तथा जीएसटी विभाग के स्तर पर विभिन्न सुविधाएं मुहैया कराई जाए जैसे बैंक में ब्याज दर में छूट, जीएसटी तथा आयकर में छूट दिया जाए।

# कोरोना टीकाकरण को लेकर तैयारी में जुटा स्वास्थ्य विभाग

### चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का तैयार किया जा रहा है डेटाबेस

**संवाददाता**। सोनभद्र

**जिले** में कोविड-19 महामारी पर नियंत्रण रखने के लिए स्वास्थ्य महकमा कोरोना टीकाकरण को लेकर तैयारी में जुट गया है। इसके अलावा टीकाकरण के लिए कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मियों के बारे में डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। वैक्सीन के रखरखाव और जहां पहुंचाई जानी है उसका विस्तारीकरण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि बुधवार को कलेक्ट्रेट मीटिंग हॉल में जिलाधिकारी एसराज लिंगम की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ समिति की बैठक में कोरोना टीकाकरण को लेकर चर्चा हुई। और जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को इससें अवगत करा दिया गया है।उन्होंने बताया कि जितने हेल्थ केयर, वर्कर, डॉक्टर, पैरामेडिकल, फर्मासिस्ट, नर्स, एएनएम सहित वार्ड बॉय, सुपर, चौकीदार, आशा तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों का डेटा बेस तैयार किया जा रहा है। जिससे वैक्सीन आने पर चिकित्सकों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न होने पाए। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर रामकुंवर ने बताया की कोरोना वैक्सीन लगाए जाने को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सभी तैयारियां शुरू कर दिया है। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण को लेकर वैक्सीन कब आएगी इस विषय पर अभी कोई निर्णय नहीं हो सका है लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसे लगाए जाने की तैयारी शुरू कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि जहां-जहां वैक्सीन लगती है उसकी मैपिंग किया जा रहा है। कोविड-19 टीकाकरण को लेकर जिले के समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों समेत स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डेटाबेस तैयार करने की बात कही गई है। जिसको लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा जिससे वैक्सीन आने तक स्वास्थ्य कर्मी व चिकित्सको को टीका लगाने में कोई दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि जनपद में कोविड-19 संक्रमण बढ़ता जा रहा है इस पर नियंत्रण रखने के लिए शासन स्तर पर निर्देश मिलते ही स्वास्थ्य विभाग टीकाकरण को लेकर तैयारी में जुट गया है।

## कोरोना टीकाकरण की तैयारी शुरू जुटाई जा रही जानकारी

**मिर्जापुर**। कोरोना जैसी महामारी का सामना करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रदेश स्तर पर निर्देश मिलाते ही कोरोना वैक्सीन लगाने की तैयारी में जुट गया है।

इसके लिए शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय स्थित विवेकानन्द सभागार में आयोजित बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक अजय सिंह ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को अवगत कराया। अपर मुख्य चि. डा.अजय ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण को लेकर वैक्सीन कब आएगी इस विषय पर अभी कोई फैसला तो नहीं हो सका हैए लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से इसे लगाए जाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सबसे पहले सरकारी, गैर सरकारी डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों की टीकाकरण किया जाना है। इसके लिए डेटाबेस भी तैयार किया जाने लगा है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव का कहना है कि वैज्ञानिकों की टीम वैक्सीन बनाने में लगी हुई है।

माना जा रहा है कि अगले साल के शुरूआती महीनों में वैक्सीन आने की उम्मीद किया जा रहा है जिसके लिए सबसे पहले उसे सरकारी ध्गैर सरकारी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को लगाया जाना है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस दिशा में तैयारी शुरू करना है। सीएमओ डा.ओपी तिवारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को बताया कि प्रदेश स्तर से भेजे गये पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि कोविड-19 टीकाकरण के लिए कार्यरत सभी स्वास्थ्य कर्मियों के बारे में डेटा बेस 25 अक्टूबर तक भेजने को कहा गया है और यह भी निर्देशित किया गया है कि 31 अक्टूबर तक सुरक्षित कर लिया जाए।

## डीएम ने सुबह भ्रमण कर शहर की सफाई व्यवस्था को जांचा

**संतकबीरनगर**। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार पाण्डेय, अधिशासी अधिकारी बीना सिंह नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के साथ आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत प्रात: सात बजे बरदहिया बाजार, दुर्गा मन्दिर, समय माता मन्दिर, गोला बाजार, पुरानी सब्जी मण्डी, शिव मन्दिर, डिग्री कालेज, स्टेशनमाल गोदाम आदि स्थानो के सफाई का निरीक्षण कि शहर के मुख्य मार्गो पर साफ सफाई अच्छी दिखाई दिया, परन्तु सड़कों के किनारे सफाई के पश्चात इकठ्ठा हुए कूड़ा पड़ा मिला।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य मार्ग के कूड़े का निस्तारण प्रात: आठ बजे तक निश्चित रूप से कर लिया जाए। स्टेशन माल गोदाम रोड पर साफ-सफाई की कमी दिखाई दिया, जिसके क्रम में निर्देश दिया गया कि तत्काल सफाई करा दिया जाए।

# माध्यमिक के 13 सहायक अध्यापकों को वितरित किया नियुक्ति पत्र



**संवाददाता**। बस्ती

**लोक** सेवा आयोग से चयनित माध्यमिक राजकीय विद्यालयों के 15 में से 13 सहायक अध्यापकों को कलेक्ट्रेट में नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। नियुक्ति पत्र में उनकी तैनाती का कालेज भी अंकित है। इनमें वाणिज्य कामर्स में सतेन्द्र कुमार पटेल, जीव विज्ञान में विवेक मणि त्रिपाठी, विनीत कुमार सिंह सायराबानों, शिवपाल वर्मा, ऊषा देवी वर्मा, राकेश कुमार, विनोद कुमार सिंह, कृषि में राम चन्द्र यादव, अंग्रेजी में आराधना, गंगाधर यादव, शारीरिक शिक्षा में विजय प्रताप सिंह ,शिखा सिंह, गणित में कृष्ण गोपाल वर्मा, संस्कृत में बलवन्त सिंह पटेल शामिल है। विधायक संजय प्रताप जायसवाल, चन्द्र प्रकाश शुक्ल, डीएम आशुतोष निरंजन, संयुक्त निदेशक शिक्षा मनोज कुमार द्विवेदी, उप निदेशक शिक्षा अशोक कुमार पाण्डेय ने नियुक्ति पत्र वितरित किया।

# कांग्रेस ने किसानों के बकाया राशि को लेकर किया प्रदर्शन

**संवाददाता**। मिर्जापुर



**जिला** कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में किसानों के पुराने बकाया राशि, धान बिक्री की समस्या, बंद पड़े क्रय केंद्रों को सुचारू रूप से चलाने इत्यादि समस्यों को लेकर जिला मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस ने मांग की है कि विगत वर्ष के भांति इस वर्ष क्रय केंद्रों पर किसानों को परेशांन न करते हुए सुचारू रूप से धान की खरीदारी की जाए।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि जैसे पिछले वर्ष क्रय केंद्रों पर नमी इत्यादि का बहाना बना कर किसानों को कई दिनों तक इंतजार करवाया जाता था फिर भी उन सभी के धानों की खरीदारी नही की जाती थी। आम किसानों की धान की खरीदारी सुचारु रूप से किया जाए व इस बिचैलिये जैसे विगत वर्ष कि भष्ट्राचार बंद किया जाय नहीं तो सब सड़क पर किसानों के साथ धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुलाब चंद्र पांडेय, दीप चंद्र जैन, राजेंद्र शुक्ला, मनीष दुबे मिंहाज अहमद उर्फ छोटे खान, सूर्यभान पटेल ,भारतेंदु यादव, राज धर दुबे, भूपेंद्र यादव, अमिताभ पांडे, संजय दुबे, पूर्व प्रधान कमलेश दुबे, राजेश मिश्रा, ज्योति स्वरूप सिंह, शेखर सिंह, राम सिंह पटेल, मनीष दुबे, तुलसीदास गुप्ता, संजय पांडे, रवि दुबे, शिवराज शर्मा, अमर दुबे, बबलू पाठक ,रामनाथ दुबे, राकेश सिंह गढ़वाल, बसंत लाल, अशोक ढाका, अर्चना चौबे, शबनम अंसारी, सरोज देवी, हरिश्चंद्र बिंद, अंकित अग्रहरि, विजय दुबे, नरेश चौधरी, संजय गुप्ता, विनाथ विश्कर्मा, विमला शंकर दुबे, अंकित दीक्षित, मनीष कुमार, चंद्र शेखर सिंह, राम सिंह, जितेंद्र सिंह, जय प्रकाश सेठ आदि शामिल रहे।

## भक्ति रस से सराबोर हुआ रिहंद परियोजना का दुर्गा पूजा पंडाल

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। एनटीपीसी की रिहंद परियोजना में आयोजित किए जा रहे श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को गुरुवार को कलश यात्रा, महासप्तमी पूजा संध्या आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन पूजा पंडाल स्थल पर कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सादगी पूर्वक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक रिहंद व दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बालाजी आयंगर एवं अध्यक्षा वर्तिका महिला मण्डल पद्मा आयंगर ने किया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक एसी साहू, एस श्रीकृष्णा, महाप्रबंधक एफएमएम रमेश, महाप्रबंधक प्रचालन एके चट्टोपाध्याय ,विभागाध्यक्षगण, अपर महाप्रबंधक केएस मूर्ति व दुर्गा पुजा समिति के महासचिव, वरिष्ठ प्रबंधक मासं अनीत कुमार व नीरज कुमार,वर्तिका महिला मण्डल की पदाधिकारी महिलाए, विभिन्न यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि ,दुर्गा पुजा समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य आदि मौजूद रहे।

# उत्सवों व आयोजनों में ढिलाई से बना रहेगा संक्रमण का खतरा: सीएमओ



### त्यौहारों पर जारी गाइडलाइन का पालन करें

**संवाददाता**। सोनभद्र

**जिले** में नवरात्र के साथ ही एक बार फिर उत्सवो, मेंलो तथा धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन का समय शुरू हो गया है। कोविड-19 के चलते इस बार स्थितियां बदली हुई है। इसलिए कार्यक्रम आयोजनों से लेकर उसमें शामिल होने वाले तक को कोरोना संक्रमण से बचाव करने की जरूरत है और हर कदम पर सावधानी बरतने की आवश्यकता है जिससे उत्सव की खुशियां बरकरार रहे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि नवरात्र, दशहरा एवं आगामी महीनों में पड़ने वाले धनतेरस एवं दीपावली त्योहारों को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर सरकार की ओर से दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिसका पालन करते हुए सभी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण से सभी को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है कि कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश एवं निकास स्थल में वेंटिलेशन हो। इसके अलावा प्रवेश द्वार पर सैनिटाइजर और थर्मल स्क्रीनिंग की व्यवस्था हो। कार्यक्रम स्थल पर केवल बिना लक्षण वाले स्टाफ एवं आगंतुकों को प्रवेश दिया जाए। यदि किसी में बीमारी के लक्षण दिखाई पड़ते हैं तो उसके साथ ही अन्य लोगो के सुरक्षा की दृष्टि से प्रवेश कदापि न दिया जाए। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थलों पर और आने वाले लोगों को फेस कवर मास्क पहनना अनिवार्य है ,और एक दूसरे से दो गज की दूरी बनाकर रखनी होगी। सभी को कोविड-19 संक्रमण से बचाव करने की जरूरत है।

**महिलाओं की विशेष सुरक्षा को लेकर महिला हेल्प डेस्क शुरू**

बीजपुर ( **सोनभद्र** )। महिलाओं की विशेष सुरक्षा के उद्देश्य से सूबे के मुखिया द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के निर्देशों के अनुपालन में शुक्रवार को बीजपुर थाना परिसर में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के धनवंतरी चिकित्सालय की मुख्य चिकित्साधिकारी रेणु सक्सेना ने किया। महिला हेल्प डेस्क की स्थापना जनपद के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन के निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक दुद्धी के मार्गदर्शन में किया गया।

## मिशन शक्ति को लेकर बैठक सम्पन्न

घोरावल ( **सोनभद्र** )। स्थानीय ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय देवरी खुर्द पर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के महिला अभिभावकों, एसएमसी सदस्यों, आंगनबाड़ी वर्कर्स जिसमें बालिकाओं,महिलाओं पर होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराध और उनसे बचने के उपाय बताए गए। इस मौके पर महिला सुरक्षा पोक्सो एक्ट लैंगिक समानता मौलिक अधिकार घरेलू हिंसा, आत्म सुरक्षा एवम किशोरी स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर वीडियो फिल्म दिखाकर सबको जागरूक किया गया। विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका किरण सिंह द्वारा महिला सम्मान हेतु विद्यालय में कार्यरत दो रसोइयों को मोबाइल फोन गिफ्ट किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी उदय चंद्र ने कई बिंदुओं पर उपस्थित अभिभावकों को संबोधित किया और सुरक्षा को दृष्टिगत अनेक उपाय पर चर्चा की।

## असलहा बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़

**जौनपुर।** नगर कोतवाली पुलिस ने तीन शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर उनके पास से निर्मित व अर्धनिर्मित असलहे और असलहा बनाने का उपकरण बरामद किया है। पकड़े गये आरोपी आधा दर्जन से अधिक मुकदमों में जनपद के अलग अलग थानों में वांछित हैं। भंडारी रेलवे स्टेशन के निकट एफसीआई गोदाम के ढहे हुए खड़हर में कुछ लोग तमंचा व असलहा बनाने की फैक्ट्री चला रहे हैं। मुखबिर की बात का विश्वास करके शहर कोतवाल सहयोगी जवानों के साथ देर रात छापेमारी कर अजय उर्फरिंकू सोनी पुत्र गिरधर सोनी निवासी ताड़तला थाना कोतवाली, राजेश उर्फमोलू गौतम पुत्र रविन्द्र गौतम निवासी चकमहमूदपुर थाना जफराबादए राकेश उर्फ गोलू गौतम पुत्र रवीन्द्र गौतम निवासी चकमहमूदपुर थाना जफराबाद को गिरफ्तार किया। इनके पास से कई सामान बरामद किया है।

## सर्पदंश से अबोध बालक की हुई मौत

**मुंगराबाद शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुरादयाल ग्राम में सर्पदंश से एक अबोध बालक की मौत हो गई। बताते हैं कि शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे पूरा दयाल गांव निवासी आदेश 13 माह पुत्र कपिल सुबह अपने चारपाई पर खेल रहा था। उसी दौरान उसे सर्प ने डस लिया। परिजनों को जानकारी मिलते ही आनन.फानन में उसको पीएचसी मुंगराबादशाहपुर ले आये जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अबोध बालक की मौत की जानकारी होते ही घर में कोहराम मच गया।

## व्यापारी के घर नगदी सहित लाखों की चोरी

**मुंगराबाद,शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नई बाजार स्थित चोर बीती रात छत से चढ़कर घर के अंदर दाखिल होकर कमरे में रखा नकदी और आभूषण लगभग 10 लाख रुपए चोरी कर चंपत हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस जांच में जुटी है। बताया जाता है कि बाजार के नई बाजार निवासी व्यापारी रवीन्द्र मिश्रा प्रतिदिन की भांति खाना खाकर सो गए। रात में चोर छत के ऊपर चढ़कर घर के अंदर गए और कमरे में रखे बाक्स आलमारी को तोड़कर नकदी सहित आभूषण लेकर फरार हो गए। परिजनों को इसकी जानकारी बाथरूम जाने के लिए करीब 2 बजे रात हुई।

## चोरी के जेवरात के साथ दो चोर गिरफ्तार

महराजगंज, जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत चोरी के जेवरात संघ दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह के अनुसार राकेश उपाध्याय निवासी बगौझर थाना महराजगंज एवं राजेश उपाध्याय निवासी चतुर्भुजपुर थाना करौदी कला को सूचना पर गांधीनगर तिराहे से चोरी के सोने.चांदी के जेवरात व दो मोबाइल व 1 मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक विनोद सचानए आरक्षी नितेश यादवए पवन कुमार सहित पूरी टीम शामिल रही।

## डीआईओएस प्रवीणमणि का उपचार के दौरान निधन

जौनपुर। जनपद में जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर सेवारत गोरखपुर के मूल निवासी 50 वर्षीय प्रवीणमणि त्रिपाठी का शुक्रवार को वाराणसी के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे कोरोना संक्रमण से पीड़ित होने के कारण अपना उपचार करा रहे थे। एक दिन पहले पुनः जांच होने पर रिपोर्ट निगेटिव आयी थी। बता दें कि यहाँ जनपद में डीआईओएस पद पर बीते 1 फरवरी को कार्यभार ग्रहण किया था। अपनी कार्यप्रणाली से लोकप्रियता की ऊंचाइयों पर पहुंच गये थे।

## उत्तर प्रदेश को अपराध प्रदेश बनाने में भाजपा का हाथः श्रवण,दिनेश

**जौनपुर।** मल्हनी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष श्रवण जायसवाल व अखिल भारतीय यादव महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश यादव द्वारा डोर.टू.डोर जनसंपर्क करके मतदाताओं से अपील किया जा रहा है। इस मौके पर नेताद्वय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में परिवर्तन की बयार बह रही है। आम मतदाता टकटकी नजरों से अखिलेश यादव पूर्व मुख्यमंत्री की तरफदेख रही है। आज जो उत्तर प्रदेश के बद से बदतर स्थिति हो गई हैए उसको लेकर लोग इसे अपराध प्रदेश भी कहने लगे हैं।

## मूर्ति विर्सजन की व्यवस्था में जुटा प्रशासन

**मुंगराबाद शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु गड्ढे की व्यवस्था करने में प्रशासन कमर कसकर तैयारी में जुट गया है। उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह व क्षेत्राधिकारी विजय सिंह ने शुक्रवार को दिन में क्षेत्र के उकनी गाँव में बने श्री दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। बता दें कि क्षेत्र पंचायत और नगर नगर पालिका परिषद के सहयोग से क्षेत्र के उकनी गाँव मे प्रशासन द्वारा विसर्जन कुण्ड का निर्माण कराया गया है।

# पीएम देश को बना रहे हैं आत्मनिर्भर भारत : स्वतंत्र देव

### उपचुनाव : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने युवाओं को संबोधित किया

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आज कांग्रेस,सपा,बसपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जो लोग राम सेतु के अस्तित्व पर सवाल खडे करते थेए जो लोग पूछते थे कि मंदिर कब बनाएंगे वे आकर देख ले अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सशक्त नेतृत्व में न सिर्फ अयोध्या में भव्य राममंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ बल्कि जम्मूकश्मीर में धारा 370व 35ए की समाप्ति का भी ऐतिहासिक फैसला हुआ। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने शुक्रवार को देवरिया विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए पलक लान में युवा शक्ति सम्मेलन को सम्बोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने आज कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम आत्म निर्भर भारत के निर्माण के लिए कार्य कर रहे है। वही विपक्ष के नेताओ का पूरा प्रयास अपना व अपने परिवार नातेदार रिश्तेदार को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रहता है। भाजपा की नीति देश और देशवासी के विकास की है जबकि इनकी सोच अपना और अपने परिवार के विकास तक सीमित है। जिन लोगो ने अपनी सत्ता रहते सरकारी नौकरियों की नीलामी की उन्हें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की सरकार रास नहीं आ रही इसीलिए वे झूठ व भ्रम का सहारा लेकर हिंसा व अराजकता को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अपनी राजनैतिक आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए विपक्षी दल देश की जनता को जातिए धर्ममजहब के नाम पर बांटकर सत्ता में वापसी के सपने देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस,सपा और बसपा ने अपनीअपनी सत्ता का दुरूपयोग करते हुए अपना और अपने परिवार का विकास तो किया लेकिन देश,प्रदेश और जनता का विकास सिर्फ इनकी झूठी घोषणाओं तक ही सीमित रह गया। स्वतंत्र देव सिंह ने जनता का आवाहन किया कि वे एकजुट होकर देवरिया विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी डा.सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी को अपना आशीर्वाद व समर्थन देकर विजय बनायें। युवा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि प्रदेश में हिंसा व अराजकता का वातावरण बनाने की कोशिश करने वाले लोग अपने मंसूबों में सफल नहीं होंगे।स्वतंत्र देव सिंह ने कांग्रेस.सपा व अन्य विपक्षी दलों के नेताओं पर हमला बोलते हुए कहा कि कभी आंतकी घटनाओं के आरोपियों को छोड़ने की कोशिश करते हैं तो कभी हिंसा के आरोपियों के परिजनों से मिलते हैं। आखिर ऐसे लोग कैसा उत्तर प्रदेश बनाना चाहते हैं। पिछले 15 वर्षों में कांग्रेस, सपा,बसपा के कुशासन को जनता ने देखा है प्रदेश में किस तरह अराजकता का माहौल था लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद अपराध में कमी आई और भ्रष्टाचार पर जीरो टालरेंस की नीति से विपक्षी दल परेशान है। वे किसी भी तरह राज्य में अस्थिरता पैदा करने चाहते है। लेकिन वे अपने मंसूबों में सफल नहीं होंगे। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक अपना और अपने परिवार के लोंगो का समायोजन करने वाले परिवारवादी दल से जनता ऊब चुकी है। ये दल अभी भी अपनी परिवारवादी सोच से नहीं ऊबर पा रहे। उन्होंने सपाबसपा व कांग्रेस की नीतियों पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इनके एजेंडे में गांव,गरीब,किसान, नौजवान हैं। ही नहीं इनकी सोच सिर्फअपनी और अपने परिजनों के विकास तक ही सीमित है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओ का आवाह्न किया कि वे एक बार फिर से विधानसभा के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भारी बहुमत से विजयी बनाएं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि देवरिया विधानसभा के उपचुनाव में पार्टी को जनता का भारी समर्थन मिल रहा है और एक बार फिर भारी मतो से भाजपा की जीत होगी। देवरिया युवा सम्मेलन में पहुचने पर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा पुरुषार्थ सिंह और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय के नेतृत्व में ढोल,नगाड़े और फूल माला से जोरदार स्वागत किया।

## मल्हनी को लेकर सीआरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च



**महाराजगंज, जौनपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी तेजी बाजार के अंतर्गत मल्हनी उपचुनाव को लेकर थानाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह ने सीआरपीएफ टीम के साथ क्षेत्र के तमाम गांवों व कस्बों में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए व भयमुक्त माहौल में मतदान करने की अपील किया। देखा गया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मतदान करने हेतु पूरे क्षेत्र में चक्रमण किये।

## राष्ट्र उदय पार्टी व पाल एकता मंच ने निकाली कैंडिल मार्च

**जौनपुर।** राष्ट्र उदय पार्टी व पाल एकता मंच के तत्वावधान में जय प्रकाश पाल को उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी के सामने मौजूद पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गयी। उसी के विरोध में डोभी चंदवक गांधी पार्क पर कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लोगों ने परिवार को आर्थिक मदद हेतु 50 लाख रूपये की मांग करते हुये परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, दोषियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस अवसर पर बबलू पाल, लालजी पाल, रविशंकर, संदीप प्रजापति, देवी प्रसाद पाल, राजेश, जितेंद्र राजभर, संतोष पाल, अरविंद पाल, रमेश पाल, लाल बहादुर पाल,राधे यादव, गणेश चौहान, राजू विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मतदान कार्मिकों एवं इवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अमित किशोर एवं निर्वाचन आयोग द्वारा जनपद के नामित सामान्य प्रेक्षक डी डी कपाडिया एवं राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एनआईसी में मतदान कार्मिकों एवं ईवीएम,वीवीपैट का द्वितीय रैण्डमाइजेशन सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी एवं प्रेक्षक ने इवीएम रैंडमाइजेशन सहित रखरखाव आदि कार्यो को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता से किये जाने का निर्देश दिया। यह भी कहा गया कि आज राजनैतिक दलो की उपस्थिति में इवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन सदर विधानसभा के निर्वाचन कार्य को सकुशलए शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के लिये किया गया।

# जंगल राज को खत्म करेगी बसपा : सतीश



संवाददाता। देवरिया

टाउन हाल में सम्मेलन को संबोधित करते हुए सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी राज नहीं जंगल राज है जिसमें आम से लेकर किसान तक परेशान है। व्यापारी परेशान हैए किसान परेशान है, आम लोग परेशान हैं एमहिलाएं परेशान । यूपी में चल रहा जंगलराज को बसपा ही खत्म कर सकती है , इसलिए बसपा को मजबूत करें जिससे बहन मायावती यूपी में चल रहे जंगल राज को खत्म कर सकती। बसपा सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर काम करती है । जिसमें सभी समाज के साथ और सभी समाज का विकास शामिल है देवरिया देवो की नगरी है इसलिए यहां के लोग शंख बजाए और जंगलराज को खत्म करने का ऐलान करें ।बसपा प्रत्याशी अभय नाथ त्रिपाठी को भारी मतों से विजई बनाना देवरिया वासियों की जीत होगी । देवरिया में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा वही जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद व मुख्य सेक्टर कोऑर्डिनेटर घनश्याम खरवार ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारों ने आम लोगों का जीना दुर्बर कर दिया है निजी करण टीका लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ऐसी सरकार को उखाड़ फेंकने का काम जनता करें और देवरिया से अभय नाथ त्रिपाठी को जिताए । इस दौरान नकुल दुबे लालचंद निषाद बालेश्वर यादव संजय दीप कुशवाहा नसीर अहमद जी एम सिंह नीतीश कुमार डॉक्टर बलिराम सहित बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## सदर विधायक मुख्तार अंसारी की वीडियो कांफ्रेसिंग से होगी पेशी



**मऊ ।** सदर विधायक मुख्तार अंसारी की शस्त्र लाइसेन्स के मामले में ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु वीडियो कांफ्रें सिंग से पंजाब प्रान्त के मोहाली जेल से पेशी आगामी 2 नवम्वर को सीजेएम अदालत में करायी जाएगी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद शर्मा ने जेल अधीक्षक मोहाली व विवेचक के आवेदन पर उक्त आदेश पारित किया। बताते चले कि सदर विधायक पंजाब प्रांत के सास नगर मोहाली की जेल में एक अन्य मामले मे निरूद्ध है। जनपद के दक्षिण टोला थाने में अस 4,2020 धारा 419, 420, 467, 468, 471,120 बी व 30 आर्मस एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। उक्त मामले में ज्युडिशियल रिमांड हेतु विवेचक के आवेदन पर न्यायालय ने गत 21 सितम्वर को वारंट बी जारी किया है। मुख्तार अंसारी की पेशी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद शर्मा की अदालत में बुधवार 21 अक्टूबर को होनी थीए किन्तु वहां की जेल से सदर विधायक के स्वास्थ का हवाला देते हुए विडियो कान्फ्रेसिग से रिमाण्ड बनाने की अपील की गयी है। वही मुख्तार अंसारी के वकील दारोगा सिह ने सीजेएम न्यायालय में आवेदन दिया है कि मुख्तार अंसारी अस्वस्थ है मोहाली पंजाब से यहां तक की यात्रा करने में असमर्थ है इसलिए विडयो कान्फ्रेसिग से ही ज्युडिशियल रिमाण्ड बनाया जाय। इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने इस मामले के विवेचक को 23 अक्टूबर को मय मामले की केस डायरी के साथ तलब किया था। विवेचक ने अदालत से आवेदन कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु मोहाली जेल से मुख्तार अंसारी को अदालत मे तलब करने की अपील की। सीजेएम ने केस डायरी व जेल अधीक्षक मोहाली व सदर विधायक के अधिवक्ता दारोगा सिह को सुनकर 2 नवम्बर को वीडियो कान्फ्रेसिग के माध्यम से अभियुक्त की उपस्थिति सुनिश्चित कराने का आदेश दिया।

## धरना 43वें दिन भी जारी, नहीं पहुंचे अधिकारी

**चकिया, चन्दौली ।** शिकारगंज क्षेत्र के बलिया ग्राम सभा में गढ़वा ग्राम को राजस्व गांव का दर्जा दिए जानेएग्राम पंचायत बलिया खुर्द व जोगिया कला से वनाअधिकार कानून के तहत दाखिल दावों कीअति शीघ्र सुनवाई किए जानेएकिस्मती देवी पत्नी सुद्धू के खाते पर लगी रोक हटाये जाने तथा आवास की दूसरी किस्त का पैसा खाते में जारी किए जानेएग्राम पंचायत जोगिया कला के मौजा ताजपुर में विक्रमा के खेत का समतलीकरण पर किए गए कार्यों की मजदूरी का भुगतान किए जानेएसरकारी नाली काटने वालों के खिलाफकानूनी कार्यवाही करते हुए किसानों के खेत की सिंचाई के लिए नाली का निर्माण कराए जानेए को लेकर भाकपा माले के सहयोग से सहयोगी संगठन के द्वारा दिये जा रहे अनिश्चित कालीन धरने में आज 43वें दिन भी लोग बैठे। आज के धरने में किशनावती देवी,कलावती देवी, किस्मती देवी,ज्ञानमती, जियाछी देवी, बदामा देवी,रामवंती,ममता चौहान, नन्दनी,अर्चना, रमेश चौहान,राम विकास चौहान,अनिल चौहान, रामधारी चौहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिला हेल्प डेरक का किया गया शुभारम्भ

**धानापुर,चन्दौली।** महिला सशक्तीकरण सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा प्रारम्भ किये गये कार्यक्रम ष्मिशनशक्तिष् के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय थाने में महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई तथा एक कार्यक्रम का आयोजन कर छात्राओं तथा महिलाओं को जहरुक किया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुविधाध्सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जिसमें वूमेन पावर लाईनए महिला हेल्प लाईनए मुख्यमंत्री हेल्प लाईन की विस्तृत जानकारी दी गयी। छात्राओं ने भी महिला सशक्तिकरण पर खुल कर अपनी बात रखी। इस दौरान मुख्य रूप से अधिवक्ता शैलेन्द्र कविए कमलाकांत मिश्राए मृत्युंजय सिंहए शिक्षिका सुनीता मौर्याए कुमारी प्रगतिए मीनाक्षीए पल्लवीए सहित थाने के सभी उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने काले कानून के खिलाफ चलाया हस्ताक्षर अभियान

**धानापुर,चन्दौली।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कैम्प कार्यालय पर बैठक कर मोदी सरकार द्वारा किसानों पर काले कानून के क्रूर प्रहार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान चलाया। हस्ताक्षर अभियान का नेतृत्व करते हुए हसन खान ने कहा की न्यूनतम समर्थन मूल्य के समाप्ति के यह खनयंत्र हैए गरीब के सस्ते अनाज पर हमला हैए खेत मजदूर और गरीब का भविष्य अंधकार में हैए राज्यों के अधिकारों का हनन है। इन मुद्दों पर कार्यकर्ताओं ने जमकर अपनी भड़ास निकाली साथ ही केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ किसानों के बीच हैडबिल बांट कर इस काले कानून के बारे में बताया। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राम नगीना सिंह,एमुनीर खान, मदन मुरारी बिंद, सत्येंद्र उपाध्याय संतोष सिंह, रविशंकर, फरीद अली ,अरुण सिंह जनार्दन बबलू सिंह अरुण सिंह छोटू खरवार इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार जागरूक



चहनियां ,चन्दौली । महिलाओ के प्रति बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए प्रदेश सरकार चिंतित है । बलुआ थाने पर महिला हेल्प डेस्क का उद्घाटन फीता काटकर उद्घाटन समाजसेविका सरिता मौर्या व बलुआ थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने किया। इस दौरान बलुआ थानाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह ने कहा कि महिलाओ के प्रति बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने के लिए थाने पर महिला हेल्प डेस्क से महिलाओ को काफी सहूलियत मिलेगी । अक्सर देखा गया है कि अपनी बात बताने में कुछ महिलाएं थाने पर पुरुष पुलिस कर्मियों के सामने कतराती है ।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत, दो घायल

संवाददाता। मुंगराबाद शाहपुर, जौनपुर

**स्थानीय** थाना क्षेत्र के सुजानगंज मार्ग पर स्थित गोविंदासपुर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पलट जाने से सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आ गये जिसमें एक की मौत हो गई एवं दो गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से स्थानीय अस्पताल में दोनों को भर्ती कराया गया जहां गंभीर हालत देख दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताते हैं कि सुजानगंज थाना क्षेत्र के अलैया निवासी मनोज कुमार 25 वर्ष पुत्र समर बहादुरए अंकित 22 वर्ष पुत्र अनिलए प्रतापगढ़ जिले के फत्तनपुर के मंशाली निवासी शनी 23 वर्ष पुत्र राम नरेश एक बाइक पर सवार होकर प्रतापगढ़ की तरफ से जौनपुर हाईवे से अपने घर जा रहे थे। जैसे ही ये लोग गोविन्दासपुर के पास पहुंचकर सुजानगंज मार्ग पर ही हाईवे से नीचे उतरे कि इनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। इतने में सामने से आ रही तेज रफ्तार की ट्रेलर की चपेट में आने से जहां मनोज की मौके पर ही मौत हो गइ, वहीं अंकित और शनि गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल भेज दिया।

## शीतला चौकियां धाम में भक्तों की उमड़ी भारी भीड़

**जौनपुर।** पूर्वांचल की आस्था का केंद्र मां शीतला चौकियां धाम में शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन भक्तों की भारी भीड़ मंदिर परिसर पर देखने को मिली। प्रात:काल 4 बजे कपाट खुलने के बाद आरती पूजन होने के पश्चात मन्दिर खुला। दर्शनार्थियों को कोरोना के रूप में पनपी महामारी के चलते मंदिर परिषद के बाहर से ही दर्शन पूजन कराया जा रहा है।

# मतदान करने की अपील,मतदाताओं ने ली शपथ



संवाददाता। देवरिया

मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तत्वावधान में बीआरसी औरा चौरी पर मतदाता जागरूकता कार्ययक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी गोपाल शरण मिश्रा ने मतदान को लोकतंत्र की आत्मा बताते हुए कहा कि एक सुदृढ लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि वहां के सभी नागरिक अपने अपने मताधिकार निर्भीक होकर प्रयोग करें। इसके पश्चात उन्होंने उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को मतदान की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की अध्यक्षा हेमा त्रिपाठी,स्वीप समन्वयक आशुतोष नाथ तिवारी, जनचौपाल संयोजक आशीष कुमार शुक्ला, संगीता गुप्ता,निकिता सिंह, जिज्ञासा चौधरी, कविता कुशवाहा,मोनी श्रीवास्तव, वन्दना राय,संगीता उपाध्याय, वन्दना द्विवेदी, सुमन राव, आकाश तिवारी, सविता, सुरसती, किसमति आदि उपस्थित रहे।

## 26 से 30 अक्टूबर तक आयोजित होगा प्रशिक्षण

**देवरिया।** जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी अमित किशोर ने देवरिया विधानसभा के उप निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण आगामी 26 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक 5 दिवसीय आयोजित किये जाने की समय सारिणी निर्धारित कर दी है। यह प्रशिक्षण प्रतिदिन दो पालियों में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली अपरान्ह् 1 बजे से 5 बजे तक सम्पन्न होगी, जो टाउन हाल आडिटोरियम में आयोजित होगी। इस प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय भी प्रतिभाग करेगें।

### व्यय की सीमा में वृद्धि

उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्अपर जिलाधिकारी प्रशासन राकेश पटेल ने बताया है कि विधि एवं न्याय मंत्रालय विधायी विभाग की निर्गत अधिसूचना अनुसार संसदीय व विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन व्यय की सीमा में वृद्धि कर दी गयी है। अब विधानसभा निर्वाचन हेतु प्रत्याशियों द्वारा 30 लाख 80 हजार की अधिकतम व्यय सीमा तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये 77 लाख की अधिकतम व्यय सीमा निर्धारित कर दी गयी है।

## ऐसे करें महाअष्टमी महानवमी व्रत एवं पारणः डा . पाठक

संवाददाता। चौकियां धाम, जौनपुर

**आचार्य** डॉ. अखिलेश चंद्र पाठक ज्योतिष साहित्याचार्य, धर्मोपदेशक, जन्मकुंडली, यज्ञ, वास्तु विशेषज्ञद्ध ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र में महाअष्टमी एवं महानवमी का व्रत शनिवार 24 अक्टूबर को किया जाएगा।

हवन पूर्णाहुति रविवार 25 अक्टूबर को होगा। नवरात्र व्रत का पारण रविवार 25 अक्टूबर और दिन में 11:15 के बाद करना चाहिए। शनिवार को दिन में 11:29 पर नौमी लग रही है। आता हवन पूजन किया जा सकता है। मूल के अनुसार रविवार 25 अक्टूबर से दिन में 11.15 पर नवमी समाप्त हो रही है। इसके बाद दशमी लग रही है। ऐसे में 11.15 मिनट के बाद पारण नवरात्र करें। विजयदशमी का पर्व 25 अक्टूबर दिन रविवार को मनाया जाएगा।

# नारी स्वयं को पहचाने : डॉ. नम्रता




संवाददाता। मऊ

**प्रदेश** सरकार द्वारा नारी सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन वह बाल विकास हेतु शुरू किए गए मिशन शक्ति के तहत आज राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय एजिला चिकित्सालय मऊ में होम्योपैथिक विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉण् अनिरुद्ध चौबे ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान जागरुकता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डॉ चौबे ने कहा कि सनातन धर्म में महिलाओं को देवी का दर्जा प्राप्त हैए मगर कुछ असामाजिक तत्व नारी को केवल उपभोग की वस्तु समझते हैं और तरह तरह के अत्याचार व्यभिचार करते हैं। ऐसे अत्याचारों को राक्षस की संज्ञा देते हुए कहा कि हमारे धर्म ग्रंथ बताते हैं कि ऐसे आतताई राक्षस पुरातन समय में भी थे। एक बार सभी देवताओं को परास्त तीनों लोकों पर अत्याचार करने लगे तो मां दुर्गा की शरण में गए और मां दुर्गा नेसभी दुराचारी राक्षसों का सर्वनाश कर पुनरू धर्म युग स्थापित किया। मिशन शक्ति शारदीय नवरात्रि से बसंती नवरात्रि तकद्ध जैसे कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री की भूरी भूरी प्रशंसा किया। जिला चिकित्सालय मऊ की प्रभारी होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ नम्रता श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाएं कहीं से भी अबला नहीं है बल्कि वह सर्वशक्तिमान है।

## धनुष टूटते ही श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा पण्डाल

**मुंगराबाद शाहपुर, जौनपुर।** स्थानीय नगर के बभनौटी मोहल्ले में चल रही श्री साधू महाराज की श्री रामलीला में मिथिला नरेश राजा जनक के दरबार में सीता स्वयंवर के दौरान प्रभु श्रीराम द्वारा भगवान शिव जी के धनुष के टूटते ही समूचा पंडाल श्रीराम के जयघोष से गूँज उठा।

बताते हैं कि पूर्वांचल के ख्यातिलब्ध संगीतकार यज्ञ नारायण साधू महाराज द्वारा इस रामलीला का शुभारम्भ वर्ष 1956 में किया गया था। तब से लेकर वर्तमान समय तक लगातार इस रामलीला का मन्चन होता चला आ रहा है। साधू महाराज के निधन के पश्चात यह परम्परा उनके परिवार के भागवत प्रसाद त्रिपाठी द्वारा संभाली गयी जो निर्बाध रूप से वर्तमान समय तक जारी है। यह रामलीला शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से प्रारम्भ होकर पंचमी तिथि को धनुष यज्ञ महोत्सव के साथ धूमधाम से सम्पन्न होती है। उक्त रामलीला को सम्पन्न कराने में रवीन्द्र प्रसाद त्रिपाठी, सर्वेश त्रिपाठी आदि ने सहयोग किया।

## अभियान में दारू ठेका सहित 15 के खिलाफ केस दर्ज,दो लाख की वसूली

**सकलडीहा,चन्दौली।** शासन के निर्देश पर बिजली और विजलेंस विभाग की टीम ने बिजली चोरी और बकाया वसूली को लेकर अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को बिजली और विजलेंस विभाग की संयुक्त टीम ने चतुर्भुजपुर सहित कई गांव में अभियान चलाकर 15 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वही 21 उपभोक्ताओं का बकाया होने पर कनेक्शन काट दिया गया। जांच के दौरान 2 लाख 17 हजार की राजस्व की वसूली किया गया है। विभागीय जांच पड़ताल से बकायेदारों में खलबली मची हुई है। विद्युत वितरण उपखंड तृतीय अर्न्तगत कुल 67 हजार उपभोक्ता है। जिनमे से 48 हजार उपभोक्ताओं द्वारा बिल जमा नही किया जाता है। बिजली हड़ताल समाप्त होने के बाद बकाया वसूली और चोरी रोकने के लिये बिजली विभाग टीम द्वारा गांव गांव में जांच अभियान शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में चतुर्भुपुर सहित अन्य गांव में जांच अभियान चलाया गया।

## महिला हेल्प डेक्स का उद्घाटन

**ललितपुर**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के सभी थानों से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर थानों में महिला हेल्प डेस्क का उदघाटन किया गया। तथा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत शासन स्तर पर प्रचलित महिला सशक्तिकरण संबधी योजनाओंध् महिला हेल्पलाइन नंबरों ; वूमेन पावर लाइन 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181, यूपी 112 को पूरी तत्परता से जन.जन तक पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया। महिलाओं के सुरक्षाए सम्मानए स्वाबलंबन हेतु पुलिस सहित अन्य विभागों को अपनी सक्रिय भूमिका निभाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में कोतवाली मे मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत स्थानीय महिला हेल्प डेस्क पर जिलाधिकारी एण्दिनेश कुमार व पुलिस अधीक्षक कैप्टन एम0एम0 बेग के साथ समाज में महिलाओं के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने वाली महिलाये भी उपस्थित रहीं तथा माननीय मुख्यमंत्री का उद्घोषण सुना इसी प्रकार जनपद के अन्य थानों में भी समाज में अच्छी भूमिका निभाने में अग्रणी महिलाएं उपस्थित रही और मुख्यमंत्री का उदघोषण सुना मुख्यमंत्री ने पुलिस के द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्ग किये गये कार्यों की सराहना की तथा निरंतर जारी रखने हेतु निर्देशित किया गया।

## सुरक्षा जवान भर्ती कैम्प आयोजित

**ललितपुर**। भारतीय सुरक्षा दाक्षता परिषद नई दिल्ली के सहयोग से शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु कैम्प शिवर आयोजन किया जा रहा है जिसमे सिक्यूरिटी स्केल काउंसलिग इण्डिया लिमिटेड जवासा नीमच द्वारा 27 को विकास खण्ड महरौनी, 28 को विकास खण्ड बार 29 को विकास खण्ड बिरधा 30 को विकास खण्ड मड़ावरा 31 अक्टूबर को विकास खण्ड जखौरा, दो नवंबर को विकास खण्ड तालबेहट में छह दिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन प्रात: 10:30 बजे से शाम चार बजे तक किया जायेगा। इस हेतु बेरोजगार अभ्यार्थी जिनकी योग्यता 10 वीं पास उम्र 21.37 वर्ष ऊंचाई 168 सेमी एवं वजन 55 किलो से ऊपर हो, वे आवेदन कर सकते हैं।

## मिशन शक्ति योजना में लगी शिकायत पेटिका

तिलोई ( **अमेठी** )। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में मिशन शक्ति योजना के तहत प्रमुख चौराहों पर पुलिस द्वारा शिकायत पेटिका लगाई गयी है जिनमे डाली गई शिकायतों का प्रतिदिन निस्तारण किया जाएगा। थानाध्यक्ष शिवरतनगंज इंस्पेक्टर धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेमरौताए अहोरवा भवानी चौराहे पर व थाना परिसर में शिकायत पेटिका लगाई गई है जिसमे पड़ी शिकायतों का शीघ्र प्रतिदिन निस्तारण किया जाएगा। वें महिलाएं व व्यक्ति जो थाने जाने में असमर्थ हैं वे अपनी शिकायत उसमे डाल सकते है यथा शीघ्र निस्तारण के लिए ही ये शिकायत पेटिकाएं लगाई गई है।

## गश्त कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

तिलोई ( **अमेठी** )। नवरात्रि व दशहरा पर्व को देखते हुए शिवरतनगंज पुलिस ने संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर त्योहार को शांति पूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। शिवरतनगंज थाना क्षेत्र की पुलिस ने पी ए सी के नेतृत्व में संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण किया गया।उपनिरीक्षक उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस व पी ए सी के जवानों ने क्षेत्र भ्रमण करते हुए शांति पूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। उपनिरीक्षक उपेन्द्र सिंह ने क्षेत्रीय लोगों को बताया कि किसी भी तरह की अराजकता बर्दाश्त नहीं कि जाएगी।उपद्रवी तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## कार की टक्कर से मजदूर की मौत

**बाराबंकी**। शुक्रवार की भोर शौच के लिये घर से निकले एक युवक को एक अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। जिसकी इलाज के दौरान मौत गई। सूचना मिलने के बाद बसपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश गौतम अपने कार्यकर्ताओं के साथ पोस्टमार्टम हाउस पंहुकर मृतक के परिवारीजनों का हाल जानकर ढांढस बंधाया है और हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया है। मिले विवरण के अनुसार थाना मसौली के ग्राम बिन्दौरा निवासी रामदास का 32 वर्षीय मजदूरी पेशा पुत्र आशा राम उर्फ कल्लू सुबह घर से दूर शौंच के लिये गया था वापस लौटने पर उसको उसी समय एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे आशाराम घटनास्थल पर जख्मी हालत में गिर गया। ग्रामीणों की सहायता से आशाराम को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ागांव पंहुचाया गया जहां पर डॉक्टरों ने आशाराम को मृत घोषित कर दिया।

## सर्पदंश से एक युवक की मौत

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। खेत मे काम करने गये युवक की सर्पदंश से मौत हो गयी। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के असरही गुम्मौर निवासी अजीत पटेल (25 वर्ष) पुत्र सहदेव गुरूवार की रात आठ बजे अपने खेत मे कुछ काम करने गया था। यहां किसी विषैले सर्प ने उसे डस लिया। सर्पदंश से वह अचेत होकर खेत मे ही गिर गया। बाद मे परिजनों को जानकारी हुई तो आननफानन मे उसे उपचार के लिए अस्पताल भागे लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## महिला से दुष्कर्म के प्रयास का मुकदमा दर्ज

लालगंज ( **प्रतापगढ़** )। महिला से दुष्कर्म के प्रयास के आरोप मे युवक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली के पयागीपुर बडी निवासी एक महिला का आरोप है कि बीती सोलह सितंबर की रात उसे घर मे अकेली देख छोटी पयागीपुर का भीम सरोज पुत्र शंकर सरोज घुस आया। आरोपी ने महिला से दुष्कर्म का प्रयास किया। विरोध करने पर महिला को जान से मारने की धमकी दी गई। पीडिता ने बाद मे परिजनो को आपबीती सुनाई। जिसके बाद परिजन लालगंज कोतवाली मे महिला को लेकर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल संजय यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## जहरीले जंतु के काटने से युवक की मौत

**प्रतापगढ़**। खेत में काम करने गए युवक की सर्पदंश से मौत हो गई। असरही निवासी सहदेव का पुत्र अजीत पटेल (25 वर्ष) गुरुवार रात आठ बजे खेत में गया था। इसी बीच किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी लालगंज ले गए। वहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## मनरेगा के काम में मिली गड़बड़ी

**प्रतापगढ़**। सदर विकास खंड के पूरे मोहन में मनरेगा से हुए कार्यों में खामियां मिली हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर डीएसटीओ राजेश सिंह ने निर्माण कार्यों की जांच की। इस दौरान कई कार्य में खामियां मिलीं। डीएसटीओ ने बताया कि वह जांच को गए थे। रिपोर्ट तैयार कर सीडीओ को देंगे।

## पांच दिन बाद भी नहीं ठीक हुई खराबी

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। पांच दिन बीत जाने के बाद भी स्कूल जाने वाली बिजली लाइन में आई खराबी ठीक नहीं की गई है। जिसके चलते यहां लगे आधार शिविर में आधार बनाने का काम ठप है। भिलवल उपकेन्द्र से पूर्व माध्यमिक विद्यालय दहिला को बिजली सप्लाई के लिए बनी 11000 बोल्टेज की लाइन में फाल्ट हो जाने से सोमवार से विद्यालय सहित ब्लाक संसाधन केन्द्र की बिजली सप्लाई ठप है। जिसके चलते यहां चल रहे आधार शिविर में आधार बनाने व संशोधन का काम ठप है। यहां आधार बनवाने आऐ दौलतपुर के अमरेश, खेमीपुर के सौरभ मिश्रा, नेराकबूलपुर के आशुतोष व सदरूद्दीनपुर की रीता देवी का कहना है कि बिजली नहीं होने से कई दिनों से वापस लौटना पड़ रहा है। आधार शिविर चलाने वाले सुनील कुमार का कहना है कि शिकायत के बाद भी आज तक कोई लाइन ठीक करने नहीं आया है।

# युवक की धारदार हथियार से गर्दन रेतकर निर्मम हत्या

### नगर कोतवाली इलाके की घटना

### मृतक के सिर पर धारदार हथियार से कई वार किये गये थे

**संवाददाता**। बाराबंकी

**नगर** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कमरिया बाग में यंग स्ट्रीम कॉलेज के पीछे गुरुवार की रात एक युवक की धारदार हथियार से गर्दन काट कर निर्मम हत्या कर दी गई। उसका शव कॉलेज के पीछे सड़क के किनारे पड़ा मिला। शुक्रवार की सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने युवक का खून से सना हुआ शव देखकर पुलिस और उसके परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसारनगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीरबटावन संतोषी माता मंदिर के पास की गली में रहने वाले भरत वर्मा (25 वर्ष) की गुरुवार की रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई।

उसका शव घर से करीब 200 मीटर की दूरी जमुरिया नाला की दूसरी ओर कमरिया बाग स्थित यंग स्ट्रीम कॉलेज के पीछे रोड के किनारे खून से लथपथ मिला। शुक्रवार की सुबह उधर से गुजर रहे लोगों ने भरत का खून से लथपथ शव देखा तो सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

कुछ ही देर में घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक भरत की हत्या बड़े ही बेरहमी के साथ की गई थी। उसके सिर पर धारदार हथियार से कई वार किये गये थे। मृतक के भाई लक्ष्मण ने बताया कि उसका छोटा भाई भरत वर्मा इनवर्टर स्टेबलाइजर का काम करता था। घर में ही कारखाना डाल रखा था। गुरुवार की सुबह 8.30 बजे खाना खाने के बाद वह ड्यूटी पर चला गया। रात करीब नौ बजे जब लौटा, तो भरत के बाइक घर पर खड़ी थी लेकिन वह नहीं था।

उसका फोन भी नहीं मिल रहा था। परिजनों ने बताया कि किसी का फोन आया था जिसके बाद वह घर से गया था। उसकी तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। सवेरे उसका शव मिला।

# मिशन शक्ति: अब महिलाओं की शिकायत पर त्वरित हो सकेगी कार्रवाई

**संवाददाता**। लालगंज (प्रतापगढ़)

स्थानीय कोतवाली मुख्यालय पर शुक्रवार को मिशन महिला शक्ति के तहत महिला हेल्प डेस्क का अपर पुलिस अधीक्षक ने शुभारंभ किया। एएसपी के निर्देश पर महिला हेल्प डेस्क मे आई पहली शिकायत को लेकर पुलिस ने फौरन मुकदमा भी दर्ज किया।

सीएम योगी आदित्यनाथ के मिशन महिला शक्ति को लेकर लाइव प्रसारण को देखने के लिए बडी संख्या मे ग्रामीण महिलाएं थाने मे जुटी दिखीं। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी दिनेश द्विवेदी ने सीओ जगमोहन के साथ महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया। एएसपी ने कहा कि महिलाओं के प्रति सुरक्षा तथा सामाजिक सम्मान को संरक्षित करने के लिए पुलिस व प्रशासन पूरी तरह से कटिबद्ध है। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसीलदार पदमेश श्रीवास्तव व संचालन कोतवाल संजय यादव ने किया। सीओ जगमोहन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार व पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हर कीमत पर महिलाओं की सुरक्षा तथा उनके सम्मान के हिफाजत की है। वहीं महिला उपनिरीक्षक आशा सचान ने मिशन महिला शक्ति पर पुलिस के ध्येय पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम मे मौजूद क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश ने भी नारी सशक्तीकरण पर विचार रखे। कार्यक्रम का संयोजन रानीगंज कैथौला चौकी इंचार्ज राजेश शुक्ला व एसआई सुनील राय ने किया। इस मौके पर जयकौशल, सभासद दिवाकर दुबे, विजय मिश्र बॉबी, धीरज दुबे, दिनकर दुबे, आदि रहे।

## 50 वर्ष से अधिक उम्र के पुलिसवालों की स्क्रीनिंग से खलबली

**प्रतापगढ़**। 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले पुलिसवालों को रिटायर करने के लिए हो रही स्क्रीनिंग से खलबली मच गई है। सबको डर सता रहा है कि पता नहीं किसकी नौकरी बचेगी, किसकी जाएगी। हालांकि एसपी का कहना है फैसला सर्विस रिकॉर्ड सहित अन्य बिंदुओं के आधार पर होगा।

पुलिस मुख्यालय से आए पत्र के बाद सभी जिलों की तरह बेल्हा में भी 50 से अधिक उम्र वाले पुलिसवालों को रिटायर करने के लिए उनकी स्क्रीनिंग शुरू हो गई है। जिले में सिपाही से इंस्पेक्टर तक करीब 300 पुलिसवाले ऐसे हैं जिनकी उम्र 50 वर्ष हो चुकी है। सिपाही व हेडकांस्टेबल की स्क्रीनिंग के लिए जिले पर एसपी की अध्यक्षता में कमेटी बनी है। एसआई व इंस्पेक्टर की स्क्रीनिंग आईजी स्तर से हो रही है। एसपी अनुराग आर्य ने बताया कि 50 से अधिक उम्र वाले पुलिसवालों का रिकार्ड जमा किया जा रहा है।

# अभियान में बताए महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर

### विभिन्न थानो मे आयोजित हुआ मिशन शक्ति अभियान

**संवाददाता**। बाराबंकी

**महिलाओं** और बच्चियों के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों एवं उनके उत्पीड़न के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान श्मिशन शक्तिश् के अन्तर्गत शुक्रवार को पुलिस द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए, एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया । प्रभारी पुलिस अधीक्षक आरएस गौतम के निर्देशन में विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 18 स्थानों राजकीय इण्टर कालेज थाना देवा, ग्राम अनवरा थाना जहांगीराबाद, अहमदपुर थाना जैदपुर, दादरा थाना सफदरगंज, कस्बा हैदरगढ़ थाना हैदरगढ़, ग्राम मकनपुर, मौलाबाद व मंझार थाना लोनीकटरा,



प्राथमिक विद्यालय ग्राम पलिया थाना सुबेहा, प्राथमिक विद्यालय व सरस्वती विद्यालय थाना रामसनेही घाट, कस्बा टिकैतनगर थाना टिकैतनगरए ग्राम बरसंवा थाना रामनगरए कस्बा कोटवाधाम थाना बदोसराय, ग्राम ओदार व अनवारी थाना कुर्सी, ग्राम खिजना थाना बडडूपुर, कस्बा बाबागंज व बजगहनी थाना घुंघटेरए जमालुद्दीन इंटर कालेज कम्पनी बाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### महिला हेल्प डेस्क का हुआ शुभारंभ

मुसाफिरखाना ( **अमेठी** )। महिलाओं व बालिकाओं के उत्पीड़न से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के लिए स्थानीय कोतवाली में महिला हेल्प डेस्क का शुभारम्भ भाजपा महिला मोर्चा की मण्डल अध्यक्ष मूर्ता देवी ने किया।

स्थानीय कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी राम शंकर ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के उत्पीड़न सम्बन्धित मामलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री जी के दिशा निर्देश पर प्रदेश भर में 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक विशेष अभियान शुरू किया गया है। मिशन शक्ति अभियान के तहत छह महीने तक जारी रहने वाले अभियान में कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज यादव ने कहा कि महिलाओं व बालिकाओं के प्रति समाज के लोगों को अपने नजरिए में बदलाव लाने की जरूरत है ।विशेष दस्ते का गठन करते हुए स्कूल कॉलेज व अन्य प्रमुख जगहों पर सिविल ड्रेस में पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगे। वहीं थाने पर शिकायत पेटिका में पत्र डाल कर भी महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करवा सकती है। प्रभारी निरीक्षक अंगद प्रताप सिंह ने कहा कि वूमेन पावर लाइन 1090 के साथ 181 1076 सहित अन्य हेल्प लाइन नंबरों पर भी महिलाएं अपनी बात रख सकती है।

# राजकीय मा. विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**संवाददाता**। अमेठी

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने चयनित राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ करते हुए पांच नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इसी क्रम में जनपद अमेठी में जिलाधिकारी अरुण कुमार व विधायक तिलोई मयंकेश्वर शरण सिंह ने एनआईसी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा तथा अमेठी के नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। एनआइसी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को लगातार रोजगार देने का कार्य कर रही है, प्रदेश में पूरी निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ भर्ती प्रक्रिया आयोजित कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। आप लोग पूरी लगन व ईमानदारी के साथ बच्चों को पढ़ाएंए उनको अच्छी शिक्षा प्रदान करेंए इसी के साथ उन्होंने नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान जिलाधिकारी अरुण कुमार ने भी नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को संबोधित किया एवं उनको शुभकामनाएं दी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद अमेठी में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के कुल 314 पद सृजित है, जिसके सापेक्ष कुल 54 सहायक अध्यापक कार्यरत हैंए शेष 260 पद रिक्त है।

# अन्तिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचाना सपा का लक्ष्य: गौरव



**संवाददाता**। बाराबंकी

**विकास** का दूसरा नाम है समाजवादी पार्टी। प्रदेश की भाजपा सरकार में विकास कार्य पूरी तरह से शून्य है। सपा सरकार में विकास कार्यो की गंगा बहती है। सपा का लक्ष्य है समाज के अन्तिम व्यक्ति तक विकास की किरण को पहुंचाना।

उक्त विचार विधान सभा जैदपुर के अन्तर्गत विकास खण्ड बंकी के चचेरूऊा गांव में पूर्वांचल विकास निधि द्वारा निर्मित इण्टरलाकिंग रोड का उद्घाटन करने के पश्चात विधायक गौरव कुमार रावत ने व्यक्त किया । श्री गौरव रावत ने आगे कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है विकास के कार्य पूरी तरह से ठप्प पड़े है। सड़को का बहुत बुरा हाल है। सड़के गढढों में तब्दील हो गई है। सरकार का विकास की ओर कोई ध्यान नहीं है। उत्तर प्रदेश का किसान भी वर्तमान सरकार में पूरी तरह से तबाह हो चुका है उसकी फसल को कोई खरीदने वाला नहीं है। विचौलिया का बोलबाला है, किसान बदहाली की ओर जा रहा है पर सरकार के कानो में जूं तक नही रेग रहा है। प्रदेश की जनता अब और बर्दाश्त नहीं करेगी और आने वाले समय में इसका हिसाब इनसे लेगी।

## भांजे की गला घोंटकर मार देने का आरोप

त्रिवेदीगंज ( **बाराबंकी** )। बुआ के घर रह रहे भांजे की मौत के बाद मामा ने मृतक के फूफा व बुआ सहित पिता पर गला घोंटकर मार देने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत लोनीकटरा पुलिस से की है। थाना लोनीकटरा के जमरवा निवासी अनुज उर्फ कोमल सिंह निरूसन्तान होने के चलते अपने साले थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली के ग्राम भवानीगढ़ निवासी उत्कर्ष सिंह (13 वर्ष) को अपने यहां रखा हुआ था। जिसकी 20 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी द्यकोतवाली हैदरगढ़ के ग्राम महाबल पुरवा मजरे कोलहदा निवासी मृतक के मामा भैरों बक्स सिंह ने की गई शिकायत में कहा है कि मेरी बहन की मौत 2009 हो गई थी द्यबहनोई की दूसरी शादी कर लेने के बाद मेरा भान्जा अपनी बुआ लोनीकटरा के जमरवा निवासी पुष्पा सिंह के यहां रहता था।

# बहुयामी प्रतिभाओं वाले व्यक्ति थे दादा गजेन्द्र सिंह: परमात्मा सिंह

संवाददाता। बाराबंकी

**दादा** गजेन्द्र सिंह जैसी प्रतिभाएं इस संसार में सदियों में पैदा होते हैं। वह बहुयामी प्रतिभाओं वाले व्यक्ति थे। दादा गजेन्द्र सिंह के नौवें स्मृति दिवस पर उनके पैतृक आवास हसनापुर में आयोजित स्मृति सभा को सम्बोधित करते हुए इण्डियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के उपाध्यक्ष व पूर्व विधायक परमात्मा सिंह ने कहा कि गजेन्द्र सिंह जब मैं विधायक था तब वह भी विधायक थे उन्होंने अपना सारा जीवन जनहित, सभ्य एवं आदर्श समाज के निर्माण के संघर्ष को समर्पित कर दिया था। वह एक आदर्श जनप्रतिनिधि थे। रिहाई मंच के संयोजक मुहम्मद शुऐब एडवोकेट ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था एवं सामाजिक समरसता पर घोर संकट है यदि हम अब भी न जागे तो देश की




दशा एवं दिशा क्या होगी, इसका कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने कहा कि कोरोना की आड़ में केन्द्र एवं राज्य में स्थापित साम्राज्यी शक्तियों ने जनता का बड़ी निर्दयता के साथ शोषण किया है। अध्ययन करने की बात है कि समाजवादी शासित देशों में कोरोना का प्रभाव क्यों कम रहा। भाजपा नेता उमाशंकर वर्मा ने कहा कि कोरोना का संकट देश में अभी भी बरकरार है, ऐसे में कोई ढिलाई नहीं करना चाहिए, मोदी और योगी सरकार जनहित में कार्य कर रही है। साहित्यकार डा. विनय दास ने दादा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह साहित्य एवं मानव धर्म प्रेमी थे और समाज में इनके समावेश के पक्षधर थे।

# दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की अनुमति नहीं देना दुखद: तिवारी

### प्रमोद तिवारी ने जनकल्याण के लिए दुर्गा पूजा पाण्डालों में टेका मत्था

**संवाददाता**। लालगंज ( **प्रतापगढ़** )

**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी नेरामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में मां दुर्गा के पाण्डालों मे पहुंचकर मत्था टेका। श्री तिवारी ने पाण्डालों पर सोशल डिस्टेसिंग के बीच आयोजित कार्यक्रमो मे कहा कि मां की अनुकम्पा से देश मे सुख शांति व समृद्धि निरंतर प्रगतिशील बनी रहे। वहीं प्रमोद तिवारी ने रामपुरखास मे कोरोना महामारी से मुक्ति के लिए भी देवी के श्रीचरणों की पूजा अर्चना की।

दोपहर बाद लालगंज स्थित विधायक के कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू प्रमोद तिवारी ने दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन की पहले जैसी भव्यता और पवित्रता इस बार न



होने पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। श्री तिवारी ने कहा कि आज भाजपा के राज मे पहली बार दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए पवित्र जल की वैकल्पिक व्यवस्था नही हो पा रही है।

उन्होने बीजेपी सरकार को इस बात के लिए भी आड़े हाथों लिया कि एक तरफ तो सरकार मदिरालयों एवं सिनेमाहालों को तो खोल चुकी है, इसके विपरीत आखिर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना पर क्यों प्रतिबंध लगा बैठी है। सीडब्लूसी सदस्य प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी सवालों के कटघरे मे खड़ा करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल मे चुनाव होने वाले है तो वहां पीएम मोदी दुर्गा पाण्डालों मे जाकर संबोधन दे रहे है। श्री तिवारी ने पीएम से पूछा कि आखिर उत्तर प्रदेश मे ऐसी कौन सी स्थिति है कि यहां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार ने अनुमति नहीं जारी की। बिहार प्रदेश मे कांग्रेस स्टार प्रचारक प्रमोद तिवारी ने कहा कि दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना वर्षो पुरानी परम्परा बन गई थी और इस बार भव्यता के साथ दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना ना होना संस्कृति प्रधान देश के लिए दुखद और पीड़ाजनक है। उन्होनें पश्चिम बंगाल मे एक तरफ प्रधानमंत्री का दुर्गा पाण्डालों पर पहुंचकर प्रवचन देना और दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश मे इस परम्परा को सरकार के स्तर पर आघात पहुंचाये जाने को पूरी तरह भाजपा का दोहरा चरित्र और दोहरा आचरण तथा दोहरा व्यवहार ठहराते हुए कहा कि देश के अंदर ही उत्तर प्रदेश के लोगों की धार्मिक आस्था को कोविड-19 के प्रोटोकॉल के तहत आखिर पूर्ववत बनाए रखा जाता तो यह बेहतर होता। वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने बिहार मे चुनाव को लेकर भाजपा की इस घोषणा पर कि कोरोना वैक्सीन बनने पर बिहारियों को यह निशुल्क वैक्सीन दी जाएगी, पर भी तल्ख टिप्पणी जताते हुए कहा कि यह पूरी तरह से एक और भाजपा की जुमलेबाजी है।

## मां बेल्हा देवी धाम में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**प्रतापगढ़**। शारदीय नवरात्र के सातवें दिन बेल्हा देवी धाम पर भीड़ उमड़ी। भोर से धाम पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार दिखने लगी थी। दोपहर तक लगातार इसमें बढ़ोतरी होती गई। हालात ऐसे बने कि मंदिर प्रशासन को पहली बार अहाते का गेट खोलना पड़ा। इससे श्रद्धालुओं के मंदिर जाने के दो रास्ते हो गए और कुछ राहत मिली।

बेल्हा देवी धाम पर आम दिनों में भी सोमवार व शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है। शुक्रवार के साथ नवरात्र होने के कारण श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ हो गई। सुबह से ही धाम की ओर जाने वाली हर रोड पर जाम के हालात बन गए थे। चढ़ाई कड़ाही, मुंडन भी कराया रू लॉकडाउन के बाद बेल्हा देवी धाम पर पहली बार शुक्रवार को ऐसा देखने को मिला जब श्रद्धालु परिसर में मुंडन करा रहे थे और महिलाएं कड़ाही चढ़ाकर पूड़ी-हलुआ बना रही थीं।

इससे पहले परिसर के अंदर कड़ाही चढ़ाने व मुंडन कराने की मनाही थी। शुक्रवार को बेल्हा देवी धाम पर दर्शन करने वाली महिलाओं ने बाहर निकलने के बाद गाय का पूजन कर उन्हें प्रसाद खिलाया। कुछ महिलाएं जो मंदिर तक नहीं पहुंच सकीं उन्होंने दूर से ही माता के चरणों में मत्था टेका और लौट गईं।

### दो सौ मीटर दूर रोके गए वाहन

**प्रतापगढ़**। शुक्रवार को पुलिस ने बेल्हा देवी धाम की ओर जाने वाले वाहनों को दो सौ मीटर पहले ही रोक दिया। दरअसल वाहन अंदर जाने पर जाम लगने का अंदेशा था ऐसे में पुलिस ने सुबह से ही धाम की ओर से जाने वाले वाहनों पर ब्रेक लगा दिया।